# GORAKHPUR POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:-12-10-2024

# दो पशु तस्करों पर गैंगस्टर

**गोरखपुर (एसएनबी)।** झंगहा पुलिस ने गौ तस्कर गिरोह के सरगना खरभान यादव उर्फ राहुल यादव और अपने गिरोह के सदस्य प्रदुम्न आर्या पुत्र बवूना पासवान पर गैंगस्टर एक्ट के तहत कार्यवाही की है। इन दोनो आरोपियों को 10 जुलाई 2023 को गोवंशीय पशुओं की तस्करी करते हुए गिरफ्तार किया गया था। गिरफ्तारी व बरामी के आधार पर थाना झंगहा पर मुकदमा पंजीत किया गया था। गिरोह के सरगना थाना झंगहा अंतर्गत ग्राम जंगल रसूलपुर नं2 अहिरवाती टोला के रहने वाले खरभान यादव उर्फ राहुल यादव पुत्र धर्मनाथ यादव पर थाना झंगहा और चोरी चौरा में कुल 9 मुकदमे दर्ज है। जबकि गिरोह के सदस्य जनपद कुशीनगर के थाना तमकुही राज अंतर्गत ग्राम सरया खुर्द के रहने वाले प्रदुम्न आर्या पुत्र बवूना पासवान निवासी पर कुल 2 मुकदमे दर्ज हैं। एसपी साउथ जितेंद्र कुमार ने बताया कि दोनो आरोपी साथ मिलकर आर्थिक, भौतिक व बुनियादी तथा अन्य लाभ प्राप्त करने के उद्देश्य से सामूहिक रूप से एक संगठित गिरोह बनाकर गो तस्करी जैसे अपराध कारित करते है। गैंग के सरगना व सदस्यों के आपराधिक कृत्य से जनता में भय व आतंक व्याप्त है।

# पति समेत तीन पर दहेज उत्पीड़न का केस

**पिपराइच(एसएनबी)** । पिपराइच थाना क्षेत्र के निवासी विवाहिता के तहरीर पर पुलिस ने पति गोविन्द, सास तथा ननद निवासी आबादी सखनी थाना गुलहरिया के विरुद्ध दहेज उत्पीड़न का केस आज शुक्रवार को दर्ज कराया है। विवाहिता सरस्वती देवी ससुरालियों के प्रताड़ना से त्रस्त होकर विगत एक साल से अपने मायका पिपराइच क्षेत्र के ग्राम परशुरामपुर छोटा टोला रहती है। पीड़िता ने तहरीर में आरोप लगाया है कि चार साल पहले गोविन्द पुत्र ओम निवासी आबादी सखनी थाना गुलहरिया से हुई थी।शादी के एक माह बाद से ही एक दोपहिया वाहन तथा अन्य घरेलू सामान की मांग को लेकर प्रताड़ित किया जाने लगा। एक साल पूर्व दहेज के लिए घर से निकाल दिया गया था। दिनांक 5 अक्टूबर को पति गोविन्द घर पहुंच परशुरामपुर गांव पहुंच गये बुरी तरह से बुरी तरह मारापीट गया।

# किशोरी को भगाने के मामले में केस

**चौरीचौरा (एसएनबी)** । चौरी चौरा थाने के एक गांव की 19 वर्षीय युवती को बहला-फुसलाकर भगा ले जाने की नामजद शिकायत पुलिस से की गई है । पुलिस ने पीड़ित पिता की तहरीर पर आरोपी युवक के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 87 के तहत मुकदमा दर्ज कर आवश्यक कार्यवाही शुरू कर दिया है । पीड़ित पिता का आरोप है कि मेरे पड़ोसी का लड़का बेहद बदमाश और चरित्र हीन है । मेरे 19 वर्षीय पुत्री को उक्त मनबढ़ और बदमाश युवक अपनी माँ की रजामंदी से अपने प्रेम जाल में फंसा कर भगा ले गया है । पीड़ित पिता ने पुलिस से शिकायत किया है कि वह लड़का इतना मनबढ़ है कि हम सभी दहशत में है । पीड़ित पिता ने आरोपी युवक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लड़की को बरामद करने की गुहार लगाई है ।

# शिक्षक संघ ने डा .सरकारी के खिलाफ खोला मोर्चा

- एडीएम सिटी को ज्ञापन सौंपकर डा. सरकारी को जेल भेजे जाने की मांग की
- संघ की मांग का समर्थन करने पहुंचे एमएलसी देवेंद्र प्रताप सिंह

**गोरखपुर (एसएनबी)**। उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ संयुक्त मोर्चा ने एडीएम सिटी को ज्ञापन सौंपकर डा. अनुज सरकारी के विरुद्ध कार्रवाई कर उन्हें जेल भेजने की मांग की। संघ की मांग का समर्थन करने के लिए एमएलसी देवेंद्र प्रताप सिंह भी वहां मौजूद रहे। संघ के प्रदेश अध्यक्ष राम प्रताप राम ने कहा कि यह घटना मानवता को शर्मसार करने वाली है। ज्ञापन सौंपे जाने के दौरान उप्र माध्यमिक शिक्षक संघ गोरखपुर के मंडल अध्यक्ष रणजीत सिंह, श्रवण कुमार, रामप्रवेश रजक, रामजी बागी,



रविंद्र प्रताप सिंह, दिवाकर गुप्ता, घनश्याम राव, प्रशांत कुमार, अभय कुमार, दिनेश कुमार, बिचंडी प्रसाद, हरीश शरण गौतम एवं प्रदीप कुमार विक्रांत आदि मौजूद रहे।

# बकरी विवाद में महिला को पीटा,पांच पर केस

**चौरीचौरा (एसएनबी)।** चौरीचौरा थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत ग्राम पंचायत शत्रुघपुर फुलवरिया निवासी कौशिल्या देवी पत्नी रामानंद की तहरीर पर पांच लोगों के खिलाफ मुकामी थाना में मुकदमा दर्ज किया गया है । इन पांचो पर पीड़िता की तहरीर पर भारतीय न्याय संहिता की धारा 191 (2), 352, 115(2), 351 (2), 351(3) के तहत कार्रवाई हुई है । पीड़िता कौशिल्या देवी ने पुलिस को तहरीर सौंप कर बताया कि मेरे पट्टीदार पूरानी रंजीश को लेकर खार खाकर मेरे बकरी के बच्चे के चलते गाली देने लगे ।गाली देने से मना किया तो रुबीना पत्नी संजय, सुनीता पत्नी आत्मा, आत्मा संजय व पप्पू पुत्र राम बेलास गाली देते हुए लाठी -डंडा लेकर मारपीट करने लगे। मारपीट के दौरान पीड़िता को काफी चोटें आयी । पीड़िता ने बताया कि जानमाल की धमकी देते हुए सभी आरोपी मारपीट करने के बाद फरार हो गए । पुलिस ने पीड़ित महिला की शिकायत पर सभी पांचो पट्टीदारों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर आवश्यक कार्यवाही शुरू कर दिया है ।

# मंदिर के मंहत ने तीन पर दर्ज कराया जालसाजी का केस

**पिपराइच व भटहट(एसएनबी)।** पिपराइच थाना क्षेत्र के तरकुलही निवासी **मंहत** तुलसीदास ने अपने दादा गुरु के फर्जी मृत्यु प्रमाण पत्र बनवाने का आरोप लगाते हुए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के आदेश पर तीन लोगों पर धोखाधड़ी का मुकदमा दर्ज कराया है। तुलसी दास ने अपने तहरीर में यह बताया कि मेरे दादा के गुरु मुण्डू दास राम-जानकी मंदिर शेषपुर व तरकुलही उर्फ पोखरभिंडा के **मंहत** व सर्वाराकार थे जिनकी मृत्यु अठ्ठाईस मई उन्नीस सौ पंचानवे में हुई है। जबकि उत्तरी जटेपुर शाहपुर थाना क्षेत्र निवासी श्याम बिहारी चौधरी और मिर्जापुर टोला गोडियाना निवासी श्रीमती संजू मिश्रा और शिवराम दास ने सम्पत्ति हड़पने की नियत से उनकी मृत्यु पंद्रह सितंबर उन्नीस सौ तिहत्तर दिखा कर मृत्यु प्रमाण पत्र बनवा लिया।जो विभागीय जांच में जिला अस्पताल, कुटुम्ब रजिस्टर आदि में फर्जी पायी गई। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के आदेश पर स्थानीय थाना पुलिस ने उक्त तीनों आरोपियों के विरुद्ध आईपीसी की धारा 419,420 के तहत मुकदमा दर्ज किया है।

# पूर्व मंगेतर के खिलाफ युवती ने दर्ज कराया केस

**गोरखपुर (एसएनबी)।** शाहपुर थाना अतंर्गत पादरी बाजार क्षेत्र की रहने वाली एक युवती ने अपने पूर्व मंगेतर के खिलाफ धमकी, अश्लील हरकत और गाली-गलौज का आरोप लगाया है। पीड़िता की तहरीर पर थाना शाहपुर पुलिस ने आरोपी विशाल सिंह चौहान पुत्र राजेश सिंह चौहान निवासी सुन्दर नगर कालोनी पादरी बाजार पर मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच कर रही है। पीड़िता ने अपने दिये तहरीर में बताया है कि उसकी शादी पादरी बाजार अतंर्गत सुन्दरनगर कालोनी के रहने वाले विशाल सिंह चौहान पुत्र राजेश सिंह चौहान से फरवरी 2025 में तय हुआ था। लेकिन अब उसकी शादी टूट चुकी है। बावजूद इसके आरोपी उसे तंग करता है जब भी वह घर से निकलती है तो उसका पीछा करता है, साथ ही धमकी देता है कि मुझसे शादी नही करोगी तो तुम्हारी शादी कही होने नही दूगाँ। भद्दी -भद्दी गालियां देता है। पीड़िता ने बताया है कि आरोपी उसके रुम तक पहुँचकर पत्थर फेंकता है और कहता है कि तुम्हारा हाथ पैर तोड़कर शादी करूंगा। इसके साथ ही यही धमकी बार - बार देता है कि तुम कुछ भी करलो मैं शादी तुम्ही से ही करुगाँ। साथ ही धमकी देता है कि तुम्हारे चेहरे पर तेजाब फेक दूंगा और तुम्हारा वीडियों वायरल्ल कर दूंगा व जान से मारने की भी धमकी देता है।बीते 9 अक्टूबर को पीड़िता आटो से जा रही थी तभी आरोपी चलते आटो में चढ़कर युवती से मार पीट करने लगा। जिसकी सुचना उसने 1090 पर भी दिया था।

# युवक को पीट कर किया घायल, केस

**गोरखपुर(एसएनबी)।** कोतवाली क्षेत्र के दिवान बाजार जैन मन्दिर के पास रहने वाली मिनी खरवार पुत्री चन्द्र प्रकाश खरवार ने क्षेत्र के ही रहने वाले अमित सिंह, राधे पाण्डेय और सुरज नाम के युवकों पर उसके भाई को बेवजह मारपीट कर घायल करने के मामले में नामजद मुकदमा दर्ज करवाया है। युवती ने पुलिस को दिए तहरीर में बताया है कि गुरुवार रात करीब 10.30 बजे दीवान बाजार न्यू कालोनी से कब्रिस्तान के बीच में तीन व्यक्ति ने जिनका नाम अमित सिंह, राधे पाण्डेय और सुरज पुत्र ने बिना किसी कारण बस उसके भाई जिसका नाम मारकन्डेय खरवार है, को घसीट कर मारने पिटने लगे, जिसमे उसके सर पर चोट लगने से खुन बहने लगा, गाली और जान से मारने की धमकी देते हुए भाग गये। थाना कोतवाली पुलिस युवती की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच कर रही है।

# शोभायात्रा मार्ग पर 100 कैमरे

**गोरखपुर (एसएनबी)।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के शोभायात्रा मार्ग, प्रतिमा विसर्जन मार्ग और विसर्जन स्थल समेत प्रमुख स्थलों पर नगर निगम की ओर से अस्थाई तौर पर 500 की संख्या में सीसी कैमरे लगाए हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के शोभायात्रा मार्ग पर नगर निगम ने जगह-जगह भव्य गेट लगने के साथ पूरे शोभायात्रा मार्ग को रंग बिरंगी लाइट एवं कपड़े आदि से सजाया है। अकेले शोभायात्रा मार्ग पर 100 से अकि सीसी कैमरे लगाए गए हैं। शोभायात्रा मार्ग पर जगह-जगह वाल पेंटिंग भी कराई गई है। नगर आयुक्त ने शोभायात्रा मार्ग का जाएजा लिया। शोभायात्रा मार्ग पर सफाई साफ-सफाई बनाए रखने तथा चल रहे सजावट के कार्यों को आज रात्रि तक पूर्ण कर लेने के निर्देश दिए।

## शोभायात्रा, विसर्जन स्थल और विसर्जन मार्ग में लगी लाइट

सभी तीन विसर्जन स्थल पर 1850 की संख्या में ट्यूबलाइटें लगाई गई हैं। इसके अतिरिक्त मुख्यमंत्री विजयादशमी शोभायात्रा मार्ग, प्रतिमा विसर्जन मार्ग और विसर्जन स्थल पर 950 की संख्या में फ्लड लाइटें लगाई गई हैं। महानगर के सभी 80 वार्डो में 5000 पथ प्रकाश बिंदुओं को लगाया गया है।

# गोरक्षपीठाधीश्वर की शोभायात्रा की सुरक्षा का पुख्ता इंतजाम

- शुक्रवार को शोभायात्रा रूट पर पुलिस ने किया रिहर्सल
- डीएम ,एसएसपी ने गोरखनाथ थाने में सुरक्षा का तैयार किया खाका
- एटीएस,आरएफ, पीएसी जवानों सहित दो हजार पुलिसकर्मी तैनात
- पुराना गोरखपुर इलाका बना पुलिस छावनी

**गोरखपुर (एसएनबी)।** शनिवार को दहशरा के दिन गोरक्षपीठाधीश्वर व सीएम योगी आदित्यनाथ का शोभायात्रा को लेकर जिलाधिकारी कृष्णा करु णेश व एसएसपी डा. गौरव ग्रोवर ने शुक्रवार की देर शाम गोरखनाथ थाने में बैठक कर सुरक्षा का खाका तैयार किया। शोभायात्रा जुलूस के दौरान सुरक्षा का पुख्ता इंतजाम किया गया है। पुराना गोरखपुर इलाका शोभायात्रा से 24 घंटे पहले ही पुलिस छावनी में तब्दील हो गया है। सुरक्षा में एटीएस, आरएफ, पीएसी और दो हजार पुलिसजवानों को तैनात किया गया हैं। यात्रा के दौरान ड्रोन कैमरे से निगरानी शुरू कर दी गयी हैं।

एसएसपी डा. गौरव ग्रोवर ने बताया कि मां दुर्गा की प्रतिमा विसर्जन के दौरान हर इलाके में सीसीटीवी कैमरे से निगरानी की जा रही हैं। हर दुर्गा पंडालों पर पुलिस तैनात है। जिस सड़क से मूर्ति का विसर्जन होगा है उन सभी रुटो पर पुलिस फोर्स के साथ ही सीसीटीवी कैमरे से निगरानी की जा रही है। इसके आलावा भीड़ भाड़ इलाके में ड्रोन कैमरे से निगरानी शुरू कर दी गयी है। जिससे अराजकत्वों की पहचान की जा सके। साथ ही भीड़भाड़ इलाके में सुरक्षा के मद्देनजर पुलिस की सक्रियता की जांच पड़ताल की जा सके। उन्होंने बताया कि दहशरा त्योहार के मद्देनजर शहर में सुरक्षा का पुख्ता इंतजाम किया गया है। मूर्ति विसर्जन के दौरान पूरे शहर में चार हजार पुलिसकर्मियों की तैनाती की गयी हैं। हर साल की तरह इस साल भी परम्मपरागत तरीके से गोरखनाथ मंदिर से गोरक्षपीठाधीश्वर व सीएम योगी आदित्यनाथ का शोभा यात्रा जुलूस गोरखनाथ मंदिर से मानसरोवर मंदिर के लिए निकलता है। शनिवार की शाम रिहर्सल के तौर पर शोभायात्रा जुलुस गोरखनाथ मंदिर से निकल कर गोरखनाथ ओवरब्रिज के बगल से मानसरवार पहुंचा था फिर रामलीला मैदान तिराहे से पुराना गोरखपुर होते हुए सोनौली रोड पर पहुंचा था।

बताया जाता है कि मानवरोसर मंदिर में गोरक्षपीठाधीश्वर योग आदित्यानथ पूजा अर्चना करने के बाद मंदिर के सामने रामलीला मैदान में भगवना राम का तिलक करेंगे। तिलक के बाद रामलीला मैदान से पुराना गोरखनाथ मुहल्ले के रास्ते पीठाधीश्वर योगी आदित्यनाथ का शोभायात्रा गोरखनाथ मंदिर देर शाम पहुंच कर समाप्त हो जाएगा। जिस रास्ते से शोभायात्रा का जुलूस जाएगा उस रास्ते से शुक्रवार की शाम को गोरक्षपीठाधीश्वर जिस गाड़ी पर सवार होकर निकलेंगे उस गाड़ी के साथ अन्य गाड़ियों का काफिला के साथ रिहर्सल किया है। रिहर्सल के दौरान एटीएस व पीएसी जवानों के आलावा हर घर के पास पुलिसवालों का कड़ा पहरा देखने को मिला। पुराना गोरखपुर में सड़क के अलग -बगल सभी प्रकार की तैयारी मुकमल कर दिया गया हैं। पूरे इलाके में करीब दो हजार पुलिसकर्मियों की तैनाती की गयी हैं।



गोरखनाथ मंदिर से निकलने वाली शोभायात्रा को लेकर बैठक करते एसएसपी डॉ. गौरव ग्रोवर व रिहर्सल में निकला वाहनों का काफिला। फोटो : एसएनबी

**कार्यालय- नगर**

# नौकरी के नाम पर ठगी करने वाले रेलकर्मी पर केस दर्ज

जासं, मुंडेरा बाजार : चौरी चौरा थाना क्षेत्र के चौरी टोला सतहवां निवासी संतोष कुमार यादव से रेलवे में नौकरी दिलाने के नाम पर छह लाख रुपये जालसाजी का मामला सामने आया है। एसएसपी के निर्देश पर आरोपित पर केस दर्जकर पुलिस मामले की जांच कर रही है।

संतोष कुमार यादव ने पुलिस को बताया कि उनकी मुलाकात रेलवे बिछिया कालोनी मैकेनिकल वर्कशाप यांत्रिक कारखाना में कार्यरत सुभाष चंद्र से हुई। वह स्वयं को रेलवे का कर्मचारी बताकर उनसे नौकरी दिलवाने के नाम पर छह लाख रुपये की मांग किया। झांसे में आकर उन्होंने पांच लाख रुपये दे दिया। उसके बाद अन्य कई बार में कुल छह लाख दे दिया। कुछ दिनों बाद उसने फर्जी नियुक्ति पत्र दे दिया। उनका मेडिकल मुख्य चिकित्सा निदेशक रेलवे चिकित्सालय गोरखपुर में कराया गया। जो पूर्ण रूप से फर्जी था। वह धोखे में रखकर उनके रुपये हड़प लिया। रुपये की मांग की तो उसने भद्दी भद्दी गाली देते हुए जान से मारने की धमकी देने लगा है। लीगल नोटिस भी भेजा, लेकिन उसके बावजूद भी वह रुपये नहीं दे रहा है। एसपी नार्थ जितेंद्र कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि तहरीर के आधार पर केस दर्ज कर लिया गया है। जांच व साक्ष्यों के आधार पर कार्रवाई की जाएगी।

# फर्जी कागजात पर फर्म की जमीन हड़पने की कोशिश, मुकदमा

**जासं, पिपराैली :** गीडा पुलिस ने शुक्रवार को फर्म की जमीन हड़पने की कोशिश कर रहे जालसाजों पर मुकदमा दर्ज किया। पुलिस ने विनय वर्मा, प्रांजल पटेल, जय पटेल व अज्ञात पर केस दर्ज किया। फर्म के अरुण, विवेक ने एसएसपी को बताया था कि बाघागाड़ा स्थित इंटीग्रेटेड पल्यूशन कमेटी के नाम से उनकी फर्म चलती है। जिस जमीन पर वह फर्म है उसकी लीज खत्म होने पर इस जमीन को अवधराज यादव ने कानपुर निवासी अरुण अवस्थी के नाम कर दी। इसी बीच आरोपित विनय, प्रांजल, जय समेत अन्य फर्म पर कब्जा करने की कोशिश करने लगे।

# सीसी कैमरे की निगरानी में होगा दुर्गा प्रतिमाओं का विसर्जन

जागरण संवाददाता, गोरखपुर : दुर्गा प्रतिमा विसर्जन में सुरक्षा के लिहाज से कड़े इंतजाम किए गए हैं। चौकी प्रभारी, बीपीओ को अपने क्षेत्र में स्थापित होने वाली प्रतिमा का नोडल बनाया गया है। जोन के 11 जिलों में स्थापित हुई 18407 प्रतिमा की निगरानी के लिए इतने ही सिपाही की ड्यूटी लगाई गई है जो विसर्जन होने तक पूजा समिति के साथ ही रहेंगे। जिन स्थानों पर पहले विवाद हो चुका है वहां एहतियात के तौर पर अतिरिक्त फोर्स तैनात की गई है। प्रतिमा विसर्जन वाले मार्ग पर सुरक्षा के लिहाज से सीसी कैमरे लगवाने के साथ ही क्रेन व जल पुलिस की व्यवस्था की गई है। गोरखपुर जिले में सबसे अधिक 3994 प्रतिमा स्थापित होने के साथ ही यहां सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए हैं। विसर्जन मार्ग पर आरएएफ, पीएसी के साथ ही एटीएस कमांडों की भी ड्यूटी लगाई गई है। सीओ, थाना व चौकी प्रभारी की जिम्मेदारी तय करने के साथ ही शहर को जोन व सेक्टर में बांटा गया है। जिन स्थानों को हाट स्पाट घोषित किया गया है वहां अर्धसैनिक बल के जवानों को लगाया गया है। जोन में 529 स्थानों पर चल रही रामलीला में भी सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए हैं।



राजघाट में प्रतिमा विसर्जन की सुरक्षा-व्यवस्था को लेकर चल रही तैयारी का निरीक्षण करते डीएम कृष्णा करुणेश व एसएसपी डा. गौरव ग्रोवर • सौ. पुलिस मीडिया सेल

**शहर में विसर्जन मार्ग पर लगाए गए है 205 कैमरे:** प्रतिमा विसर्जन मार्ग पर शहर में 205 सीसी टीवी कैमरे लगाए गए हैं। गड़बड़ी करने वालों की पहचान कर मुकदमा दर्ज करने के साथ कार्रवाई की जाएगी। जिले में 82 स्थानों पर रामलीला का आयोजन हो रहा है। 319 स्थायी/अस्थायी विसर्जन स्थल बनाए गए हैं।



दशहरा व प्रतिमा विसर्जन के साथ ही रामलीला की सुरक्षा में पुलिसकर्मियों की ड्यूटी लगाई गई है। जिन पुलिसकर्मियों की ड्यूटी लगी है उनके साथ बैठक कर जिम्मेदारी बता दी गई है। व्यवस्था बिगाड़ने वालों पर कठोर कार्रवाई होगी।

– डा. केएस प्रताप कुमार, एडीजी जोन

## अधिकारियों ने जांची पोखरों की तैयारी व सुरक्षा

जागरण संवाददाता, गोरखपुर: मां दुर्गा की प्रतिमाओं के विसर्जन के लिए कृत्रिम पोखरे तैयार कर लिए गए हैं। राप्ती किनारे एकला बंधे के पास तीन और महेसरा व डोमिनगढ़ में एक-एक पोखरों का निर्माण किया गया है। महापौर डा. मंगलेश श्रीवास्तव और नगर आयुक्त गौरव सिंह सोगरवाल ने सभी अपर नगर आयुक्त और अभियंताओं की टीम के साथ दोपहर में सभी पोखरों का निरीक्षण किया और जो भी तैयारियां बाकी रह गई थी, उन्हें शाम तक पूरा करने का निर्देश दिया। इसके लिए अधिकारियों को अलग-अलग पोखरों की जिम्मेदारी भी दी गई, जिन्होंने मौके पर मौजूद रहकर पोखरों को तैयार कराया। एकला बंधे पर विसर्जन स्थल तक जाने वाले मार्ग को दुरुस्त कर लिया गया है। सभी पोखरों पर जेसीबी और पोकलेन भी तैनात किए गए हैं, जो प्रतिमाओं के विसर्जन में तो सहायता करेंगे। नदी का जलस्तर बढ़ने की वजह से रास्ता पूरी तरह खराब हो चुका था। अब वहां पर लोहे की प्लेट, बालू डालकर उसे चलने लायक बना दिया गया है। किनारे लाइट की व्यवस्था कर दी गई है ताकि रात में किसी श्रद्धालु को परेशानी न हो। बंधे के ऊपर की तरफ एक नया कृत्रिम तालाब तैयार किया गया है जहां पर छोटी मूर्तियां विसर्जित होंगी। वहां पर इंटरलाकिंग टाइल्स भी लगाई गई है।

**त्योहार में खलल डालने वालों से शक्ति से निपटेगा प्रशासन:** जिलाधिकारी कृष्णा करुणेश ने शुक्रवार की शाम दुर्गा प्रतिमाओं के विसर्जन संबंधी तैयारियां जांचने के साथ ही निर्देश दिए हैं कि सभी अधिकारी मुस्तैद रहकर विसर्जन को शांति एवं सौहार्द पूर्ण वातावरण में सकुशल संपन्न कराएं। उन्होंने चेताया कि जिले की शांति व्यवस्था में खलल पैदा करने वालों से पुलिस-प्रशासन सख्ती से निपटेगा। उन्होंने कहा कि विसंर्जन मार्गों पर सीसी टीवी कैमरे भी लगाये गए है। साफ-सफाई के साथ सड़कों को गड्ढामुक्त भी किया गया है। बताया कि सुरक्षा के दृष्टिगत पुलिस बल की पर्याप्त मात्रा में उपलब्धता रहेगी।

# पक्षद्रोही हो गई पीड़ित, साक्ष्य के आधार पर आरोपित को सजा

जागरण संवाददाता, गोरखपुर : फेसबुक पर छात्रा के नाम से फर्जी आइडी बनाकर आपत्तिजनक पोस्ट डालने और इंटरनेट मीडिया पर प्रसारित करने के आरोपित बड़हलगंज के दुर्गा वर्मा उर्फ सुमित को सीजेएम ने दो वर्ष की सजा सुनाई है। इसके अलावा 60 हजार रुपये जुर्माना भी लगाया है जिसमें आधी



रकम पीड़ित को दी जाएगी। इस मामले में पीड़ित छात्रा के साथ ही मुकदमा दर्ज कराने वाले उसके भाई पक्षद्रोही हो गए थे। साक्ष्य के आधार पर सीजेएम ने फैसला दिया। बड़हलगंज क्षेत्र में रहने वाले युवक ने वर्ष 2014 में तत्कालीन एसएसपी को प्रार्थना पत्र देकर बताया था कि उसकी बहन बीएड की छात्रा है। उसके नाम से किसी व्यक्ति ने फेसबुक पर फर्जी आइडी बनाई है। जिस पर बहन की फोटो और मोबाइल नंबर भी डाल दिया है। इस मामले में बड़हलगंज पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया था। साइबर सेल ने छानबीन की तो दुर्गा वर्मा उर्फ सुमित का नाम सामने आया। जालसाजी व आइटी एक्ट की पुष्टि होने पर पुलिस ने न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल किया। ट्रायल के दौरान मुकदमा वादी के साथ ही पीड़ित छात्रा अपने बयान से पलट गए थे। साइबर सेल की टीम ने न्यायालय में वैज्ञानिक साक्ष्य उपलब्ध कराया। मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट त्रिपी श्रीवास्तव ने गुरुवार को सजा सुनाते हुए कहा कि आगे फिर कोई ऐसा कृत्य न करे, यह सजा हर किसी के लिए सबक होगी।

# करमहां बुजुर्ग में पीएसी तैनात एसपी सिटी ने किया गश्त

जासं, भटहट : गुलरिहा क्षेत्र के करमहां बुजुर्ग में शांति व्यवस्था बनी रहे, इसके लिए पुलिसकर्मियों के साथ पीएसी भी तैनात कर दी गई है। शुक्रवार को एसपी सिटी अभिनव त्यागी ने फोर्स के साथ गांव में गश्त किया। ग्रामीणों से बातचीत की और शांति व्यवस्था बनाए रखने की अपील के साथ विवाद करने पर कार्रवाई की चेतावनी भी दी।

करमहां बुजुर्ग में गुरुवार को झंडा लगाने को लेकर दो पक्षों में विवाद हो गया था। भटहट चौकी पुलिस के पहुंचने पर एक पक्ष ने पुलिस पर ही झंडा उतारने का आरोप लगाया। वहीं, दूसरे पक्ष से कुछ महिलाओं का आरोप था कि झंडा बिजली के खंभो पर न लगाकर मस्जिद में फेंका जा रहा था। इसके बाद में सीओ कैंट योगेंद्र सिंह व गोरखनाथ रवि कुमार सिंह ने गांव में पहुंचकर ग्रामीणों के साथ बैठक की। उन्हें दुर्गा पूजा जुलूस संपन्न कराने की जिम्मेदारी देते हुए कहा कि जिस जगह से जुलूस निकलेगा। वहां रहने वाले समुदाय के लोगों की जिम्मेदारी होगी।

हालांकि करमहां बुजुर्ग में दुर्गा पूजा के दौरान दो बार विवाद होने पर एसपी सिटी ने पीएसी तैनात कर दी है। पीएसी को प्राथमिक विद्यालय, मस्जिद और पोखरे के पास तैनात किया गया है, साथ ही समय-समय पर पूरे गांव में भ्रमणशील रहने का भी निर्देश दिया गया है। इसके साथ ही अधिकारी भी गांव में गश्त कर रहे हैं।

# तिनकोनिया रेंज में तस्कर कर रहे थे अवैध कटान, मुकदमा दर्ज

जासं, गोरखपुर : तिनकोनिया रेंज के सूबा वन बीट पर तस्कर दिन में ही अवैध कटान कर रहे हैं। गश्त पर निकले वनकर्मियों को देख तस्कर फरार हो गए। पहचान करने के बाद बीट प्रभारी अमित कुमार ने खोराबाद थाने में तहरीर दी। पुलिस ने शुक्रवार को रामनगर कड़जहां निवासी रामबाबू निषाद उर्फ गुड्डू, राधे निषाद, जंगल चवंरी निवासी भीम पासवान, मुन्ना पासवान, जितेन्द्र पासवान पर भारतीय वन अधिनियम के तहत केस दर्ज कर जांच कर रही है।

सूबा वन बीट प्रभारी अमित कुमार ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि आठ अक्टूबर को वह अच्छेलाल व वीरेंद्र के साथ दोपहर 12 बजे जंगल रामगढ़ में गश्त कर रहे थे। इसी बीच लकड़ी काटने की आवाज सुनाई दी। जिसके बाद वह आवाज की तरफ बढ़े तो कुछ लोग एक सागौन का पेड़ काटते हुए दिखे। घेराबंदी करने पर आरोपित तस्कर एक बोटा लेकर पास में स्थित तुर्रा नाले में कूद गया और फरार हो गए। तस्करों की पहचान करने के बाद जब वह वापस जंगल में पहुंचे तो मौके से एक टांगा, एक साइकिल, एक बोटा बरामद हुआ। जिसे वन चौकी पर लाया गया। तिनकोनिया रेंजर लव सिंह ने बताया कि बीट प्रभारी ने तहरीर देकर खोराबार थाने में केस दर्ज कराया है। पुलिस मामले की जांच कर आगे की कार्रवाई करेगी।

# पति समेत तीन पर दर्ज कराया का मुकदमा

पिपराइच : थाना क्षेत्र की एक विवाहिता की तहरीर पर पुलिस ने पति गोविन्द, सास व ननद निवासी आबादी सखनी थाना गुलरिहा के विरुद्ध दहेज उत्पीड़न का मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस को तहरीर देकर पीड़ित सरस्वती देवी ने बताया कि ससुरालियों की प्रताड़ना से त्रस्त होकर एक साल से पिपराइच क्षेत्र के परशुरामपुर छोटा टोला स्थित मायके में रह रही हूं। बताया कि चार साल पूर्व गोविन्द पुत्र ओम निवासी आबादी सखनी थाना गुलरिहा से शादी हुई। शादी के एक माह बाद से ही ससुराल के लोग बाइक व अन्य सामान की मांग करते हुए प्रताड़ित करने लगे।। (जासं)

# भवाजीतपुर गांव में कलश यात्रा में शामिल युवक गायब

गोपालपुर : गोला थाना क्षेत्र के भवाजीतपुर गांव निवासी जयहिन्द ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि मेरा 18 वर्षीय बेटा सत्यम बुधवार को गांव के दुर्गा मंदिर से बारानगर कालिका मंदिर स्थान पर कलश यात्रा में शामिल होने गया था। इसके बाद वह वापस नहीं आया। पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज कर ली है। (जासं)

# कूटरचित दस्तावेज पर पासपोर्ट बनवाने की कोशिश

गोरखपुर : कूटरचित दस्तावेज का इस्तेमाल कर पासपोर्ट बनवाने की कोशिश करने वाले युवक पर खोराबार थाना पुलिस ने जालसाजी का मुकदमा दर्ज किया है। उपनिरीक्षक मनोज कुमार ने तहरीर में लिखा है कि जंगल सिकरी के रहने वाले जयहिंद यादव अनुचित लाभ लेने के लिए कूटरचित दस्तावेज तैयार कराकर फर्जी तरीके से पासपोर्ट बनवाने का प्रयास किया।

# एंटी ड्रोन सिस्टम से शोभायात्रा की निगरानी, मुस्तैद हुए कमांडो



पुलिस बल के साथ फ्लैग मार्च करते सीओ कोतवाली • सौ. पुलिस मीडिया सेल

जासं., गोरखपुर : गोरखनाथ मंदिर से मानसरोवर पोखरा तक शनिवार को निकलने वाली गोरक्षपीठाधीश्वर व मुख्यमंत्री की शोभायात्रा में सुरक्षा के सख्त इंतजाम किए गए हैं। जमीन से लेकर आसमान तक सुरक्षा के चाक-चौबंद इंतजाम किए गए हैं। अपराह्न तीन बजे से शोभायात्रा समाप्त होने तक गोरखनाथ मंदिर की तरफ चार पहिया वाहन नहीं जाएंगे। यात्रा के समय दो पहिया वाहनों का आवागमन भी प्रतिबंधित रहेगा। एंटी ड्रोन सिस्टम से निरागनी करने के साथ ही एटीएस के कमांडो मुस्तैद रहेंगे।

शोभायात्रा मार्ग में पड़ने वाले 252 घरों के अंदर व छत पर पुलिसकर्मियों की ड्यूटी लगी है। एसएसपी डा. गौरव ग्रोवर व डीएम कृष्णा करुणेश ने शुक्रवार की शाम गोरखनाथ थाने के सभागार में सुरक्षा में लगे पुलिसकर्मियों की बैठक ली। त्रिस्तरीय सुरक्षा-व्यवस्था के बारे में जानकारी देते हुए मुस्तैदी से ड्यूटी करने के निर्देश दिए। शोभायात्रा की सुरक्षा में चार एएसपी, 15 सीओ, 19 निरीक्षक, 87 दारोगा, तीन कंपनी पीएसी, एक कंपनी आरएएफ, एटीएस कमांडो व 452 सिपाहियों की ड्यूटी लगी है।

# विसर्जन को लेकर यातायात पुलिस ने जारी किया डायवर्जन

जागरण संवाददाता, गोरखपुरः दुर्गा प्रतिमा विसर्जन व शोभायात्रा को देखते हुए शनिवार को शहर में रूट डायवर्जन लागू रहेगा। दोपहर तीन बजे के बाद गोरखनाथ मंदिर की तरफ वाहनों को नहीं जाने दिया जाएगा। प्रतिमा विसर्जन की वजह से शनिवार व रविवार को शाम चार बजे से विसर्जन होने तक शहर में भारी वाहनों के प्रवेश पर रोक रहेगा। वहीं दुर्गाबाड़ी, घोष कंपनी, घंटाघर, रेती रोड, जाफरा बाजार, दीवान बाजार, आर्यनगर, विजय चौक, धर्मशाला बाजार की ओर चार पहिया वाहनों को नहीं जाने दिया जाएगा। एसपी यातायात संजय कुमार ने बताया कि डायवर्जन का सख्ती से पालन कराया जाएगा।

## जीरो प्वाइंट से आगे नहीं आएंगे वाहन, इधर से जाएंगे



- आज से दो दिन शहर में नहीं आएंगे भारी वाहन, विसर्जन मार्ग पर भी रहेगा प्रतिबंध
- एसपी यातायात संजय कुमार ने कहा-डायवर्जन का सख्ती से कराया जाएगा पालन
- शनिवार से लेकर रविवार को विसर्जन होने तक प्रभावी रहेगी बदली हुई यातायात व्यवस्था

• लखनऊ की तरफ से गोरखपुर आने वाले भारी वाहन कसहजनवा बाईपास जीरो प्वाइंट से बाघागाड़ा, रामनगर कड़जहां एवं जंगल कौड़िया फोरलेन होते हुए जाएंगे।

• वाराणसी, आजमगढ़, मऊ एवं बड़हलगंज से गोरखपुर की तरफ आने वाले भारी वाहनों को बेलीपार थाना क्षेत्र से बाघागाड़ा स्थित फोरलेन पर डायवर्जन किया जाएगा। ये वाहन रामनगर कड़जहां एवं कालेसर होते हुए जाएंगे।

• कुशीनगर से आने वाले भारी वाहन कोनी फोरलेन से रामनगर कड़जहां होते हुए जाएंगे। शहर की तरफ प्रवेश वर्जित रहेगा।

• देवरिया से आने वाले भारी वाहन रामनगर कड़जहां फोरलेन, बाघागाड़ा होते हुए जाएंगे। शहर की तरफ प्रवेश वर्जित रहेगा।

• गोरखपुर बस अड्डा से लखनऊ व वाराणसी की तरफ जाने वाले रोडवेज बसों को पैडलेगंज व मोहद्दीपुर चौराहा से डायवर्ट किया जाएगा, ये वाहन देवरिया बाईपास रोड से रामनगर कड़जहां होते हुए जाएंगे। आवश्यकता पड़ने पर चार पहिया वाहन भी डायवर्ट किए जाएंगे।

• नौसड़ चौराहा से टीपी नगर चौराहा की तरफ आने वाली बसे बाघागाड़ा, रामनगर कड़जहां एवं कालेसर होते हुए गंतव्य की ओर जाएंगी।

• रोडवेज बस, आयल टैंकर, गैस टैंकर, दुग्ध वाहन एवं अन्य राजकीय वाहन विश्वविद्यालय चौराहा, मोहद्दीपुर चौराहा होते हुए चारफाटक ओवरब्रिज से कौवाबाग बाईपास मार्ग से असुरन चौराहा, खजांची चौराहा होते हुए स्पोर्ट्स कालेज चौराहा से होते हुए बरगदवा चौराहा होकर फरेन्दा सोनौली की तरफ जाएंगी।

• फरेंदा, पीपीगंज से गोरखनाथ मंदिर की तरफ आने वाले भारी वाहन प्रतिबंधित रहेंगे। ये वाहन बरगदवां चौराहा से इंडस्ट्रीयल एरिया मोड़, रामनगर चौराहा से स्पोर्ट्स कालेज, खजांची चौक से असुरन चौराहा, कौवाबाग मार्ग से चारफाटक ओवरब्रिज, मोहद्दीपुर होते हुए देवरिया एवं कुशीनगर की ओर जाएंगे।

• नौसढ़ तिराहे से तीन पहिया / चार पहिया वाहन मूर्ति विसर्जन तक डायवर्ट रहेंगे। ये वाहन नौसढ़ तिराहा से बाघागाड़ा से रामनगर कड़जहां होकर जाएंगे।

# शांति व्यवस्था में खलल पैदा करने वालों पर करें सख्ती : डीएम

गोरखपुर। दुर्गा प्रतिमाओं के विसर्जन को शांति और सौहार्दपूर्ण संपन्न कराने के निर्देश डीएम कृष्णा करुणेश ने दिए हैं। उन्होंने कहा कि कानून व्यवस्था का शतप्रतिशत अनुपालन कराया जाए। शांति व्यवस्था में खलल पैदा करने वालों से शक्ति से निपटा जाए। विसर्जन मार्गों पर सीसीटीवी कैमरे भी लगाए गए हैं। साफ सफाई के साथ ही सड़कों को गड्ढामुक्त भी किया गया है। उन्होंने कहा कि सुरक्षा को देखते हुए पर्याप्त संख्या में पुलिस बल को तैनात किया गया है।

# शांतिपूर्ण त्योहार संपन्न कराने के लिए पुलिस ने फ्लैग मार्च

**BARHALGANJ.** कोतवाली पुलिस ने शांतिपूर्ण तरीके से त्योहार संपन्न कराने हेतु कस्बे में फ्लैग मार्ग कर सुरक्षा का एहसास कराया. एसपी साउथ जितेंद्र कुमार के नेतृत्व में कोतवाली परिसर से मेन मार्केट, सोती चौराहा, लेटाघाट, पटना चौराहा, कालेज तिराहा, गोला रोड होते हुए कोतवाली पहुंचकर मार्च संपन्न हुआ. एसपी साउथ ने कहा कि पुलिस त्योहार को लेकर सतर्क है. हर पांडाल पर नजर है. इस दौरान थानाध्यक्ष चंद्रभान सिंह, चौकी इंचार्ज आदित्य उपाध्याय, केके सिंह, संजय पाल, निशांत सिंह, अभिनव शुक्ल आदि शामिल रहे.

# हरपुर बुदहट में भी हुआ फ्लैग मार्च

हरपुर-बुदहट. दशहरा त्योहार सकुशल संपन्न कराने के लिए शुक्रवार को थानाध्यक्ष महेश चौबे मय फोर्स के साथ हरपुर, कटसहरा, आदि चौराहे पर पैदल मार्च किया. सुरक्षा का जायजा लेते हुए शासन के निर्देशों से अवगत कराते हुए त्योहारों को शांति पूर्ण एवं पारंपरिक तरीके से संपन्न कराने का निर्देश दिया. इस दौरान थानाध्यक्ष महेश कुमार चौबे, उपनिरीक्षक तनवीर अहमद, प्रवीण कश्यप, अच्युतानंद राय, सुधाकर यादव सहित समस्त पुलिसकर्मी मौजूद रहे.

# गीडा पुलिस ने किया फ्लैग मार्च

**GIDA :** विजयदशमी/दशहरा पर्व के मद्देनजर गीडा पुलिस ने गीडा सीओ प्रशाली गंगवार और गीडा एसएचओ विजय सिंह के नेतृत्व फ्लैग मार्च किया. यह फ्लैग मार्च गीडा थाना मुख्यालय से निकलकर कस्बा पिपरौली बाजार होते हुए अमटौरा, जैतपुर गांव के बाद गीडा थाना मुख्यालय पर पहुंची. इस मौके पर कांस्टेबल दीपक यादव, कांस्टेबल धीरेंद्र यादव, सहित दर्जनों की संख्या में पुलिसकर्मी मौजूद रहे.

# सीसी कैमरे की निगरानी में होगा प्रतिमाओं का विसर्जन

gorakhpur@inext.co.in

**GORAKHPUR (11 Oct):** दशहरा व प्रतिमा विसर्जन को सकुशल संपन्न कराने के लिए सुरक्षा के चाक-चौबंद इंतजाम किए गए हैं. जिले में स्थापित 3994 प्रतिमाओं की सुरक्षा में 4010 सिपाही, होमगार्ड व चौकीदार की नाम से ड्यूटी लगी है. एसएसपी डॉ. गौरव ग्रोवर ने बताया कि प्रतिमा विसर्जन के दौरान श्रद्धालुओं व पूजा समिति की मदद के लिए सिविल डिफेंस के लोग भी रहेंगे. शहर में प्रतिमा विसर्जन मार्ग पर 205 सीसी टीवी कैमरे लगाए गए हैं. 319 स्थाई/अस्थाई विसर्जन स्थल बनाए गए हैं.

## प्रतिमा विसर्जन के लिए पोखरे तैयार

मां दुर्गा की प्रतिमाओं के विसर्जन के लिए कृत्रिम पोखरे तैयार कर लिए गए हैं. राप्ती किनारे एकला बंधे के पास तीन और महेसरा व डोमिनगढ़ में एक-एक पोखरों का निर्माण किया गया है. इन्हें अंतिम रूप देने और सुरक्षा संबंधी इंतजाम के लिए नगर निगम की टीम शुक्रवार को शाम तक जुटी रही. महापौर डा. मंगलेश श्रीवास्तव और नगर आयुक्त गौरव सिंह सोगरवाल ने सभी अपर नगर आयुक्त और अभियंताओं की टीम के साथ दोपहर में सभी पोखरों का निरीक्षण किया. सभी पोखरों पर जेसीबी और पोकलेन भी तैनात किए गए हैं.

## खलल डालने वालों से निपटेगा प्रशासन

डीएम कृष्णा करुणेश ने शुक्रवार को शाम दुर्गा प्रतिमाओं के विसर्जन संबंधी तैयारियां जांचने के साथ ही निर्देश दिए हैं कि सभी अधिकारी मुस्तैद रहकर विसर्जन को शांति एवं सौहार्द पूर्ण वातावरण में सकुशल संपन्न कराएं. उन्होंने चेताया कि जिले की शांति व्यवस्था में खलल पैदा करने वालों से पुलिस-प्रशासन सख्ती से निपटेगा.



## प्रतिमा विसर्जन रूटो पर ढीले हाइटेंशन तारो को किया सही

शारदीय नवरात्र में प्रतिमा विसर्जन में बिजली के तार आड़े न आए इसको लेकर बिजली विभाग ने शुक्रवार को शहर की सड़कों पर ढीले पलटी तारों को सही किया गया. साथ ही जर्जर तार बदले गए. बिजली विभाग के चीफ इंजीनियर आशुतोष श्रीवास्तव और एसई शहर ई. लोकेंद्र बहादुर सिंह ने विभिन्न रूटों का निरीक्षण कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए. शहर के घंटाघर, रेती रोड, बसंतपुर, राजघाट, लाल डिग्गी, नौसड़, गोलघर, महेसरा इत्यादि क्षेत्रों में तारों को सही करने का कार्य किया गया. एसई शहर ई. लोकेंद्र बहादुर सिंह ने बताया कि शुक्रवार से ही बिजली विभाग सक्रिय हो गया है. शनिवार को सुबह से ही कर्मचारी विभिन्न क्षेत्रों में तैनात रहेंगे.

## आज से दो दिन शहर में नहीं आएंगे भारी वाहन

दुर्गा प्रतिमा विसर्जन व शोभायात्रा को देखते हुए शनिवार को शहर में रूट डायवर्जन लागू रहेगा. दोपहर तीन बजे के बाद गोरखनाथ मंदिर की तरफ वाहनों को नहीं जाने दिया जाएगा. एसपी यातायात संजय कुमार प्रतिमा विसर्जन की वजह से शनिवार व रविवार को शाम चार बजे से विसर्जन होने तक शहर में भारी वाहनों के प्रवेश पर रोक रहेगा. वहीं दुर्गाबाड़ी, चाप कंपनी, घंटाघर, रेती रोड, उर्दू बाजार, दीवान बाजार, आर्यनगर, विजय चौक, धर्मशाला बाजार की ओर चार पहिया वाहनों को नहीं जाने दिया जाएगा.

## प्रतिमा विसर्जन को लेकर यातायात पुलिस ने जारी किया डायवर्जन

- लखनऊ की तरफ से गोरखपुर आने वाले भारी वाहनों को सहजनवा बाईपास जीरो प्वाइंट से डायवर्ट होकर बाघागाड़ा, रामनगर कड़जहां एवं जंगल कौड़िया फोरलेन होते हुए जाएंगे.
- वाराणसी, आजमगढ़, मऊ एवं बड़हलगंज से गोरखपुर की तरफ आने वाले भारी वाहनों को बेलीपार थाना क्षेत्र से बाघागाड़ा स्थित फोरलेन पर डायवर्जन किया जाएगा. ये वाहन रामनगर कड़जहां एवं कालेसर होते हुए जाएंगे.
- कुशीनगर से आने वाले भारी वाहन कोनी फोरलेन से रामनगर कड़जहां होते हुए जाएंगे. शहर की तरफ प्रवेश वर्जित रहेगा.
- देवरिया से आने वाले भारी वाहन रामनगर कड़जहां फोरलेन, बाघागाड़ा होते हुए जाएंगे. शहर की तरफ प्रवेश वर्जित रहेगा.
- गोरखपुर बस अड्डा से लखनऊ व वाराणसी की तरफ जाने वाले रोडवेज बसों को पैडलेगंज व मोहद्दीपुर चौराहा से डायवर्ट किया जाएगा. ये वाहन देवरिया बाईपास रोड से रामनगर कड़जहां होते हुए जाएंगे. आवश्यकता पड़ने पर चार पहिया वाहन भी डायवर्ट किए जाएंगे.
- नौसढ़ चौराहा से टीपी नगर चौराहा की तरफ आने वाली बसें बाघागाड़ा, रामनगर कड़जहां एवं कालेसर होते हुए गंतव्य की ओर जाएंगे.
- रोडवेज बस, आयल टैंकर, गैस टैंकर, दुग्ध वाहन एवं अन्य राजकीय वाहन विश्वविद्यालय चौराहा, मोहद्दीपुर चौराहा होते हुए कारखाना ओवरब्रिज से कौवाबाग बाईपास मार्ग से असुरन चौराहा, खजांची चौराहा होते हुए स्पोर्ट्स कालेज चौराहा से रामनगर तिराहा, इंडस्ट्रीयल एरिया मोड़ होते हुए बरगदवा चौराहा होकर फरेन्दा सोनौली की तरफ जाएगी.
- फरेंदा, पीपीगंज से गोरखनाथ मंदिर की तरफ आने वाले भारी वाहन प्रतिबंधित रहेंगे. ये वाहन बरगदवा चौराहा से इंडस्ट्रीयल एरिया मोड़, रामनगर चौराहा से स्पोर्ट्स कालेज, खजांची चौक से असुरन चौराहा, कौवाबाग मार्ग से कारखाना ओवरब्रिज, मोहद्दीपुर होते हुए देवरिया एवं कुशीनगर की ओर जाएंगे.
- नौसढ़ तिराहे से तीन पहिया / चार पहिया वाहन मूर्ति विसर्जन तक डायवर्ट रहेंगे. ये वाहन नौसड़ तिराहा से बाघागाड़ा से रामनगर कड़जहां होकर जाएंगे.



# भ्रष्टाचार के आरोपों पर एमएमएमयूटी सख्त, केस की तैयारी

**फॉलोअप**

गोरखपुर, निज संवाददाता। मदन मोहन मालवीय प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. जेपी सैनी और पूर्व कुलसचिव डॉ. जय प्रकाश पर कथित भ्रष्टाचार की शिकायत के मामले में विश्वविद्यालय प्रशासन गंभीर है। शिकायतकर्ता की 13 बिंदुओं पर की गई शिकायत का विश्वविद्यालय प्रशासन ने बिंदुवार जवाब दिया है। इस मामले में एफआईआर कराने की भी तैयारी कर रहा है। विश्वविद्यालय खुलने पर 14 अक्तूबर को विवि प्रशासन पुलिस को तहरीर दे सकता है।

एमएमएमयूटी प्रशासन ने अपने पक्ष में कहा है कि शिकायतकर्ता की प्रामाणिकता की पुष्टि अभी तक नहीं हुई है। वर्तमान में इस शिकायत से संबंधित कोई जांच नहीं चल रही है। एक को छोड़कर शेष सभी 12 प्रकरण वर्षों पुराने हैं। निर्माणाधीन फार्मेसी बिल्डिंग में 14 करोड़ के भ्रष्टाचार का आरोप है। इस पर विश्वविद्यालय प्रशासन ने कहा है कि मानक के अनुरूप भवन निर्माण की योजना के कारण लागत बढ़ी है। यह रिकॉर्ड में है। विश्वेश्वरैया छात्रावास के मरम्मत में घोटाले के आरोपों पर कहा है कि निविदा निरस्त हो गई थी। पूरी प्रक्रिया में किसी तरह का भुगतान नहीं हुआ।

**कम्प्यूटर, फर्नीचर खरीद में भी ओवर रेट का आरोप :** शिकायतकर्ता ने कम्प्यूटर एवं फर्नीचर खरीद में भी ओवररेट किए जाने का आरोप लगाया है। शिकायत है कि रुसा व टेकुप योजना के आंवटन को ही बदल कर करोड़ों रुपये के कंप्यूटर खरीदे गये। करीब 2.50 करोड़ से फर्नीचर खरीद में भी कमीशन लेने का आरोप लगाया है। इस मामले में विवि प्रशासन ने कहा है कि विद्यार्थियों के हित को देखते हुए आवश्यकता की आधी संख्या में ही कम्प्यूटर खरीदे गए। सभी कम्प्यूटर लेटेस्ट तकनीक के हैं जबकि शिकायतकर्ता ने प्रोफेशनल सीरीज के कम्प्यूटर की तुलना होम सीरीज से की है।

**13** बिन्दुओं पर की है एमएमएमयूटी में भ्रष्टाचार की शिकायत



**14** अक्तूबर को विवि खुलने पर तहरीर दे सकता है एमएमएमयूटी

- पीएमओ से कुलपति व पूर्व कुलसचिव की शिकायत
- भ्रष्टाचार की शिकायत के मामले में विवि प्रशासन है गंभीर

**यह है मामला**

एमएमएमयूटी के कुलपति प्रो. जेपी सैनी और पूर्व कुलसचिव डॉ. जय प्रकाश कथित रूप से भ्रष्टाचार की शिकायत का पत्र सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। वायरल पत्र के मुताबिक राष्ट्रपति, पीएम, राज्यपाल, सीएम और मुख्य न्यायाधीश से शिकायत की गई है। देवरिया के परसिया अजमेर (पोस्ट-गहेर) निवासी ब्रह्म प्रकाश ने यह शिकायत की है। 27 अगस्त को जारी आदेश में केंद्रीय मंत्रालय के कुणाल राज गौतम ने एआईसीटीई के सदस्य सचिव को परीक्षण के निर्देश दिए।

> सभी आरोप बेबुनियाद हैं। विश्वविद्यालय लगातार सफलताएं हासिल कर रहा है। इसकी छवि खराब करने के लिए ये आरोप गढ़े गए हैं। दशहरा की छुट्टियों के बाद विश्वविद्यालय खुलने पर शिकायतकर्ता के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई जाएगी। इन आरोपों के पीछे कौन है, वे भी पुलिस की जांच में बेनकाब होंगे।
>
> – **डॉ अभिजित मिश्र**, विधि संपर्क अधिकारी, एमएमएमयूटी

## शोभायात्रा मार्ग पर तैनात रहेगी पुलिस

गोरखपुर। गोरखनाथ मंदिर से मानसरोवर पोखरा तक शनिवार को निकलने वाली मुख्यमंत्री की शोभायात्रा में सुरक्षा के सख्त इंतजाम किए गए हैं। दोपहर तीन बजे से शोभायात्रा समाप्त होने तक गोरखनाथ मंदिर की तरफ चार पहिया वाहन नहीं जाएंगे। शोभायात्रा मार्ग में पड़ने वाले 252 घरों के अंदर व छत पर पुलिसकर्मियों की ड्यूटी लगी है। एसएसपी डा. गौरव ग्रोवर व डीएम कृष्णा करुणेश ने गोरखनाथ थाने के सभागार में सुरक्षा बैठक ली।

# एटीएस, आरएएफ ने भी संभाली सुरक्षा की कमान, सीसीटीवी कैमरे से होगी निगरानी

गोरखपुर, वरिष्ठ संवाददाता। दुर्गा पूजा को सकुशल सम्पन्न कराने के लिए पुलिस-प्रशासन ने अपनी तैयारियां पूरी कर ली हैं। डीएम कृष्णा करुणेश व एसएसपी डॉ. गौरव ग्रोवर ने एकला बंधे समेत अन्य विसर्जन स्थलों का निरीक्षण का व्यवस्था का जायजा लिया। वहीं, सुरक्षा में एटीएस, आरएएफ, तीन कंपनी पीएसी, चार हजार पुलिस वालों की ड्यूटी तय कर दी गई है। तीनों एडिशनल एसपी, सीओ और थानेदार को भ्रमण रहने का निर्देश दिया।

एसएसपी ने सभी तीनों एडिशन एसपी को एक-एक ड्रोन भी दिया है जिसकी मदद से वह संवेदनशील स्थलों की लगातार निगरानी कर सकेंगे। लोगों को सुरक्षा का अहसास दिलाने के लिए सभी थाना क्षेत्रों में 60 जगह चिह्नित हैं, जहां रातभर पुलिस पिकेट लगाई जाएगी। कस्बे और गांवों में बाइक पुलिस टीम ने रात के समय गश्त शुरू कर दी है। सुरक्षा के लिहाज से ही बॉर्डर इलाके की 30 चौकियों पर 120 सीसीटीवी कैमरे लगवाए गए हैं।

एसएसपी डॉ. गौरव ग्रोवर ने शुक्रवार दोपहर में सभी एसपी, सीओ और थाना प्रभारियों के साथ ऑनलाइन मीटिंग कर सतर्कता के निर्देश दिए। पिकेट की निगरानी के लिए शहर, उत्तर व दक्षिण इलाके में कैमरे का हाल जाना। वहीं, शाम में डीएम-एसएसपी ने गोरखनाथ थाने में एक बार फिर सभी जिम्मेदार अफसरों को ड्यूटी बताते हुए सतर्क रहने का निर्देश दिया। पिकेट सक्रिय होते ही सभी थाना प्रभारी रात 10 बजे कंट्रोल रूम को इसकी सूचना देंगे।

# पति समेत तीन पर दहेज उत्पीड़न का केस दर्ज

पिपराइच। क्षेत्र की एक विवाहिता की तहरीर पर पुलिस ने पति गोविंद, सास तथा ननद निवासी आबादी सखनी थाना गुलहरिया के खिलाफ दहेज उत्पीड़न का केस शुक्रवार को दर्ज किया है। विवाहिता सरस्वती देवी ने पुलिस को बताया कि ससुरालियों की प्रताड़ना से त्रस्त होकर एक साल से मायका पिपराइच क्षेत्र के परशुरामपुर छोटा टोला में रहती हूं। चार साल पहले शादी गोविन्द पुत्र ओम निवासी आबादी सखनी थाना गुलहरिया से हुई थी। शादी के एक माह बाद दहेज के लिए घर से निकाल दिया गया था। पांच अक्तूबर को पति गोविन्द परशुरामपुर मायके पहुंच कर मारापीटा। विवाहिता की तहरीर पर पुलिस जांच जांच कर रही है।

# पेड़ काटने पर पहुंचे वनकर्मी, आरोपित फरार

खोराबार। तिनकोनिया रेंज के जंगल में पेड़ काटने की सूचना पर वनकर्मी पहुंचे तो आरोपित तुर्रा नाले में कूदकर फरार हो गए। मौके से वनकर्मियों ने पेड़ काटने वाले टांगा, लकडी आदि को बरामद किया। वनकर्मी की तहरीर पर पुलिस ने जितेंद्र पासवान, मुन्ना पासवान, भीम पासवान, रामबाबू निषाद उर्फ गुड्डू व राधे के खिलाफ केस दर्ज कर लिया।

# पीएसी जवानों ने बचाई बुजुर्ग की जान

गोरखपुर। राजघाट पर राप्ती नदी में नहाने के दौरान बहरामपुर निवासी शंकर गुप्ता डूबने लगे। नदी पर तैनात पीएसी के मुख्य आरक्षी ने साथियों के साथ मिलकर उनकी जान बचाई। 26वीं वाहिनी पीएसी बी दल (बाढ़ राहत दल) के अलग-अलग प्लाटून गोरखपुर मंडल के विभिन्न बाढ़ग्रस्त क्षेत्रों में नदियों के बढ़ते जल स्तर को देखते हुए तैनात है। बुजुर्ग को बचाने पर सेना नायक आनन्द कुमार ने कर्मियों से मिलकर उन्हें बधाई दी।

# अश्लील हरकत के मामले में दो साल की सजा

गोरखपुर। बीएड की छात्रा का फर्जी फेसबुक आईडी बनाकर अश्लील हरकत करने के आरोपी को मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट त्विषी श्रीवास्तव ने 2 साल की सजा सुनाई है। साथ ही 60 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया है। जुर्माने की आधी राशि छात्रा को दी जाएगी। साइबर क्राइम के तहत यह गोरखपुर में यह पहली सजा बताई जा रही है।

# शादी टूटी, युवक दे रहा धमकी, केस दर्ज

पादरी बाजार। शाहपुर इलाके में एक युवक शादी टूटने के बाद युवती को आते जाते छेड़ता है। परेशान होकर युवती ने शाहपुर थाने में पादरी बाजार के सुंदर नगर कॉलोनी निवासी विशाल सिंह पर केस दर्ज कराया है। शाहपुर इलाके की युवती ने तहरीर देकर बताया कि विशाल से फरवरी 2025 में शादी होनी थी। अब शादी टूट चुकी है। आठ अक्तूबर को ऑटो में जाते समय वह धमकी दी कि तुम्हारे ऊपर तेजाब फेंक दूंगा।

# किशोरी के लापता होने पर केस दर्ज

खोराबार। इलाके के एक गांव की 15 वर्षीय किशोरी को बहला फुसलाकर भगा ले जाने के मामले में पुलिस ने केस दर्ज कर लिया। घरवालों ने फोन किया तो आरोपित ने गालियां दीं। पुलिस केस दर्ज कर मामले की जांच कर रही है।

# फर्जीवाड़ा कर कंपनी पर कब्जा, केस

घघसरा। गीडा थाना क्षेत्र के बाघागाड़ा स्थित लीज पर भूमि लेकर इंटीग्रेटेड पॉल्यूशन कमेटी संस्था के सयंत्र पर जालसाजों ने कूटरचित दस्तावेज, फर्जी लीज और दस्तावेज बनाकर सयंत्र का ताला तोड़कर कब्जा कर लिया। एसएसपी के आदेश पर पुलिस केस दर्ज कर मामले की जांच कर रही है।

# कृत्रिम तालाब में पानी भरना शुरू

**प्रतिमा विसर्जन**



एकला बांध पर निरीक्षण करते डीएम कृष्णा करुणेश व एसएसपी डॉ. गौरव ग्रोवर।

गोरखपुर, मुख्य संवाददाता। मां दुर्गा की प्रतिमाओं के विसर्जन के लिए एकला बंधे पर 3 और महेसरा एवं डोमिनगढ़ पर 1-1 कृत्रिम पोखरा शुक्रवार की देर शाम तक तैयार कर लिया गया। एकला बांध पर बनाए पोखरों में पम्प लगाकर पानी भरा जा रहा था, वहीं एकला बंधे से विसर्जन पोखरा तक जाने वाले मार्ग को दुरुस्त करने के लिए 6 पोकलेन और 3 जेसीबी की मदद ली जा रही थी।

शुक्रवार की शाम जिलाधिकारी कृष्णा करुणेश, एसएसपी डॉ गौरव ग्रोवर, महापौर डॉ मंगलेश कुमार श्रीवास्तव, नगर आयुक्त गौरव सिंह सोगरवाल, अपर नगर आयुक्त दुर्गेश मिश्र, निरंकार सिंह, शिवपूजन यादव, मुख्य अभियंता संजय चौहान ने निरीक्षण किया। गणेश प्रतिमा विसर्जन के दौरान ही विसर्जन पोखरा बनाकर तैयार कर लिया गया था लेकिन राप्ती का जलस्तर बढ़ने के बाद सब पानी में डूब गया था। बुधवार को पानी उतरने के बाद युद्ध स्तर पर काम कर पुनः कृत्रिम तालाब दुरुस्त किया जा रहा है।

यही नहीं, एकला बांध पर ऊपर की तरफ एक नया कृत्रिम तालाब तैयार है जिसमें छोटी मूर्तियां विसर्जित होंगी। वहां पर इंटरलॉकिंग टाइल्स भी लगाई गई है। पोखरे में बिल्कुल साफ पानी भरा जा रहा है। विसर्जन स्थलों पर कंट्रोल रूम का निर्माण कर साउंड एवं माइक के अलावा 24 घंटे निगम कर्मचारियों-अधिकारियों की शिफ्टवार ड्यूटी लगाई गई है।

# आज से प्रतिमा विसर्जन तक रूट डायवर्जन

**गोरखपुर।** दुर्गा प्रतिमा विसर्जन के अवसर पर 12 और 13 अक्टूबर को शाम चार बजे से प्रतिमा विसर्जन समाप्ति तक महानगर क्षेत्र में डायवर्जन रहेगा। इसका प्लान तैयार कर पुलिस वालों की ड्यूटी तय कर दी गई है। इस दौरान एंबुलेंस या दूसरे इमरजेंसी वाहन पर रोक नहीं। पुलिस ऐसे वाहनों को गंतव्य तक जाने में मदद करेगी।

## जीरो प्वाइंट से आगे नहीं आएंगे वाहन, इधर से जाएंगे

- लखनऊ की तरफ से गोरखपुर आने वाले भारी वाहनों को सहजनवा बाईपास जीरो प्वाइंट से डायवर्ट होकर बाघागाड़ा, रामनगर कड़जहां एवं जंगल कौड़िया फोरलेन होते हुए जाएंगे।
- वाराणसी, आजमगढ़, मऊ एवं बड़हलगंज से गोरखपुर की तरफ आने वाले भारी वाहनों को बेलीपार थाना क्षेत्र से बाघागाड़ा स्थित फोरलेन पर डायवर्जन किया जाएगा। ये वाहन रामनगर कड़जहां एवं कालेसर होते हुए जाएंगे।
- कुशीनगर से आने वाले भारी वाहन कोनी फोरलेन से रामनगर कड़जहां होते हुए जाएंगे। शहर की तरफ प्रवेश वर्जित रहेगा।
- देवरिया से आने वाले भारी वाहन रामनगर कड़जहां फोरलेन, बाघागाड़ा होते हुए जाएंगे। शहर की तरफ प्रवेश वर्जित रहेगा।
- गोरखपुर बस अड्डा से लखनऊ व वाराणसी की तरफ जाने वाले रोडवेज बसों को पैडलेगंज व मोहद्दीपुर चौराहा से डायवर्ट किया जाएगा, ये वाहन देवरिया बाईपास रोड से रामनगर कड़जहां होते हुए जाएंगे। आवश्यकता पड़ने पर चार पहिया वाहन भी डायवर्ट किए जाएंगे।
- नौसड़ चौराहा से टीपी नगर चौराहा की तरफ आने वाली बसें बाघागाड़ा, रामनगर कड़जहां एवं कालेसर होते हुए जाएंगे।
- रोडवेज बस, ऑयल टैंकर, गैस टैंकर, दुग्ध वाहन एवं अन्य राजकीय वाहन विवि चौराहा, मोहद्दीपुर चौराहा होते हुए चारफाटक ओवरब्रिज से कौवाबाग बाईपास मार्ग से असुरन चौराहा, खजान्ची चौराहा होते हुये स्पोर्ट्स कॉलेज चौराहे से रामनगर तिराहा, इण्डस्ट्रियल एरिया मोड़ होते हुये बरगदवा चौराहा होकर फरेन्दा सोनौली की तरफ जाएंगे।
- फरेंदा पीपीगंज से गोरखनाथ मंदिर की तरफ आने वाले भारी वाहन बरगदवा चौराहा से इण्डस्ट्रियल एरिया मोड़, रामनगर चौराहा से स्पोर्ट्स कॉलेज खजान्ची चौराहा से असुरन चौराहा, कौवाबाग मार्ग से चारफाटक ओवरब्रिज मोहद्दीपुर होते हुये देवरिया एवं कुशीनगर की ओर जाएंगे।

# मारपीट में 3 घायल छह पर मुकदमा दर्ज

**कैंपियरगंज।** क्षेत्र के जंगल बब्बन के बंजारा टोला में दो पक्षों में हुई मारपीट में पुलिस ने दोनों पक्षों के छह लोगों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया। क्षेत्र के जंगल बब्बन के बंजारा टोला निवासी ग्यासुद्दीन व रामरतन पक्ष में गुरुवार को करीब दो बजे लाठी डंडा व राड से मारपीट हो गई, जिसमें तीन लोग लहुलुहान हो गए।

### बर्डघाट रामलीला कमेटी का बिजली कनेक्शन काटने पर करीब दो घंटे बाद शुरू हुआ रामलीला का मंचन

# रामलीला की बिजली काटने पर आक्रोश, धरने पर बैठी कमेटी

गोरखपुर, वरिष्ठ संवाददाता। शुक्रवार को बर्डघाट रामलीला मंचन से पहले हंगामा हो गया। बिजली विभाग ने कनेक्शन को कटिया बताते हुए गुरुवार की रात में काट दिया। इससे नाराज होकर कमेटी के सदस्य मंचन न करने का फैसला लेते हुए धरने पर बैठ गए। धरने की सूचना पर पुलिस प्रशासन के अफसरों के हाथ-पांव फूल गए। सिटी मजिस्ट्रेट और सीओ कोतवाली पहुंचे और फिर बिजली व्यवस्था बहाल कर कमेटी को समझाया। इसके बाद मंचन का फैसला लिया गया। हालांकि रामलीला का मंचन अपने तय समय से करीब दो घंटे बाद शुरू कर दिया गया।

रामलीला कमेटी की ओर से गणेश वर्मा ने प्रशासन को दोपहर में ही रामलीला का मंचन न करने की चेतावनी दे दी थी। उन्होंने प्रशासन को पत्रक देकर बताया कि इलाके की पार्षद लाली गुप्ता के पति दिनेश गुप्ता सपा समर्थित पार्षद हैं और वह रामलीला के मंचन में अवरोध पैदा कर रहे हैं। उनकी गलत शिकायत पर बिजली विभाग ने बिना जांच पड़ताल किए ही कनेक्शन काट दिया। इससे मंचन संभव नहीं है।

इसकी जानकारी होने के बाद से ही प्रशासनिक अफसरों ने रामलीला कमेटी से संपर्क कर समझाने की कोशिश की लेकिन शाम 7:30 बजे मंचन स्थल के पास ही कमेटी के लोग धरने पर बैठ गए। उनकी मांग थी कि आरोपित पार्षद पति और बिजली विभाग के लापरवाह अफसरों पर कार्रवाई की जाए। धरने की सूचना पर सीओ कोतवाली मौके पर पहुंच गए और समझाने की कोशिश करने लगे। बाद में सिटी मजिस्ट्रेट भी पहुंचे और उनके हर आरोप की जांच कर कार्रवाई का आश्वासन देते हुए मंचन को शुरू कराने का अनुरोध किया। रामलीला के कलाकार मंच पर पहुंच गए हालांकि कमेटी विरोध पर अड़ा रहा। कमेटी के लोग मंच के नीचे धरने पर बैठे रहे। अधिकारियों के काफी समझाने पर करीब एक घंटे बाद रामलीला का मंचन शुरू कराया गया।



शुक्रवार को कनेक्शन कटने के विरोध में आक्रोशित बर्डघाट रामलीला कमेटी के पदाधिकारियों से बात करते पुलिस अधिकारी।

एसपी सिटी अभिनव त्यागी का कहना है कि रामलीला मंचन में सुरक्षा के व्यापक इंतजाम है। वहां पर अस्थायी चौकी भी है। धरने की सूचना पर पुलिस कानून व्यवस्था के लिहाज से गई थी। अगर रामलीला कमेटी कोई तहरीर देगी तो उसकी जांच कर कार्रवाई होगी।

**लंबे समय से चल रहा है विवादः** रामलीला कमेटी और पार्षद पति दिनेश गुप्ता के बीच लंबे समय से विवाद चल रहा है। दरअसल, दिनेश गुप्ता का आरोप है कि सरकारी खर्च पर बने रामलीला भवन में गरीबों की शादी की जगह अमीरों के लिए बुक किया जाता है। इसके बदले लाखों रुपये का भुगतान लेकर व्यक्तिगत इस्तेमाल किया जाता है। वहीं, यह आरोप सामने आने के बाद रामलीला कमेटी के अध्यक्ष गणेश वर्मा ने भी अपना पक्ष दिया था। उन्होंने कई गरीबों के शादी के लिए भवन देने की बात कहते हुए रसीद भी उपलब्ध कराई थी।

## इनकी बात

पांच किलोवाट के कनेक्शन में इतनी लाइटें कैसे जल रही है। नगर निगम का कहना है कि उन्होंने अपना कनेक्शन लिया है। इसके पहले भी कटिया कनेक्शन की शिकायत होने पर लीपापोती कर महज 38 हजार का जुर्माना लगाया गया था। अब रामलीला का भय दिखाकर लाइट को जोड़ा गया है। रामलीला का मंचन न हो ऐसी मंशा मेरी नहीं है पर जो गलत है, उस पर सवाल उठाऊंगा। वहां पर मैरिज हाउस संचालित कर डांस कराया जाता है। मेरी पत्नी सपा से पार्षद नहीं है। वह निर्दल चुनाव जीती हैं।
– दिनेश गुप्ता, पार्षद पति

कोशिश हो रही है। सपा से जुड़े रहे पार्षद को रामलीला का भव्य मंचन बर्दाश्त नहीं हो रहा है। बिजली निगम ने बिना समिति के लोगों से वार्ता के ही बिजली की कटौती कर दी है। विभाग के अधिकारी ने बिजली चोरी की बात पर माफी मांगी है। संबंधित कर्मचारी के खिलाफ एक्शन की बात हुई है। पूर्वांचल के सबसे प्रतिष्ठित रामलीला में कोई बाधा बर्दाश्त नहीं होगी।
– **गणेश वर्मा**, अध्यक्ष, रामलीला समिति, बर्डघाट

मामले की शिकायत एमडी से हुई थी इसके बाद जेई को मौके पर भेजा गया था। जेई ने स्ट्रीट लाइट के केबल को काटकर दूसरे ट्रांसफार्मर में जोड़ने की तैयारी की। इस दौरान केबल छोटा पड़ गया। दोबारा नगर निगम की सप्लाई से उस स्ट्रीट लाइट को जोड़ दिया गया। रामलीला कमेटी के बिजली चोरी का मामला बिलकुल नहीं है। न रामलीला कमेटी का बिजली निगम से विवाद है।
– **राजेश चौहान**, एसडीओ लालडिग्गी

गोरखपुर के साइबर थाने के दरोगा उपेंद्र सिंह भी चुने गए हैं प्रशिक्षण के लिए

# साइबर अपराधियों से निपटने के लिए तैयार हो रहे 250 कमांडो

**प्रशिक्षण**

■ शिवम सिंह

गोरखपुर। भारत की साइबर रक्षा क्षमताओं को मजबूत करने व आम लोगों को साइबर अपराध से बचाने के लिए साइबर कमांडो तैयार किए जा रहे हैं। पहले चरण में 250 साइबर कमांडो तैयार करने के लिए कानपुर और चेन्नई में तीन अक्टूबर को प्रशिक्षण शुरू कर दिया गया। इसके लिए गोरखपुर के साइबर थाने में तैनात दरोगा उपेंद्र सिंह को भी चुना गया है। छह महीने की ट्रेनिंग के बाद सभी साइबर कमांडो के रूप में तैनात होंगे।

दरअसल, साइबर अपराध के मामले बढ़ने पर केंद्रीय गृहमंत्री ने पांच हजार साइबर कमांडो तैयार करने का निर्देश दिया था। इसी के बाद कानपुर और चेन्नई में पहले चरण में साइबर एक्सपर्ट पुलिस वालों का चयन कर ट्रेनिंग शुरू कराई गई है। अब छह माह तक साइबर अपराध पर नियंत्रण के लिए विभिन्न तरीकों की जानकारी दी जाएगी। ट्रेनिंग में जो पुलिसकर्मी आए हैं, उनमें अधिकतर सब इंस्पेक्टर और हेड कांस्टेबल शामिल हैं। इन पुलिस कर्मियों को स्पेशल किट और टैबलेट भी दिए गए हैं। इन्हीं टैबलेट पर वह पांच माह तक लगातार आठ घंटे की क्लास करेंगे। इसके बाद जब वह अपने अपने राज्यों में थानों पर पहुंचेंगे तो वह वहां पर एक साइबर योद्धा के तौर पर काम करेंगे।

**250** पुलिस वालों को चुना गया है पहले चरण में देशभर से

- ■ चेन्नई और कानपुर में चल रहा साइबर अपराधियों से निपटने का प्रशिक्षण
- ■ केंद्रीय गृह मंत्रालय, आईआईटी की मदद से तैयार कर रहा साइबर कमांडो



## साइबर अपराधों की जांच करने में होंगे दक्ष

साइबर कमांडो मौजूदा साइबर अपराध सेल से एक महत्वपूर्ण उन्नयन का प्रतिनिधित्व करेंगे, जबकि ये सेल मुख्य रूप से साइबर अपराधों की जांच और अभियोजन जैसे उपायों पर ध्यान केंद्रित करेगी। ट्रेनिंग प्रोग्राम में आईआईटी मद्रास में प्रोफेसर वी. कामकोटि, निदेशक, आईआईटी मद्रास द्वारा डॉ. संदीप मित्तल, आईपीएस, अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक (एडीजीपी), साइबर अपराध विंग, तमिलनाडु, कर्नल की उपस्थिति में ट्रेनिंग दी जा रही है।

## साइबर कमांडो को मिलेंगी यह जानकारियां



साइबर एक्सपर्ट दरोगा उपेंद्र सिंह ने बताया कि आमजन के बीच जो साइबर फ्रॉड की घटनाएं हो रही हैं, उनमें मुख्य रूप से डिजिटल अरेस्ट, क्रिप्टो करेंसी, ऑनलाइन गैम्बलिंग, ईमेल फ्रॉड, एसएमएस फ्रॉड, डाटा स्टलिंग, रैनसमवेयर अटैक समेत कई अन्य फ्रॉड के तरीके शामिल हैं। पुलिस कर्मियों को साइबर योद्धा बनाने के दौरान 100 तरीके के साइबर फ्रॉड की जानकारी दी जाएगी। इससे भविष्य में किसी तरीके का साइबर फ्रॉड होता है तो साइबार योद्धा उसको पूरी तरीके से खत्म कर जो भी दोषी हो उन तक पहुंच सकें।

# आज शाम चार बजे से भारी वाहनों का प्रवेश बंद

## दुर्गा प्रतिमा विसर्जन के लिए दो दिन बदली गई यातायात व्यवस्था

गोरखपुर। दुर्गा प्रतिमा विसर्जन के लिए शनिवार और रविवार को पुलिस ने रूट डायवर्जन जारी किया है। दोनों ही दिन शाम चार बजे से प्रतिमा विसर्जन समाप्ति तक शहर में भारी वाहन कालेसर जीरो प्वाइंट से आगे नहीं आ पाएंगे। एसपी यातायात संजय कुमार ने बताया कि डायवर्जन का सख्ती से पालन कराया जाएगा। ब्यूरो

- लखनऊ की तरफ से आने वाले भारी वाहन सहजनवां बाईपास जीरो प्वाइंट से डायवर्ट होकर बाघागाड़ा, रामनगर, जंगल कौड़िया फोरलेन होते हुए जाएंगे।
- बड़हलगंज की तरफ आने वाले भारी वाहनों को बाघागाड़ा स्थित फोरलेन पर डायवर्ट किया जाएगा। वाहन रामनगर करजहां, कालेसर होते हुए जाएंगे।
- कुशीनगर से आने वाले भारी वाहन कोनी फोरलेन से रामनगर करजहां होते हुए जाएंगे। देवरिया से आने वाले भारी वाहन रामनगर करजहां फोरलेन, बाघागाड़ा होते हुए जाएंगे।
- गोरखपुर बस अड्डा से लखनऊ व वाराणसी की तरफ जाने वाले रोडवेज बसों को पैडलेगंज व मोहद्दीपुर चौराहा से डायवर्ट किया जाएगा।
- नौसड़ चौराहा से टीपीनगर चौराहा की तरफ आने वाली बसें बाघागाड़ा, रामनगर करजहां एवं कालेसर होते हुए जाएंगे।
- पीपीगंज से गोरखनाथ मंदिर की तरफ आने वाले भारी वाहन प्रतिबंधित रहेंगे। वाहन बरगदवां चौराहा से इंडस्ट्रीयल एरिया मोड़, रामनगर चौराहा से स्पोर्ट्स कॉलेज, मोहद्दीपुर होते हुए देवरिया एवं कुशीनगर की ओर जाएंगे।
- नौसड़ तिराहे से तीन पहिया/चार पहिया वाहन मूर्ति विसर्जन तक डायवर्ट रहेंगे। ये वाहन नौसड़ तिराहा से बाघागाड़ा से रामनगर करजहां होकर जाएंगे।

# सीसीटीवी कैमरे से होगी निगरानी गलियों में उड़ेंगे ड्रोन

गोरखपुर। दुर्गा प्रतिमा विसर्जन के दौरान कोई उपद्रव करके बच नहीं पाएगा। इस बार विसर्जन मार्ग और उसके आस-पास की गलियों में कुल 205 सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं। साथ ही ड्रोन उड़ाकर छत और गलियों में भी निगरानी रखी जाएगी।

सुरक्षा के लिहाज से शहर को तीन जोन और नौ सेक्टर में बांटा गया है। जिले में स्थापित 3,994 प्रतिमाओं की सुरक्षा में पांच सीओ, 27 निरीक्षक, 110 सब इंस्पेक्टर, 4010 सिपाही और तीन कंपनी प्लाटून पीएसी की ड्यूटी लगाई गई है। बीट सिपाही को क्षेत्र में स्थापित दुर्गा प्रतिमाओं का नोडल बनाया गया है। संवाद

# केस दर्ज हुआ तो पूरे प्रदेश में विरोध करेंगे डॉक्टर : आईएमए

अमर उजाला ब्यूरो

## डॉक्टर-सिपाही प्रकरण

गोरखपुर। गैस्ट्रो सर्जन डॉ. अनुज सरकारी प्रकरण में आईएमए खुलकर सामने आ गया है। संगठन के प्रदेश अध्यक्ष व सचिव ने गोरखपुर यूनिट से मामले की जानकारी ली है। साथ ही कहा है कि अगर डॉक्टर पर केस दर्ज हुआ तो प्रदेशभर में विरोध करेंगे।

आईएमए के राज्य अध्यक्ष डॉ. एमएम पालीवाल व राज्य सचिव डॉ. विश्व बंधु जिंदल ने प्रेस नोट जारी कर कहा है कि कुछ लोग डॉक्टरों के खिलाफ दुष्प्रचार में लगे हैं। आईएमए प्रशासन से मांग करता है कि दुष्प्रचार के दबाव में आकर डॉ. सरकारी पर केस दर्ज न करें।

उन्होंने कहा कि डॉ. अनुज के सिर पर पुलिसकर्मी ने हथौड़े से कई बार प्रहार कर हत्या का प्रयास किया था। लेकिन कुछ गैर जिम्मेदार लोग डॉ. सरकारी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराने के लिए शासन-प्रशासन पर बेवजह दबाव बना रहे हैं।

## चिकित्सक समुदाय पर हमला ठीक नहीं

गोरखपुर। भाजपा चिकित्सा प्रकोष्ठ के क्षेत्रीय संयोजक डॉ. वाई सिंह ने कहा है कि चिकित्सक और मरीज के बीच बहुत ही भावनात्मक रिश्ता होता है। पूरे चिकित्सक समुदाय पर कुठाराघात को सही नहीं ठहराया जा सकता। आज जिस प्रकार चिकित्सा समुदाय के खिलाफ पूरा तंत्र लगा हुआ है, तरह-तरह की बातें हो रही हैं, वह काफी निराशाजनक है। प्रशासन दोनों पक्षों को सुनकर निर्णय देने में समर्थ है। किसी भी समुदाय के खिलाफ कुठाराघात करने से बचना चाहिए। ब्यूरो



# फिर गोलमाल... मास्टरमाइंड कैंटीन बॉय का भाई भी जालसाजी का शिकार

## 78 लाख इधर-उधर, पीड़ित ने शाखा प्रबंधक को जून 2024 में दिया था प्रार्थना पत्र

अमर उजाला ब्यूरो

गोरखपुर। जंगल कौड़िया स्थित एसबीआई शाखा में एक के बाद एक गोलमाल के मामले सामने आ रहे हैं। 80 लाख से अधिक की जालसाजी का मामला खुला नहीं था कि अब एक नया मामला सामने आया है।

पता चला है कि जालसाजी के मास्टरमाइंड बताए जा रहे कैंटीन बॉय पंकज मणि त्रिपाठी के भाई तेज मणि त्रिपाठी के खाते से भी 78 लाख की रकम इधर-उधर कर दी गई है। तेज मणि ने जून 2024 में ब्रांच मैनेजर दीपक कुमार से शिकायत दर्ज कराई थी। तब से बैंक की विजिलेंस टीम मामले की जांच कर रही है। मामला घुमाने के लिए तो ऐसा नहीं किया जा रहा, इस पर भी नजर रखी जा रही है।

बृहस्पतिवार को तेज मणि ने बैंक पहुंचकर शाखा प्रबंधक से जानकारी भी ली, लेकिन उन्हें निराशा ही हाथ लगी। तेज मणि के अनुसार, उन्होंने गोल्ड लोन और जमा-पूंजी की रकम खाते में जमा की थी।

### जंगल कौड़िया एसबीआई में जालसाजी प्रकरण



एसबीआई जंगल कौड़िया। संवाद

### सामने आ चुकी है 80 लाख से अधिक की जालसाजी

एसबीआई जंगल कौड़िया शाखा में 80 लाख रुपये से अधिक की जालसाजी का मामला राजू सिंह की शिकायत पर उजागर हुआ। रसूलपुर चकिया के राजू सिंह ने प्रार्थना पत्र देकर बताया था कि उन्होंने तीन लाख की एफडी कराई थी, जिसे बिना उनकी जानकारी के तोड़कर रकम दूसरे के खाते में भेज दी गई थी। पुलिस और बैंक प्रबंधन की जांच में जालसाजी का खुलासा हुआ तो तत्कालीन शाखा प्रबंधक कुमार भास्कर भूषण और अकाउंटेंट अमरेंद्र सिंह को निलंबित कर दिया गया। अकाउंटेंट को पुलिस ने बीते रविवार को गिरफ्तार भी कर लिया। तत्कालीन शाखा प्रबंधक और कैंटीन बॉय के अंतरिम जमानत पर होने के चलते पुलिस ने गिरफ्तारी की कार्रवाई रोक दी। पुलिस अब उनकी जमानत अवधि बीतने का इंतजार कर रही है।


7 अक्तूबर को प्रकाशित खबर।

जंगल कौड़िया क्षेत्र के बलुआ गांव निवासी तेज मणि के अनुसार, 78 लाख रुपये बिना उनकी अनुमति के ट्रांसफर किए गए हैं। 22 सितंबर से 19 अक्तूबर 2023 के बीच 78 लाख रुपये इधर-उधर किए गए।

इसका कोई मैसेज मोबाइल पर भी नहीं आया। जून 2024 में खाते की जांच कराने पर पता चला कि रकम नहीं है। इसके बाद शाखा प्रबंधक दीपक कुमार से मिलकर पूरी जानकारी दी। प्रार्थना पत्र दिया तो जांच का आश्वासन दिया गया। इसके बाद से अब तक जांच ही चल रही है।

### कैंटीन बॉय बोला- मैं बेकसूर हूं

मैं बैंक में सिर्फ चाय-पानी पिलाने का कार्य करता था। मैं इस मामले में निर्दोष हूं। मुझे फंसाया जा रहा है। बैंक खातों से रकम इधर-उधर करने में मेरा कोई लेना-देना नहीं है। मुझे ऐसा कोई अधिकार भी नहीं मिला था।

**- पंकज मणि त्रिपाठी, कैंटीन बॉय**

तेज मणि त्रिपाठी ने 78 लाख रुपये की जालसाजी की शिकायत की थी। उनके प्रार्थना पत्र को आरबीओ को भेजा गया था। तेज मणि ने बैंकिंग लोकपाल में भी शिकायत की थी। फिलहाल मामले की जांच चल रही है।

-दीपक कुमार, शाखा प्रबंधक, जंगल कौड़िया एसबीआई

# बर्डघाट: बिजली काटी तो माहौल भड़कीला.. तब शुरू हुई रामलीला

## बर्डघाट रामलीला परिसर में बिजली काट देने और सफाई नहीं होने पर पदाधिकारी बैठे धरने पर





बर्डघाट रामलीला समिति के पदाधिकारियों के धरने पर बैठने की सूचना पर पहुंचे सीओ कोतवाली एवं थानाध्यक्ष राजघाट ने मामले को संभाला। संवाद

अमर उजाला ब्यूरो

गोरखपुर। बर्डघाट रामलीला परिसर में चोरी से बिजली उपभोग की झूठी सूचना पर बिजली आपूर्ति बंद कराने और सफाई न होने से नाराज रामलीला कमेटी के पदाधिकारियों ने शुक्रवार को रामलीला का मंचन रोक दिया और धरने पर बैठ गए। 162 वर्ष के इतिहास में पहली बार प्रभु श्रीराम की आरती अंधेरे में हुई।

सूचना मिलते ही सिटी मजिस्ट्रेट और सीओ कोतवाली मौके पर पहुंच गए। बिजली विभाग के एक्सईएन को बुलाया गया। उन्होंने लिखित रूप से बिजली चोरी न होना स्वीकार किया। करीब साढ़े तीन घंटे बाद रामलीला का मंचन शुरू हुआ और दर्शकों ने तालियां बजाकर कलाकारों का स्वागत किया।

रामलीला कमेटी के पदाधिकारियों का आरोप है कि स्थानीय पार्षद लाली गुप्ता और उनके पति के दबाव में नगर निगम के जिम्मेदारों ने साफ-सफाई ठीक से नहीं कराई। इसी बीच मंचन होता रहा और अयोध्या से आए दो कलाकारों को डेंगू हो गया। उधर, मौके पर जांच करने आई टीम ने पाया कि नगर निगम के स्ट्रीट लाइट बिजली निगम के ट्रांसफार्मर से जलाई जा रही है। बृहस्पतिवार को पार्षद की ओर से बिजली चोरी की झूठी सूचना दी गई, जिसके बाद बिजली की सप्लाई बाधित कर दी गई थी।

इससे नाराज कमेटी के पदाधिकारियों ने शाम चार बजे से ही व्हाट्सएप ग्रुप में सूचना भेजकर विरोध-प्रदर्शन का निर्णय लिया। महामंत्री हरिद्वार वर्मा के नेतृत्व में शाम साढ़े छह बजे धरना शुरू कर दिया। सूचना मिलते ही सिटी मजिस्ट्रेट और सीओ कैंट पहुंच गए। फिर बिजली विभाग के एक्सईएन एके चौहान को बुलाया गया। एक्सईएन ने शिकायत पत्र पर ही लिख कर दिया कि प्रथमदृष्टया कोई विद्युत चोरी प्रतीत नहीं होती है।

**162**

**वर्ष के इतिहास में पहली बार प्रभु श्रीराम की आरती अंधेरे में हुई**

*चोरी से बिजली उपभोग की शिकायत पर रामलीला कमेटी के सदस्य नाराज थे। बिजली निगम के अधिकारी ने आकर समझाया तो लोग मान गए। इसके बाद रामलीला का मंचन शुरू हो गया।*
**- ओंकार तिवारी, सीओ कोतवाली**

## 162 साल पुराना है बर्डघाट की रामलीला का इतिहास

रोहित सिंह

गोरखपुर। बर्डघाट की रामलीला के मंचन का इतिहास 162 साल पुराना है। वैसे तो गोरक्षनगरी में रामलीला इससे पहले से भी होती रही है, लेकिन समिति बनाकर इसकी शुरुआत 1858 से करने के प्रमाण मिलते हैं। गोरक्षनगरीवासियों में बर्डघाट की रामलीला के प्रति आस्था और लगाव बहुत ज्यादा है।

बर्डघाट रामलीला कमेटी के संरक्षक पंकज गोयल बताते हैं- बर्डघाट की रामलीला नवरात्र के दो दिन पहले शुरू होती है। इसके मंचन की शुरुआत दामोदर दास ने की थी। इसके बाद इस परंपरा को राय साहब सरहरी, चौधरी रामहर्ष चंद्र, नारायन दास, गोकुल प्रसाद मोदी व महाशय चुन्नी लाल आदि ने आगे बढ़ाया। वहीं, राघव-शक्ति मिलन परंपरा की शुरुआत 1948 में मोहन लाल यादव, रामचंद्र सैनी, मेवालाल, रघुवीर मास्टर आदि ने की।

उन्होंने बताया कि रामलीला के मंचन में वन यात्रा ठाकुर प्रसाद जगन्नाथ प्रसाद के घर से निकलती आ रही है। पहले राजगद्दी किसी के घर में आयोजित होती थी, अब खुले मंच पर इसका आयोजन होता है। पूर्णिमा को आयोजित होने वाले भरत मिलाप व राज्याभिषेक में बहुत भीड़ उमड़ती है। रामलीला का मंचन अयोध्या के कलाकारों की ओर से किया जाता है।

### *अद्‌भुत होता है राघव शक्ति मिलन, भगवान राम रथ पर बैठ करते हैं आरती*

*बर्डघाट रामलीला मैदान पर भगवान राम शाम को रावण का वध करते हैं। फिर भगवान राम का रथ गाजे-बाजे व जुलूस के साथ बसंतपुर चौराहे के लिए रवाना होता है। वहीं, रावण वध के साथ ही दुर्गाबाड़ी से माता की प्रतिमा जुलूस निकलता है। उसके पीछे बड़ी संख्या में प्रतिमाएं होती हैं। गाजे-बाजे के साथ प्रतिमाओं का जुलूस बसंतपुर तिराहे पर पहुंचता है। यहीं भगवान राम अपने रथ से ही मां की आरती करते हैं और दुर्गाबाड़ी की प्रतिमा को उसी स्थान पर घुमाकर प्रदक्षिणा कराई जाती है। इसके बाद मां का जुलूस विसर्जन के लिए राजघाट रवाना होता है।*

# पांच कृत्रिम पोखरे किए तैयार विसर्जन स्थल तक मार्ग दुरुस्त

गोरखपुर। मां दुर्गा की प्रतिमाओं के विसर्जन के लिए एकला बंधे पर तीन और महेसरा एवं डोमिनगढ़ पर एक-एक कृत्रिम पोखरे तैयार हैं। एकला बंधे पर विसर्जन स्थल तक जाने वाले मार्ग को दुरुस्त कर दिया गया है। गाड़ियों को कृत्रिम स्थल तक जाने में अब कोई परेशानी नहीं होगी।

एकला बंधे पर शुक्रवार को दोपहर 1:30 बजे तीन छोटी पोकलेन से रास्ते को बराबर करवाया जा रहा था। दो बड़ी पोकलेन किनारे की तरफ गीले एरिया पर पड़े राविश को बराबर कर रही थी। मौके पर अधिशासी अभियंता अशोक भाटी उसे जल्द से जल्द दुरुस्त करने के निर्देश दे रहे थे। दक्षिण तरफ के अस्थाई तालाब के पास लोहे की प्लेट बिछाई जा रही थी। पथ प्रकाश के लिए पोल लग गए थे, उसपर लाइट लगाने का काम चल रहा था। बंधे के ऊपर की तरफ एक नया कृत्रिम तालाब तैयार किया जा रहा था जहां पर छोटी मूर्तियां

## एकला बंधे पर तीन और महेसरा एवं डोमिनगढ़ पर तैयार हुआ एक-एक पोखरा

विसर्जित होंगी। वहां पर इंटरलॉकिंग टाइल्स भी लगाई जा रही थीं।

कुछ दिनों पहले तक नदी का जलस्तर बढ़ने की वजह से रास्ता पूरी तरह खराब हो चुका था। अब वहां पर लोहे की प्लेट, बालू डालकर उसे चलने लायक बना दिया गया है। किनारे लाइट की व्यवस्था कर दी गई है ताकि रात में किसी श्रद्धालु को परेशानी न हो।

शुक्रवार को मेयर डॉ. मंगलेश श्रीवास्तव और नगर आयुक्त गौरव सिंह सोगरवाल ने मौके का मुआयना किया। अधिशासी अभियंता अशोक भाटी ने बताया कि एकला बांध पर तीन बड़े पोखरों का निर्माण करीब पूरा हो चुका है। कृत्रिम पोखरों का बैरिकेडिंग करते हुए लाइटिंग का इंतजाम भी है। इधर, खराब पथ प्रकाश की मरम्मत की गई। संवाद

# DEORIA POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:-12-10-2024

# पुरानी रंजिश में चार पर केस

**रुद्रपुर (एसएनबी)।** स्थानीय कोतवाली क्षेत्र के ग्राम सोनबरसा में एक सप्ताह पूर्व हुए पुराने जमीनी विवाद एवं पुरानी रंजिश को लेकर हुए विवाद में प्रार्थी राजीव यादव पुत्र रामनरेश यादव निवासी ग्राम सोनबरसा थाना रुद्रपुर ने दिये गये तहरीर में कहा कि 7 अक्टूबर को शाम 5 बजे पुरानी रंजिश को लेकर मेरे पट्टीदार रामकिशोर पुत्र स्व. लोरिक यादव, राज यादव, अभिषेक यादव, पुत्र गण राजकिशोर यादव, अंकित यादव पुत्र रामबदन मेरे दरवाजे पर चढ़कर कल्टीवेटर को तोड़ दिये, जब मना करने गये तो गाली गुत्ता देते हुए चार लोग मारने के लिये दौड़ाए। जान बचाकर भागा, तो घर पर चढ़कर चारों लोग मुझे मारेपीटे। इस मामले में पुलिस ने उपरोक्त लोगों पर धारा 115(2), 351(3), 352, 324(4), 333 के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

# बाइक सवार गंभीर रेफर

**बरहज (एसएनबी)।** फुलवरिया भैया निवासी दीपक गोंड पुत्र मनोज शुक्रवार को किसी कार्यवश बरठा चौराहा पर गये हुए थे। वापस बाइक से आने के दौरान बरेजी पुल के पास किसी वाहन ने ठोकर मार दिया। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गये। इलाज के लिए उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र लाया गया जहां चिकित्सकों ने हालत गंभीर देख जिला अस्पताल रेफर कर दिया। दुर्घटना की सूचना मिलने के बाद परिजन जिला अस्पताल पहुंच गये। उनकी हालत नाजुक बतायी जा रही है।

## सात लोगों के विरुद्ध मारपीट व बलवा का मुकदमा

देवरिया: सदर कोतवाली के भीमपुर गांव में हुए मारपीट के मामले में पुलिस ने सात लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है। साथ ही आरोपितों की गिरफ्तारी में जुट गई है।

गांव के रहने वाले चंद्रशेखर यादव का आरोप है कि सात अक्टूबर को वह दरवाजे पर थे। इस बीच कुछ लोग पहुंच गए और पुरानी रंजिश में उनकी पिटाई की। बीच बचाव करने के लिए परिवार के सदस्य आए तो आरोपितों ने उनके साथ भी मारपीट की। इस मामले में पुलिस ने रामनगीना यादव, आलोक यादव, अमरनाथ यादव व चार अज्ञात के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है।

# मूर्ति विसर्जन के लिए उग्रसेन सेतु से हटाई गयी जाली

**बरहज (एसएनबी)।** कपरवार राप्ती नदी पर बने उग्रसेन सेतु के दोनों तरफ मौत की घटना को रोकने के लिए पीडब्ल्यूडी विभाग द्वारा जाली लगायी गयी थी। विजयादशमी के अवसर पर तहसील सहित जनपद के कोने कोने से दुर्गा प्रतिमाओं का विसर्जन कपरवार स्थित उग्रसेन सेतु से वर्षो से होता चला आ रहा था। इस वर्ष पुल पर जाली लग जाने के कारण प्रतिमाओं को विसर्जित कर पाना कठिन था। प्रशासन ने संज्ञान में लेकर पुल से जाली हटवाने का निर्णय लिया। उसके बाद पीडब्लूडी विभाग ने कटर मंगाकर शुक्रवार को पुल के दक्षिण तरफ रेलिंग में लगी करीब ढाई दर्जन लोहे की जाली को कटवाकर विसर्जन के लिए सुलभ बनाया।



# घायल महिला की इलाज के दौरान मौत

**सलेमपुर(एसएनबी)।** सोनबरसा मोड़ के पास बुधवार को सड़क हादसे में घायल महिला का इलाज के दौरान मेडिकल कालेज में देर रात को मौत हो गई। मौत की खबर मिलते ही परिवार में चीख-पुकार मच गया। कोतवाली थाना क्षेत्र के सिसवा पांडेय गांव निवासी श्रीनाथ गुप्ता अपनी पत्नी विगना देवी को बाइक पर बैठाकर सलेमपुर आ रहे थे। अभी वह सलेमपुर देवरिया मुख्य मार्ग पर सोनबरसा मोड़ के पास पहुंचे थे कि एक अज्ञात वाहन से पीछे से उनकी बाइक अचानक टकरा गई, जिससे बाइक पर बैठी उनकी पत्नी विगना देवी सड़क पर गिर गई। और उनके सिर में गंभीर चोट आ गई। आसपास के लोगों की मदद से पति पत्नी को लोगों ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया, जहां डाक्टर ने महिला की हालत गंभीर देख मेडिकल कालेज रेफर कर दिया।

# सास के तहरीर पर दामाद पर हत्या का मुकदमा दर्ज

**गौरीबाजार(एसएनबी)।** गौरीबाजार थाना क्षेत्र तेंदुबारी गाँव निवासी रणजीत श्रीवास्तव उर्फ गोलू पुत्र वीरेंद्र की शादी महाराजगंज जिले के सिरसिया मलमलिया गाँव निवासी सोनम से हुआ था। बताया जाता है की शादी के कुछ वर्ष बाद से ही पति-पत्नी में मनमुटाव चलने लगा।अभी हाल ही में तीन दिन पहले रणजीत पत्नी को लेकर गाँव पहुँचा था। गुरुवार को पति-पत्नी में फिर विवाद हुआ,रणजीत उसे पीटने लगा,सोनम छत से नीचे कूद कर पड़ोस में जाकर अपनी जान बचाने की गुहार लगाई।उसने गांव के एक व्यक्ति का मोबाइल लेकर पी आरबी 112 पुलिस को फोन किया। इतने में उसका पति वहां आ गया और उसे घसीटकर घर मे लेकर चला गया,और घर का दरवाजा बंद कर लिया। तब तक पीआरबी 112 पुलिस आ गई। पुलिस दरवाजा खोलने के लिए कहती रही। रणजीत ने आधे घण्टे तक दरवाजा नही खोला। सोनम जान बचाने की गुहार लगाती रही,उसकी हत्या के बाद रणजीत ने दरवाजा खोला। इसपर ग्रामीण आक्रोशित हो गए,पुलिस ने हत्यारे पति को हिरासत में ले लिया। मृतका की माँ सुमन देवी पत्नी सुरेंद्र श्रीवास्तव की तहरीर पर बीएनएस की धारा 103(1) के तहत मुकदमा दर्ज कर न्यायालय के लिए चालान कर दिया। इस बाबत थानाध्यक्ष डीके मिश्र ने बताया कि माँ के तहरीर पर हत्या का मुकदमा दर्ज किया गया है।

# जीआरपी व आरपीएफ ने चलाया चेकिंग अभियान

देवरिया(एसएनबी)। अपर पुलिस महानिदेशक के निर्देश के क्रम में दुर्गा पूजा



व दशहरा के दृष्टिगत श्शुक्रवार को थाना जीआरपी पुलिस देवरिया, आरपीएफ पोस्ट देवरिया एवं डग स्क्वायड द्वारा रेलवे स्टेशन, प्लेटफार्म, सर्कुलेटिंग एरिया तथा ट्रेनों में विशेष चेकिंग अभियान चलाया गया। इस अभियान के दौरान महिलाओं व बालिकाओं को मिशन शक्ति के पांचवें चरण में नारी सुरक्षा, नारी सम्मान,नारी स्वालंबन के संबंध में रेलवे स्टेशन पर आने जाने वाले महिला यात्रियों, बच्चियों को सरकार द्वारा चलाई जा रही हेल्पलाइन 1090 विमेन पावर लाइन ,1076 मुख्यमंत्री हेल्पलाइन, 181 महिला पावर लाइन,112 पुलिस आपातकालीन सेवा व साइबर अपराध के संबंध में पंपलेट देकर जागरूक किया गया।

# आरपीएफ और जीआरपी हुई मुस्तैद

देवरिया, निज संवाददाता। दशहरा त्यौहार को देखते हुए आरपीएफ और जीआरनी ने शुक्रवार को सदर रेलवे स्टेशन पर चेकिंग अभियान चलाया। सुरक्षा बलों ने यात्रियों की चेकिंग किया। इसके साथ ही महिला यात्रियों को हेल्प लाइन के बारे में जानकारी दी गई। सुरक्षा को देखते हुए प्लेटफार्म और ट्रेनों में गश्त बढ़ा दी गई है।

दशहरा, दिपावली और छठ पर्व को देखते हुए जीआीपी और और आरपीएफ ने संयुक्त गश्त कर रही है। दोनों के अधिकारी और कांस्टेबल स्टेशन पर मुस्तैद रह रहे है। आरपीएफ और जीआरपी ने सदर रेलवे स्टेशन पर शुक्रवार को ट्रेनों और प्लेटफार्म पर गहन चेकिंग अभियान चलाया। आरपीएफ इंस्पेक्टर आस मोहम्मद और जीआरपी के थानेदार सुधाकर उपाध्याय के नेतृत्व में ट्रेनों में चेकिंग की गई। टीम के सदस्यों ने गाड़ी संख्या 12553 वैशाली सुपर फास्ट एक्सप्रेस, 12530 पाटलीपुत्र सुपर फास्ट एक्सप्रेस, 15707 अप आम्रपाली एक्सप्रेस और 15708 आम्रपाली एक्सप्रेस में चेकिंग किया गया। इसके साथ ही स्टेशन पर यात्रियों की चेकिंग की गई।




देवरिया सदर रेलवे स्टेशन पर जीआरपी और आरपीएफ द्वारा चेकिंग के बाद महिलाओं को किया गया जागरूक। • हिन्दुस्तान

# गांव में चौपाल लगाकर दी महिलाओं को जानकारी

देवरिया, निज संवाददाता। मिशन शक्ति के विशेष अभियान के तहत कम्युनिटी पुलिसिंग एवं महिला सशक्तिकरण के लिए शुक्रवार को जागरुकता कार्यक्रम और गांव में चौपाल का आयोजन किया गया। महिला बीटों में नियुक्त महिला बीट अधिकारियों ने महिलाओं की समस्याओं का निस्तारण किया। महिलाओं को विभिन्न उपयोगी हेल्पलाइन नम्बरों, शासन द्वारा संचालित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं, महिला हेल्प डेस्क व कानूनी प्रावधानों की जानकारी देकर व पम्पलेट वितरित कर किया गया।

महिला सुरक्षा, सम्मान व स्वावलम्बन हेतु चलाए जा रहे विशेष अभियान मिशन शक्ति फेज-5 के तहत शुक्रवार को जिले के सभी थाना क्षेत्र के महिला बीट पुलिस अधिकारियों द्वारा गांव, कस्बा, स्कूल, कालेज, बस स्टैण्ड सहित विभिन्न सार्वजनिक स्थानों पर भ्रमण कर कर प्राथमिकता के आधार पर महिला और बालिकाओं को जागरुक करने के साथ ही महिला संबंधित समस्याओं के निस्तारण कराने के संबंध में चौपाल का आयोजन कर जनजागरुकता अभियान चलाया गया। महिलाओं एवं बालिकाओं के साथ शक्ति दीदी के रूप में जुड़ कर उन्हें सशक्त एवं सुरक्षित वातावरण देने का प्रयास किया गया।

# दशहरा मेले व विसर्जन में मुस्तैद रहेंगे पुलिसकर्मी

देवरिया, निज संवाददाता। जिले के सार्वजनिक स्थलों पर कुल 1692 दुर्गा प्रतिमा रखी गई है। इनकी सुरक्षा के लिए पर्याप्त सुरक्षा व्यस्था किया गया है। वहीं मेले में भी महिला और पुरुष कांस्टेबल को लगाया जाएगा। जिले में तैनात पुलिस कर्मी, होमगार्ड, पीआरडी जवान, चौकीदार को लगाया जाएगा। इसके साथ ही 2650 पुलिस कर्मी लगाए गए हैं।

एसपी संकल्प शर्मा ने जिले के सभी थानेदारों को क्षेत्र में दुर्गा प्रतिमाओं और पंडालों से सम्पर्क कर उनकी समस्याओं और मेले को सुचारु रुप से सम्पन कराने का निर्देश दिया है। वहीं मेले और विसर्जन के लिए पर्याप्त मात्रा में सुरक्षा बल को तैनात किया गया है। गांव के चौकीदार को गांव में बैठे हुए दुर्गा प्रतिमाओं की सुरक्षा की जिम्मेदारी दी गई है। वहीं पुलिस, होमगार्ड, पीआरडी जवानों को भी लगाया गया है। वहीं संवेदनशील स्थानों पर पीएसी तैनात होगी। पुलिस ने जिला प्रशासन से मिलकर जिले में 2650 पुलिस कर्मियों को तैनात किया है। मेले में महिला और पुरुष कांस्टेबल सादे वर्दी में घुमते रहेंगे। शराब पीकर आने वाले लोगों पर भी पुलिस की नजर रहेगी। वहीं सभी सीओ और थानेदार क्षेत्र में भ्रमण करते रहेंगे। छोटी भी घटना होने पर उच्चाधिकारियों को देंगे।

**सीसीटीवी और ड्रोन कैमरे से भी पुलिस करेगी निगरानी:** शहर में मेले और दुर्गा प्रतिमाओं की सुरक्षा की निगरानी के लिए पुलिस इस बार सीसी टीवी और ड्रोन कैमरे का इस्तेमाल करेंगी। जिससे मेले में किसी भी प्रकार की अशांति उत्पन न हो सके। वहीं मेले में हूटिंग और विवाद करने वालों को कैमरे से शिनाख्त कर कार्रवाई करेगी। इसे मेले में पहली बार उपयोग में लाया गया है।

## मेले में बम निरोधदक दस्ता रहेगा मुस्तैद

दशहरा मेले में सुरक्षा के लिए प्रत्येक समय जिले की बम निरोधक दस्ता मुस्तैद रहेगी। टीम के सदस्य शहर से लेकर गांव तक के मुर्तियों के आस पास और मेले वाले स्थानों पर चेकिंग करेंगे। जिससे कभी भी कोई संदिग्ध समान कोई लेकर न आए। वहीं प्रतिमाओं के पास सुरक्षा के इंतजाम की पड़ताल करेंगे।

## शहर में चार पहिया वाहनों के प्रवेश पर रहेगी रोक

शहर में मेले को देखते हुए सभी चौक चौराहों पर 150 पुलिस कर्मी लगाए गए है। इसके साथ ही पंडाल और मार्गों पर पुलिस कर्मी गश्त करते रहेंगे। भीड़ को देखते हुए पुलिस ने शहर में शुक्रवार से मेला रहने तक शाम चार से भोर दो बजे तक चार पहिया वाहनों के शहर के प्रवेश में रोक रहेगी। जिसमें सलेमपुर और बरहज से आने वाले चार पहिया और भारी वाहनों को सोनूघाट में रोक दिया जाएगा। कसया, तरकुलवा और बघौचघाट से आने वाले वाहनों को बालाजी मंदिर से बाइपास होकर वाहनों को भेजा जाएगा। गोरखपुर और हाटा से आने वाले चार पहिया और वाहनों को पुरवा में रोक दिया जाएगा। रुद्रपुर से आने वाले वाहनों को कतरारी चौराहे पर और रामलक्षन से आने वाले चार पहिया और भारी वाहनों को अमेठी तिराहे पर रोक दिया जाएगा।

# इंस्टाग्राम पर टिप्पणी को लेकर मारपीट

मेहरौनाघाट (लार)। इंस्टाग्राम पर आपत्तिजनक टिप्पणी को लेकर गुरुवार की देर रात लार थाना क्षेत्र के नदौली गांव में दो पक्षों में मारपीट हो गई। जिसमें एक युवक हो गया। उसका मेडिकल कॉलेज गोरखपुर में इलाज चल रहा है।

लार थाना क्षेत्र के हाटा गांव निवासी सूरज मद्धेशिया (26) पुत्र कुन्दन मद्धेशिया कुछ लोगों के साथ ग्राम सभा नदौली में दुर्गा प्रतिमा का दर्शन करने गया था। इसी बीच कुछ लोग अचानक उसके ऊपर लाठी-डंडे से हमला कर दिए। हमले में उसका सिर भी फट गया। आनन-फानन में उसे सीएचसी लार पहुंचाया गया जहां से देवरिया और फिर बीआरडी मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया। वहां पर उसका इलाज चल रहा है। पुलिस इस मामले में मनोज यादव, गिरधारी यादव, ज्वाला यादव, प्रिंस यादव सहित आठ अज्ञात लोगों केस दर्ज किया।

# घर में घुस कर मारपीट करनेवाले 10 पर केस

देवरिया। एक सप्ताह पूर्व घर में घुस कर मारपीट करने के मामले में सदर कोतवाली पुलिस ने छह नामजद समेत दस लोगों के विरुद्ध बलवा और मारपीट का मुकदमा दर्ज किया है।

सदर कोतवाली क्षेत्र के चकियवा मोहल्ले की रहने वाली प्रियंका राय पत्नी सतीश राय ने पुलिस को दिए तहरीर में आरोप लगाई है कि वह गणेश वर्मा के मकान में किराये पर परिवार सहित रहती हैं। 3 अक्तूबर की शाम को पति सतीश राय किराये के मकान में अकेले थे तभी मेरे पट्टीदार के लोग व उनके रिश्तेदार घर में घुस कर मारपीट करने लगे। महिला पहुंची तो हमलावरों ने उन्हें भी मारपीट कर घायल कर दिया। पीड़िता की तहरीर पर सदर कोतवाली पुलिस ने बलराम राय, सत्यप्रकाश राय , रामसागर राय, सत्येन्द्र राय, मृणाली राय पत्नी सत्येन्द्र राय, गिरिजा देवी पत्नी रामसागर राय निवासी चकियवा थाना सदर कोतवाली और 4 अज्ञात पर केस दर्ज किया।

# एक सप्ताह बाद भी हवा में तीर चला रही है तरकुलवा पुलिस

**फॉलोअप**

- चौथे आरोपी को पकड़ने में नाकाम साबित हो रही है पुलिस
- बढ़ते दबाव के चलते न्यायालय में सरेंडर कर सकता है विवेक

तरकुलवा, हिन्दुस्तान संवाद। छेड़खानी की घटना में शामिल चौथे आरोपी को गिरफ्तार करने में तरकुलवा पुलिस नाकाम रही है। पुलिस की पांच टीमें लगातार अलग-अलग ठिकानों पर छापेमारी कर रही है लेकिन घटना के एक सप्ताह बाद भी पुलिस हवा में तीर चला रही है। विवेक पुलिस को चकमा देकर न्यायालय में सरेंडर करने की जुगत में लगा हुआ है।

तरकुलवा थाना क्षेत्र के एक गांव में विद्यालय से घर जा रही दो छात्राओं से युवकों ने छेड़खानी करने लगे थे। दोनों छात्राओं को पकड़ने के लिए दौड़ने लगे जिससे एक छात्रा खेत में गिरकर घायल हो गयी दूसरी चिल्लाते हुए गांव की तरफ भागी तो गांव वाले चिल्लाने की आवाज सुनकर दौड़ पड़े। इस दौरान बाइक सवार चारों बदमाश फरार हो गए। विद्यालय के प्रबंधक की तहरीर पर चार अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर एसपी ने पांच टीम बनाकर आरोपियों की गिरफ्तारी का निर्देश दिया। पुलिस की जांच में छेड़खानी करने वाले चारों की शिनाख्त पुलिस ने सीसी टीवी कैमरे से कर गिरफ्तार करने के लिए छापेमारी करने लगी।

पुलिस और एसओजी टीम ने रविवार की देर रात में तरकुलवा क्षेत्र के बंजरिया टोला बैकुंठपुर निवासी धीरज पटेल और रितिक यादव को सिरसिया गोठा के करीब मुठभेड़ में गिरफ्तार कर लिया। उनका इलाज जिला अस्पताल में चल रहा था, गुरुवार को पुलिस ने दोनों को इलाज करने के बाद चालान कर दिया। वहीं तीसरे नाबालिग अभियुक्त को पुलिस ने सोमवार की सुबह कंचनपुर चौराहे से गिरफ्तार पर कोर्ट में पेश किया जहां से नाबालिग के चलते कोर्ट ने नाबालिग को बाल सुधार गृह भेज दिया। चौथा अभियुक्त विवेक जो की बाइक चला रहा था उसकी गिरफ्तारी पुलिस के लिए सर दर्द बन गई है पुलिस बिहार के गोपालगंज से लेकर थाना क्षेत्र के दर्जनों जगहों पर छापेमारी कर रही है, लेकिन कहीं उसका पता नहीं चल रहा है। परिवार के लोग घर में ताला बंद करके फरार हैं। पुलिस के बढ़ते दबाव के चलते विवेक परेशा है। सूत्रों की माने तो विवेक के परिजन अपने वकील के माध्यम से सिलेंडर करने की अर्जी न्यायालय में दो दिन पहले डाल चुके हैं। बहुत जल्द विवेक पुलिस की आंखों में धूल झोकर कोर्ट में सिलेंडर कर सकता है। परिजनों को डर है कि पुलिस उसके पैर में भी गोली न मार दें। इस संबंध में थाना प्रभारी मृत्युंजय राय ने बताया कि पुलिस लगातार दविश दे रही हैं जल्द आरोपित को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया जाएगा।

# नौकरी के लिए ठगी करनेवालेदोपरकेस

देवरिया। नौकरी के लिए एक दर्जन लोगों से 65 लाख रुपये लेने वाले दो लोगों के विरुद्ध सदर कोतवाली पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस ने यह कार्यवाई सीएम कार्यालय के निर्देश पर किया है। महिला मुकदमा दर्ज कराने के लिए अधिकारियों के कार्यालय का चक्कर लगा रही थी। थकहार कर उसने मुख्यमंत्री से गुहार लगाई थी।

महुआडीह क्षेत्र के रामपुर बनहर गांव की रहने वाली सुभावती देवी पत्नी नेबू लाल ने मुख्यमंत्री को प्रार्थना पत्र देकर आरोप लगाई थी कि उसके पुत्र प्रवीण कुमार और दमाद महादेव प्रसाद और अन्य रिश्तेदार और परिचित व्यक्ति को देवरिया शहर के रहने वाले पीयूष श्रीवास्तव और उनके सहयोगी दीपक सिंह ने नौकरी दिलवाने के लिए पैसठ लाख रुपए लिया। दोनों लोगों ने पुनीत कुमार के खाते में रकम मंगवाकर पीयूष श्रीवास्तव और उसके सहयोगी दीपक सिंह के खाते में भेजा गया। यह रकम प्रवीण कुमार, महादेव प्रसाद अन्य रिश्तेदार और परिचित व्यक्तियों की है।

# पांच लोगों के विरुद्ध मारपीट का मुकदमा

देवरिया : शहर के सौंदा में युवक पर हुए धारदार हथियार से हमले के मामले में पुलिस ने पांच लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है। साथ ही आरोपितों की गिरफ्तारी में जुट गई है। सौंदा के रहने वाले मंजीत कुमार गुप्ता का आरोप है कि 16 जून को वह घर पर थे, इस बीच कुछ लोग आए और मारपीट कर घायल कर दिया। साथ ही सामान भी तोड़ दिया। इस मामले में पुलिस ने सुमन गुप्ता, विमला देवी, अभिषेक गुप्ता, अंगीरा देवी, पूनम देवी निवासीगण बैतालपुर के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है।

# अवैध संबंध के शक में की थी पत्नी की हत्या

## गौरीबाजार थाना क्षेत्र के तेंदुबारी में पुलिस की मौजूदगी में महिला की हत्या का मामला

जागरण संवाददाता, गौरीबाजारः तेंदुबारी में महिला की हुई हत्या के मामले में पुलिस ने सास की तहरीर पर शुक्रवार को आरोपित के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया। महिला की हत्या पति ने अवैध संबंध के शक में की थी। पुलिसिया पूछताछ में आरोपित ने यह राज उगला है। पुलिस के आला अधिकारियों ने भी आरोपित से पूछताछ की।

गौरीबाजार के तेंदुबारी गांव की रहने वाली सोनम श्रीवास्तव की पति ने गुरुवार की रात पीट-पीट कर व गला दबाकर उस समय हत्या कर दी, जब दरवाजे पर यूपी 112 की टीम खड़ी थी। मामले में सोनम की मां की तहरीर पर रंजीत श्रीवास्तव के विरुद्ध हत्या का मुकदमा दर्ज कर लिया। आरोप लगाया है कि मेरी बेटी की शादी चार वर्ष पहले हुई थी। ससुराल जाने के बाद से ही पति प्रताड़ित करता और रात को गला दबाकर हत्या कर दी। पुलिस विभाग के जिम्मेदारों की माने तो पूछताछ में आरोपित ने बताया है कि पत्नी से उसके रिश्ते अच्छे नहीं थे। उसका किसी से चक्कर रहा है। इसकी शिकायत भी गोरखपुर जनपद के थाने में हो चुकी है। एक मामले में मुकदमा भी दर्ज है। सीओ अंशुमन श्रीवास्तव ने बताया कि इस मामले में हत्या का मुकदमा दर्ज कर आरोपित को गिरफ्तार कर लिया गया है। दोनों के बीच रिश्ते अच्छे नहीं थे। इसलिए दोनों आए दिन विवाद होते थे।

रंजीत की हैवानियत देख सहम गए लोग : अपनी जान की रक्षा के लिए सोनम ने पुलिस से गुहार लगाई। पुलिस मौके पर पहुंची और अंदर सोनम की रंजीत पिटाई करता रहा। गांव के लोग भी दरवाजे पर आ गए। गांव के लोग फाटक तोड़ने का प्रयास किए तो पुलिस कर्मियों ने उन्हें रोक दिया। न तो खुद फाटक तोड़े और न ही लोगों को ही फाटक तोड़ने दिए। अंत में सोनम की रंजीत ने हत्या कर दी। हत्या करने के बाद खुद ही शव उठाकर पुलिस को सौंप दिया। पुलिस की हैवानियत देख गांव के लोग भी सहम गए थे।

### इसलिए गला दबाकर कर दी हत्या

दोनों के बीच रिश्ते ठीक नहीं थे। विदेश से आने के बाद आरोपित रंजीत गोरखपुर में ही पत्नी के पास रहने लगे और रिश्ते को ठीक करने का प्रयास किया, लेकिन रिश्ता सही नहीं हो पाया। बताया जा रहा है कि तलाक के लिए सोनम की तरफ से ही कुछ दिन पहले वाद दाखिल किया गया। इसके बाद पति समझाने का प्रयास किया और रिश्ते को ठीक करने के लिए ही अपने गांव उसे लेकर चला आया, गुरुवार को मुकदमे में तारीख था, सोनम रंजीत को न्यायालय चलने के लिए दबाव बना रही थी, जब वह तैयार नहीं हुआ तो दोनों के बीच सुबह से ही विवाद शुरू हो गया और विवाद इतना बढ़ गया कि रंजीत ने उसकी गला दबाकर हत्या कर दी।

### मां भी तहरीर देने के लिए नहीं थी तैयार

हत्या होने के बाद पुलिस की तरफ से महराजगंज जनपद की रहने वाली सोनम की मां को सूचना दी गई। रात को ही सोनम की मां थाने पहुंच गई। बताया जा रहा है कि दामाद के विरुद्ध तहरीर देने को तैयार नहीं हो रही थी। सुबह रिश्तेदारों के समझाने के बाद सोनम की मां ने तहरीर दी। उधर तरह-तरह की चर्चाएं हो रही हैं।

### सीओ के रिपोर्ट का इंतजार

सोनम की हत्या में पुलिस की लापरवाही सामने आने के बाद एसपी संकल्प शर्मा ने पूरे मामले की जांच सीओ को सौंप दी है। सीओ अपनी जांच रिपोर्ट देंगे, जिसके बाद आगे की कार्रवाई होगी। देर शाम तक एसपी के पास रिपोर्ट नहीं पहुंची थी।

# पांच वर्षीय बालिका के साथ दुष्कर्म, मुकदमा

जागरण संवाददाता, खुखुंदू : थाना क्षेत्र के एक गांव में पांच वर्षीय बालिका के साथ किशोर ने दुष्कर्म किया। इस मामले में पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है। आरोपित की गिरफ्तारी के लिए पुलिस दबिश दे रही है।

खुखुदु थाना क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली पांच वर्षीय बालिका गुरुवार की रात अपने घर पर थी, जबकि परिवार के अन्य लोग दुर्गा पूजा देखने गए थे। इस बीच बगल का किशोर पहुंचा और बालिका के साथ दुष्कर्म किया। बालिका के चिल्लाने की आवाज सुनकर आसपास के लोग उसके घर में पहुंचे, बालिका बेहोश थी। लोगों ने पुलिस को सूचना दी। थानाध्यक्ष दिग्विजय सिंह ने बताया कि मामले में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।



शहर के मालवीय रोड में पैदल मार्च करते एसपी संकल्प शर्मा • जागरण

# एसपी ने देखी सुरक्षा व्यवस्था सतर्कता बरतने का दिया निर्देश

जासं, देवरियाः दुर्गा पूजा के मेले में शुक्रवार की शाम शहर में लोगों की भीड़ उमड़ी। लोगों ने मां देवी का दर्शन किया और खाने-पीने के सामानों की खरीदारी की। भीड़ को देखते हुए एसपी संकल्प शर्मा ने शहर में पुलिस बल के साथ पैदल मार्च किया और व्यवस्थाएं देंखी और सतर्कता बरतने का निर्देश दिया।

शाम को सात बजे से ही शहर के मालवीय रोड, कोतवाली रोड, जलकल रोड, विजय टाकीज रोड, रुद्रपुर रोड में श्रद्धालुओं की भीड़ आने लगी। सबसे ज्यादा महिलाएं दिखीं। महिलाओं ने मां देवी का दर्शन किया। साथ ही मेले में सामानों की खरीदारी की। भीड़ को देखते हुए शहर के सुभाष चौक समेत विभिन्न जगहों पर पुलिस की तैनाती रही। साथ ही शहर में बड़े वाहनों के आवागमन पर रोक लगा दिया गया था। वाहनों को डायवर्ड कर बाहर-बाहर भेजा गया।

# उधार न देने पर दिव्यांग को पीटा, मुकदमा दर्ज

जासं, सलेमपुरः उधार पान देने से मना करना दिव्यांग दुकानदार को महंगा पड़ गया। मनबढ़ों ने गुरुवार की रात पिटाई कर दी। कोतवाली पुलिस ने पीछा एक आरोपित को दबोच लिया। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर चार लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है।

उपनगर के पिपरा नाजिर वार्ड के रहने वाले दिलीप विश्वकर्मा दिव्यांग हैं। ओवरब्रिज के नीचे गुमटी में पान बेचते हैं। आरोप है कि वार्ड के जीतेंद्र यादव कुछ लोगों के साथ दुकान पर पहुंचा और पान, गुटखा उधार मांगने लगा। दिव्यांग ने रात होने की बात कहकर उधार सामान देने से मना किया तो मनबढ़ों ने मारपीट कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। सूचना पर तत्काल पुलिस पहुंच गई। मौका पाकर तीन हमलावर भाग निकले। पुलिस ने एक युवक को पकड़ लिया।

पुलिस ने पिपरा नाजिर वार्ड के जितेंद्र यादव, रणजीत सिंह, उमाशंकर, मंगल पांडेय के विरुद्ध मारपीट, जान से मारने की धमकी समेत कई धाराओं में मुकदमा दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है। कोतवाल टीजे सिंह ने बताया कि तहरीर के मुताबिक चार लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर जीतेंद्र यादव को शांति भंग में चालान किया गया है।

# पति समेत चार के विरुद्ध दहेज उत्पीड़न का मुकदमा

जासं, देवरियाः गोरखपुर जनपद के बरगदवा के विकास नगर के रहने वाली एक महिला की तहरीर पर कोतवाली पुलिस ने पति समेत चार लोगों के विरुद्ध दहेज उत्पीड़न का मुकदमा दर्ज किया है। यह कार्रवाई पुलिस ने एसपी संकल्प शर्मा के आदेश पर किया है। मुकदमा दर्ज करने के बाद पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

विकास नगर की रहने वाली प्रीति पांडेय शहर के बालाजी मंदिर के पीछे किराये के मकान में रहती हैं। उनका कहना है कि उनकी शादी 21 जून 2021 में गोरखपुर के बरगदवा विकास नगर के रहने वाले गौरव द्विवेदी से हुई है। जबसे वह अपने ससुराल गई, तभी से ससुराल पक्ष के लोग उन्हें दहेज की रकम के लिए प्रताड़ित करने लगे। पति मुझे नशीली दवाएं देता और मानसिक तथा शारीरिक रूप से प्रताड़ित करता। आए दिन मेरी पिटाई की जाती, जिससे कान का नस भी डैमेज हो गया। मामले में पुलिस ने पति गौरव द्विवेदी, ससुर सच्चिदानंद द्विवेदी, जेठ अनिल द्विवेदी, जेठानी कल्पना द्विवेदी के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है। कोतवाल दिलीप सिंह ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर जांच की जा रही है। जल्द ही आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# दुर्गा पूजा देखने गए युवक पर चाकू से हमला, मुकदमा

जागरण संवाददाता, लार: क्षेत्र के नदौली गांव में दुर्गा पूजा देखने गए युवक पर रंजिश में कुछ लोगों ने चाकू से हमला बोल दिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे सीएचसी पहुंचाया गया, जहां से प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सक ने महर्षि देवरहा बाबा मेडिकल कालेज रेफर कर दिया। मामले में पुलिस ने चार नामजद व चार अज्ञात के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है।

लार थाना क्षेत्र के हाटा गांव के सूरज मद्धेशिया अपने भाइयों के साथ नदौली गांव में दुर्गा पूजा देखने गए थे। अचानक मनोज यादव, गिरिधारी यादव, प्रिंस यादव निवासी नदौली व ज्वाला यादव निवासी चुरिया टोला समेत कुछ लोगों ने चाकू से हमला बोल दिया।

# नौकरी दिलाने के नाम पर 65 लाख रुपये हड़पा

जासं, देवरिया: नौकरी दिलाने के नाम पर दो जालसाजों द्वारा 65 लाख रुपये की ठगी करने का मामला सामने आया है। कोतवाली पुलिस ने दो जालसाजों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है। यह कार्रवाई पुलिस ने सीएम कार्यालय के आदेश पर की है।

क्षेत्र के रामपुर बनहर की रहने वाली सुभावती देवी ने आरोप लगाया है कि देवरिया शहर का रहने वाला पीयूष श्रीवास्तव व उसका साथी दीपक सिंह निवासी पुरवा ने नौकरी दिलाने के नाम पर 65 लाख रुपये मेरे पुत्र प्रवीण कुमार, दामाद महादेव प्रसाद व अन्य लोगों से लिया और मेरे ही पुत्र पुनीत कुमार के खाते में डाल कर निकाल लिया। अब नौकरी दिलाने के नाम पर रुपया लेने वाले दोनों जालसाज मांगने पर देने से इन्कार कर रहे हैं। कोतवाल दिलीप सिंह ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर जांच की जा रही है। जल्द ही कार्रवाई की जाएगी।

# आरोपित गिरफ्तार

जासं, सलेमपुर, देवरिया : पांच दिन पूर्व मजदूर पर जानलेवा हमला के मामले के आरोपितों गोरखपुर के सिक्टौर निवासी सन्नी निषाद व जितेंद्र को पुलिस ने गुरुवार की रात गिरफ्तार कर लिया। दोनों को न्यायिक अभिरक्षा में शुक्रवार को जेल भेज दिया गया। गोरखपुर के रहने वाले रमेश निषाद मझौलीराज में बन रहे फायर स्टेशन में मजदूरी करते हैं। छह अक्टूबर की रात इन पर हमला किया गया था।

# शेयर मार्केट में रुपया लगाने के नाम पर युवक से 46 लाख रुपये की ठगी

- देवरिया रामनाथ के युवक को जालसाजों ने बनाया निशाना
- एसपी के आदेश पर साइबर थाने की पुलिस ने दर्ज किया मुकदमा

जासं, देवरिया: शहर के देवरिया रामनाथ का एक युवक साइबर अपराध का शिकार हो गया है। शेयर मार्केट में रुपया लगाने के नाम पर उससे 46 लाख रुपये की ठगी कर ली गई। एसपी के आदेश पर साइबर थाने की पुलिस मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच कर रही है।

देवरिया रामनाथ के रहने वाले अमरनाथ तिवारी का आरोप है कि वह एक दिन स्टाक ब्रोकर के आइकान पर सर्च कर रहे थे। इस बीच उन्हें पुरानी क्लास मेट स्नेहा जोशी नजर आई। उसके आइकान पर क्लिक कर उन्होंने वाट्सएप नंबर लिया। उससे बातचीत की तो उसने बताया कि वह धन स्टाक ब्रोकर ग्रुप में कार्य करती है। उसका ग्रुप प्रोडक्ट मैनेजर प्रणीता जोशी है। वह अच्छा लाभ दिला सकती है। इसके बाद प्रणीता का उसने नंबर दे दिया और वह वाट्सएप के माध्यम से बातचीत किए और फिर उनके साथ जालसाजी शुरू कर दी गई। धीरे-धीरे उनसे 46 लाख रुपये की जालसाजी कर दी गई। अब वह रुपया भी ट्रांसफर नहीं हो पा रहा है। साथ ही जालसाज और रुपये की भी मांग कर रहे हैं। उन्होंने एसपी संकल्प शर्मा से इसकी शिकायत की। साइबर थाने की पुलिस ने इस मामले में मुकदमा दर्ज किया है।

# 10 लोगों के विरुद्ध मारपीट समेत विभिन्न धाराओं में मुकदमा

देवरिया : सदर कोतवाली के चकियवा मोहल्ले में मुकदमा वापस करने को लेकर हुए मारपीट के मामले में पुलिस ने 10 लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है। साथ ही आरोपितों की गिरफ्तारी में पुलिस जुट गई है। मोहल्ले की प्रियंका राय ने पुलिस को तहरीर दी है। आरोप लगाया है कि वह पेशे से शिक्षक हैं और संजना देवी की मकान में किराये पर रहती हैं। मेरे पति शाम को अकेले थे। इस बीच कुछ लोग राजस्व न्यायालय में चल रहे मुकदमे को वापस करने के लिए दबाव बनाने लगे, इसके बाद पीट दिए।

# प्रतिमाओं का विसर्जन आज से, बदलेगी यातायात व्यवस्था

## आज 12 सौ दुर्गा प्रतिमाओं का होगा विसर्जन, सोमवार को जिला मुख्यालय की अधिकतर मूर्तियों का होगा विसर्जन

संवाद न्यूज एजेंसी

देवरिया। जिले में शनिवार को करीब 12 सौ दुर्गा प्रतिमाओं का विसर्जन परंपरागत तरीके से पोखरों, तालाबों व नदी तट पर किया जाएगा। दुर्गा प्रतिमाओं का तीन दिन तक विसर्जन किया जाएगा। शनिवार व सोमवार, बुधवार को अलग-अलग जगहों पर से विसर्जन किया जाएगा।

पुलिस के अनुसार शहर भर में करीब 1700 दुर्गा मूर्तियों का विसर्जन तीन दिन में किया जाएगा। इसके लिए पुलिस ने जिला प्रशासन के साथ मिलकर तैयारी की है। छोटी मूर्तियों और बड़ी मूर्तियों तथा झांकियों के लिए अलग-अलग स्थान व रूट तय किए गए हैं।

शहर के अलावा तहसीलों व देहात क्षेत्रों पर आने वाली मूर्तियों को सरयू नदी, घाघरा, राप्ती के अलावा गोर्रा नदी, तालाबों व पोखरों में किया जाएगा।

पुलिस ने सभी घाटों पर गोताखोर व मछुआरों की तैनाती की है। घाटों पर गहरे पानी तक जाने की इजाजत किसी को नहीं होगी। यदि कोई पानी में गया तो उस पर पुलिस कार्यवाई कर सकती है। तीन दिन तक पुलिस पूरी तरह से सक्रिय रहेगी। सुरक्षा और ट्रैफिक व्यवस्था की जिम्मेदारी कुल 1000 पुलिसकर्मी संभालेंगे। इसके अतिरिक्त सभी थानों की पुलिस को विसर्जन के लिए अलर्ट कर दिया गया है।

एसपी संकल्प शर्मा ने बताया कि पूरे जिले में शांतिपूर्ण तरीके से मूर्तियों के विसर्जन के लिए पुलिस ने तैयारी कर ली है। सभी चिह्नित घाटों पर जिला प्रशासन की तरफ से व्यापक इंतजाम किया गया है। सुरक्षा के लिहाज से पुलिस भी मुस्तैद रहेगी।

**ऐसे रहेगा रूट डायवर्जन**

- सौनूघाट चौराहे से शहर में कोई भी चारपहिया वाहन प्रवेश नहीं करेंगे
- कुसम्ही तिराहा से भी किसी भी चार पहिया वाहन का प्रवेश रहेगा वर्जित
- कसया ओवरब्रिज के नीचे दोनों ओर से चार पहिया वाहन का प्रवेश वर्जित।
- पुरवा चौराहे से चार पहिया वाहनों का प्रवेश वर्जित।
- गोरखपुर ओवरब्रिज के समीप ब्लॉक बैरी से शहर की तरफ नहीं गुजरेंगे चारपहिया वाहन
- कतरारी से वाहनों का प्रवेश नहीं होगा



प्रतिमा विसर्जन के लिए उग्रसेन सेतु की रेलिंग पर लगी जाली हटवाता प्रशासन। संवाद

**एसपी ने शहर में बने पूजा पंडालों की सुरक्षा को लेकर किया पैदल गश्त :** देवरिया संवाद के अनुसार पुलिस अधीक्षक संकल्प शर्मा ने नवरात्रि एवं दशहरा को लेकर शहर में पैदल गश्त किया। उन्होंने प्रभारी निरीक्षक दिलीप सिंह के साथ कोतवाली क्षेत्र में चाक चौबंद सुरक्षा एवं शांति व्यवस्था तथा बालिकाओं, महिलाओं की सुरक्षा के मद्देनजर पैदल गश्त किया।

### अधिकारियों ने सुरक्षा का लिया जायजा, दिए आवश्यक निर्देश

इस दौरान प्रमुख मार्गों, चौराहों, बाजारों व भीड़-भाड़ वाले स्थानों आदि पर संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु व वाहनों की सघनता से चेकिंग की गई। पुलिस अधीक्षक पैदल गश्त के दौरान नवरात्रि पर्व व दशहरा को लेकर सुरक्षा ड्यूटी में लगे पुलिस कर्मियों को उनकी ड्यूटी के संबंध में निर्देश दिए।

पैदल गश्त के दौरान आमजन को आश्वस्त कराया जा रहा था कि नवरात्रि व दशहरा त्योहार के लिए पुलिस शांति, सौहार्द एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए कटिबद्ध है।

### उग्रसेन पुल से हटवाई गई जाली

बरहज। दशहरा पर्व पर मूर्ति विसर्जन के लिए कपरवार स्थित उग्रसेन पुल से प्रशासन ने शुक्रवार को करीब 20 जाली हटवाया है, जिससे मूर्ति विसर्जन के लिए लोगों को आसानी हो सके। अधिकारियों ने पूरे दिन पुल पर स्थिति का जायजा लिया।

डीएम दिव्या मित्तल के निर्देश पर एसडीएम अंगद यादव, पुलिस, पीडब्ल्यूडी, एनएच, नगरपालिका, ब्लॉक और बिजली विभाग के अधिकारियों के साथ कपरवार पुल से होने वाले मूर्ति विसर्जन में सहूलियत को लेकर चौक-चौबंद कराने में जुटे हुए थे। प्रशासन ने पुल के दक्षिणी छोर के रेलिंग से करीब 20 जाली हटवाया।

नायब तहसीलदार रवींद्र मौर्य, चौकी इंचार्ज महेंद्र मोहन मिश्र पूरे दिन पुल पर रहकर कार्य को पूरा कराया। संवाद

# मारपीट के मामले में पुलिस ने चार पर दर्ज किया मुकदमा :

रामपुर कारखाना : सिधुआ में मोबाइल फोन चोरी करने को लेकर हुई मारपीट के मामले में पुलिस ने संजीव प्रसाद, पूनम देवी, राधेश्याम व दुर्गावती पर मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस ने चंदा देवी की तहरीर पर यह कार्रवाई की है।

# घर जा रही किशोरी के साथ छेड़खानी

रामपुर कारखाना : क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली किशोरी के साथ छेड़खानी के मामले में पुलिस ने गुरुवार की रात मुकदमा दर्ज कर लिया। किशोरी सात अक्टूबर की शाम सात बजे गांव में ही दुकान से सामान लेने गई थी। लौटते समय गांव का नीकेश उर्फ बच्चा उसे पकड़ लिया और छेड़खानी की। मामले में पुलिस को तहरीर दी गई थी।



नवरात्र पर लोग मेला देखने उमड़े तो मालवीय रोड पर लग गया जाम। संवाद

# भीड़ के आगे डायवर्जन व्यवस्था फेल, श्रद्धालुओं ने झेली परेशानी

संवाद न्यूज एजेंसी

देवरिया। दशहरा मेले में आए लोगों की भीड़ के आगे यातायात व्यवस्था शुक्रवार की शाम को फेल दिखी। कई मार्गों पर छोटे वाहनों के प्रवेश कर जाने से भी जाम की स्थिति बनी। इससे मेला करने आए लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा। कई मार्गों पर वन वे किया गया था, लेकिन किसी तरह निकलने के प्रयास में भीतर प्रवेश कर गए वाहन चालकों ने जाम की समस्या को बढ़ाने की ही कार्य किया, हालांकि यातायात पुलिस की सक्रियता के चलते यह पांच से 10 मिनट के अंदर ही समाप्त भी कर दी गई। मेला में उमड़ने वाली भीड़ कशारदीय नवरात्रि के महानवमी के दिन हवन एवं कन्या पूजन के बाद श्रद्धालु फुर्सत में आए तो शहर में दशहरा मेला का उत्साह व उमंग बढ़ गया। शहर के विभिन्न प्रमुख मार्गों एवं गलियों व मोहल्लों में रखी गई प्रतिमाओं के दर्शन के लिए श्रद्धालु अन्य दिनों की अपेक्षा ज्यादा उमड़े। यातायात पुलिस ने यातायात को सुचारू रखने के लिए कई मार्गों को डायवर्ट कर दिया था। बड़े वाहनों के प्रवेश पर सुबह से ही रोक लगा दी गई थी, हालांकि दोपहर में साढ़े तीन बजे सीसी रोड में परशुराम चौक पर ही भुजौली कालोनी जाने वाले स्थान पर मुख्य मार्ग पर ही एक आयोजक की ओर से भगवती जागरण कार्यक्रम कराने की वजह से 30 फीट की सड़क में 15 फीट को ले लेने से भी वाहन चालकों को निकलने में परेशानी हुई। शहर के शिव मंदिर चौराहे से राघवनगर जाने वाले मार्ग पर दुर्गा मंदिर के पास दुर्गा प्रतिमा रखी गई है। यहां महिला डिग्री कॉलेज से आने वालों को लोगों को यह पहले से जानकारी ही नहीं थी कि यह मार्ग वन डे होने से बंद है।

**मेला देखने आए लोगों को हुई परेशानी, दुर्गा पंडालों तक पहुंचने में लगा समय**

## एसपी ने शहर में किया पैदल मार्च

देवरिया। एसपी संकल्प शर्मा ने शुक्रवार को शहर में पैदल मार्च किया और पूजन समितियों को डीजे तेज आवाज न बजाने का निर्देश दिया। साथ ही कहा कि जाम न लगने दें और रास्ता अवरुद्ध न करें। मातहतों से कहा कि किसी भी दशा में भीड़ वाले स्थानों पर बड़े वाहन न आने पाएं।

# जीआईसी की सुरक्षा व्यवस्था होगी मजबूत

संवाद न्यूज एजेंसी

देवरिया। शहर के राजकीय इंटर कॉलेज की सुरक्षा व्यवस्था को और बेहतर किया जाएगा। इसके लिए चारों तरफ की दीवार को और मजबूत करने का कार्य प्रारंभ कर दिया गया है। अभी जलकल रोड के पास नई चहारदीवारी बनाई जा रही है। पहले पिछली दीवार जो कमजोर होकर कई जगह से गिर चुकी थी से बाहरी लोग इसमें प्रवेश कर जाते थे। नई दिवार बनने से यहां अध्ययनरत छात्राओं को सहूलियत होगी।

ऐतिहासिक माने जाने वाला शहर के राजकीय इंटर कॉलेज की स्थापना आठ अक्तूबर वर्ष 1912 में हुआ था। पहले इसका नाम किंग एडवर्ड हाईस्कूल था, जिसे आजादी के बाद बदल दिया गया। अंग्रेजों के समय बनी यह बिल्डिंग को देख अलग ही एहसास होता है। हालांकि अब कई जगह पर इसकी बिल्डिंग कमजोर भी हो चुकी है। कुछ जगहों पर ऊपर छज्जा गिर भी रहा है। यहां के पुरातन छात्र रहे प्रदेश के वर्तमान कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही क विशेष प्रयास से अब कॉलेज के नवनिर्माण के लिए प्रदेश सरकार की ओर से 18 करोड़ की धनराशि जारी की गई है । इससे बालक-बालिका छात्रावास, चहारदीवारी, संग्रहालय, पुरानी बिल्डिंग का जीर्णोद्धार आदि कार्य होने हैं। चयनित निर्माण एजेंसी आवास विकास परिषद उ.प्र.गोरखपुर की ओर से चहारदीवारी का निर्माण व भवन के कुछ हिस्सों के नए निर्माण का कार्य प्रारंभ भी कराया जा चुका है।

## अलग स्वरुप में दिखेगा कॉलेज

कॉलेज में वर्तमान में कुल 2243 विद्यार्थी अध्ययनरत हैं। इसमें 1409 छात्र एवं 834 छात्राएं शामिल हैं। प्रधानाचार्य रामकिंकर मिश्र ने बताया कि निर्माण एजेंसी की ओर से चहारदीवारी व भवन के कुछ हिस्सों के जीर्णोद्धार का कार्य शुरू कर दिया गया है। चहारदीवारी का निर्माण होने से विद्यार्थियों की सुरक्षा बेहतर होगी और बाहरी तत्वों के प्रवेश पर रोक लग सकेगा।

# कॉलेज में घुसकर छात्र को युवकों ने पीटा, तीन नामजद व अज्ञात पर केस

## कृषक इंटर कॉलेज महुआबारी में घुसे थे नकाबपोश युवक

संवाद न्यूज एजेंसी

**मईल।** महुआबारी विद्यालय में घुसे नकाबपोश युवकों ने छात्र की पिटाई कर दी। इसके बाद स्कूल में अफरा-तफरी मच गई। इस मामले में पुलिस ने शुक्रवार को तीन नामजद व अज्ञात पर बलेवा व मारपीट का केस दर्ज किया है।

पंडित जवाहरलाल कृषक इंटर कॉलेज महुआबारी के प्रागंण में कुछ नकाबपोश युवक लाठी डंडा लेकर बृहस्पतिवार को विद्यालय प्रांगण में पहुंच गए। यह देख स्कूल प्रागंण में अफरा तफरी मच गई। तभी कक्षा नौवीं के छात्र कृष्णा यादव पुत्र रामछबीला निवासी करजहां की पिटाई करने लगे। सूचना मिलते ही प्रधानाचार्य राधामोहन चौधरी बीच-बचाव कर मोबाइल निकाल फोटो खींचने लगे। यह देख मनबढ़ युवकों ने उनपर भी ईंट फेंका पर वह बच गए। युवक की पिटाई कर भाग चले। शुक्रवार को करजहां निवासी रामछबीला ने पुलिस को तहरीर देकर आरोप लगाया कि महुआबारी पढ़ने आए मेरे बेटे कृष्णा को कपड़े से मुंह बांध कर गोलबंद होकर दर्जनों युवक कर बिना कारण ही मेरे बेटे की पिटाई करने लगे व जान से मारने की भी कोशिश की।

पुलिस ने तहरीर के आधार पर थाना क्षेत्र के पड़री गजराज के शिवम सिंह, कुंडौली के रिषू बरनवाल व पिपरा मिश्र के गौतम गुप्ता व कुछ अज्ञात पर बलवा सहित मारपीट का केस दर्ज किया है। थानाध्यक्ष अमित राय ने बताया कि तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।

# ससुराल वालों ने विवाहिता से की मारपीट, पति समेत पांच पर केस

संवाद न्यूज एजेंसी

**खुखुंदू।** थाना क्षेत्र के एक गांव में एक विवाहिता को ससुराल वाले दहेज के लिए प्रताड़ित कर रहे हैं। आरोप है कि एक पखवारा पूर्व विवाहिता को ससुराल वालों ने मारा-पीटा और घर से भगाने का प्रयास किया। हालांकि दूसरे दिन विवाहिता अपनी मां को बुलाकर मायके चली गई। विवाहिता ने पति पर दूसरी युवती से संबंध होने का भी आरोप लगाया है। बृहस्पतिवार को विवाहिता थाने पहुंच तहरीर दी थी। पुलिस ने शुक्रवार को पति, सास, ससुर देवर, ननद और ननदोई के खिलाफ मारपीट और दहेज उत्पीड़न का केस दर्ज किया है।

**छेड़खानी का लगाया आरोप :** खुखुंदू। विवाहिता ने बताया कि बीते 27 सितंबर को सास घर पर एक मौलाना को बुलाई और मेरे कमरे में उसे बंद कर दिया। मौलाना छेड़खानी करने लगा। शोर मचाने पर फाटक खोलकर सास और मौलाना ने मेरी खूब पिटाई की थी। एसओ दिग्विजय सिंह ने बताया कि विवाहिता ने मौलाना के खिलाफ मौखिक जिक्र किया था। तहरीर में उसका उल्लेख नहीं है।

## दो महिलाओं समेत चार पर केस

**रामपुर कारखाना।** क्षेत्र के सिधुआ गांव में मोबाइल चोरी को लेकर दो पक्ष में हुई मारपीट के मामले में पुलिस ने चार लोगों के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत किया है। पुलिस को दी तहरीर में पीड़ित चंदा देवी पत्नी घनश्याम प्रसाद ने आरोप लगाया कि नौ अक्तूबर की दोपहर तीन बजे पटीदार संजीव प्रसाद, पूनम देवी, राधेश्याम व दुर्गावती सभी लोग दरवाजे पर आकर गाली देने लगे। जब मेरी लड़की अनुपमा मना की तो सभी लोगों ने लाठी डंडे से मारपीट कर घायल कर दिए, जिससे तीनों लोगों को गंभीर चोट आई। संवाद

## घर से सामान की चोरी

**देसही देवरिया।** महुआडीह थानाक्षेत्र के महुअवा गांव में बृहस्पतिवार की रात चोर एक घर का ताला तोड़कर सामान उठा ले गए। सुबह जानकारी होने पर पड़ोसियों ने पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच की। महुअवा गांव में सत्तार का परिवार इस समय बाहर है। घर की रेकी कर चोर रात में दरवाजे का ताला तोड़कर अंदर दाखिल हो गए। बरामदे में खड़ी बाइक को भी ले जाने के लिए बाहर निकाल लिए, लेकिन उसे नहीं ले जा पाए। पड़ोसियों ने सुबह ताला टूटा देख तो शोर मचाया। संवाद

## पुलिस ने दो संदिग्धों को हिरासत में लिया

**देसही देवरिया।** रामपुर कारखाना थानाक्षेत्र के डिघवा पौटवा गांव में आठ अक्तूबर की रात को नशीले पदार्थ का स्प्रे कर एक घर में छह लाख रुपये से अधिक की हुई चोरी के मामले में पुलिस ने दो संदिग्धों को हिरासत में लिया है। उनसे पूछताछ की जा रही है। रामपुर कारखाना थानाक्षेत्र के डिघवा पौटवा गांव में चोरों ने आठ अक्तूबर की रात को घर के बरामदे में सो रहे गृह स्वामी अशोक सिंह के ऊपर नशीले पदार्थ का स्प्रे कर उन्हें बेहोश कर दिया था। घर के अंदर दाखिल होकर छह लाख रुपये से अधिक की चोरी कर लिया। संवाद

## किशोरी से छेड़खानी करने वाले युवक पर केस

**रामपुर कारखाना।** स्थानीय थाना क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली किशोरी से एक युवक के छेड़खानी करने के मामले में पुलिस ने केस दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस को दी तहरीर में किशोरी की मां ने आरोप लगाया है कि उसकी 15 वर्षीय लड़की सात अक्तूबर की शाम सात बजे गांव में ही एक दुकान पर गई थी। वह सामान लेकर घर आ रही थी। वह कुछ दूरी पर पहुंची थी कि गांव का ही एक लड़का उसका हाथ पकड़ लिया और अश्लील हरकत करने लगा। शोर करने पर मुंह दबाते हुए जान से मारने की धमकी देने लगा। पुलिस ने मामले में आरोपी निकेश उर्फ बच्चा के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत कर उसे गिरफ्तार कर लिया। थानाध्यक्ष नंदा प्रसाद ने बताया कि मामले में आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है। संवाद

# युवक से अवैध संबंध के चलते पति ने की थी पत्नी की हत्या

## गौरी बाजार क्षेत्र के एक गांव का मामला, मृतका की मां ने दी पुलिस को तहरीर, केस

संवाद न्यूज एजेंसी

**गौरी बाजार।** क्षेत्र के एक गांव में बृहस्पतिवार को पति ने अपनी पत्नी की हत्या उसके एक युवक से अवैध संबंध होने के चलते की। मामले में पुलिस ने मृतका की मां की तहरीर पर पति के खिलाफ हत्या का केस दर्ज किया है। पुलिस ने उसे गिरफ्तार भी कर लिया है।

गांव के एक युवक का विवाह महराजगंज जिले के परतावल बाजार निवासी युवती (32) से हुआ था। युवती के पिता की पहले ही मौत हो चुकी थी। विवाह के कुछ दिन बांद पति-पत्नी में मनमुटाव रहने लगा। पति की मां की मृत्यु भी कुछ वर्ष पूर्व हो गई थी। पहले वह विदेश रहता था। शादी के बाद पति गोरखपुर में प्राइवेट नौकरी करने लगा। दोनों के एक ढाई वर्ष का पुत्र भी है। बाद में पति-पत्नी व बच्चा तीनों गोरखपुर में रहने लगे थे। गांव पर आरोपी के पिता रहते थे। पुलिस से पूछताछ में आरोपी ने बताया कि उसकी पत्नी का मायके के एक युवक से प्रेम संबंध था। मना करने के बाद भी वह उससे मिलती रहती थी। इस बात को लेकर दोनों के बीच मामला तलाक तक पहुंचा, लेकिन सोनम की मां व आरोपी के पिता के समझाने-बुझाने पर दोनों साथ रहने को राजी हुए। बृहस्पतिवार को रंजीत के पिता अपने नाती को लेकर परतावल गए थे। इस बीच गोरखपुर से गांव पहुंचे पति-पत्नी में फिर विवाद हुआ। आरोपी ने पत्नी को मारापीटा। वह भाग कर पड़ोस में एक महिला के घर गई। महिला ने विरोध किया तो पति उससे से भी उलझ गया। पड़ोसियों को भी धमकी देने लगा। फिर घर लाकर कमरा बंद उसने सोनम की गला दबाकर हत्या कर दी।

**पत्नी को खींचते हुए जबरन घर ले गया आरोपी :** मारपीट के दौरान वह भागकर दूसरे घर पहुंच गई और पुलिस को सूचना दी। पुलिस के नहीं आने तक वह घर जाने को तैयार नहीं थी। ग्रामीण दिनेश मिश्र ने बताया कि वह उसे खींचते हुए घर के अंदर ले गया और दरवाजा बंद कर मारने पीटने लगा।

तभी 112 नंबर पुलिस भी आ गई। ग्राम प्रधान वशिष्ठ सिंह भी मौके पर पहुंच गए। ग्रामीणों ने महिला को बचाने की गुहार लगाई। आधे घंटे बाद पति ने उसकी हत्या कर स्वयं दरवाजा खोलकर पुलिस के पास लाकर शव को रख दिया।



घटना के बारे में पूछताछ करते पुलिस अधिकारी। संवाद

### कमरे का फाटक तोड़ा होता तो बच जाती जान

**गौरी बाजार।** डायल 112 नंबर पुलिस ने यदि सूझबूझ दिखाई होती तो संभव था कि महिला की जान बच जाती। पुलिस मौके पर भी पहुंची, लेकिन फाटक बंद कर अंदर पत्नी की हत्या कर रहे पति से पुलिस सिर्फ बातचीत करती रही। इस बीच ग्रामीणों ने भी पुलिस से गुहार लगाई कि फाटक तोड़कर महिला की जान बचा लीजिए, लेकिन पुलिस ग्राम प्रधान का इंतजार करती रही। जब पति हत्याकर शव लेकर बाहर निकला तो ग्रामीण आक्रोशित हो गए। थानाध्यक्ष दिनेश मिश्र के नेतृत्व में पहुंचे पुलिसकर्मियों ने बड़ी मुश्किल से पुलिस टीम को वहां से निकाला।

### तहरीर देने से कतराती रही मृतका की मां

**गौरीबाजार।** पुत्री की हत्या की सूचना मिलने पर शुक्रवार की सुबह गौरी बाजार थाने पहुंची मां, दामाद के विरुद्ध पुलिस को तहरीर देने से कतराती रही। पुलिस के समझाने-बुझाने पर उसने तहरीर दी। मां ने कई बार बेटी को शादी के बाद गांव के युवक से मिलने-जुलने से मना किया था, लेकिन वह नहीं मानी। गोरखपुर में कई बार उसका प्रेमी उससे मिलने पहुंच जाता था, जिसे लेकर उसके पति ने भी कई बार मना किया था। पुलिस ने हत्या की प्राथमिकी दर्ज कर ली है।

# मासूम से 12 साल के लड़के ने किया दुष्कर्म

## खुखुंदू थाना क्षेत्र का मामला, पांच साल की बच्ची के साथ किशोर ने दिया घटना को अंजाम, केस दर्ज

संवाद न्यूज एजेंसी

**खुखुंदू (देवरिया)।** क्षेत्र के एक गांव की पांच साल की बच्ची से बृहस्पतिवार रात पड़ोस में रहने वाले 12 साल के बच्चे ने घर में घुसकर दुष्कर्म कर दिया। मामले की जानकारी होने पर ग्रामीण आक्रोशित हो उठे।

इससे माहौल तनावपूर्ण हो गया। समय पर पुलिस ने पहुंच कर मामला शांत कराया। इस मामले में बच्ची के पिता की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ दुष्कर्म का केस दर्ज कर लिया है।

### एक ही गांव के रहने वाले हैं आरोपी और पीड़िता

जानकारी के अनुसार, खुखुंदू थाना क्षेत्र के एक गांव का 12 साल का लड़का बृहस्पतिवार रात करीब नौ बजे सामने के घर में घुस गया। आरोप है कि घर में पांच साल की बच्ची को अकेला पाकर उसने उसके साथ दुष्कर्म कर दिया। बच्ची के चिल्लाने पर घर के बाहर बैठी दादी कमरे में पहुंची तो अंदर का दृश्य देख सकते में आ गईं। उन्होंने लड़के को पकड़ लिया, लेकिन वह किसी तरह बच कर भाग निकला। पीड़िता के पिता डीजे चलाते है। वह दुर्गा पूजा में कहीं डीजे लेकर गए थे, जबकि मां घर के पास रखीं दुर्गा प्रतिमा के पास गई थी। मां को जब घटना की जानकारी हुई तो वह चीखने-चिल्लाने लगी। इस पर आसपास के लोग भी जुट गए। आरोपी पक्ष और पीड़िता पक्ष में गाली-गलौज शुरू हो गया। आरोपी पक्ष की ओर से कुछ लोग पीड़िता के घर पर चढ़ गए और बवाल करने लगे। इसी बीच किसी ने पुलिस को सूचना दे दी। आनन-फानन में एसओ दिग्विजय सिंह और सीओ सलेमपुर दीपक शुक्ला मौके पर पहुंच गए। पुलिस ने पिता से तहरीर लेकर तुरंत केस दर्ज कर आवश्यक कार्रवाई शुरू कर दी।

उधर, पुलिस ने आरोपी को हिरासत में भी ले लिया है। हालांकि पुलिस इससे इनकार कर रही है। पुलिस का कहना है कि आरोपी नाबालिग है, जबतक आरोप सिद्ध नहीं होगा उसको हिरासत में नहीं लिया जा सकता। शुक्रवार को पुलिस ने बच्ची का मेडिकल परीक्षण कराया। गांव में तनाव को देखते हुए पुलिस फोर्स तैनात है।

*बच्ची से रेप के मामले में केस दर्ज कर लिया गया है। बच्ची का मेडिकल कराया गया है। रिपोर्ट मिलने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। दुष्कर्म की घटना के बाद दोनों पक्षों में विवाद की नौबत आ गई थी। सूचना पर तुरंत 112 पुलिस पहुंची थी। हालांकि मामला बढ़ता देख पीआरवी ने तुरंत एसओ को मौके पर बुला लिया। कुछ देर बाद मैं भी मौके पर पहुंच गया था। पीड़िता के पिता की तहरीर पर रात में ही दुष्कर्म का केस दर्ज कर लिया गया। डाक्टरी रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। -* **दीपक शुक्ला, सीओ, सलेमपुर**

# उधार सामान देने से मना किया तो मनबढ़ों ने पीटा, केस दर्ज

**सलेमपुर।** ओवरब्रिज के नीचे बृहस्पतिवार रात एक दिव्यांग दुकानदार अपनी दुकान बंद कर रहा था। इसी बीच मनबढ़ किस्म के कुछ युवक उसकी दुकान पर पहुंचे और उधार सामान मांगने लगे।

दुकानदार जब उधार सामन देने से मना किया तो पिटाई कर दी। सूचना पर पुलिस कोतवाली पुलिस को देख मौके से भाग निकले, लेकिन एक आरोपी को पुलिस ने दौड़ाकर दबोच लिया। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस चार लोगों के खिलाफ केस दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है।

कोतवाली थाना क्षेत्र के पिपरा नाजिर वार्ड के रहने वाले दिलीप विश्वकर्मा हाथ से दिव्यांग है। ओवरब्रिज के नीचे गुमटी में पान की दुकान चलाता है। संवाद

# छेड़खानी प्रकरणः पांच टीमें, 168 घंटे, फिर भी पुलिस के हाथ खाली

## आठ दिन से पुलिस चौथे आरोपी की गिरफ्तारी में जुटी, फिर भी पुलिस के हाथ खाली

संवाद न्यूज एजेंसी

**तरकुलवा।** एक स्कूल से अर्धवार्षिक परीक्षा देकर लौट रही दो छात्राओं से छेड़खानी मामले के चौथे आरोपी की गिरफ्तारी नहीं हो सकी है। आठ दिन बाद भी पुलिस के हाथ खाली हैं।

एसओजी टीम समेत पुलिस की पांच टीमें 168 घंटे से यूपी और बिहार में एक दर्जन से अधिक स्थानों पर छापेमारी कर चुकी है, लेकिन अभी तक पुलिस को चौथे आरोपी कोई सुराग नहीं लगा है।

थाना क्षेत्र के एक स्कूल से चार अक्तूबर को आठवीं क्लास की दो छात्राएं साइकिल से घर लौट रहीं थीं। सुबह 10 बजे के करीब एक बाइक पर सवार चार नकाबपोश शोहदों ने उनसे छेड़खानी किया।

ग्रामीणों को आता देखकर शोहदे बाइक लेकर भाग निकले। स्कूल के प्रबंधक उमेश यादव की तहरीर पर पुलिस ने चार अज्ञात के खिलाफ दर्ज की।

पुलिस ने चारों आरोपियों की पहचान कर कार्रवाई में जुट गई। छह अक्टूबर की देर रात सिरसिया गोठा रोड पर पुलिस से मुठभेड़ में दो आरोपियों के पैर में गोली लग गई। जिनकी पहचान थाना क्षेत्र बंजरिया गांव के बैकुंठपुर गांव के धीरज पटेल और रितिक यादव के रूप में हुई। नाबालिग आरोपी को सात अक्टूबर को कंचनपुर चौराहे से गिरफ्तार कर लिया।

### कोर्ट में सरेंडर कर सकता है विवेक

**तरकुलवा।** छात्राओं से छेड़खानी का चौथा आरोपी विवेक दशहरा बाद कोर्ट में सरेंडर करने की फिराक में है। उसकी गिरफ्तारी के लिए तरकुलवा पुलिस की टीम बिहार में डेरा डाले हुए है। पुलिस की टीमें लगातार उसकी गिरफ्तारी के लिए छापेमारी कर रहीं है। लेकिन वह पकड़ में नहीं आ राहा है। सूत्रों की माने तो विवेक सैनी पुलिस मुठभेड़ में अपने दो साथियों के घायल होने की खबर से डरा हुआ है। इसलिए वह पुलिस की आंख में धूल झोंककर सीधे कोर्ट में सरेंडर की योजना बना रहा है।


10 अक्तूबर को प्रकाशित खबर।

# चीनी मिल चलाने के लिए दिया धरना

देवरिया। बैतालपुर चीनी मिल चलाने की मांग को लेकर कलक्ट्रेट परिसर में चीनी मिल चलाओ संघर्ष समिति का धरना शुक्रवार को भी जारी रहा।

समिति के अध्यक्ष ब्रजेंद्र मणि त्रिपाठी ने कहा कि जब तक मांग पूरी नहीं होती, तब तक उनका संघर्ष चलता रहेगा। प्रदेश सरकार गन्ना किसानों की अनदेखी कर रही है। संवाद

# पटाखों के रूप में मौजूद है 42 सौ किलो बारूद, आबादी के बाहर हैं गोदाम

संवाद न्यूज एजेंसी

देवरिया। शहर में पटाखों के भंडारण पर प्रशासन की सख्ती के बाद इससे जुड़े कारोबारियों ने कस्बे से बाहर जमीन खरीद कर निर्माण करा गोदाम बनवाया है। बीते कई वर्ष से कारोबारी शहर के बाहर बने गोदामों में पटाखों का भंडारण करते है। यहां पटाखों के रूप में 42 सौ किलो बारूद मौजूद है। इनकी तरफ से सुरक्षा का भी खासा ख्याल रखा जाता है।

शहर में पांच बड़े पटाखा कारोबारी हैं जिनका गोदाम शहर से बाहर है। दीपावली जैसे-जैसे नजदीक आ रही है, शहर के कई इलाकों में भी पटाखा रखा जाने लगा है। कई लोग रुपये कमाने की होड़ में चोरी छिपे भी पटाखों की खेप मंगाकर भंडारण करने लगे हैं।

जिले में कुल पांच पटाखा गोदाम हैं। इसमें बिक्री के लिए तीन का स्थायी लाइसेंस डीएम के यहां से स्वीकृत हुआ है। वहीं दो बड़े पटाखा कारोबारी का लाइसेंस आगरा से जारी हुआ है। इधर लाइसेंस जारी करने या रिन्यूवल के समय अफसर आबादी के बीच बने पटाखा गोदाम का ख्याल भी रखते हैं। पहले इन पांचों पटाखा कारोबारियों की दुकान शहर में थी। जिला प्रशासन की सख्ती को देख इन कारोबारियों ने शहर के बाद जमीन खरीद कर गोदाम बनवा लिया।

## पहले कारोबारी शहर में डंप करते थे पटाखे, अब बाहर बनाया गोदाम

आबादी के बीच पटाखा का गोदाम नहीं होना चाहिए। मेरे पास गोदाम हटाने की कोई शिकायत नहीं आई है। अगर पटाख गोदाम आबादी के बीच है तो इसकी जांच करा ली जाएगी। अवैध तरीके से आबादी के बीच पटाखा डंप करने वालों पर कार्रवाई की जाएगी। अवैध बारूद स्टोर करने वालों के खिलाफ छापेमारी की जाएगी। ग्राउंड में पटाखा बेचने की अनुमति दी जाएगी। सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किया गया है।

**-संकल्प शर्मा**, पुलिस अधीक्षक, देवरिया

KUSHINAGAR POLICE

5

# सराहनीय कार्य दिनांक:-12-10-2024

## जंगल विशुनपुरा में पुलिस ने मारा छापा, एक आरोपी गिरफ्तार, भारी मात्रा में पटाखे जब्त

# अवैध पटाखे का जखीरा बरामद

**छापेमारी**

- जिले में बड़े पैमाने पर चल रहा अवैध पटाखा बनाने का करोबार
- पिछले चार दिनों में जिले में भारी मात्रा में बरामद हुए हैं पटाखे




जंगल विशुनपुरा में बरामद किए गए अवैध पटाखे।

**पडरौना, निज संवाददाता।** पडरौना कोतवाली पुलिस ने शुक्रवार को जंगल विशुनपुरा से भारी मात्रा में हस्तनिर्मित एवं फैक्ट्रीमेड पटाखे बरामद किए। यहां मिले सात बोरी, 15 कार्टून हस्तनिर्मित तथा 80 कार्टून फैक्ट्रीमेड पटाखे अपने कब्जे में लेकर पुलिस कोतवाली चली आई। पुलिस ने पटाखों के साथ एक व्यक्ति को भी गिरफ्तार किया है। उसके खिलाफ मुकदमा दर्ज कर आवश्यक कार्रवाई में जुटी है।

पुलिस को सूचना मिली कि पडरौना कोतवाली क्षेत्र के जंगल विशुनपुरा में एक व्यक्ति ने भारी मात्रा में अवैध रूप से पटाखों का भंडारण किया है। पुलिस मौके पर पहुंची और पूछताछ के बाद उस व्यक्ति को पकड़ लिया। उसके कब्जे से सात बोरी, 15 कार्टून हस्तनिर्मित पटाखे तथा 80 कार्टून फैक्ट्रीमेड पटाखे, फुलझड़ियां और भिन्न-भिन्न प्रकार के अन्य पटाखे बरामद हुए। पुलिस ने इसे जब्त कर लिया। पटाखे के साथ पकड़े गए व्यक्ति का नाम अनिल केसरी पुत्र सरल केसरी है, जो पडरौना कोतवाली क्षेत्र के ही जंगल विशुनपुरा का निवासी है। बरामदगी और गिरफ्तारी के आधार पर पुलिस ने विस्फोटक अधिनियम में केस दर्ज कर लिया है। अनिल केसरी ने पुलिस को बताया कि त्योहार के दृष्टिगत हस्तनिर्मित व फैक्ट्रीमेड पटाखे खरीदकर अवैध भंडारण किया था, ताकि त्योहारों में पटाखों को बेचकर काफी मुनाफा अर्जित कर सके। उसे गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में प्रभारी निरीक्षक आशुतोष कुमार सिंह, एसआई राहुल कुमार, कस्बा चौकी प्रभारी पुनीत वर्मा, एसआई रविकान्त सिंह, प्रिंसी पांडेय, हेड कांस्टेबल अजीत राय, कांस्टेबल चंद्रमा बिंद, विजय कुमार सहित अन्य पुलिसकर्मी शामिल थे।

बता दें कि पिछले चार दिनों में हुए बरामदगी से यह खुलासा हुआ है कि जिले में बड़े पैमाने पर अवैध पटाखा बनाने का कारोबार चल रहा है। इसमें लिप्त कारोबारी त्योहारी सीजन के साथ ही लगन के समय में हस्तनिर्मित अवैध पटाखे बनाते हैं। अभी तक पडरौना कोतवाली एवं पटहेरवा थाना क्षेत्रों में भारी मात्रा में अवैध पटाखे बरामद हुए हैं।

# दुकान के गल्ले से ले उड़े 37 हजार रुपये

**दाहूगंज।** तरयासुजान थाना क्षेत्र निवासी एक हलवाई की दुकान का छप्पर काट कर शुक्रवार को उसके दुकान के गल्ले से दिनदहाड़े 37500 रुपया चुरा ले गए। शुक्रवार को सुबह दुकान बंद करने के बाद हलवाई अपने परिवार को लेकर थावे मंदिर दर्शन करने गया था। दोपहर में मंदिर से लौटने के बाद जब दुकान पर आया तो देखा कि उसके दुकान के गल्ले से पैसा चुरा लिया गया है। पीड़ित ने स्थानीय पुलिस को एक नामजद और एक अज्ञात पर तहरीर देकर न्याय की गुहार लगाई है।

# पंडालों में दर्शन को उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

**पडरौना, निज संवाददाता।** शहर से लगायत गांव तक सजी दुर्गा प्रतिमाओं के दर्शन व पूजन को को शुक्रवार की रात श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी। पडरौना शहर में भीड़ के चलते पुलिस ने एक दिन पहले रुट डायवर्ट कर दिया था। शहर में चप्पे चप्पे पर सुरक्षाकर्मी तैनात रहे। पुलिस ने जगह-जगह ड्रोन कैमरों से भी बाजारों में उमड़ी भीड़ की निगरानी की।

शहर के प्रतिमा पंडालों में प्रतिाओं के नेत्रपट पिछले बुधवार को खुले। इसके बाद से पंडालों में सजी मां भगवती के दर्शन को श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ रहा है। शाम होते ही पूरी रात चौराहे दूधिया रोशनी से जगमग हो रहे हैं। इस दौरान जय माता दी समेत देवी गीतों गूंज शहर से लगायत गांव में सुनाई दे रही है। इससे माहौल पूरी तरह भक्तिमय बना हुआ है। नवरात्र के पहले दिन से दुर्गा पूजा समितियों के पदाधिकारी व सदस्य युद्ध स्तर पर पंडालों को सजाने में जुटे हुये थे। इस लेकर शहर से लगायत गांव तक पूरा माहौल भक्तिमय बना हुआ है।



शहर में शुक्रवार की रात प्रतिमाओं के दर्शन-पूजन को उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़।

समितियों के पदाधिकारी अबीर गुलाल उड़ाते हुये शहरों से दुर्गा प्रतिमाओं का खरीद कर पंडालों में पहुंचाकर सजाने में जुटे रहे। पंडाल को हर संभव प्रयास कर आकर्षक बनाया है। पिछले बुधवार को पंडालों में सजी दुर्गा प्रतिमाओं का नेत्रपट आचार्यों द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार के बीच खुले। समितियों के पदाधिकारियों ने पंडालों को आकर्षक ढंग से सजाया है। शहर से लगायत गांव के चौक चौराहों को दूधिया रोशनी से जगमग किया है। शाम होने पर पूरे क्षेत्र रोशनी से नहा उठा है। शाम होने पर उमड़े श्रद्धालुओं ने पंडालों में पहुंच कर मां का दर्शन कर मन्नतें मांगीं तथा प्रसाद ग्रहण किया। इससे सड़कों पर श्रद्धालुओं का हुजूम देखने को मिला। आधी रात तक भक्त मां का दर्शन करते रहे। चौराहे पर मेला जैसा माहौल बना रहा। सजी दुकानों पर भक्तों ने जमकर खरीदारी की।

एसपी संतोष मिश्र, एएसपी रितेश कुमार सिंह, सभीक्षेत्राधिकारी व थानेदारों के अलावा जगह-जगह पीएसी की टीम भी सुरक्षा व्यवस्था में तैनात की गयी थी। एसपी के निर्देश पर सभी प्रतिमा पंडालों की सुरक्षा के लिए अलग-अलग पुलिस टीमें तैनात की गयी थी। अफसरों देर रात तक ड्यूटी चेक की, सभी जगह पुलिस कर्मी सुरक्षा में तैनात रहे।

**बड़हरागंज संवाद** के अनुसार नवरात्रि में नौ दिनों तक दुर्गा पूजा के बाद शुक्रवार को महानवमी के दिन घरों और पंडालों में कन्या पूजन हुआ। लोगों ने कन्याओं को भोजन कराया तथा दक्षिणा दी। उसके बाद हवन भी किया गया। सिरसियां दीक्षित, अधारछपरा, शिवाला टोला, मिश्रौली बाजार टोला, दान्दोपुर, सुखसवलिया इत्यादि गांवो में लोगों ने पूरी आस्था व मनोयोग से हवन पूजन कर मां दुर्गा की आराधना की।

# राशन घटतौली का वीडियो वायरल

**पडरौना।** तमकुहीराज तहसील क्षेत्र के सोंदिया बुजुर्ग गांव के एक युवक ने कोटेदार पर राशन वितरण में घटतौली का आरोप लगाकर वीडियो वायरल किया है। हिन्दुस्तान अखबार वायरल वीडियो की पुष्टि नहीं करता है। वायरल वीडियो में युवक द्वारा कोटेदार से तौल काटे पर रखे गये बोरी का वजन दिखाया रहा है, जो 650 ग्राम का दिख रहा है। वीडियो में सवाल किया जा रहा है कि यह क्यों रखकर तौल कर रहे हैं, क्या सरकार आपको यह बोरी रखकर राशन तौलने के लिए कहती है। इस पर कोटेदार द्वारा जवाब दिया जा रहा है।

# जाली नोट के सौदागरों के परिजनों ने भी बदला ठिकाना

- पुलिस की सख्ती देख बचते नजर आ रहे हैं धंधेबाजों के परिजन
- पुलिस की टीमें अन्य आरोपियों के परिजनों से भी पूछताछ में जुटीं

तमकुहीराज, हिन्दुस्तान संवाद। जाली करेंसी कांड के आरोपियों के परिजनों से पुलिस ने विभिन्न बिंदुओं पर पूछताछ करना शुरू कर दिया है। पुलिस की इस कार्रवाई से जाली करेंसी गिरोह से जुड़े आरोपियों के परिजनों में हड़कंप की स्थिति है। कुछ आरोपियों के परिजन घटना के बाद अपना ठिकाना बदल दिए हैं। वहीं कुछ लोग पुलिस की जांच पड़ताल के भय से इससे दूरी बनाए हुए हैं।

शुक्रवार को जाली नोट गिरोह के सरगना एवं नगर पंचायत तमकुहीराज के तरया मोड़ निवासी रफी खान उर्फ बबलू के घर पूछताछ के लिए पुलिस की टीम पहुंची थी, लेकिन परिवार के सदस्यों द्वारा दरवाजा नहीं खोलने के कारण पुलिस बल को बैरंग वापस लौटना पड़ा। पुलिस विभाग से जुड़े जानकारों के मुताबिक पुलिस की टीमें अन्य आरोपियों के परिजनों से भी पूछताछ में जुटी हुई हैं। सीओ तमकुहीराज जितेंद्र सिंह कालरा एवं थानाध्यक्ष तमकुहीराज अमित शर्मा ने बताया कि घटना के संदर्भ में हो रही जांच पड़ताल के क्रम में विभिन्न पहलुओं के सामने आने पर पुलिस आरोपियों के परिजनों ने पूछताछ करने का प्रयास कर रही है। जाली करेंसी कांड के मुख्य आरोपी रफी खान उर्फ बबलू के घर पुलिस उसके खिलाफ दर्ज मुकदमे की विवेचना से जुड़ी जानकारी लेने के लिए गई थी।

# युवक की मौत के मामले में बिसरा सुरक्षित किया

**फॉलोअप**

**पडरौना, निज संवाददाता।** कसया थाना क्षेत्र के बहोरापुर निवासी एक युवक की एक दिन पूर्व ससुराल में संदिग्ध परिस्थितियों में हुई मौत के मामले में शुक्रवार को जिला अस्पताल में शव का पोस्टमार्टम हुआ। इस मामले में परिवारीजन हत्या का आरोप लगा रहे हैं। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में मौत का कारण स्पष्ट न होने के कारण डॉक्टरों की टीम ने बिसरा प्रिजर्व कर दिया है।

कसया थाना क्षेत्र के बहोरापुर निवासी जयप्रकाश पुत्र स्व. हरिहर जायसवाल उम्र 32 साल पिछले 8 साल से हाटा कोतवाली क्षेत्र के मथौली स्थित ससुराल में परिवार के साथ रहता था और वहीं पर पिकअप चला कर परिवार की आजीविका चलता था।

> कसया व बहारोपुर में हुये एक युवक व एक व्यक्ति की मौत के मामले में पोस्टमार्टम रिपोर्ट मिल गया है। दोनों मामलों में डॉक्टरों ने मौत का कारण स्पष्ट न होने के कारण बिसरा प्रिजर्व कर दिया है। पुलिस दोनों मामलों में गहनता से जांच कर रही है। जांच में मिले दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जायेगी।
>
> **-गिरिजेश उपाध्याय,** प्रभारी निरीक्षक

# मारपीट के मामले में मुकदमा दर्ज

**तरयासुजान।** थाना क्षेत्र के बाकखास गांव के एक महिला ने पुरानी रंजिश को लेकर मारने पीटने व जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाते हुए तरयासुजान पुलिस को तहरीर दी है। पुलिस ने एक व्यक्ति के खिलाफ केस दर्ज किया है। बाकखास निवासी भागमनी देवी पत्नी राजू साहनी ने तहरीर में बताया है कि पुरानी रंजिश को लेकर गांव के अरविन्द ने दरवाजे पर आकर गालियां दीं। ऐसा करने से मना किया तो टाट तोड़ दिए तथा लाठी डंडे से मार पीटकर घायल कर दिया और जाते समय जान से मरने की धमकी भी दी।

# निगम के उपाध्यक्ष ने जाना घायलों का हाल

**पडरौना, निज संवाददाता।** पडरौना के छावनी में चार दिन पूर्व दुर्गा प्रतिमा पर पथराव से बवाल हुआ था। इसमें दुर्गा प्रतिमा क्षतिग्रस्त होने के साथ दस युवा घायल हो गये थे। इस मामले में पुलिस 33 लोगों को जेल भेज चुकी है। बीज विकास निगम के उपाध्यक्ष राजेश्वर सिंह ने शुक्रवार को गणेशीपट्टी गांव में पहुंच घायल युवकों का हाल जाना तथा ग्रामीणों के साथ जमीन पर बैठ कर प्रसाद ग्रहण किया।



गणेशीपट्टी में पहुंच पथराव में घायल युवकों को देखते बीज विकास निगम के उपाध्यक्ष।

गणेशीपट्टी की दुर्गा प्रतिमा क्षतिग्रस्त होने के मामले में पुलिस ने तत्काल दोषियों पर कार्रवाई करने तथा दूसरी प्रतिमा को गांव के पंडाल में स्थापित कराया है। इस मामले में पुलिस उपद्रवियों के खिलाफ लगातार कार्रवाई कर रही है। एक दिन पूर्व सांसद विजय कुमार दुबे गांव में पहुंचकर ग्रामीणों का हाल जाना। दूसरे दिन गणेशी पट्टी पहुंचे बीज विकास निगम के उपाध्यक्ष राजेश्वर सिंह ने पथराव में घायल युवाओं से मुलाकात की तथा पुलिस अधीक्षक संतोष मिश्र से वार्ता कर दोषियों पर कठोर कार्रवाई की मांग की। उन्होंने ग्रामीणों को हमेशा उनके साथ रहने का भरोसा दिया।

इसके बाद उन्होंने ग्रामीणों के साथ जमीन पर बैठ कर प्रसाद ग्रहण किया। इस दौरान थानाध्यक्ष रविंद्र नगर विनय मिश्रा, भाजपा नेता व मनोनीत सभासद नीरज सिंह बिट्टू, धनंजय राव, अरुण राय, सनत पांडेय, विनोद सिंह, मनीष चौहान, रवि चौहान, राजेश्वर गुप्ता आदि ग्रामीण उपस्थित रहे।

# बालू लदी ट्रैक्टर-ट्रॉली को किया सीज

**सोहसा मठिया।** खनन अधिकारी अभिषेक कुमार सिंह ने रामकोला थाना क्षेत्र के गांव लक्ष्मीपुर बड़हर के जगरनाथपुर के पास बंधे पर एक अवैध बालू लदी टैक्टर-ट्राली को छापेमारी कर पकड़ा और उसे रामकोला थाने में सीज कर दिया। खनन अधिकारी अभिषेक कुमार सिंह ने बताया कि छोटी गंडक नदी में अवैध बालू खनन शिकायत मिल रही थी। इस क्रम में छापेमारी के दौरान अवैध बालू लदी ट्रैक्टर-ट्राली पकड़ी गई है, जिसे रामकोला थाने में सीज कर दिया गया और अवैध खनन के खिलाफ लगातार छापामारी जारी रहेगी।

# ड्रोन कैमरे से निगरानी, भ्रमण किए अधिकारी

## एएसपी ने संवेदनशील स्थलों का जायजा लेकर मातहतों को दिए आवश्यक निर्देश



कसया में ड्रोन कैमरा से निगरानी ● सौ.पुलिस मीडिया सेल

जागरण संवाददाता,पडरौना: नवरात्र के नौवें दिन शुक्रवार जुमे की नमाज होने के कारण मस्जिदों पर सुरक्षा व्यवस्था चौकस रही। इस दौरान नगर, कसया, तमकुहीराज, हाटा, कप्तानगंज, खड्डा में ड्रोन कैमरे से निगरानी हुई तो एएसपी रितेश कुमार सिंह ने संवेदनशील स्थलों पर भ्रमण कर मातहतों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

इस दौरान सेक्टर जोनल व सुपर जोनल मजिस्ट्रेट क्षेत्रों में भ्रमण करते रहे। सबकुछ शांतिपूर्ण तरीके से होने के बाद अधिकारियों ने राहत की सांस ली।

सुरक्षा को लेकर अलर्ट रहा पुलिस-प्रशासन:शाम को संबंधित अधिकारियों ने दुर्गा पंडाल में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी। सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पुलिस-प्रशासन अलर्ट रहा। अधिकारी मातहतों संग दुर्गा पंडालों में पहुंच सुरक्षा का अहसास कराया। आयोजक व पंडाल के आसपास मौजूद श्रद्धालुओं से सुरक्षा व्यवस्था के संदर्भ में जानकारी ली।

# प्रतिमा विसर्जन के लिए चिह्नित किया स्थान

## नारायणी नदी को प्रदूषण से बचाने को ध्यान में रख किनारे खोदवाया जा रहा गड्ढा



खड्डा में प्रतिमा विसर्जन के लिए चिन्हित स्थान पर गडढे की खोदाई करवाते एसडीएम आशुतोष यादव दाएं से दूसरे ● जागरण

जासं, खड्डा: दुर्गा पूजा के बाद प्रतिमाओं के विसर्जन के लिए प्रशासन की ओर से जगह चिह्नित कर लिया गया है। नारायणी नदी को प्रदूषण से बचाने को ध्यान में रखते हुए किनारे बड़ा सा गड्ढा खोदवाया जा रहा है। उसी में प्रतिमाओं को विसर्जित कराया जाएगा।

प्रभारी एसडीएम आशुतोष यादव व तहसीलदार महेश कुमार समेत अन्य अधिकारियों ने गुरुवार की शाम पनियहवा पुल के समीप नारायणी नदी के किनारे स्थान चिह्नित कर गड्ढा खोदवाया।

अधिकारियों ने बताया कि नदी को स्वच्छ व अविरल बनाने के लिए शासन के निर्देश पर यह निर्णय लिया गया है। प्रतिमाओं को नदी में प्रवाहित नहीं किया जाएगा, इससे नारायणी की पवित्रता बनी रहेगी। खड्डा तहसील क्षेत्र में तीन दिवसीय मेला की शुरुआत हो चुकी है।

समापन के बाद प्रतिमाओं का विसर्जन होगा। प्रभारी निरीक्षक अनिल सिंह समेत राजस्व विभाग के कर्मचारी मौजूद रहे।

## विसर्जन की व्यवस्था में जुटा नपा प्रशासन



खिरकिया घाट पर सफाई कार्य का निरीक्षण करते नपाध्यक्ष विनय जायसवाल ● जागरण

पडरौना: नगर की पूर्वी सीमा पर स्थित झरही नदी के खिरकिया घाट पर मां दुर्गा प्रतिमाओं के विसर्जन की व्यवस्था में नगरपालिका प्रशासन जुटा हुआ है। नपाध्यक्ष विनय जायसवाल के निर्देश पर कर्मचारी सफाई, प्रकाश, पेयजल, प्राथमिक चिकित्सा व्यवस्था सुदृढ़ करने में जुटे हैं।

घाट पर सुविधाएं उपलब्ध कराने की तैयारी शुक्रवार की देर शाम तक चलती रही। सुरक्षा व्यवस्था के लिए नपाध्यक्ष ने प्रशासनिक अधिकारियों से भी बातचीत की। उन्होंने बताया कि दो दशकों से अपनी देखरेख में प्रतिमाओं का विसर्जन कराते हैं। वर्षा के दौरान हर साल घाट की मिट्टी कट जाती है और गड्ढे बन जाते हैं। नेपाल व बिहार की उफनाई नदियों के प्रभाव से झरही नदी में पर्याप्त पानी रहता है।

जलीय क्षेत्र होने के कारण भूमि को समतल करना आवश्यक होता है। नगरपालिका की ओर से कई दिनों से विसर्जन स्थल पर मिट्टी व राबिश की भराई का कार्य कराया जा रहा है। नाव व गोताखोरों के अलावा मेडिकल किट व एंबुलेंस की व्यवस्था भी की गई है।

# सात बोरी पटाखों के साथ पकड़ा गया धंधेबाज

जासं, पडरौना: जंगल विशुनपुरा के धंधेबाज को शुक्रवार की देर शाम पडरौना कोतवाली पुलिस ने अवैध ढंग से खरीद कर रखे गए पटाखों के जखीरे के साथ पकड़ा। वह इसको दीपावली पर अधिक मुनाफे पर बेचने की तैयारी में था। पुलिस को सूचना मिली कि जंगल विशुनपुरा का अनिल केसरी पटाखों को खरीदकर अवैध ढंग से रखा है और दीपावली पर बेचने की उसकी योजना है। पुलिस टीम ने उसके घर छापामारी की तो सात बोरी व 15 कार्टून हस्त निर्मित तैयार पटाखे, 80 कार्टून फैक्ट्री मेड पटाखे, फूलझड़ियां आदि बरामद हुए। कोतवाल आशुतोष सिंह ने बताया कि धंधेबाज से यह पूछताछ की जा रही है कि उसने पटाखों की खरीदारी कहां से की है। दीपावली में इसको कहां-कहां बेचने की उसकी तैयारी थी।



नेबुआ नौरंगिया थाना परिसर में बरामद पटाखा व पकड़े गए आरोपितों के साथ पुलिस टीम ● जागरण

# अवैध पटाखा फैक्ट्री के संचालक समेत दो गिरफ्तार

जागरण संवाददाता, नेबुआ नौरंगिया: क्षेत्र के खानू छपरा गांव में एक कमरे में पटाखा बनाने की अवैध फैक्ट्री चल रही थी। शुक्रवार को पुलिस टीम ने छापामारी की तो धंधेबाज पटाखा बनाने में जुटे थे। इनके पास से तीन बोरी तैयार व घ बोरी अर्ध निर्मित कागज के पटाखा बरामद हुए। अवैध फैक्ट्री का संचालक व उसका सहयोगी भी मौके से पकड़ा गया। ये अधिक मात्रा में पटाखा तैयार कर बाजार में बेचने की तैयारी कर रहे थे। नेबुआ नौरंगिया थाना पुलिस को इसकी भनक लग गई तो यह कार्रवाई की गई।

दीपावली को लेकर पुलिस अवैध पटाखा निर्माण व बिक्री के विरुद्ध अभियान चला रही है।इसी बीच सूचना मिली कि नेबुआ नौरंगिया नौरंगिया थाना के खानू छपरा गांव में एक निर्जन स्थान पर स्थित मकान में अवैध पटाखा बनाने की फैक्ट्री चल रही है। इस आधार पर जब पुलिस टीम ने छापामारी की तो वहां अवैध रूप से पटाखा बनाया जा रहा था। संचालक सहित दो लोगों को गिरफ्तार कर लिया गया। मौके से अवैध तीन बोरी हस्तनिर्मित तैयार कागज के पटाखे, एक बोरी अर्ध हस्तनिर्मित कागज के पटाखे व कुछ अन्य सामग्री बरामद हुईं। पुलिस ने कागजात मांगा तो पता चला कि पटाखा बनाने का ाइसेंस 31 मार्च 2024 को ही समाप्त हो गया है, बावजूद इसके अवैध रूप बेचने के लिए पटाखा बनाया जा रहा था। इसी गांव के रहने वाले अवैध फैक्ट्री के संचालक संचालक इशुदीन व उसके सहयोगी भोला के विरुद्ध पुलिस पूछताछ कर रही है। टीम में प्रभारी निरीक्षक हर्षवर्धन सिंह, दारोगा आशुतोष जायसवाल, पंकज यादव, हेड कांस्टेबल विरेंद्र, अमित सिंह शामिल रहे।

# महिला सुरक्षा को लेकर पुलिस दिन-रात सक्रिय

जासं, पडरौनाः मिशन शक्ति के तहत आरडीएस पब्लिक स्कूल बलुचहां में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन हुआ। इसमें सदर कोतवाली पुलिस की ओर से छात्राओं को जागरूक किया गया। वक्ताओं ने बालिकाओं को संबोधित करते हुए कहा कि महिला सुरक्षा को लेकर पुलिस दिन-रात सजग है। अभियान के तहत स्कूल, कालेज में जागरूकता अभियान चलाकर बालिकाओं को जागरूक किया जा रहा है। स्कूल जाते या लौटते समय अगर कोई व्यक्ति परेशान करे या पीछा करे तो बिना संकोच 112 नंबर पर सूचना दें। सूचना प्राप्त होते ही पुलिस टीम सक्रिय हो जाती है। आरोपित के विरुद्ध तत्काल मामला दर्ज कर कार्रवाई सुनश्चित की जाती है। इसमें शिकायत करने वाले की पहचान गोपनीय रखी जाती है।

# कन्या पूजन कर लिया आशीर्वाद, हवन के साथ नवरात्र व्रत की पूर्णाहुति

जागरण संवाददाता,पडरौनाः शारदीय नवरात्र के नौवें दिन शुक्रवार को सुबह से ही कन्या पूजन और हवन का क्रम चलता रहा। कन्याओं को भोजन व हवन कर लोगों ने व्रत की पूर्णाहुति की। प्रसाद वितरित किया गया। देर शाम तक मंदिरों और शहर से लेकर गांव तक दुर्गा पंडालों में पूजन का क्रम चलता रहा। महिलाओं ने नारियल, चुनरी और श्रृंगार के सामान से मां दुर्गा की गोद भरी। पडरौना नगर के दुर्गा मंदिर और विभिन्न पंडालों में भी श्रद्धालुओं की भीड़ लगी रही। देवी मंदिरों में पूजन के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ लगी रही। महानवमी को मां के सिद्धिदात्री स्वरूप की पूजा कर श्रद्धालुओं ने कल्याण की कामना की। ब्रह्म मुहूर्त से शुरू पूजन-अर्चन का क्रम रात तक चलता रहा। मंदिरों में बजते घंटा-घड़ियाल तथा श्रद्धालुओं के जयकारे से वातावरण देवीमय बना रहा। नगर स्थित बुढ़िया माई मंदिर, खिरकिया स्थित प्रसिद्ध खिरकिया माई दरबार का कपाट साढ़े तीन बजे रात में ही खुल गया। इसी तरह लखराव देवी मंदिर, रामकोला के धर्मसमधा देवी मंदिर, कुस्म्ही माई स्थान, कुलकुला स्थान, मैनपुर देवी मंदिर, सोर्ट माई स्थान, जंगली कोट माई मंदिर, खजुरिया दुर्गा मंदिर रामकोला रोड सुरजनगर, जगरी माई सरपतही खुर्द, बेलवा, पटेरा, अकबपुर आदि जगहों पर पूजन-अर्चन के लिए श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। मंदिरों में पहुंचे श्रद्धालुओं ने नारियल, चुनरी, फल आदि चढ़ा कर मन्नत मांगी। प्राचीन शक्तिपीठ खनवार देवी



कन्या पूजन करते व्यापार मंडल अध्यक्ष सचिन चौरसिया • सौजन्य

मंदिर में भक्तों का तांता लगा रहा। ब्रह्म बेला से ही श्रद्धालु मां के दर्शन-पूजन को मंदिर में पहुंचने लगे। श्रद्धालुओं ने फूल, लौंग, इलायची, चुनरी, फल, मिष्ठान, नारियल, पुष्पमाला आदि चढ़ाकर विधि-विधानपूर्वक मां की आराधना की। सोरहवां स्थित धरवनिया माई स्थान, प्राचीन शिवशक्ति मंदिर कुबेरधाम, जल्पा माई, अमवां बुजुर्ग, मसान स्थान एवं बसडीला पडिय स्थित मंदिर में भी श्रद्धालु पूजन-अर्चन करते दिखे। सूरजनगर संवाददाता के अनुसार रामकोला रोड के किनारे स्थित दुर्गा मंदिर, काली मंदिर फरेंदर



पडरौना नगर के गायत्री मंदिर में हवन करते श्रद्धालु • जागरण

- सुबह से ही पूजन की तैयारी में जुटे रहे श्रद्धालु, महिलाओं ने भरी मां की गोद
- विभिन्न जगहों पर कलाकारों ने सजाई झांकियां, देवी मंदिरों में श्रद्धालुओं ने किया पूजन-अर्चन

छपरा, शीतला देवी मंदिर, दुर्गा मंदिर भुजौली समेत अन्य मंदिरों व पंडालों में लोगों ने पूजा की।

**कुछ व्रतियों ने किया परायण, कुछ शनिवार को करेंगे:** कसया: नवरात्र के अंतिम दिन देवी भगवती के नौवें रूप सिद्धिदात्री की पूजा अर्चना की गई। नौ दिन तक व्रत करने वाले श्रद्धालुओं ने हवन के बाद कन्याओं को भोजन कराया। उन्हें उपहार और दक्षिणा भी दिया। कुछ स्थानों पर व्रतियों ने पारायण किया, जबकि बहुत से व्रतधारी दशमी को यानी शनिवार को पारण करेंगे। पूजा पंडालों में भी दिन भर हवन का कार्यक्रम चलता रहा।

### वैष्णव संप्रदाय से जुड़ा है स्थान

कुलकुला माता के स्थान पर दो पिंडी है। एक पिंडी का संबंध वैष्णव संप्रदाय से बताया जाता है। किंवदंती के अनुसार अज्ञातवास के दौरान पांडवों को श्रीकृष्ण ने इस देवी स्थान के बारे में बताया था। वह कुछ दिन यहां बिताए भी थे। यहां पूजा आराधना की तो माता ने उन्हें शक्ति प्रदान किया था। कहते हैं कि पांडवों ने ही एक पिंडी स्थापित की थी।

जगह-जगह महिलाओं ने देवी को प्रसन्न करने के लिए पचरा गाया। कुछ लोगों ने खुद दुर्गा सप्तशती का पाठ पूर्ण किया तो कुछ ने आचार्यों से पूरा कराते हुए हवन भी कराया। व्रतधारी खासकर महिलाओं ने विभिन्न मंदिरों में आयोजित सामूहिक हवन कार्यक्रम में भाग लिया। नगर के गांधी चौक, दुर्गा मंदिर में श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा और काफी संख्या में श्रद्धालुओं ने हवन किया। इसी तरह मैनपुर कोट देवी मंदिर, कुलकुला देवी स्थान, रामाभार स्थित भवानी माई, सतुगढ़ही देवी स्थान पर भी शाम तक दर्शन पूजन और हवन का कार्यक्रम चलता रहा।

**पंडालों में पूजन-अर्चन के लिए उमड़ रहे श्रद्धालु:** सेवरही : तहसील क्षेत्र के अलग-अलग स्थानों पर नवरात्र के अवसर पर दुर्गा पर पंडाल सजे हैं। शारदीय नवरात्र के सप्तमी के दिन बुधवार की रात से ही पूजा पंडालों में पूजन-अर्चन के लिए श्रद्धालु की भीड़ उमड़ रही है। पंडाल दिन ढलते ही रोशनी से जगमग हो जा रहे हैं। पुलिस व प्रशासनिक उच्चाधिकारी पूजा पंडालों का भ्रमण करते हुए पल-पल की स्थिति का जायजा भी लेते रहे। श्रद्धालुओं के पंडालों में पहुंचने का सिलसिला चलता रहा।



पडरौना नगर के हिल्मी लैंड प्ले स्कूल में नवरात्र के अवसर पर आयोजन में मां दुर्गा, मां सरस्वती, मां लक्ष्मी, भगवान गणेश, भगवान कार्तिकेय बने बच्चे • जागरण



पडरौना नगर के साहबगंज उत्तरी स्थित दुर्गा पंडाल में हवन करते आयोजक • जागरण



कसया में निरीक्षण करते दाएं से दूसरे डीएम विशाल भारद्वाज,एसपी संतोष कुमार मिश्रा। सौ. पुलिस मीडिया सेल

महिला-पुरुष से लेकर बच्चों तक ने पंडालों में पहुंचकर न सिर्फ आकर्षक ढंग से सजे पंडालों व प्रतिमाओं का अवलोकन व पूजन अर्चन किया।

# खनन अधिकारी ने सीज की अवैध बालू लदा ट्रैक्टर ट्राली

रगड़गंज : बड़हरा लक्ष्मीपुर से बहने वाली छोटी गंडक नदी से बालू की अवैध खनन की शिकायत मिलने पर खनन अधिकारी अभिषेक सिंह ने ट्रैक्टर ट्राली को रामकोला थाना को सौंप कर ट्रैक्टर ट्राली को सीज कर दिया।

# अर्द्धनग्न कर पिटाई के मामले में चार के विरुद्ध मुकदमा

जागरण संवाददाता, नेवुआ नौरंगिया: थाने के एक गांव में रास्ते के विवाद को लेकर एक महिला को कुछ लोगों द्वारा अर्द्धनग्न कर पिटाई कर दिया गया। इस मामले में पुलिस ने पीड़िता की तहरीर पर चार लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है। रास्ते की भूमि में भैंस बांधकर अवरुद्ध करने के लेकर बीते तीन अक्टूबर को महिला द्वारा विरोध करने पर अर्द्धनग्न कर पिटाई कर दी थी, जिससे वह घायल हो गई थी। तहरीर के आधार पर पुलिस ने भगन ,संजय, राजन, रामयदि के विरुद्ध विभिन्न धाराओं मुकदमा दर्ज किया है। प्रभारी निरीक्षक हर्षवर्धन सिंह ने कहा कि मुकदमा दर्ज कर पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# पटाखे की अवैध फैक्टरी पकड़ी गई, पुलिस ने दो को भेजा जेल

## मौके से बारूद समेत डेढ़ क्विंटल सामग्री बरामद, लाइसेंस का नहीं कराया गया था नवीनीकरण

संवाद न्यूज एजेंसी

**नेबुआ नौरंगिया।** खानू छपरा गांव के सरेह में चल रही अवैध पटाखा फैक्टरी का शुक्रवार को पुलिस ने भंडाफोड़ कर संचालक समेत दो लोगों को गिरफ्तार कर लिया। मौके से 150 किलो से अधिक पटाखा बनाने की सामग्री बरामद हुई। पुलिस की इस कार्रवाई से पटाखा के धंधेबाजों में खलबली मची है।

अवैध पटाखा बनाने और डंप करने का खेल चल रहा है। पुलिस की सक्रियता के बावजूद पटाखे के धंधेबाज अपनी आदत से बाज नहीं आ रहे हैं। शुक्रवार को दोपहर में नेबुआ नौरंगिया के इंस्पेक्टर हर्षवर्धन सिंह टीम के साथ पंडालों में भ्रमण कर रहे थे। सूचना मिली कि खानू छपरा गांव के सरेह में एक मकान के अंदर पटाखा फैक्टरी चल रही है। पुलिस टीम ने सरेह के मकान में छापा मारा। मकान के अंदर पटाखा बनाने का काम चल रहा था।



नेबुआ नौरंगिया थाने में पकड़े गए अवैध पटाखा कारोबारी। स्रोत-पुलिस

पुलिस ने मौके से दो पटाखा बनाने वाले धंधेबाजों को गिरफ्तार कर लिया। इनका लाइसेंस था, लेकिन 31 मार्च 2024 को ही समाप्त हो गया था अवैध तरीके से कारोबार संचालित हो रहा था।पुलिस ने मौके से पटाखे और पटाखा बनाने की करीब डेढ़ क्विंटल बारूद समेत विभिन्न सामग्री जब्त कर ली। खानू छपरा निवासी अवैध पटाखा फैक्टरी संचालक इशुदिन व भोला को गिरफ्तार कर लिया। सीओ उमेश चंद भट्ट ने बताया कि आरोपियों को कोर्ट में पेश किया गया, जहां से जेल भेज दिया गया।

### सात बोरी और 15 कॉर्टून अवैध पटाखे के साथ एक गिरफ्तार

**पडरौना।** कोतवाली पुलिस ने सात बोरी और 15 कॉर्टून अवैध पटाखे के साथ एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। पुलिस विस्फोटक अधिनियम समेत गं धाराओं में केस दर्ज कर आवश्यक कार्रवाई में जुटी है। इंस्पेक्टर आशुतोष कुमार सिंह ने बताया कि कोतवाली पुलिस को सूचना मिली थी कि एक व्यक्ति अवैध पटाखों को त्योहारों में खपाने वाला है। सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने एक व्यक्ति को गिरफ्तार कर लिया। उसकी पहचान अनिल केसरी निवासी जंगल विशुनपुरा कोतवाली पडरौना के रूप में हुई। उसके पास से अवैध रूप से रखे गए सात बोरी, 15 कॉर्टून हस्त निर्मित पटाखे, 80 कॉर्टून फैक्टरी मेड पटाखे और फुलझड़ियां बरामद की गईं। इस मामले में आरोपी के खिलाफ विस्फोटक अधिनियम आदि की धाराओं में केस दर्ज किया गया है। पूछताछ के दौरान आरोपी ने बताया कि पर्व में वह हस्तनिर्मित व फैक्ट्री मेड पटाखों को खपाने की तैयारी में था। संवाद

# मारपीट के मामले में चार पर केस दर्ज

**नेबुआ नौरंगिया।** जंगल जगदीशपुर के मदरहवा टोला की महिला ने पुलिस को तहरीर दी। उन्होंने रास्ते के विवाद को लेकर कुछ लोगों पर मारपीट करने का आरोप लगाया था। पुलिस ने तहरीर के आधार पर चार लोगों के खिलाफ केस दर्ज कर जांच में जुटी है। महिला ने पुलिस को बताया कि गांव के एक व्यक्ति रास्ते की जमीन पर पशुओं को बांध रहे थे। विरोध करने पर आरोपी परिवार के अन्य सदस्यों के साथ मिलकर उनके साथ मारपीट की। प्रभारी निरीक्षक हर्षवर्धन सिंह ने बताया कि तहरीर के आधार पर चार लोगों पर केस दर्ज किया गया है। जांच की जा रही है। संवाद

# छेड़खानी व पॉक्सो एक्ट का वांछित गिरफ्तार

पडरौना। कुबेरस्थान थाने की पुलिस ने छेड़खानी व पॉक्सो एक्ट में वांछित चल रहे अभियुक्त विशाल कुमार निवासी लक्ष्मीपुर थाना कुबेरस्थान को गिरफ्तार किया है। इस मामले में पुलिस आवश्यक कार्रवाई में जुटी है। गिरफ्तार करने वाली टीम में एसएचओ अजय कुमार मौर्य, एसआई रामप्रवेश सिंह, कांस्टेबल रमाकांत, रोहित सरोज, संतोष कुमार यादव व अविनाश यादव शामिल रहे। संवाद

## दुष्कर्म के मामले का वांछित गिरफ्तार

पडरौना। रामकोला थाने की पुलिस ने दुष्कर्म के मामले में वांछित चल रहे अभियुक्त अमित गोंड निवासी मोरवन थाना रामकोला को गिरफ्तार किया है। इस मामले में पुलिस आवश्यक कार्रवाई में जुटी है टीम में एसएचओ आनन्द कुमार गुप्ता, एसआई अभिषेक यादव, हेड कांस्टेबल अमला सिंह, कांस्टेबल मिलिन्द कुमार शामिल रहे। संवाद

# पडरौना और कसया में 16 तक रहेगा रूट डायवर्जन

## जटहां तिराहा से शहर के तिलक चौक की तरफ नहीं जा पाएगा कोई चार पहिया वाहन

संवाद न्यूज एजेंसी

**पडरौना।** पडरौना और कसया में 16 अक्तूबर तक रूट डायवर्ट किया गया है। सभी वाहन तय रूट से ही आवागमन करेंगे। बिहार, बांसी, खिरकिया व जटहां की तरफ से आने वाले बड़े/कार्मशियल वाहन खिरकिया से अंदर शहर की तरफ प्रतिबंधित रहेगा।

### नो एंट्री जोन में सुबह आठ से रात 10 बजे तक नहीं जाएंगे भारी वाहन

टीआई सत्य सन्याल शर्मा ने बताया कि बिहार, बांसी, खिरकिया की तरफ से आने वाले चार पहिया वाहन अंबे चौक, बेलवा चुंगी, रेलवे स्टेशन मोड, स्टेशन बाईपास, कठकुईयां मोड से छावनी होते हुए गंतव्य को जाएंगे। कसया से आने वाले चार पहिया व व्यावसायिक वाहन बड़ी नहर से होकर जाएंगे। जटहां तिराहा से कोई भी भारी या चार पहिया वाहन तिलक चौक की तरफ नहीं जाएगा। रामकोला कप्तानगंज की तरफ से बांसी (बिहार) की तरफ जाने वाले वाहन बलुचहां मोड़, बडी नहर होते हुए खिरिया टोला पुल, स्टेशन बाईपास, बेलवा चुंगी, अम्बे चौक से होकर जाएंगे।

पडरौना से कसया की तरफ जाने वाले चार पहिया/अन्य व्यावसायिक वाहन बैरिया कांटा से गोपालढ़ बाईपास होते हुए अपने गन्तव्य को जाएंगे। इसी तरह कसया में देवरिया से पडरौना की तरफ आने वाले चार पहिया/अन्य व्यावसायिक वाहन ओवरब्रिज कसया से गोपलगढ, बैरिया कांटा होते हुए अपने गन्तव्य को जाएंगे। गोरखपुर से पडरौना आने वाले भारी/चार पहिया वाहन हाईवे बाईपास, गोपलगढ़ से बैरिया कांटा होते हुए जाएंगे।

# कड़ी सुरक्षा के बीच होगा विसर्जन चप्पे-चप्पे पर तैनात रहेगी पुलिस

## दुर्गा प्रतिमा पर पथराव के बाद से ही सतर्कता बरत रही पुलिस, विसर्जन स्थलों पर विशेष इंतजाम

संवाद न्यूज एजेंसी

**पडरौना।** पडरौना में दुर्गा प्रतिमा पर पथराव के बाद कुशीनगर पुलिस सतर्कता बरत रही है। कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच आज से शहर समेत ग्रामीण क्षेत्र की दुर्गा प्रतिमाओं का विसर्जन होगा। चप्पे-चप्पे पर पुलिस के जवान तैनात किए गए हैं। प्रत्येक प्रतिमा के साथ एक एसआई और दो कांस्टेबल चलेंगे। रास्ते में भी पुलिस व पीएसी की तैनाती की गई है। विसर्जन स्थलों पर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं।

प्रकाश आदि की व्यवस्थाएं भी शुक्रवार को चुस्त-दुरुस्त कर ली गईं। शहर से सटे खिरकिया घाट पर प्रतिमाओं के होने वाले विसर्जन को लेकर साफ-सफाई की जा चुकी है। नगरपालिका की ओर से प्रकाश व घाट तक जाने वाले रास्ते को बेहतर कर दिया गया है। इसके अलावा जिले के अन्य घाटों पर भी सुरक्षा के विशेष इंतजाम किए जा चुके हैं। नदी, झरही और पोखरों में विसर्जन किए जाने के दौरान गोताखोर भी लगाए गए हैं।

सोमवार को पडरौना के छावनी में हुए दुर्गा प्रतिमा पर पथराव के बाद पुलिस फूंक-फूंक कर कदम रख रही है। छोटी-छोटी सूचनाओं को भी पुलिस गंभीरता से ले रही है ताकि कहीं से कोई चूक न हो। कुछ जगहों की देवी प्रतिमाओं का शनिवार से ही विसर्जन किया जाएगा। इसको लेकर पुलिस सतर्कता बरत रही है। हाटा क्षेत्र के हेतिमपुर, खड्डा के पनियहवा घाट, कप्तानगंज के साहबगंज छोटी गंडक नदी के तट पर, सेवरही के बांसी नदी के शिवाघाट, यूपी-बिहार बॉर्डर पर बांसी और पडरौना के खिरकिया घाट पर प्रतिमाओं का विसर्जन किया जाएगा।

विसर्जन स्थलों पर प्रशासन की ओर से प्रकाश आदि की व्यवस्था की गई है ताकि देर रात तक होने वाले विसर्जन में किसी तरह की दिक्कत आयोजकों को न उठानी पड़े। घाट तक जाने वाले रास्तों को भी ठीक कर लिया गया है। पुलिस की ओर से आयोजकों से बातचीत कर एक-एक गतिविधियों की जानकारी देने को कहा गया है। आयोजकों को बताया गया है कि किसी भी नई परंपरा के अनुसार प्रतिमाओं को विसर्जन के लिए नहीं ले जाया जाएगा। जिस रास्ते प्रतिमाएं विसर्जन को जातीं हैं, उसी रास्ते का प्रयोग किया जाएगा। जुलूस में धार्मिक गीत के अलावा अन्य कोई भी गीत नहीं बजाए जाएंगे और कोई भी व्यक्ति शराब आदि के नशे का सेवन नहीं करेगा।



ड्रोन कैमरे से छावनी मोहल्ले में पुलिस ने की निगरानी। स्रोत - पुलिस

### नपा अध्यक्ष ने खिरकिया घाट का किया निरीक्षण

पडरौना नगरपालिका अध्यक्ष विनय जायसवाल ने दुर्गा प्रतिमाओं के विसर्जन को लेकर खिरकिया घाट का निरीक्षण किया। अध्यक्ष ने बताया कि दो दिनों तक वृहद साफ-सफाई अभियान चलाकर घाट को स्वच्छ व सुंदर बनाया गया है। रास्ते पर भी मिट्टी की भराई कराई गई है। प्रकाश का भी इंतजाम किया गया है। नगरपालिका की ओर से दुर्गा प्रतिमाओं को लेकर आने वाले लोगों के लिए जलपान आदि की व्यवस्था की गई है। शनिवार से प्रतिमाओं का विसर्जन शुरू हो जाएगा, जो सोमवार तक चलेगा। इस दौरान ईओ मंथन सिंह, सभासद प्रतिनिधि अनिल जायसवाल, आलोक विश्वकर्मा, मंथन सिंह, अभय मारोदिया, ब्रजेश शर्मा आदि मौजूद रहे।

### छावनी में ड्रोन कैमरे से पुलिस ने की निगरानी

शुक्रवार को छावनी मोहल्ले में ड्रोन कैमरे से पुलिस ने निगरानी की। त्योहार को शांतिपूर्वक संपन्न कराने के लिए कोतवाली पुलिस लगातार गश्त भी कर रही है। इंस्पेक्टर आशुतोष कुमार सिंह ने बताया कि त्योहारों के मद्देनजर कोतवाली पुलिस लगातार गश्त कर लोगों से शांति व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग की अपील कर रही है। दुर्गा पूजा के दौरान शांति का माहौल है। किसी को भी कानून व्यवस्था के साथ खिलवाड़ करने नहीं दिया जाएगा। अराजक तत्वों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# बालू लदी ट्रैक्टर-ट्रॉली सीज

**मथौली।** रामकोला थाना क्षेत्र के बड़हरा लक्ष्मीपुर से निकली छोटी गंडक नदी घाट पर खनन अधिकारी ने बृहस्पतिवार देर रात छापा मारा। बिना वैध कागजात के बालू लदी ट्रैक्टर-ट्रॉली को सीज कर दिया।

खनन अधिकारी अभिषेक सिंह ने ने बताया कि इस घाट के आसपास बाल खानन की शिकायत मिल रही थी। इसको गंभीरता से लेते हुए कार्रवाई की गई। छापा मारी के दौरान एक ट्रैक्टर-ट्राली पर बालू लोड किया जा रहा था। ट्रैक्टर चालक से बालू खनन के संबंध में वैध कागजात मांगा, लेकिन वे दिखा नहीं सके। संवाद

# काली कमाई के लेन-देन में बढ़ी दूरी...वांछित बन गया सभासद

## कप्तानगंज कस्बे के एक दलबदलू नेता का करीबी है जुआ और सूदखोरी के मामले का वांछित सभासद संजय पटेल, कार्रवाई के बाद चर्चा आम

संवाद न्यूज एजेंसी

पडरौना। कप्तानगंज कस्बे का दलबदलू नेता करीब एक दशक से जुआ, सूदखोर और विवादित जमीन खरीदकर बेचने का धंधा कर रहा है। इस धंधे में पुलिस रिकार्ड में वांटेड बना सभासद संजय पटेल भी शामिल था।

इसकी बदौलत दोनों एक-दूसरे के करीबी थे और इनके सामने बोलने से लोग परहेज करते थे। दलबदलू नेता की स्थानीय पुलिस और तहसील प्रशासन में मजबूत पकड़ थी। इसी के दम पर सभासद जुआ, सूदखोरी और जमीन की खरीद-फरोख्त करता था। इसके संपर्क में इलाके सैकड़ों युवा हैं, जो इनके काले कारनामे में सहयोगी हैं।

चर्चा है कि दोनों के बीच जुआ के धंधे से होने वाली काली कमाई में हिस्सेदारी को लेकर दूरी बन गई, तब से दलबदलू नेता सभासद के पीछे पड़ गया है। फरार सभासद के गिरेबां तक पुलिस का हाथ नहीं पहुंच सका है।

जिले के सर्वाधिक जमीन आज भी कप्तानगंज तहसील क्षेत्र में है। जमीन के धंधेबाज अभिलेखों में हेराफेरी कर जमीनों पर अवैध कब्जे का खूब खेल किए हैं।

चीनी मिल के एक कर्मचारी




11 अक्तूबर को प्रकाशित खबर।

का बेटा दशकों से कप्तानगंज कस्बे में मकान बनवाकर रहता है और विवादित जमीन की खरीद-बिक्री के अलावा सूदखोरी, जुआ के धंधे में शामिल लोगों को प्रश्रय देता है। पुलिस तक मामला पहुंचने पर मैनेज भी कराता है। इसके इशारे में राजनीति से नाता रखने वाले लोग भी मदद के लिए अफसरों को फोन करते हैं। जुआ, सूदखोरी के धंधे में लिप्त सभासद संजय पटेल इसका करीबी है।

### थानाध्यक्ष का साथ मिलने के बाद बढ़ गई हैसियत

सूत्रों ने बताया कि कप्तानगंज कस्बे के दलबदलू नेता ने सपा सरकार में कप्तानगंज थानाध्यक्ष की शह पर विवादित जमीन खरीदने-बेचने में मोटी रकम लगाई थी। पुलिस के बल पर औने-पौने दाम पर जमीन लेकर उसे करोड़ों रुपये में बेचा था। इसके बाद इसकी हैसियत बढ़ गई। इसके गैंग में इलाके के युवा भी शामिल हैं। पुलिस अगर निष्पक्ष तरीके से इसकी जांच करे तो कप्तानगंज में बड़े गिरोह का पर्दाफाश हो सकता है।

सूत्रों ने बताया कि दलबदलू नेता से कुछ माह पहले आरोपी सभासद से काली कमाई में हिस्सेदारी को लेकर मनमुटाव हो गया। जुआरियों पर कार्रवाई के बाद दोनों की करतूतों की चर्चा कप्तानगंज कस्बे में जोरों पर हैं।

दोनों की संपत्तियों की जांच करा दी जाए तो सच्चाई सामने आ जाएगी। सभासद के पैरवी में गोरखपुर जिले का रहने वाला एक व्यक्ति लगा है, जिसका अपराध से गहरा नाता है।

हालांकि पुलिस कप्तानगंज कस्बे में सक्रिय इस गिरोह पर शिकंजा कसने की तैयारी शुरू कर दी है। एसपी संतोष कुमार मिश्र ने बताया कि फरार सभासद पर पहले से कई मुकदमे दर्ज हैं। इसकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस टीम संभावित ठिकानों पर दबिश दे रही है। आरोपी सभासद के संपर्क में रहने वालों की कुंडली भी खंगाली जा रही है।

# पुरानी रंजिश में मारपीट व तोड़फोड़ का आरोप, केस

तरयासुजान। थाना क्षेत्र के बाकखास की भागमनी देवी ने पुलिस को तहरीर दी है। बताया है कि पुरानी रंजिश में गांव के ही अरविंद अकारण दरवाजे पर आकर अमर्यादित शब्दों का प्रयोग करने लगे। विरोध करने पर उनकी झोपड़ी तोड़कर गिरा दी और लाठी-डंडा से मारपीट कर घायल कर दिया। महिला ने यह भी आरोप लगाया है कि आरोपी ने जाते समय उसे जान से मारने की भी धमकी दी। इस संबंध में इंस्पेक्टर राजप्रकाश सिंह ने बताया कि आरोपी अरविंद के खिलाफ केस दर्ज कर आवश्यक कार्रवाई की जा रही है। संवाद

# MAHARAJ GANJ POLICE

उत्तर प्रदेश पुलिस

# सराहनीय कार्य दिनांक:-12-10-2024

# नाबालिग लड़की से दुष्कर्म के आरोपी को दस वर्ष सश्रम कारावास की सजा

**महराजगंज, निज संवाददाता।** कोठीभार थाना क्षेत्र की किशोरी के साथ दुष्कर्म व उसका अश्लील वीडियो वायरल करने के आरोप में अपर सत्र न्यायाधीश पाक्सो कोर्ट विनय कुमार सिंह की अदालत ने अभियुक्त अमीन अली उर्फ शक्ति को दोषी करार दिया है। 10 वर्ष के सश्रम कारावास व 53 हजार रुपये अर्थदंड से दंडित किया है।

पत्रावली के अनुसार कोठीभार थाना क्षेत्र के एक गांव में पनियरा क्षेत्र के बभनौली निवासी अमीन अली उर्फ शक्ति अपनी मां के साथ 28 जुलाई-2023 को अपने रिश्तेदार के घर रुक गया। रिश्तेदार की नाबालिग लड़की को झांसे में लेकर बातचीत करने लगा। 18 अगस्त 2023 को आरोपित पीड़िता के घर आया। पीड़िता के साथ दुष्कर्म कर अश्लील वीडियो बना लिया और 11 जनवरी को उसे वायरल कर दिया था। अपर सत्र न्यायाधीश/ विशेष न्यायाधीश पॉक्सो कोर्ट विनय कुमार सिंह ने अभियुक्त अमीन अली उर्फ शक्ति को 10 वर्ष के सश्रम कारावास व 53 हजार रुपये अर्थदंड से दंडित किया है।

# डीएम-एसपी ने किया पैदल मार्च, लिया जायजा

**महराजगंज, वरिष्ठ संवाददाता।** डीएम अनुनय झा व एसपी सोमेन्द्र मीना ने दशहरा पर्व को लेकर श्यामदेउरवा, परतावल व घुघली स्थित दुर्गा पंडालों का निरीक्षण किया। विसर्जन स्थलों पर पहुंचकर सुरक्षा का जायजा लिया। परतावल में दोनों अधिकारियों ने पैदल मार्च कर लोगों को सुरक्षा का अहसास कराया।



डीएम व एसपी ने परतावल में पैदल मार्च का सुरक्षा का अहसास कराया।

डीएम व एसपी ने सबसे पहले श्यामदेउरवा और परतावल स्थित पंडालों का निरीक्षण किया। परतावल में दोनों अधिकारियों ने पैदल मार्च कर आम लोगों को सुरक्षा का भरोसा दिया। इसके बाद जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक ने इंदरपुर, घुघली और शिकारपुर में विभिन्न दुर्गा पंडालों सहित विसर्जन स्थलों को देखा। डीएम ने दशहरा के दृष्टिगत किए गए इंतजामों की जानकारी ली और सुरक्षा व्यवस्था के दृष्टिगत आवश्यक निर्देश दिया। साथ ही ट्रैफिक व्यवस्था को भी सुचारू रखने के लिए जरूरी इंतजाम करने का निर्देश दिया।

साथ ही पर्याप्त संख्या में पुलिस बल तैनात रहें। एसपी ने पुलिस अधिकारियों को जरूरी निर्देश देते हुए ट्रैफिक व्यवस्था को सुचारु रखने और कानून व्यवस्था का अनुपालन सुनिश्चित करने के लिए कहा। कहा कि इसमें किसी भी स्तर पर लापरवाही क्षम्य नहीं होगी।

## प्रतिमा विसर्जन को लेकर एसडीएम ने किया निरीक्षण

**नौतनवा।** नौतनवा तहसील क्षेत्र के चार थानों के अंतर्गत आने वाले कस्बों एवं गांव में लगभ 212 पंडालों में मा दुर्गा प्रतिमा स्थापित की गई है। प्रतिमा विसर्जन को लेकर तहसील क्षेत्र में कुल 31 विसर्जन स्थल बनाए गए हैं। एसडीएम नंद प्रकाश मौर्य एव सीओ जयप्रकाश त्रिपाठी ने नौतनवा कस्बे की प्रतिमाओं के विसर्जन स्थल डंडा नदी का निरीक्षण किया ।

# दो जगहों से चाइनीज लहसुन बरामद किया

कोल्हुई/पुरंदरपुर। पुलिस ने दो जगहों से चाइनीज लहसुन की बरामदगी की है। कोल्हुई के एसआई अंजनी कुमार ने बरगदवा अयोध्या चौराहे पर जांच के दौरान एक बाइक सवार को रोका। पुलिस को देख युवक बाइक पर लदी बोरी को फेंककर भाग निकला। एसओ सत्येन्द्र राय ने बताया कि चाइनीज लहसुन को नौतनवा कस्टम भेजा गया है। वहीं, पुरंदरपुर एसओ, पुरुषोत्तम राव, उपनिरीक्षक भागवत चौधरी, कास्टेबल मनीष कुमार एवं शरद यादव की टीम ने गश्त के दौरान लक्ष्मीपुर में एक पिकअप को पकड़ा। पिकअप पर लदा 18 बोरी चाइनीज लहसुन बरामद किया गया। पुलिस ने चालक दीपक मिश्रा निवासी धोबौली थाना खजनी जिला गोरखपुर को गिरफ्तार कर लहसुन एवं पिकअप सहित नौतनवा कस्टम को सुपुर्द कर दिया।

# महिला से मारपीट मुकदमा दर्ज

**निचलौल।** क्षेत्र के ग्राम शीतलापुर में खेत में घास काटने गई महिला से एक शख्स ने मारपीट कर लिया। इस मामले में पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है।

पुलिस को दी गई तहरीर में ग्राम शीतलापुर निवासिनी महिला ने बताया है कि वह अपने गन्ने के खेत में गन्ना की पत्ती और घास काटने गई थी। घास काटने के बाद चकरोड पर घास रखकर बांध रही थी। इस बीच उसके खेत के बगल खेत वाले एक शख्स ने उसे गाली देते हुए मारना पीटना शुरू कर दिया। इस मामले में पुलिस ने इस गांव के भोलू नामक शख्स के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। एसओ गौरव राव कन्नौजिया ने बताया कि महिला की तहरीर पर एक शख्स के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है।

# दुष्कर्म का आरोपित गिरफ्तार

**बृजमनगंज।** बृजमनगंज पुलिस ने युवती के अपहरण व बलात्कार के आरोपी सूरज भारती को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। इस युवक की पुलिस सरगर्मी से तलाश कर रही थी। एसओ सत्यप्रकाश सिंह ने बताया कि पुलिस को खबर लगी कि आरोपित कहीं भागने की फिराक में है। इसके बाद उसे कोमल चौराहे से गिरफ्तार कर उसका न्यायालय चालान कर दिया गया।

# प्रदर्शन कर रहे सपाइयों को पुलिस ने रोका

**विरोध**

**महराजगंज, वरिष्ठ संवाददाता।** सपा कार्यालय के बाहर सरकार के विरोध में प्रदर्शन करने सड़क पर उतरे कार्यकर्ताओं को पुलिस ने आगे बढ़ने से रोक दिया। लखनऊ के जेपी सेंटर में सपा अध्यक्ष को जाने से रोकने के विरोध में सपाइयों ने सरकार के खिलाफ जोरदार नारेबाजी की। पुलिस ने जब विरोध प्रदर्शन कर रहे सपाइयों को आगे बढ़ने से रोक दिया तो नाराज सपाइयों ने पुलिस के खिलाफ भी जोरदार नारे लगाए। कुछ देर बाद सपाइयों को पुलिस ने वापस कर दिया और तब गहमा-गहमी शांत हुई।



सपा कार्यालय के बाहर प्रदर्शन कर रहे सपाइयों को पुलिस ने आगे बढ़ने से रोक दिया।

सपा कार्यालय पर भारत रत्न जयप्रकाश नारायण की जयंती मनाने सपाई पार्टी कार्यालय पर जुटे थे। लखनऊ में जेपी सेंटर में जाने से सपा अध्यक्ष को रोकने से नाराज कार्यकर्ताओं ने विरोध प्रदर्शन का निर्णय लिया। लेकिन पहले से मुस्तैद पुलिस कर्मियों ने सपाइयों को आगे बढ़ने से रोक दिया।

जिलाध्यक्ष विद्यासागर यादव ने कहा कि सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव को जेपी सेंटर में जाकर स्व. जयप्रकाश नारायण की प्रतिमा पर माल्यार्पण करना था। लेकिन पुलिस ने बैरिकेडिंग कर उन्हें रोक दिया। इस दौरान बाबा साहब डॉ. आंबेडकर वाहिनी के राष्ट्रीय सचिव श्रवण पटेल, जिला सचिव शमशुल हुदा खान, जिला उपाध्यक्ष बाबर अहमद, प्रणय गौतम, सदर विधान सभा अध्यक्ष नौशाद आलम, नौतनवा के अध्यक्ष विक्रम यादव, कैलाश प्रजापति, जिला सचिव विजय यादव, अमरनाथ यादव, रामशीष यादव, रामसुधार यादव, डॉ. शेषनाथ, यगदत्त पासवान, संजय यादव, अमित यादव सहित बड़ी संख्या में सपाई मौजूद रहे।

### धर्मपुर बाजार में ज्वेलरी की दुकान में हुई भीषण चोरी का 24 घंटे में खुलासा, सिद्धार्थनगर का रहने वाला है शातिर

# आभूषण चोरी का खुलासा, गैंगस्टर दबोचा

**सफलता**

**महराजगंज, निज संवाददाता।** भिटौली थाना क्षेत्र के धर्मपुर बाजार में ज्वेलरी की दुकान से भीषण चोरी का पुलिस 24 घंटे के अंदर पर्दाफाश कर दी है। सोने-चांदी के जेवरात बरामदगी के साथ सिद्धार्थनगर जिले के शातिर अपराधी को गिरफ्तार किया गया है। विधिक कार्रवाई के बाद उसे जेल भेज दिया गया है।

एसपी सोमेन्द्र मीना ने बताया कि 10 अक्तूबर की रात में धर्मपुर बाजार स्थित सचिन ज्वेलर्स की दुकान में चोरी हुई थी। दुकान का ताला तोड़ चोर सभी गहना उठा ले गए थे। मामला संज्ञान में आने के बाद भिटौली पुलिस जांच में जुट गई। एसपी के निर्देश पर जांच में सर्विलांस टीम भी मदद में जुट गई। चौबीस घंटे के अंदर भिटौली थानाध्यक्ष दुर्गेश कुमार वैश्य ने पुलिस टीम के साथ थाना क्षेत्र के पिपरा खादर गांव स्थित सुमित्रानंदन शिशु मंदिर के पास से चोरी के गहना के साथ आरोपित सिराजुल हक उर्फ जमील पुत्र बशीर को गिरफ्तार कर ली। वह सिद्धार्थनगर जिले के ग्राम सभा मनिकौरा टोला चेरियहवा थाना ढेबरूआ का रहने वाला है। उसके खिलाफ गैंगस्टर समेत दस आपराधिक केस दर्ज है।



एसपी सोमेन्द्र मीना ने शुक्रवार को पुलिस कार्यालय में चोरी का खुलासा किया।

**बिना तिजोरी वाले दुकानों को बनाता था निशाना:** चोरी के गहना के साथ गिरफ्त में आए सिराजुल हक उर्फ जमील के खिलाफ कोतवाली, फरेंदा, ढेबरूआ, सिद्धार्थनगर आदि थाना में दस अपराधिक मामले में केस दर्ज है। फरेंदा व ढेबरूआ थाना में उसके खिलाफ गैंगस्टर एक्ट में कार्रवाई हो चुकी है। ढेबरूआ व सिद्धार्थनगर थाना में उसके खिलाफ आर्म्स एक्ट का भी केस दर्ज है। पूछताछ में सिराजुल ने बताया कि वह पेशे से मजदूर है। शादी-ब्याह में टेंट लगाने का काम करता है। वर्ष 2011 में एसबीआई बैंक से एक लाख रूपया लोन लिया था। कर्ज अदायगी नहीं करने पर वह बढ़ कर चार लाख हो गया। कर्ज चुकाने के लिए वह चोरी की घटनाओं में लिप्त हो गया। चोरी की घटनाओं को वह अकेले अंजाम देता है। चोरी के पहले वह दुकानों की रेकी करता है। जिन ज्वेलरी की दुकानों में तिजोरी नहीं होती, उसी दुकानों को निशाना बनाता था।

## एसपी ने पुलिस टीम को दिया 25 हजार का इनाम

24 घंटे के अंदर चोरी का खुलासा करने वाली पुलिस टीम को एसपी सोमेन्द्र मीना ने 25 हजार का नगद पुरस्कार दिया है। टीम में भिटौली थानाध्यक्ष दुर्गेश कुमार वैश्य के अलावा एसएसआई शाहिद सिद्दीकी, एसआई चंद्रपाल यादव व जितेन्द्र यादव, हेड कांस्टेबल संजीव श्रीवास्तव, विद्यासागर, रवि प्रताप सिंह व सर्विलांस टीम के पुलिस कर्मी शामिल रहे।

## साढ़े तीन किलो की सूचना साढ़े सात किलो बरामदगी

धर्मपुर बाजार में ज्वेलरी की दुकान में चोरी के बारे में दुकानदार ने बताया कि करीब साढ़े तीन किलो चांदी व कुछ सोने का गहना चोरी हुई थी। पुलिस ने शातिर अपराधी के पास से साढ़े सात किलो चांदी का आभूषण व 136 ग्राम पीली धातु का गहना बरामद किया गया है। आरोपित ने बताया कि यह सभी गहना धर्मपुर से हुई चुराया हुआ है।

# पिकअप पर लदी 18 बोरी लहसुन के साथ एक गिरफ्तार

लक्ष्मीपुर : पुरंदरपुर थाना क्षेत्र के लक्ष्मीपुर कस्बा में शुक्रवार की सुबह पुलिस ने गस्त के दौरान एक पिकअप पर लदी 18 बोरी चायनीज लहसुन के साथ पिकअप चालक दीपक मिश्र को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने गोरखपुर के ग्राम धोबौली थाना खजनी निवासी दीपक को लक्ष्मीपुर में लहसुन के साथ गिरफ्तार कर पिकअप सहित पुरंदरपुर थाने ले गई। जहां पुलिस ने कस्टम अधिनियम के तहत विधिक कार्रवाई कर कस्टम कार्यालय नौतनवा भेज दिया। इस दौरान थानाध्यक्ष पुरुषोत्तम राव एसआई भागवत चौधरी मनीष कुमार शरद यादव मौजूद रहे।

# किशोरी से दुष्कर्म में एक को दस वर्ष का सश्रम कारावास

**कोठीभार थाना क्षेत्र के एक गांव का मामला, आरोपित ने पीड़िता का आपत्तिजनक वीडियो भी किया था प्रसारित**

जागरण संवाददाता, महराजगंज: कोठीभार थाना क्षेत्र की किशोरी के साथ दुष्कर्म तथा उसका आपत्तिजनक वीडियो इंटरनेट मीडिया पर प्रसारित करने के आरोपित अमीन अली उर्फ शक्ति को अपर सत्र न्यायाधीश पाक्सो कोर्ट विनय कुमार सिंह ने दोष सिद्ध करार देते हुए 10 वर्ष के सश्रम कारावास और 53 हजार रुपये के अर्थदंड से दंडित किया है।

पनियरा थाना क्षेत्र के बभनौली गांव निवासी अमीन अली उर्फ शक्ति अपनी मां के साथ 28 जुलाई 2023 को कोठीभार थाना क्षेत्र के एक गांव में मोहर्रम का मेला देखने गया और रात में अपने रिश्तेदार के घर रुक गया। वहां पर किशोरी को अपने झांसे में लेकर बातचीत करने लगा। 20 दिन बाद 18 अगस्त 2023 को आरोपित पीड़िता के घर दोबारा आया और उसके साथ दुष्कर्म किया तथा आपत्तिजनक वीडियो भी बना लिया। 11 जनवरी 2024 को आरोपित ने अश्लील वीडियो को प्रसारित कर दिया। विरोध करने पर पीड़िता के घर वालों को जान से मारने की धमकी भी दी। पीड़िता की मां की तहरीर पर कोठीभार पुलिस ने अमीन अली उर्फ शक्ति के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर विवेचना के पश्चात न्यायालय में आरोप पत्र प्रेषित किया। विवेचक के अभिलेखीय साक्ष्यों व गवाहों का परीक्षण तथा बचाव पक्ष की दलीलों को सुनने के बाद कोर्ट ने उक्त सजा सुनाई।

# टूठीबारी में लगातार बढ़ रही चोरी की घटनाएं, सो रही पुलिस

जागरण संवाददाता निचलौल: कोतवाली टूठीबारी क्षेत्र में लगातार बढ़ रही चोरी की घटनाओं से लोग दहशत में जीने को मजबूर हैं। आए दिन हो रही घटनाओं से पुलिस की कार्यशैली पर जहां सवाल खड़ा हो रहा है, वहीं पुलिस गश्त की पोल भी खुल गई है। ऐसे में लोग रतजगा कर घरों की रखवाली करने को विवश हैं। तो पुलिस हाथ पर हाथ रख मौज कर रही है। यही नहीं पीड़ितों की शिकायतों के बाद भी पुलिस सक्रियता नहीं दिखा रही है। जिसके चलते लोग न्याय पाने के लिए दर-दर भटक रहे हैं।

लगातार बढ़ रही चोरियों से और चोरी का खुलासा न होने से टूठीबारी के व्यापारियों व दुकानदारों में आक्रोश है। व्यापारियों का कहना है कि एक महीने में लगातार चोरी की घटनाएं बढ़ रही है, लेकिन पुलिस चोरों के विरुद्ध कोई भी कार्रवाई नहीं कर पा रही है। जिससे चोरों के मनोबल बढ़ गए हैं। चोर दिनभर टूठीबारी कस्बे सहित गांव का दिन में रेकी करते हैं और रात को सुनियोजित तरीके से घटना को अंजाम देते हैं। पुलिस क्षेत्राधिकारी अनुज कुमार सिंह ने बताया है कि सभी थाना क्षेत्रों में चोरी जैसी घटनाओं को रोकने के लिए गश्त बढ़ाने के लिए निर्देश दिए गए हैं। चोरी की घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए कोतवाल टूठीबारी को निर्देशित किया गया है।



सीसीटीवी फुटेज में चोरी करता दिखा युवक ● जागरण

**चोरों का फोटो सीसी कमरे में कैद, फिर भी नतीजा सिफर, लगातार बढ़ रही चोरी की घटना व खुलासा न होने से व्यापारियों में आक्रोश**

**घटना एक–**

एक अगस्त को कस्बे के व्यापारी के दुकान के सामने से ही चोर बाइक ले उड़े, जिसकी तहरीर के 24 दिन बाद पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया।

**घटना दो–**

टूठीबारी नौतनवा रोड़ स्थित द मल्टीमीडिया मोबाइल की दुकान में लगे चैनल तोड़कर चोर अंदर घुसकर मोबाइल व नकदी चुरा ले गए।

**घटना तीन–**

20 अगस्त को कस्बे के ही गुमटी में अज्ञात चोरों ने ताला तोड़ उसमे रखे तीन हजार रुपये नकद चुरा लिए।

**घटना चार–**

22 अगस्त को बाजार करने आए किशुनपुर निवासी की बाइक चोरी हो गई।

**घटना पांच–**

23 अगस्त की रात में कस्बे के ही एक मोबाइल की दुकान में चोर मेन दरवाजा तोड़कर दुकान में रखा कैश और सामान चुरा ले गए।

**घटना छह–**

31 अगस्त की रात आठ बजे चौराहे पर खड़ी शक्ति जायसवाल की बाइक चोरों ने चुरा लिया।

**घटना सात–** दो अक्टूबर की रात दो दुकानों में एक किराना स्टोर की दुकान का ताला तोड़कर तथा उसी रात बगल के एक मोबाइल की दुकान के पिछले हिस्से में लगे सीमेंट सेट तोड़कर पांच हजार रुपये नकदी और एयर बर्ड चोर चुरा ले गए। चोरी की घटनाएं दुकानों में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद होने के बाद भी पुलिस चोरों का सुराग नहीं लगा पाई।

**घटना आठ–**

शांतिनगर मोहल्ले में स्थित विश्वास मेडिकल स्टोर में चोरों ने ताला तोड़कर काउंटर में रखे नकदी समेत तीन चांदी के सिक्के चुरा ले गए।

# दुर्गा पूजा का डोल निकालते समय पथराव, पुलिस तैनात

- निचलौल थाना क्षेत्र के मिश्रवलिया गांव का मामला
- डोल में पताका लहराने को लेकर हुआ विवाद

**जागरण संवाददाता, निचलौलः** थाना क्षेत्र के मिश्रवलिया गांव में शारदीय नवरात्र के रात पर डोल निकालने के दौरान मस्जिद के पास अचानक पथराव शुरू हो गया। जिससे अफरा तफरी मच गई। दुर्गा पूजा समिति के श्रद्धालु डोल छोड़कर गांव में भाग गए। सूचना पर गांव में कई थानों की पुलिस पहुंच गई ।

गांव में हर वर्ष की तरह इस बार भी शुक्रवार की रात को करीब 10:30 बजे दुर्गा पूजा समिति के द्वारा डोल निकाला गया। डोल ज्यों ही गांव में मस्जिद के पास पहुंची, तो वहीं पर बैठे एक युवक ने डोल पर लहरा रहे झंडे को खींच दिया, जिससे दोनों में विवाद हो गया।

कुछ देर के बाद मस्जिद के छत से अचानक पथराव शुरू हो गया, जिसमें कुछ लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। डोल पर पथराव होने से दुर्गा पूजा के सभी श्रद्धालु डोल छोड़कर गांव में भाग गए।

इस घटना से गांव में दहशत बना हुआ है। गांव में पुलिस बल तैनात कर दी गई है। पुलिस क्षेत्राधिकारी अनुज कुमार सिंह ने बताया कि डोल निकलते समय मस्जिद के पास पताका लहराने को लेकर विवाद हो गया था। गांव में पुलिस तैनात है। स्थिति सामान्य है। नजर रखी जा रही है।

# सराफा की दुकान में चोरी की घटना का पर्दाफाश

**जागरण संवाददाता, भिटौली**: भिटौली पुलिस ने सराफा की दुकान में हुई चोरी का 24 घंटे के अंदर पर्दाफाश कर दिया। पुलिस ने घटना में शामिल चोर को गिरफ्तार कर उसके पास से 7.5 किग्रा चांदी और 136 ग्राम पीली धातु के आभूषण बरामद किए हैं। गिरफ्तार शातिर चोर सिराजुल हक उर्फ जमील के विरुद्ध चोरी, आर्म्स एक्ट और गैंगस्टर एक्ट के तहत महराजगंज और सिद्धार्थनगर जिले के के विभिन्न थानों में दर्जनों मुकदमे दर्ज है।

यह जानकारी पुलिस अधीक्षक सोमेन्द्र मीना ने कार्यालय कक्ष में प्रेसवार्ता के दौरान दी। उन्होंने बताया कि 10 अक्टूबर की रात में धर्मपुर बाजार स्थित सचिन ज्वेलर्स की दुकान में ताला तोड़कर चोरी हुई थी। पुलिस जांच पड़ताल में जुटी थी। सीसी टीवी फुटेज के माध्यम से भी मदद ली गई। थानाध्यक्ष दुर्गेश कुमार वैश्य के नेतृत्व में, सिराजुल हक उर्फ जमील निवासी मनिकौरा टोला, थाना ढेबरुआ, जनपद सिद्धार्थनगर को शुक्रवार को दोपहर 12:20 बजे सुमित्रानन्द शिशु मंदिर पिपरा खादर के पास से गिरफ्तार कर लिया गया। अभियुक्त धर्मपुर बाजार स्थित सचिन ज्वेलर्स में चोरी की घटना को अंजाम दिया था। गिरफ्तारी के दौरान अभियुक्त से चोरी किए गए आभूषण बरामद किए गए।



गिरफ्तार आरोपित के साथ पुलिस अधीक्षक सोमेंद्र मीना ● जागरण

**आर्थिक तंगी ने बनाया चोर, चार लाख रुपये का था कर्ज** : सिराजुल हक पेशे से मजदूर है और शादी-विवाह में टेंट लगाने का काम करता है।

उसने वर्ष 2011 में भारतीय स्टेट बैंक से एक लाख रुपये का ऋण लिया था, जिसे ना चुका पाने के कारण कर्ज बढ़कर चार लाख रुपये हो गया। इसी आर्थिक तंगी के चलते वह चोरी की घटनाओं में संलिप्त हो गया। आरोपित उन ज्वैलरी की दुकानों को निशाना बनाता है, जिनमें तिजोरी नहीं होती।

इस बार भी, आरोपित ने धर्मपुर बाजार की सचिन ज्वेलर्स की दुकान की रेकी की और रात में ताला तोड़कर चोरी की।

**गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम हुई सम्मानित** : भिटौली: थानाध्यक्ष दुर्गेश कुमार वैश्य,वरिष्ठ उप निरीक्षक शाहिद सिद्दीकी, उप निरीक्षक चन्द्रपाल यादव, उप निरीक्षक जितेन्द्र यादव, हेड कांस्टेबल रवि प्रताप सिंह, विद्यासागर, संजीव श्रीवास्तव, सर्विलांस टीम को पुलिस अधीक्षक सोमेन्द्र मीना ने 25 हजार रुपये पुरस्कार देकर सम्मानित किया है।

**गिरफ्तार अभियुक्त का अपराधिक इतिहास**: मुअसं. 269/2024 धारा 305(a), 317(1), 317(4), 331(4) बीएनएस थाना भिटौली, महराजगंज। मुअसं. 82/2023 धारा 380, 457, 411 भादवि. थाना कोतवाली, महराजगंज। मुअसं. 134/2022 धारा 3(1) गैंगस्टर अधि. थाना फरेन्दा, महराजगंज। मुअसं. 1216/2014 धारा 3(1) गैंगस्टर अधि. थाना ढेबरुआ, सिद्धार्थनगर। मुअसं. 1128/2014 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट थाना ढेबरुआ, सिद्धार्थनगर।

मुअसं. 1115/2014 धारा 380, 457, 411 भादवि. थाना ढेबरुआ, सिद्धार्थनगर। मुअसं. 28/2014 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट व धारा 380, 457, 411 भादवि. थाना ढेबरुआ, सिद्धार्थनगर। मुअसं. 1139/2013 धारा 380, 457, 411 भादवि थाना ढेबरुआ, सिद्धार्थनगर। मुअसं 1407/2012 धारा 41, 109 दप्रसं थाना ढेबरुआ, सिद्धार्थनगर। मुअसं 1509/2012 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट थाना सिद्धार्थनगर, जनपद सिद्धार्थनगर।



परतावल में पूजा पंडाल का निरीक्षण करने जाते डीएम अनुनय झा व एसपी सोमेंद्र मीना ● जागरण

# डीएम, एसपी ने दुर्गा पंडालों और विसर्जन स्थलों का किया निरीक्षण

## विभिन्न पंडालों में पहुंचकर देखी व्यवस्था, यातायात समेत अन्य व्यवस्थाओं को दुरूस्त रखने के दिए निर्देश

जागरण संवाददाता, महराजगंज : दुर्गा पूजा और दशहरा के मद्देनजर शुक्रवार को जिलाधिकारी अनुनय झा और पुलिस अधीक्षक सोमेंद्र मीना ने श्यामदेउरवा, परतावल, और घुघली में विभिन्न दुर्गा पंडालों और विसर्जन स्थलों का निरीक्षण किया। सबसे पहले दोनों अधिकारियों ने श्यामदेउरवा और परतावल के पंडालों का निरीक्षण किया, जहां परतावल में उन्होंने पैदल मार्च कर आम जनता को सुरक्षा का भरोसा दिलाया।

इसके बाद उन्होंने इंदरपुर, घुघली और शिकारपुर में दुर्गा पंडालों और विसर्जन स्थलों को देखा। जिलाधिकारी ने दशहरा पर्व को लेकर की गई व्यवस्थाओं की जानकारी ली और सुरक्षा के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने विशेष रूप से ट्रैफिक व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने के लिए उचित इंतजाम करने के निर्देश दिए। विसर्जन स्थलों पर सतर्कता और सुरक्षा के मद्देनजर जिलाधिकारी ने जरूरी इंतजाम सुनिश्चित करने के आदेश दिए और पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती पर जोर दिया। पुलिस अधीक्षक सोमेंद्र मीना ने भी अधिकारियों को कानून-व्यवस्था और ट्रैफिक व्यवस्था के कड़ाई से पालन करने के निर्देश दिए, ताकि किसी भी प्रकार की अव्यवस्था न हो।

## यातायात नियमों के उल्लंघन में 120 वाहनों का चालान

महराजगंजः जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में यातायात नियमों का उल्लंघन करने के मामले में 120 वाहनों का चालान किया गया। पुलिस ने विभिन्न स्थानों पर दो पहिया वाहनों व संदिग्ध व्यक्तियों की चेकिंग की। इस दौरान दो पहिया वाहनों पर तीन सवारी, बिना हेलमेट लगाए, सवारी गाड़ियों में क्षमता से अधिक सवारी बैठाने तथा तेज गति से वाहन चलाने के आरोप में 120 वाहनों का चालान किया।

## जिले में 13 विवेचनाओं का हुआ निस्तारण

महराजगंजः जिले के विभिन्न थानों द्वारा गुण-दोष के आधार पर विवेचना की कार्रवाई करते हुए कुल 13 विवेचनाओं का निस्तारण किया गया। पुलिस अधीक्षक सोमेन्द्र मीना ने बताया कि लंबित विवेचनाओं के तेजी से निस्तारण के लिए विवेचकों को निर्देश दिए गए हैं।

# बैंक का कर्ज नहीं चुका पाया तो बन गया चोर

## आरोपी गिरफ्तार, 7.5 किलो चांदी और 136 ग्राम सोने के गहने बरामद

संवाद न्यूज एजेंसी

**महराजगंज।** बैंक से लिया गया कर्ज चुका पाने में असमर्थ हुआ तो चोरी की घटनाओं में शामिल हो गया। कई घटनाएं कीं, लेकिन बृहस्पतिवार को धर्मपुर बाजार स्थित सचिन ज्वेलर्स में चोरी के आरोप में पकड़ा गया। भिटौली पुलिस ने उसके पास से लगभग 7.5 किलो चांदी और 136 ग्राम सोने के गहने भी बरामद कर लिए हैं।

पुलिस अधीक्षक सोमेंद्र मीणा ने बताया कि सिराजुल हक उर्फ जमील, निवासी मनिकौरा टोला, थाना ढेबरुआ, जनपद सिद्धार्थनगर को शुक्रवार को दोपहर में पिपरा खादर से गिरफ्तार किया गया है। उसने 10 अक्तूबर की रात में धर्मपुर बाजार स्थित सचिन ज्वेलर्स में चोरी की घटना को अंजाम दिया था। आरोपी ने दुकान का ताला तोड़कर चांदी और सोने के आभूषण चुराए थे।



बरामद चांदी और सोने के सामान। संवाद

गिरफ्तारी के दौरान उसके पास से चोरी के आभूषण बरामद हुए। सिराजुल हक उर्फ जमील के खिलाफ पहले से ही कई गंभीर आपराधिक मामले दर्ज हैं, जिनमें चोरी, आर्म्स एक्ट और गैंगस्टर एक्ट के मामले भी हैं। उसके खिलाफ जनपद महराजगंज और सिद्धार्थनगर के विभिन्न थानों में दर्जनों केस दर्ज हैं। पुलिस ने उसे कोर्ट में पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

बताया जाता है कि सिराजुल हक पेशे से मजदूर है। शादी-ब्याह में टेंट लगाने का काम करता है। उसने वर्ष 2011 में भारतीय स्टेट बैंक से एक लाख रुपये का कर्ज लिया था, जिसे न चुका पाने के कारण कर्ज बढ़कर चार लाख रुपये हो गया।

इसी आर्थिक तंगी के चलते वह चोरी की घटनाओं में संलिप्त हो गया। वह उन ज्वेलरी की दुकानों को निशाना बनाता है जिनमें तिजोरी नहीं होती थी। इस बार भी, आरोपी ने धर्मपुर बाजार की सचिन ज्वेलर्स की दुकान की रेकी की और रात में ताला तोड़कर चोरी की। पुलिस ने तेजी से कार्रवाई करते हुए 24 घंटे में इस मामले का खुलासा कर दिया।

# एक दिन की न्यायिक अभिरक्षा की सजा

महराजगंज। न्यायिक मजिस्ट्रेट फरेंदा ने मारपीट व धमकी देने के मामले की सुनवाई की। आरोप सिद्ध होने पर अभियुक्त ईश्वर, त्रिलोकी निवासी लेहड़ा स्टेशन थाना बृजमनगंज जनपद महराजगंज को एक दिन की न्यायिक अभिरक्षा की सजा सुनाई है।

वहीं दूसरे मामले में आरोप सिद्ध होने पर वीरेंद्र उर्फ विजेंद्र, पिन्ना देवी, कमलेश निवासी बाजारडीह थाना फरेंदा जनपद महराजगंज प्रत्येक को एक दिन न्यायिक अभिरक्षा की सजा सुनाई है। साथ ही 1500-1500 रुपये का जुर्माना लगाया है। सेंध लगाकर चोरी के मामले की सुनवाई की। आरोप सिद्ध होने पर अभियुक्त प्रहलाद, जफर निवासी पृथ्वीपालगढ़ थाना बृजमनगंज जनपद महराजगंज को एक दिन न्यायिक अभिरक्षा की सजा सुनाई है। साथ ही 5000-5000 रुपये का जुर्माना लगाया है। संवाद

# दुष्कर्म में 10 वर्ष की सजा

## आरोपित ने किशोरी का अश्लील वीडियो किया था वायरल

संवाद न्यूज एजेंसी

**अदालत से**

**महराजगंज।** कोठीभार क्षेत्र की किशोरी के साथ दुष्कर्म तथा उसका अश्लील वीडियो वायरल करने के आरोप में अमीन अली उर्फ शक्ति को अपर सत्र न्यायाधीश/विशेष न्यायाधीश पॉक्सो कोर्ट विनय कुमार सिंह ने दोष सिद्ध करार देते हुए 10 वर्ष सश्रम कारावास की सजा सुनाई। साथ ही 53 हजार रुपये का अर्थदंड लगाया।

पत्रावली से मिली जानकारी के अनुसार, कोठीभार क्षेत्र के एक गांव में मोहर्रम का मेला करने के बाद थाना पनियरा क्षेत्र के बभनौली निवासी अमीन अली उर्फ शक्ति अपनी मां के साथ 28 जुलाई 2023 को अपने रिश्तेदार के घर रुक गया था। रिश्तेदार की नाबालिग लड़की को अपने झांसे में लेकर बातचीत करने लगा। 20 दिन बाद 18 अगस्त 2023 को आरोपित पीड़िता के घर आया। पीड़िता से दुष्कर्म किया और अश्लील वीडियो भी बना लिया।

उसी समय पीड़िता की मां खेत से घर आ गई और लोक लाज के भय से आरोपित से निवेदन किया की वह अश्लील वीडियो डिलीट कर दे। आरोपित ने आश्वस्त किया कि उसने वीडियो डिलीट कर दिया है, लेकिन 11 जनवरी 2024 को अश्लील वीडियो वायरल कर दिया। पीड़िता के पिता व भाई के मोबाइल पर भी भेज दिया। पीड़िता के घर वालों को जान से मारने की धमकी दी।

पीड़िता की मां की तहरीर पर कोठीभार पुलिस ने अमीन अली उर्फ शक्ति के विरुद्ध केस दर्ज कर विवेचना के पश्चात अंतर्गत धारा 376 504 506 आईपीसी 3/4 पॉक्सो एक्ट 67-ए आईटी एक्ट में न्यायालय समक्ष आरोप पत्र प्रस्तुत किया। मुकदमे के परीक्षण के दौरान अपर सत्र न्यायाधीश/विशेष न्यायाधीश पॉक्सो कोर्ट विनय कुमार सिंह ने अभिलेखिय साक्ष्यों व गवाहों का परीक्षण कर व शेष लोक अभियोजक विजय नारायण सिंह व बचाव पक्ष की दलीलों को सुनने के बाद आरोपित अमीन अली उर्फ शक्ति को 10 वर्ष के सश्रम कारावास व 53 हजार रुपये अर्थदंड से दंडित किया है।

# बेटी की जबरन कराई शादी, मां को दे रहे धमकी

**निचलौल।** क्षेत्र के एक गांव का युवक किशोरी को भगा ले गया था। आरोप है कि कुछ दिन बाद दोनों घर लौटे तो कुछ लोगों ने उनकी जबरन शादी करा दी। अब आरोपी किशोरी की मां को जान से मारने की धमकी दे रहे हैं। पुलिस ने शुक्रवार को तीन आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया।

किशोरी की मां ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि पति परदेश में रहकर मजदूरी करते हैं। वह बच्चों के साथ घर पर रहती है। 29 जून की रात गांव युवक उसकी नाबालिक बेटी को भगा ले गया। कुछ दिनों बाद घर लौटा तो गांव के ही कुछ लोग गोलबंद होकर जबरन शादी करा दिए। इतना ही नहीं वह लोग उन्हें जान से मारने की धमकी भी दे रहे हैं। थाना प्रभारी गौरव कन्नौजिया के अनुसार, पीड़िता की तहरीर के आधार पर आरोपी सूरज, जोखू और भोला के खिलाफ केस दर्ज कर जांच की जा रही है। संवाद

# शहर में बड़े वाहनों की नो इंट्री
# डायवर्ट रूट से गुजरेंगे वाहन

## सुबह 10 बजे से रात 10 बजे तक नहीं कर सकेंगे प्रवेश, नो इंट्री के समय बड़े वाहन मिले तो चालान

संवाद न्यूज एजेंसी

महराजगंज। दशहरा पर्व को लेकर पुलिस प्रशासन सतर्क हो गया है। 14 अक्तूबर तक शहर में भारी वाहनों का सुबह 10 बजे से रात 10 बजे तक प्रवेश वर्जित रहेगा। बड़े वाहन शहर में प्रवेश नहीं कर सकेंगे।

फरेंदा की ओर से आने वाले सभी भारी वाहन जिनको निचलौल, चौक, सिंदुरिया, शिकारपुर जाना हो वह वाहन नो-इंट्री के समय कैंपियरगंज, पनियरा, परतावल, शिकारपुर, सिंदुरिया होकर जाएंगे। गोरखपुर, परतावल बाजार की तरफ आने वाले सभी भारी वाहन वाहन नो-इंट्री के समय शिकारपुर से ही डायवर्जन, रोका जाएगा। पनियरा रोड से आने वाले भारी वाहन को पकड़ी से फरेंदा की ओर व फरेंदा की ओर से आने वाले भारी वाहन को पकड़ी से पनियरा की ओर डायर्वजन किए जाएंगे।

**14 अक्तूबर तक शहर में रहेगा डायवर्जन**

सिसवा घुघुली की तरफ से आने वाले सभी भारी वाहन, कॉमर्शियल वाहन जिनको फरेंदा की तरफ जाना हो वह वाहन नो-इंट्री के समय शिकारपुर, परतावल, पनियरा, कैंपियरगंज होकर फरेंदा जाएंगे। निचलौल की तरफ से आने वाले सभी भारी वाहन वाहन जिनको फरेंदा, गोरखपुर रोड की ओर जाना हो वे सभी वाहन नो-इंट्री के समय सिंदुरिया से शिकारपुर परतावल होकर जाएंगे।

चौक रोड से आने वाले सभी भारी वाहन जिनको फरेंदा, गोरखपुर रोड की ओर जाना हो वह वाहन नो इंट्री के समय झंझनपुर से सिंदुरिया, शिकारपुर, परतावल होकर जाएंगे।



नगर के दुर्गा मंदिर के पास लगा जाम। संवाद

### नगर में लगा जाम घंटों लोग रहे परेशान

महराजगंज। शुक्रवार को शारदीय नवरात्र की नवमी तिथि पर मंदिरों में दर्शन करने निकले लोगों को निचलौल मार्ग पर जाम लग गया। लोग घंटों जाम में फंसे रहे। यातायात पुलिस ने किसी तरह से जाम खुलवाया। मुख्य चौराहे से लेकर रोडवेज बस अड्डे के बीच जाम की समस्या दिन में कई बार उत्पन्न हुई। शुक्रवार को अवकाश के कारण इस रोड पर संचालित स्कूल तो बंद रहे, लेकिन मंदिर व पंडाल में लोगों की संख्या अधिक रही। संवाद

# प्रतिमा विसर्जन : घाटों पर तैनात रहेंगे गोताखोर

संवाद न्यूज एजेंसी

महराजगंज। जिले में विसर्जन स्थलों पर सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए हैं। ड्रोन के अलावा सीसीटीवी से निगरानी की जाएगी। जुलूस की प्रत्येक हलचल पर नजर रहेगी। सादे ड्रेस में पुलिस तैनात रहेगी। सुरक्षा को लेकर घाटों पर पुलिस के अलावा गोताखोर तैनात रहेंगे। वहीं लेखपाल और कानूनगो की तैनाती रहेगी।

शहर क्षेत्र की प्रतिमाओं का विसर्जन त्रिमुहानी नदी तट पर होगा। यहां पहले से ही सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम कर दिए गए हैं। पथ प्रकाश की व्यवस्था से लेकर गोताखोर मौके पर मौजूद रहेंगे। विसर्जन स्थलों पर भी पर्याप्त फोर्स की व्यवस्था रहेगी। जुलूसों की निगरानी ड्रोन और रूफटॉप ड्यूटी से की जाएगी। विसर्जन स्थल पर प्रकाश, गोताखोर, रस्सा और नाव की व्यवस्था की गई है।

प्रतिमाओं का विसर्जन पुल से नहीं, बल्कि निर्धारित मार्ग से किया जाएगा। पुलिस बल के आपसी

**15 इंस्पेक्टर, 15 उप निरीक्षक, 100 हेड कांस्टेबल, 25 महिला सिपाहियों की रहेगी तैनाती**

समन्वय के लिए एक नियंत्रण कक्ष की स्थापना भी की गई है। 15 इंस्पेक्टर, 15 उप निरीक्षक, 100 हेड कांस्टेबल, 25 महिला सिपाही, एक प्लाटून पीएसी और अग्निशमन दल के जवान तैनात रहेंगे। एसडीएम सदर रमेश कुमार ने घुघुली क्षेत्र में मूर्ति विसर्जन स्थल का निरीक्षण किया। उन्होंने जिम्मेदारों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए कि विसर्जन स्थल के आसपास की सफाई सुनिश्चित की जाए। मूर्ति विसर्जन स्थल पर कानूनगो और लेखपाल तैनात रहेंगे। रजिस्टर में गांवों के अनुसार सूची तैयार की व्यवस्था की गई है।

**विसर्जन स्थलों पर भी पर्याप्त पुलिस बल की व्यवस्था :** पुलिस अधीक्षक सोमेंद्र मीणा ने सभी थाना प्रभारियों एवं अधिकारियों सुरक्षा एवं व्यवस्था संबंधी निर्देश जारी किया है। सुरक्षा की दृष्टि से सभी मूर्ति स्थलों पर निरंतर पुलिस बल की तैनाती होगी और जुलूसों के लिए भी पुलिस सुरक्षा अनिवार्य है। रावण दहन और विसर्जन स्थलों पर भी पर्याप्त पुलिस बल की व्यवस्था की गई है और जुलूसों की निगरानी ड्रोन से की जाएगी। विसर्जन स्थलों और रूट का निरीक्षण कर प्रकाश व्यवस्था, गोताखोर, रस्सा, एयरट्यूब और नाव की भी व्यवस्था सुनिश्चित की गई है।

### विसर्जन के समय कोई दिक्कत नहीं होनी चाहिए

खनुआ। उपजिलाधिकारी नौतनवां नंद प्रकाश मौर्य और पुलिस क्षेत्राधिकारी नौतनवा जय प्रकाश त्रिपाठी ने डंडा नदी पुल के पास दुर्गा प्रतिमा विसर्जन स्थल का निरीक्षण किया। नौतनवा, हरदीडाली, कैथवलिया उर्फ बरगदही, खनुआ आदि स्थानों का दुर्गा प्रतिमा का विसर्जन डंडा नदी पुल के पास होता है। उपजिलाधिकारी कहा कि विसर्जन के समय कोई दिक्कत नहीं होनी चाहिए। संवाद

# 20 बोरी चाइनीज लहसुन बरामद

लक्ष्मीपुर/नौतनवा। पुरंदरपुर क्षेत्र के लक्ष्मीपुर कस्बा में शुक्रवार की सुबह पुलिस ने एक पिकअप पर लदा 18 बोरी चाइनीज लहसुन बरामद किया। साथ ही पिकअप चालक दीपक मिश्रा पुत्र ओमप्रकाश मिश्रा निवासी धोबौली थाना खजनी, जिला गोरखपुर को भी गिरफ्तार कर लिया। पुलिस पिकअप सहित लहसुन और चालक को पुरंदरपुर थाने ले गई। बाद में कस्टम अधिनियम के तहत कार्रवाई कर कस्टम कार्यालय नौतनवा को भेज दिया। इधर, नौतनवा के पुरैनिहा चौराहे से लावारिस पड़ा दो बोरी चाइनीज लहसुन बरामद कर अग्रिम कार्रवाई के लिए नौतनवा कस्टम को सौंप दिया। प्रभारी निरीक्षक धर्मेंद्र कुमार सिंह के अनुसार, दो बोरी लहसुन बरामद की गई है। संवाद

# दुर्घटना के मामले में केस दर्ज

सिंदुरिया। चौक क्षेत्र के उपेंद्र निवासी पड़री खुर्द ने पुलिस अधीक्षक को शिकायत की। उन्होंने बताया कि बीते 15 सितंबर को दोपहर में मेरे पिता चबुतरे के पास पानी पी रहे थे। इस बीच ट्रैक्टर की चपेट में आने से घायल हो गए थे। एक अक्तूबर को चौक थाना में तहरीर दी, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। चार अक्तूबर को जनता दर्शन में उपस्थित होकर पुलिस अधीक्षक से कार्रवाई की मांग की। थानाध्यक्ष शैलेन्द्र कुमार शुक्ल के अनुसार पीड़ित की तहरीर पर केस पंजीकृत हुआ है। संवाद

# घास काटने गई महिला को पीटा, केस दर्ज

निचलौल। क्षेत्र के शीतलापुर गांव में घास काटने खेत की ओर गई एक महिला की एक व्यक्ति ने पिटाई कर दी। पुलिस ने पीड़िता की तहरीर पर शुक्रवार को आरोपी के खिलाफ संबंधित धाराओं में केस दर्ज कर ली। पीड़िता सुनीता देवी निवासी शितलापुर ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि वह सात अक्तूबर की शाम करीब पांच बजे गन्ने के खेत की तरफ घास काटने गई थी। घास काटकर अपने खेत में रखी थी। इसी बीच गांव का ही एक शख्स पहुंचा और मामूली बात को लेकर उनसे उलझ गया। विरोध करने पर पिटाई कर दी। संवाद

# युवती के अपहरण के मामले में केस दर्ज

सिंदुरिया। चौक क्षेत्र की एक महिला ने पड़ोसी युवक पर नौ अक्तूबर को अपनी बेटी को भगाने का केस दर्ज कराया। जानकारी के अनुसार, चौक क्षेत्र की एक महिला ने थाने में तहरीर देकर बताया कि पड़ोस का ही लड़का नौ अक्तूबर को शाम छह बजे बहला-फुसलाकर उसकी बेटी को कहीं भगा ले गया। काफी खोजबीन के बाद भी उसका पता नहीं चला। संवाद

# BASTI POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:-12-10-2024

## रंजिशन चाकू से जानलेवा हमला, केस

**बस्ती (एसएनबी)।** पुरानी रंजिश को लेकर विपक्षियों ने एक व्यक्ति को गालियां देते हुए मारापीट तथा उसके बेटे को जान से मारने की नीयत से पेट में चाकू घोपकर जख्मी कर दिया। इस सम्बन्ध में पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने अभियुक्तो पर मुकदमा दर्ज किया है।

सोनहा थानाक्षेत्र के तेनुआ गांव में पुरानी रंजिश की बात को लेकर मोहम्मद सादाब को विपक्षी अरविन्द व विशाल ने गालियां देते हुए मारापीटा तथा जान से मारने की नियम से मोहम्मद सादाब के बेटे शाहिल के पेट में चाकू घोपकर लहू लुहान कर दिया। मामले में पीड़ित मोहम्मद सादाब पुत्र लाल मोहम्मद निवासी ग्राम तेनुआ थाना सोनहा की तहरीर पर पुलिस ने अरविन्द पुत्र विजय पाल व विशाल पुत्र इन्द्र देव पाल निवासीगण ग्राम तेनुआ थाना सोनहा के विरुद्ध धारा 109, 118(1), 352, 351(2) बीएनएस के तहत मुकदमा दर्ज किया है।

## शादी का झांसा देकर युवती से दुष्कर्म, केस

**बस्ती (एसएनबी)।** शादी करने का झांसा देकर युवती को उसके प्रेमी द्वारा दिल्ली ले गया। जहां उसके साथ काफी दिनों तक शारीरिक सम्बन्ध बनाया और पिटाई करने के बाद घर लाकर छोड़ दिया। इस सम्बन्ध में पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने अभियुक्त पर मुकदमा दर्ज किया है।नगर पुलिस को तहरीर देकर एक युवती ने बताया कि उसके प्रेमी अभिजीत द्वारा उससे शादी करने की बात कही और उसे भगा कर दिल्ली ले आया। जहां उसके साथ पति पत्नी के की तरह शारीरिक सम्बन्ध में रहा। जब उसे शादी का प्रस्ताव अभिजीत के सामने रखा तो वह शादी से इन्कार करते हुए पिटाई की और जान से मारने की धमकी देने के साथ ही घर पर लाकर छोड़ दिया। मामले में नगर पुलिस ने आरोपी अभिजीत पुत्र इन्द्रराज निवासी कूरहापट्टी दरियाँव थाना नगर के विरुद्ध धारा 87, 64, 115(2), 351(2) बीएनएस के तहत मुकदमा दर्ज किया है।

# दुर्गा प्रतिमाओं का विसर्जन आज

**हर्रैया (एसएनबी)।** स्थानीय थाना क्षेत्र के विभिन्न स्थानों पर स्थापित दुर्गा प्रतिमाओं का विसर्जन शनिवार को होगा। शुक्रवार को उपजिलाधिकारी विनोद कुमार पाण्डेय, थानाध्यक्ष तहसीलदार सिंह एवं नगर पंचायत अध्यक्ष कुंवर कौशलेन्द्र प्रताप सिंह मनोरमा घाट का जायजा लिया। थानाध्यक्ष ने बताया कि क्षेत्र के विभिन्न कस्बों व गावों में 137 दुर्गा प्रतिमाएं स्थापित हैं जिसमें से 125 प्रतिमाओं का विसर्जन दशहरा के दिन शनिवार को होगा। शेष 12 प्रतिमाओं का विसर्जन पूर्णिमा को होगा। उन्होंने बताया कि कस्बे के मनोरमा घाट, पेंदा घाट, बैरवा घाट, मुर्दाहवा घाट तथा भैंसहवा घाट पर कडी सुरक्षा के बीच दुर्गा मूर्तियों का विसर्जन कराया जायेगा। उन्होंने आयोजकों से मूर्ति विसर्जन शांतिपूर्ण परांपरागत रूप से करने की अपील किया। अधिकारियों ने कस्बे के मनोरमा घाट का निरीक्षण किया। एसडीएम ने प्रकाश व्यवस्था, साफ-सफाई, नाव आदि के बारे में जानकारी लेते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिया।



मनोरमा घाट पर निरीक्षण करते एसडीएम।

# युवती को भगा कर ले जाने का आरोपित गिरफ्तार

**बस्ती (एसएनबी)।** युवती को बहला फुसला कर भगा ले जाने के



आरोप में वांछित चल रहे अभियुक्त को नगर थाने की पुलिस ने षुक्रवार को गिरफ्तार करते हुए से जेल भेज दिया है।जानकारी के अनुसार नगर थाना पद दर्ज मुकदमा धारा 87, 64(1), 115(2), 351(2) बीएनएस से सम्बन्धित वांछित अभियुक्त अभिजीत पुत्र इन्द्रराज निवासी कूरहापट्टी दरियाँव थाना नगर को बेलाड़ी पुल के नीचे से स्थानीय पुलिस ने गिरफ्तार किया। जिसे थाने से आवश्यक कार्यवाही करने के बाद न्यायालय के समक्ष भेजा गया। थानाध्यक्ष नगर उप निरीक्षक देवेन्द्र सिंह ने बताया कि अभिजीत पर लड़की को बहला फुसला कर भगा ले जाने का आरोपी लड़की की मां ने लगाया था। जिसमें अभियुक्त पर मुकदमा दर्ज करने के बाद उसकी गिरफ्तारी के लिए टीम गठित की गयी थी। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में थानाध्यक्ष नगर उप निरीक्षक देवेन्द्र सिंह के अलावा उप निरीक्षक मृत्युंजय मिश्रा, आरक्षी रमेश यादव, आरक्षी कमलेश यादव थाना नगर शामिल रहे।

# सुरक्षा के दृष्टिगत एएसपी व एडीएम ने किया निरीक्षण

**बस्ती (एसएनबी)।** अपर पुलिस अधीक्षक , अपर जिलाधिकारी की अगुवाई में क्षेत्राधिकारी सदर, ईओ नगर पालिका बस्ती आगामी त्यौहारों में सुरक्षा शान्ति व कानून व्यवस्था के दृष्टिगत



यातायात कार्यालय, अमहट पुल का निरीक्षण किया गया।अपर पुलिस अधीक्षक ओमप्रकाश सिंह, अपर जिलाधिकारी बस्ती प्रतिपाल चौहान की अगुवाई में क्षेत्राधिकारी सदर सत्येन्द्र भूषण तिवारी, ईओ नगर पालिका बस्ती, प्रतिसार निरीक्षक, प्रभारी निरीक्षक कोतवाली के मौजूदगी में आगामी त्यौहारों( दशहरा, मूर्ति विसर्जन, दीपावली, छठ) में सुरक्षा शान्ति व कानून व्यवस्था के दृष्टिगत थाना कोतवाली के बड़ेबन स्थित यातायात कार्यालय में लगे सीसीटीवी कैमरों, आस पास सुरक्षा व्यवस्था तथा अमहट पुल पर मूर्ति विसर्जन स्थल आदि का निरीक्षण करते हुए व्यापक व्यवस्था हेतु सम्बन्धित को आदेशित-निर्देशित किया गया।

# छेड़खानी व धमकी का मुकदमा दर्ज

**बस्ती (एसएनबी)।** एक महिला पर अभियुक्त द्वारा फब्तिया करते हुए उसे आते जाते समय छेड़खानी किया जाता था। जिसका विरोध करने पर गालियां व जान से मारने की धमकी दी। इस सम्बन्ध में पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने अभियुक्त पर मुकदमा दर्ज किया है। नगर पुलिस को लिखित तहरीर देकर एक महिला ने बताया कि अकेला पाकर रामबचन द्वारा उसपर आपत्तिजनक फब्तिया कसी गयी तथा आटो से जाते व जाते हुए अक्सर रास्ते में छेड़खानी की जाती है। जिसका उसके द्वारा विरोध किया गया तो उसे गालियां व जान से मारने की धमकी दी गयी। यह भी आरोप लगाया कि बीते 6 अक्टूबर को काम से घर लौटते समय रामबचन ने उसके साथ जबरदस्ती करने की भी कोशिश किया था। मामले में नगर पुलिस ने आरोपी राम बचन पुत्र राम अधार निवासी नगर बाजार थाना नगर के विरुद्ध धारा 296, 74, 352, 351(2) बीएनएस के तहत मुकदमा दर्ज किया है। इसी प्रकार से एक अन्य जानकारी के अनुसान महिला थाने पर लिखित तहरीर देकर पीड़िता ने बताया कि विपक्षी सुजीत चौहान द्वारा उसे परेशान करते हुए छेड़ता है और उसे देखकर अश्लील शब्दो का प्रयोग करता है। मामले में महिला थाने पर आरोपी सुजीत चौहान पुत्र चन्द्रभान चौहान पता धर्मपुर, थाना- कोतवाली के विरुद्ध धारा 296 बीएनएस के तहत मुकदमा दर्ज किया है।

# दंपति की पिटाई, केस

**बस्ती (एसएनबी)।** बाइक से साइड लेने के विवाद में अभियुक्तो ने एक युवक व उसकी पत्नी को दुकान के अन्दर घुसकर मारापीट तथा सामान को तोड़कर क्षतिग्रस्त कर दिया। इस सम्बन्ध में पीड़ित के पिता की शिकायत पर पुलिस ने अभियुक्तो पर मुकदमा दर्ज किया है।वाल्टरगंज थानाक्षेत्र के गनेशपुर बाजार निवासी अमन पेट्रोल लेने के लिए गया हुआ था। जहां से आते समय रास्ते में बाइक की साइड मांगने की बात को लेकर गुल्लेज से उसका विवाद हो गया, जिसके बाद गुल्लेज से अमन को गालियां देते हुए मारापीटा। स्थानीय लोगो द्वारा बीच बचाव करने के बाद अमन अपनी दुकान पर आया। जहां कुछ देर बाद विपक्षी गुल्लेज अपने बेटे अजमल तथा एक अन्य व्यक्ति सायदा के साथ पहुंचा और दुकान में घुसकर अमन व उसकी शीला देवी को बुरी तरह से मारापीटा तथा जान से मारने की धमकी देने के साथ ही दुकान में तोड़फोड किया। लोगो के इकटठा हो जाने पर विपक्षी जान से मारने की धमकी देते हुए चले गये। मामले में पीड़ित अमन के पिता राजेश गुप्ता पुत्र रामानन्द गुप्ता निवासी गनेशपुर बड़ी बाजार थाना वाल्टरगंज की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी गुल्लेज पुत्र जुमराती, अजमल पुत्र गुल्लेज, सायदा पुत्र इब्राहिम निवासीगण चौरवा थाना वाल्टरगंज के विरुद्ध धारा 115(2), 352, 351(2), 332(सी), 324(2) बीएनएस के तहत मुकदमा दर्ज किया है।

# काजल बनी एक दिन की कोतवाल



**छावनी (एसएनबी)।** महानवमी तथा अंतर्राष्ट्रीय बालिका दिवस पर मिशन शक्ति फेज-5 के अंतर्गत विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस दौरान शांति देवी आर्यन सिंह मेमोरियल कांवेन्ट एकेडमी देवखर के कक्षा 12 की छात्रा काजल गौतम को एक दिन का कोतवाल तथा साक्षी सिंह को एसएसआई एवं खुशी सिंह को दिवसाधिरी बनाया गया। अन्य छात्राओं को उपनिरिक्षक तथा बीपीओ के तहत बनाया गया। काजल ने थाने पर शिकायतो की सुनवाई किया। थाना कार्यालय, कारागार, मेस का निरिक्षण कर महिला हेल्प डेस्क कार्रवाई के बारे में जानकारी लिया। थानाध्यक्ष विजय दूबे ने एक दिन की कोतवाल के साथ बैंक तथा एटीएम की चेकिंग किया। संदिग्ध बाईक चालको ं से पूछताछ किया। पैदल गश्त कर दुर्गा पूजा आयोजन समिति के लोगों से बात चीत किया। काजल ने थानाध्यक्ष को महिला संबंधी अधिकारों में त्वरित कार्रवाई के लिए निर्देश दिया। थानाध्यक्ष ने प्रबंधक व प्रधानाचार्य के प्रति आभार ज्ञापित करते हुए साइबर क्राईम के नए स्वारूप डिजिटल अरेस्ट के बारे में जानकारी दिया। महिला बीपीओ ने छात्राओं को आत्मरक्षा का प्रशिक्षण दिया। साथ ही पंपलेट वितरित कर हेल्प लाइन नंबर 1090, 112, 108, 181, 1076, 1930 आदि के बारे में जानकारी दिया। इस मौके पर विद्यालय के प्रधानाचार्य दिनेश उपाध्याय, दिव्या सिंह, स्वेता सिंह, ममता, मनोज, शिवांगी सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

# मूर्ति विसर्जन स्थल का प्रभारी निरीक्षक ने किया निरीक्षण



**टिनिच (एसएनबी)।** गौर थाना क्षेत्र के टिनिच पुलिस चौकी अन्तर्गत मूर्ति विसर्जन स्थल का प्रभारी निरीक्षक राजकुमार राजभर गटरा पुल, महादेवा, चौरा घाट, बारह क्षेत्र का निरीक्षण किया। उन्होंने प्रधान से साफ सफाई व लाइट की व्यवस्था करने का आदेश दिया और समय से मूर्ति विसर्जन किया जाए। मौके पर पुलिस चौकी प्रभारी सचिंद्र प्रधान, भारत चौधरी व अजगैवा जंगल प्रधान प्रतिनिधि चंद्रशेखर चौधरी आदि मौजूद रहे।

# छह नफर वारन्टी गिरफ्तार भेजा न्यायालय

**बस्ती (एसएनबी)।** उपनिरीक्षक महेन्द्र कुमार , उप निरीक्षक सुरेश कुमार, हेड कांस्टेबिल अलंकार मालवीय द्वारा 6 नफर अभियुक्त भानु सोनी पुत्र लाल जी सोनी निवासी नरहरिया थाना पुरानी बस्ती जनपद बस्ती, अजय सोनकर पुत्र लाल सोनकर,सुनील सोनकर पुत्र रोशन सोनकर निवासीगढ़ नरहरिया थाना पुरानी बस्ती जनपद बस्ती,धर्मेंद्र त्रिपाठी पुत्र सुरेश चंद्र निवासी गिदही खुर्द थाना पुरानी बस्ती जनपद बस्ती, बदरे आलम पुत्र अख्तर हुसैन निवासी धौरहरा थाना मुंडेरवा जनपद बस्ती,प्रेम कुमार पुत्र राम इकबाल राय निवासी गंजपर थाना अष्ठमल जनपद पटना राज्य बिहार को शान्ति व्यवस्था भंग होने की सम्भावना के दृष्टिगत अर्न्तगत धारा 170/135/126 भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 में गिरफ्तार कर पेश करने न्यायालय एसडीएम सदर बस्ती के समक्ष रवाना किया गया ।

# आपसी विवाद में महिला को पीटा, केस

**बस्ती (एसएनबी)।** आपसी विवाद को लेकर विपक्षी एक महिला के घर पर आकर उसे मारापीटा तथा जान से मारने की धमकी दी। इस सम्बन्ध में पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने अभियुक्त पर मुकदमा दर्ज किया है।रूधौली थानाक्षेत्र के नगर पंचायत रूधौली स्थित वार्ड संख्या 11 सुभाष चन्द्र नगर की रहने वाली छोहारा देवी के दरवाजे पर विष्णु पुत्र निरहू आकर दरवाजा पीटने लगे। जब छोहारा देवी ने दरवाजा खोला तो अभियुक्त उसे धक्का देकर गिरा दिया और गालियां देते हुए जमकर मारापीटा। मामले में पीड़िता छोहारा देवी पत्नी रामवली ग्राम वार्ड संख्या 11 नेता सुभाष चन्द्र बोस नगर (मुड़ियार) थाना रूधौली की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी विष्णु पुत्र निरहू ग्राम वार्ड संख्या 11 नेता सुभाष चन्द्र बोस नगर (मुड़ियार) थाना रूधौली के विरुद्ध धारा 115(2), 352, 351(2) बीएनएस के तहत मुकदमा दर्ज किया है।

## लड़की का हाथ पकड़कर छेड़खानी, केस

**बस्ती (एसएनबी)।** अभियुक्त द्वारा एक लड़की का जबरन हाथ पकड़कर घर की तरफ खींचकर ले गया और जान से मारने की धमकी देने के साथ ही छेड़खानी की। इस सम्बन्ध में पीड़िता की मां की शिकायत पर पुलिस ने अभियुक्त पर मुकदमा दर्ज किया है।सोनहा थाने की पुलिस को लिखित तहरीर देकर एक महिला ने बताया कि उसकी 16 साल की बेटी का हाथ पकड़कर विपक्षी राम नरायन उर्फ साढ़ू अपने घर की तरफ खींचकर ले गया जहां उससे छेड़खानी व अश्लील हरकत किया। लड़की द्वारा विरोध करने पर विपक्षी ने उसे गालियां व जान से मारने की धमकी दी। मामले में सोनहा पुलिस ने आरोपी राम नारायन उर्फ साढ़ू निवासी ग्राम पिरैला गरीब थाना सोनहा के विरुद्ध धारा 74, 352, 351(2) बीएनएस के तहत मुकदमा दर्ज किया है।

## पारिवारिक विवाद में सास बहू की पिटाई, केस

**बस्ती (एसएनबी)।** पारिवार विवाद को लेकर विपक्षीगणो ने एक महिला व उसकी बहूं को गालियां देते हुए मारापीट तथा जानमाल की धमकी दी। इस सम्बन्ध में पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने अभियुक्तो पर मुकदमा दर्ज किया है।लालगंज थानाक्षेत्र के बजहां गांव में पारिवारिक विवाद को लेकर कंचन मिश्रा व उसी बहू रीमा को देवर सुनील मिश्रा व उसकी पत्नी शशि मिश्रा ने मिलकर गालियां देते हुए मारापीटा तथा जान से मारने की धमकी दी। मामले में पीड़िता कंचन मिश्रा पत्नी अनिल मिश्रा निवासिनी बजहां थाना लालगंज की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी सुनील मिश्रा पुत्र राम जियावन मिश्रा, शशि मिश्रा पत्नी सुनील मिश्रा निवासीगण बजहां थाना लालगंज के विरुद्ध धारा 115(2), 352, 351(2) बीएनएस के तहत मुकदमा दर्ज किया है।

# कानून व्यवस्था कोलेकर एसपी ने किया गश्त





शहर मेगश्त करते पुलिस अधीक्षक।

**बस्ती (एसएनबी)।** पुलिस अधीक्षक द्वारा क्षेत्राधिकारी सदर, प्रभारी निरीक्षक कोतवाली मय पुलिस बल के दशहरा के पूर्व संध्या पर आमजनमानस को सुरक्षा शान्ति व कानून व्यवस्था का भरोसा दिलाते हुए संवाद स्थापित किया गया।पुलिस अधीक्षक गोपाल कृष्ण चौधरी द्वारा क्षेत्राधिकारी सदर सत्येन्द्र भूषण तिवारी, प्रभारी निरीक्षक कोतवाली राणा देवेन्द्र प्रताप सिंह मय पुलिस बल के साथ दशहरा के पूर्व संध्या पर दशहरा, मूर्ति विसर्जन, दीपावली, छठ में सुरक्षा शान्ति व कानून व्यवस्था का एहसास कराते हुए फौव्वारा तिराहे से बड़ेबन तक पैदल गश्त किया गया तथा संवाद स्थापित किया गया। इस दौरान व्यापक व्यवस्था हेतु सम्बन्धित को आदेशित-निर्देशित किया गया।

पुलिस अधीक्षक गोपाल कृष्ण चौधरी द्वारा महिलाओं एवं बालिकाओ की सुरक्षा में चलाए जा रहे अभियान के तहत क्षेत्राधिकारी सदर सतेंद्र भूषण तिवारी तथा थानाध्यक्ष महेश सिंह के नेतृत्व मेकानून की जानकारी देकर जागरुक किया गया। महिला का. रूपम सिंह, महिला कांस्टेबिल अंजली सिंह द्वरा थाना पुरानी बस्ती जनपद बस्ती मे मिशन शक्ति दीदी अभियान कार्यक्रम के अंतर्गत महिलाओं व बालिकाओं की उपस्थिति में सशक्तिकरण संबंधित बातों के बारे बताते हुए कार्यक्रम के अंतर्गत कानून की जानकारी देते हुए उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा प्रदत किए गए विभिन्न हेल्पलाइन नंबर जैसे 1090- वीमेन पावर लाइन, 1076-मुख्यमंत्री हेल्पलाइन, 1098 चाइल्ड हेल्पलाइन 181 महिला हेल्पलाइन, 112 पुलिस आपातकालीन सेवा,102 स्वास्थ्य सेवा, 108 एंबुलेंस सेवा, साइबर हेल्पलाइन नंबर - 1930 के बारे में जानकारी देते हुए उन्हें जागरूक किया गया और महिलाओं से संबंधित हो रहे विभिन्न अपराधों के विरुद्ध आवाज उठाने हेतु अपील की गई। एंटी रोमियो चेकिंग के दौरान एक माफीनाफा भरवाकर सख्त हिदायत पर छोड़ा गया ।



छावनी थाने पर शिकायत की सुनवाई करती काजल। • हिन्दुस्तान

# छात्रा काजल गौतम बनीं कोतवाल

छावनी। स्थानीय थाना पर मिशन शक्ति अंतर्गत छात्रा को एक दिन का प्रभारी थानाध्यक्ष बनाया गया। छात्रा ने थाने पर आए फरियादियों की सुनवाई कर कार्रवई के निर्देश दिए। सांकेतिक थाना प्रभारी ने प्रभारी निरीक्षक विजय दूबे को महिला अपराध संबंधी अपराधों में त्वरित कार्रवाई का निर्देश दिया। शांति देवी आर्यन सिंह मेमोरियल कॉन्वेंट एकेडमी देवखर की 12वीं की छात्रा काजल गौतम को एक दिन का कोतवाल बनाया गया।

# दहेज के लिए पति ने पत्नी को पीटा, केस दर्ज

बभनान। गौर थानाक्षेत्र के आमा भुइलापर गांव में दहेज के लिए पति द्वारा पत्नी की पिटाई का मामला प्रकाश में आया है। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने पति के विरुद्ध केस दर्ज किया गया है। लक्ष्मी ने पुलिस को दिए तहरीर में बताया है कि उसकी शादी गौर थानाक्षेत्र के आमा भुइलापार गांव निवासी राजेश के साथ वर्ष 2019 में हुई थी। इस बाबत प्रभारी निरीक्षक गौर रामकुमार राजभर ने बताया कि आरोपी पति पर केस दर्ज किया गया है।

# मामूली बात पर मारपीट चार लोगों पर केस दर्ज

बस्ती। गौर पुलिस ने मामूली बात पर चार के खिलाफ मारपीट का केस दर्ज किया है। पुलिस को दी तहरीर में परमेश्वर निवासी बूढ़ापार थाना गौर ने बताया कि वह अमरनाथ घर के सामने नल पर डिब्बे में पानी भरकर नित्यक्रिया के लिए जा रहा था। इसी बात को लेकर अमरनाथ नाराज हो गए। अमरनाथ, रजवंत, प्रेमलता और रंजनी निवासी बूढ़ापार थाना गौर ने उसे घेर लिया और मारपीट करते हुए गाली दी। कहा कि जान से मार दूंगा। पुलिस ने चारो के खिलाफ केस दर्ज किया है।

# दुष्कर्म-छेड़छाड़ के चार मामलों में दर्ज हुआ केस

- नगर थानाक्षेत्र में महिला के साथ की छेड़खानी
- सोनहा थानाक्षेत्र में छेड़खानी का विरोध करने पर पीटा

**बस्ती, निज संवाददाता।** एक तरफ मिशन शक्ति फेज फाइव चल रहा है। महिलाओं, किशोरियों को जागरूक किया जा रहा है। महिला अपराध रोकने के लिए कड़े कदम उठा जा रहे हैं। इसके उलट महिला अपराध के चार मामले दर्ज हुए। जिसमें शादी का झांसा देकर शारीरिक संबंध बनाने व मारपीट कर छोड़ देने, छेड़खानी करने, रास्ते में आते-जाते समय फब्तियां कसने का मामला दर्ज किया है।

नगर पुलिस को दी तहरीर में एक युवती ने बताया कि उसकी उम्र 22 साल है। उसे अभिजीत नामक युवक ने शादी का झांसा दिया और अपने प्रेमजाल में फंसाया। बाद में अपने साथ दिल्ली ले गया। शादी का झांसा देकर शारीरिक संबंध बनाया। बाद में उसके साथ मारपीट करने लगा और जान से मारने की धमकी देने लगा। अंत में उसे लाकर घर छोड़कर भाग गया। पुलिस ने अभजीत के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू किया है। नगर पुलिस ने आरोपी अभिजीत को मुखबिर की सूचना पर बेलाड़ी पुल के नीचे से शुक्रवार को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया। न्यायालय ने उसे अपने अभिरक्षा में जेल भेज दिया। महिला थाना पुलिस ने एक युवती को परेशान करने, छेड़खानी करने व भद्दे-भद्दे शब्दों के कमेंट करने का केस दर्ज किया है। पुलिस ने युवती की तहरीर पर सुजीत चौहान निवासी धर्मपुर थाना कोतवाली के खिलाफ धारा 296 बीएनएस के तहत मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दिया है। सोनहा पुलिस ने एक किशोरी को जबरन पकड़कर अपने घर की तरफ ले जाने और छेड़खानी का केस दर्ज किया है। आरोप है कि घर की तरफ जबरन ले जाते समय विरोध करने पर किशोरी से गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दी गई। पुलिस ने किशोरी के पिता की तहरीर पर राम नरायन के खिलाफ धारा 74 बीएनएस व अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। मामले की जांच एसआई दिलीप कुमार चौधीर ने शुरू कर दिया है। नगर पुलिस ने थानाक्षेत्र के एक गांव में रहने वाली महिला के साथ पिछले दो माह से आपत्तिजनक फबत्तियां कसने, ऑटो व पैदल आते-जाते समय छेड़खानी करने तथा विरोध करने पर मारने-पीटने का केस दर्ज किया है। इतना ही नहीं छह अक्तूबर को आवेदिका के काम से वापस लौटते समय उसके साथ जबरदस्ती करने का प्रयास किया गया। इस मामले में पुलिस ने महिला की तहरीर पर राम बचन के खिलाफ धारा 296 बीएनएस व अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है।

# पुरानी रंजिश में किशोर के पेट में मारा चाकू, गंभीर

सल्टौआ, निज संवाददाता। सोनहा थानाक्षेत्र के तेनुआ गांव में गुरुवार को शाम पुरानी रंजिश को लेकर चाकूबाजी हो गई। आरोप है कि गांव के दो युवक एक युवक के पेट में चाकू मार दिए। परिजन आनन-फानन में उसे इलाज के लिए पीएचसी सल्टौआ ले गए, जहां से उसे जिला अस्पताल भेज दिया।

पुलिस के अनुसार तेनुआ निवासी मो. सादाब (17) पुत्र लाल मोहम्मद गांव में एक जगह पर बैठा हुआ था। पुरानी रंजिश को लेकर गुरुवार शाम करीब तीन बजे गांव के अरविंद और विशाल ने साहिल के पेट में चाकू मारकर घायल कर दिए। आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए भाग गए।

■ सोनहा पुलिस ने दो व्यक्तियों के खिलाफ दर्ज किया केस

चाकू लगने से मो. शादाब के पेट में गंभीर चोट लगी। उसे पीएचसी सल्टौआ में भर्ती कराया। हालत खराब होने के चलते चिकित्सक ने जिला अस्पताल के रेफर कर दिया। इस मामले में पुलिस ने मो. शादाब की तहरीर पर अरविन्द और विशाल निवासी तेनुआ के खिलाफ धारा 109 बीएनएस व अन्य धाराओं में केस दर्ज किया है। केस की जांच एसआई जनार्दन प्रसाद मिश्र कर रहे हैं।



हर्रैया के मनोरमा घाट का निरीक्षण करते एसडीएम व चेयरमैन।

# आज ग्रामीण क्षेत्रों में होगा प्रतिमाओं का विसर्जन

**बस्ती।** शारदीय नवरात्र के प्रारंभ में ग्रामीण क्षेत्र में स्थापित दुर्गा प्रतिमाओं का विसर्जन आज देवी भक्त नम आंखों से करेंगे। इसके लिए नदियों और घाटों पर तैयारी पूरी कर ली गई है। जिले में 2241 दुर्गा प्रतिमाएं स्थापित हैं। कुछ प्रतिमाओं का विसर्जन पूर्णिमा के दिन करेंगे। लेकिन, अधिकतर प्रतिमाओं का विसर्जन विजयादशमी के दिन ही होगा। गनेशपुर, दुबौला, टिनिच, रुधौली, भानपुर, हर्रैया, लालगंज, बनकटी आदि क्षेत्रों में विसर्जन का कार्यक्रम शनिवार को होगा। भक्त गाजे-बाजे और डीजे की धुन पर थिरकते हुए मां को विदाई देंगे। चौक प्रभारी गनेशपुर सीपी यादव ने बताया कि कुआनो के मूड़घाट पर गनेशपुर नगर पंचायत समेत अन्य गांवों की 45 प्रतिमाएं विसर्जित होंगी। इसके लिए तैयारी की गई है। नगर पंचायत ने प्रकाश व्यवस्था के साथ अन्य तैयारी की है। टिनिच संवाद के अनुसार टिनिच पुलिस चौकी क्षेत्र में प्रतिमाओं के विसर्जन की तैयारी पूरी कर ली गई है। चौकी प्रभारी सचिन्द्र ने बताया कि 55 प्रतिमाओं का विसर्जन होगा। बैदोलिया, घुरहूपुर, डिगरभरिया व पचलौरिया गांव की प्रतिमाएं कुआनो मे बारहछत्तर घाट पर विसर्जित की जाएंगी। प्रभारी निरीक्षक गौर राजकुमार राजभर ने मय टीम भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्था जांची। हर्रैया कस्बा में स्थापित दुर्गा प्रतिमाओं के विसर्जन को लेकर एसडीएम विनोद पांडेय, चेयरमैन कौशलेंद्र सिंह ने घाटों पर भ्रमण किया।

# ग्राम समाज की भूमि पर कब्जा, शिकायत

हर्रैया। क्षेत्र के निपनिया गांव निवासी प्रदीप कुमार ने सीएम पोर्टल पर शिकायत कर गांव के कुछ लोगों पर ग्राम समाज की भूमि पर अवैध कब्जा कर लिया है। शिकायत करने पर लेखपाल फर्जी रिपोर्ट लगा रहे हैं। इससे अवैध कब्जाधारकों का मनोबल बढ़ रहा है। शिकायती-पत्र में बताया कि गांव के एक युवक ने ग्राम समाज की भूमि पर मकान बनाकर चकनाली व बंजर भूमि पर कब्जा कर खेती कर रहे हैं। तो वहीं कई अन्य ने नवीन परती की भूमि पर मकान बना लिया है। इसके अलावा गांव के लोग बंजर भूमि में अवैध मकान निर्माण कार्य करा रहे हैं। इसकी शिकायत एसडीएम हर्रैया से करने के बावजूद अभी तक कोई कार्रवाई नहीं हुई।

# छात्रा काजल बनी एक दिनी कोतवाल



छावनी थाने पर सुनवाई करती एक दिनी प्रतीकात्मक कोतवाल छात्रा काजल ● जागरण

**जागरण संवाददाता, छावनी:** मिशन शक्ति के तहत अंतरराष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर शुक्रवार को छावनी थाना परिसर में कार्यक्रम आयोजित किया गया। क्षेत्र के देवखर स्थित शांती देवी आर्यन सिंह मेमोरियल इंटर कालेज की 12वीं की छात्रा काजल को एक दिन का सांकेतिक कोतवाल बनाया गया। उनकी मदद के लिए छात्रा साक्षी सिंह को एसएसआइ तथा दिवस अधिकारी के रूप में खुशी सिंह को नियुक्त किया गया। विद्यालय की अन्य छात्रों को बीपीओ के रूप में विभिन्न कार्यों का दायित्व दिया गया।

कोतवाल बनने के बाद काजल गौतम ने फरियादियों की समस्या सुनी। निस्तारण के निर्देश दिए। अपनी टीम के साथ थाना कार्यालय का निरीक्षण, हवालात, मेस का भोजन की गुणवत्ता, महिला हेल्प डेस्क पर आने वाली समस्याओं की कार्रवाई के बारे में दिवस अधिकारी से जानकारी ली। प्रभारी निरीक्षक विजय कुमार दुबे ने बताया कि सांकेतिक कोतवाल काजल गौतम के निर्देश पर बैंक व एटीएम की जांच, दुर्गा प्रतिमा पंडाल की सुरक्षा संबंधित जानकारी पुलिस टीम ने पैदल गश्त के साथ किया।

साथ ही इस कार्यक्रम की सफलता और उपयोगिता के बारे में आयोजित कार्यक्रम में बच्चियों को जागरूक किया गया। प्रधानाचार्य दिनेश उपाध्याय ने कहा कि महिला संबंधी अपराधों में त्वरित कार्रवाई करने के लिए व महिलाओं को उनके अधिकार के प्रति जागरूक करने का कार्यक्रम सराहनीय है। इस मौके पर शिक्षिका दिव्या सिंह, श्वेता सिंह, ममता, मनोज शिवांगी, जेमिनी खान व अभिभावक गण भी मौजूद रहे।

# रामजानकी मार्ग पर अतिक्रमण से खतरे में कुदरहा बाजार

## अतिक्रमण के चलते घंटों बनी रहती है जाम की स्थिति, पेयजल व सफाई का अभाव, कभी मशहूर था हलवाई द्वारिका का बर्फी व गट्टा

सुंदर स्वच्छ बाजार
जागरण अभियान

सोनू दूबे • जागरण



ब्लाक मुख्यालय के सामने बाजार में भीड़ • जागरण



कुदरहा बाजार में श्रीरामजानकी मार्ग पर अतिक्रमण • जागरण

**7 किमी दूर से आते हैं ग्राहक, सार्वजनिक शौचालय व पेयजल की सुविधा नहीं**



कुदरहा स्थित श्रीरामजानकी मंदिर परिसर में बजरंग कूप व पुराना मंदिर • जागरण

**कुदरहा:** रामजानकी मार्ग से सटे कुदरहा बाजार स्थित है। वहां मार्ग पर अतिक्रमण के चलते बाजार का स्वरूप बिगड़ गया है। सुविधाओं के नाम पर कुछ भी नहीं है। जगह-जगह गंदगी की भरमार और अव्यवस्था से करीब सात किमी दूर से बाजार में आने वाले ग्राहकों को मुसीबत झेलनी पड़ रही है। यदि बाजार व्यवस्थित हो जाए तो यहां के व्यापारियों का कारोबार और बेहतर हो सकता है।

मझा क्षेत्र का कुदरहा बाजार बाबा योगीराज प्रयाग दास की तपोस्थली के नाम से प्रसिद्ध है। 200 वर्ष पूर्व इनकी प्रेरणा से रामजानकी मंदिर बना। सप्ताह में मंगलवार व शुक्रवार को बाजार लगता है, लेकिन रामजानकी मार्ग पर अतिक्रमण के चलते बाजार का अस्तित्व खतरे में पड़ गया है। वाहन सड़क पर ही खड़े रहते हैं। आए दिन घंटों जाम की स्थिति बनी रहती है। सार्वजनिक शौचालय व पेयजल तक की सुविधा नहीं है।

पूर्वजों का मानना है कि 1869 में मंदिर परिसर में यज्ञ हुआ तो भंडारे के समय कुएं का पानी समाप्त होने लगा। पानी का संकट होते देख लोगों ने बाबा योगीराज के पास गए तो उन्होंने कुएं में अक्षत डाला और गंगा जी को भंडारे का निमंत्रण दिया, फिर कुआं पानी से भर गया। तभी से बजरंग कूप के नाम से प्रसिद्ध है, जो आज भी परिसर में मौजूद है। यहीं पुराने मंदिर का अवशेष भी है। यह मंदिर आज भी आस्था का केंद्र बना है, जिससे यह धीरे-धीरे बाजार का रूप धारण किया। ब्लाक मुख्यालय का कस्बा है, लेकिन सार्वजनिक शौचालय व पेयजल तक की सुविधा नहीं है। इस बाजार के मशहूर हलवाई द्वारिका का बर्फी व गट्टा काफी प्रसिद्ध था। इनके न रहने पर बाजार में दोनों मिठाई लोगों को नहीं मिल पा रही है। दूर दराज से लोग आते हैं और उनकी चर्चा आज भी करते हैं। समय के अनुसार उनके बच्चे दुकान का रूप बदले और मीठा, चाट, चाऊमिन व भोजनालय की दुकान चलाने लगे।

बालगोविंद चौरसिया ने कहा कि टैक्सी स्टैंड न होने से चौराहे पर टैंपो चालकों के चलते जाम लगता है। सड़क के दोनों तरफ दुकान के सामने गाड़ी खड़ी कर सवारी का इंतजार करते हैं, जिससे भारी वाहनों के आने पर जाम लग जाता है। यही स्थिति कुदरहा-लालगंज मार्ग का भी है। यदि बाजार के बाहर प्रशासन टैक्सी स्टैंड बनवा देती तो जाम से निजात मिल जाता। इस मामले में कुदरहा के बीडीओ आलोक कुमार पंकज का कहना है कि बाजार को व्यवस्थित करने के लिए संबंधित विभाग को पत्र लिखा जाएगा, जिससे लोगों को सुविधाएं मिल सकें।

**यह और अन्य खबरें देखें**

https://www.jagran.com/local/uttar-pradesh_gorakhpur-city-news-hindi.html

# चोरी के आरोप में केस दर्ज

बस्ती। पैकोलिया पुलिस ने सुकरौली गांव में हुई चोरी के मामले में अज्ञात पर केस दर्ज किया है। इस संबंध में सीताराम यादव ने तहरीर देकर बताया कि बुधवार की रात उनके घर में नकब काटकर एक बोरी गेहूं, एक बोरी चावल व अलमारी में रखा चांदी का आभूषण चोर चुरा ले गए। पुलिस मामले की तफ्तीश कर रही है। संवाद

# मारपीट में एक नामजद

बस्ती। रुधौली पुलिस ने सुभाषनगर में मारपीट के मामले में केस दर्ज किया है। वहां की छोहारा देवी ने तहरीर देकर बताया कि विष्णु ने दरवाजा खटखटाया। दरवाजा खोलते ही धक्का देते हुए अपशब्द कहने लगे और जान से मारने की धमकी देते हुए मारापीटा। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है। संवाद

# आज से रूट डायवर्जन, कंपनी बाग से रोडवेज तक वाहनों का प्रवेश वर्जित

जागरण संवाददाता, बस्ती: शहर में ज्योति यात्रा को देखते हुए शनिवार को शाम चार बजे से लेकर यात्रा की समाप्ति तक कंपनी बाग से रोडवेज तक इस रूट पर सभी प्रकार के वाहनों का आवागमन प्रतिबंधित रहेगा। यह जानकारी सीओ सिटी सत्येन्द्र भूषण तिवारी ने दी।

बताया कि कंपनी बाग से मालवीय रोड व केडीसी की तरफ वाहनों को डायवर्ट कर दिया जाएगा। वाहनों को रोकने के लिए बैरियर लगाए जाएंगे। ड्रोन के साथ सीसी कैमरों से ज्योति यात्रा की निगरानी की जाएगी। इसका वीडियो फुटेज भी बनाया जाएगा। शहर में सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए गए हैं। दो प्लाटून पीएसी भी लगाई गई है। ज्योति यात्रा में शामिल होने वाले सभी श्रद्धालुओं को मिशन शक्ति पांच के तहत महिला सुरक्षा व सशक्तिकरण की शपथ शाम पांच बजे दिलाई जाएगी। सम्पूर्ण यात्रा में पड़ने वाले शिविरों को सीसी कैमरों से लैस किया गया है। इसके अतिरिक्त स्थानीय पुलिस लगातार गश्त करेगी। पीएसी के जवानों को यात्रा के साथ-साथ व प्रमुख स्थानों पर सुरक्षा की दृष्टि से लगाया गया है।

# ग्राम समाज की भूमि पर कब्जा करने की शिकायत

**जासं, हरैया:** हरैया थाना क्षेत्र निपनिया गांव निवासी प्रदीप कुमार ने मुख्यमंत्री पोर्टल पर शिकायत कर गांव के कुछ लोगों पर ग्राम समाज की भूमि पर कब्जा करने का आरोप लगाया है। कहा कि शिकायत करने पर लेखपाल फर्जी रिपोर्ट लगा दे रहे हैं, जिससे अवैध कब्जा धारकों मनोबल बढ़ रहा है।

प्रदीप ने शिकायती पत्र में आरोप लगाया कि गांव के एक व्यक्ति ने ग्राम समाज की भूमि पर मकान बनाया है। उसके द्वारा चकनाली व बंजर भूमि पर कब्जा कर खेती की जा रही है। वहीं कुछ लोगों ने नवीन परती की भूमि पर मकान बना लिया है। दो लोग ऐसे हैं, जो बंजर भूमि पर मकान निर्माण करा रहे हैं। इसकी शिकायत चार माह पहले एसडीएम हरैया से की गई, इसके बाद भी अभी तक कोई कार्रवाई नहीं हुई। प्रदीप ने ग्राम समाज की भूमि पर अवैध कब्जा हटवाने की मांग किया है। एसडीएम हरैया विनोद पांडेय ने बताया कि ग्राम समाज की भूमि पर कब्जे की शिकायत के मामले की लेखपाल से जांच कराई जाएगी। शिकायत सही मिली तो कार्रवाई की जाएगी।

# 1,548 दुर्गा प्रतिमाओं का विसर्जन आज

## जिले में स्थापित हैं 2,241 प्रतिमाएं, 669 प्रतिमाएं पूर्णिमा के दिन होंगी विसर्जित



मां दुर्गा की प्रतिमा विसर्जन के लिए रूट व्यवस्था का जायजा लेते एडीएम, एएसपी, एसडीएम व सीओ सिटी ●जागरण

**जागरण संवाददाता, बस्ती:** मां दुर्गा के साथ अन्य देवताओं की जिले भर में स्थापित 2,241 प्रतिमाओं में से 1,548 का विसर्जन शनिवार दशहरे के दिन किया जाएगा। शहरी क्षेत्र में स्थापित शेष 693 प्रतिमाओं में से 669 प्रतिमाएं पूर्णिमा के दिन यानी 17 अक्टूबर को विसर्जित की जाएंगी। 24 प्रतिमाएं स्थायी होने की वजह से इनका विसर्जन नहीं होगा।

भक्तों पर आशीष और स्नेह बरसाने के बाद मां दुर्गा विदा लेंगी। विसर्जन को लेकर प्रशासन, पुलिस, एसडीआरएफ, स्थानीय गोताखोर के साथ-साथ जिला पंचायत, नगर पालिका व नगर पंचायत की टीमें सतर्क हैं। जिले के सभी प्रमुख नदियों में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। इसके लिए अलग-अलग स्थानों पर मजिस्ट्रेट व पुलिस अधिकारी की प्रतिनियुक्ति की गई है। नदी के बढ़े हुए जलस्तर को देखते हुए वहां लाल निशान बना कर उसे जाली से घेर दिया गया है। प्रतिमा विसर्जन करने वालों को खतरे के निशान से आगे बढ़ने की मनाही रहेगी। प्रतिमा विसर्जन के लिए एक सीमित क्षेत्र बनाया गया है, जिसमें स्थानीय गोताखोर और एसडीआरएफ के टीमें सतर्कता बरतेंगी।

- जनपद के सभी विसर्जन घाटों पर सुरक्षा के कड़े इंतजाम
- एसडीआरएफ और स्थानीय गोताखोर किए गए तैनात

**शांतिपूर्ण होगा विसर्जन, भड़काऊ गाने नहीं बजेंगे: एएसपी** : अपर पुलिस अधीक्षक ओपी सिंह ने बताया कि जिले के 1,548 स्थानों से मां दुर्गा की विदाई का कार्यक्रम शनिवार दोपहर से आरंभ हो जाएगा। पंडाल में स्थापित माता की प्रतिमा विसर्जित की जाएंगी। विसर्जन के दौरान पुलिस कर्मी लगातार जुलूस के साथ चलेंगे। जब तक पूरी तरह से विसर्जन नहीं हो जाता, तब तक सभी रास्तों में पुलिस अलर्ट रहेगी। इसके अलावा हर तालाब और नदी के आसपास सख्त पहरा रहेगा।

# एसडीएम ने प्रतिमा विसर्जन स्थल का लिया जायजा

**प्रकाश, जनरेटर, और सफाई की समुचित व्यवस्था करने का दिया निर्देश, विभिन्न घाटों पर सुरक्षा के इंतजाम की ली जानकारी**

**जासं, हर्रैया:** हर्रैया एसडीएम विनोद कुमार पांडेय ने शुक्रवार को हर्रैया कस्बे के मनोरमा नदी घाट व अमारी के बैरवा घाट में मां दुर्गा प्रतिमा विसर्जन स्थल का निरीक्षण किया। इस दौरान एसडीएम ने विसर्जन पर पर्याप्त सुरक्षा व्यवस्था के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए। एसडीएम ने सबसे पहले हर्रैया कस्बे के मनोरमा नदी पर प्रतिमा विसर्जन स्थल जायजा लिया। नदी के जलस्तर में उफान पर देख सुरक्षा के कड़े इंतजाम के लिए चेयरमैन कौशलेंद्र प्रताप सिंह से जानकारी ली।

उन्होंने बताया कि यहां प्रकाश, जनरेटर, और सफाई की समुचित व्यवस्था किया है। इसके अलावा गोताखोर, एक नाव के इंतजाम भी किया गया है। विसर्जन में नगर पंचायत कर्मियों की भी ड्यूटी लगाई गई है। इसके बाद एसडीएम ने अमारी बैरवा घाट का निरीक्षण किया, जहां हर्रैया थाना प्रभारी निरीक्षक तहसीलदार सिंह से सुरक्षा व्यवस्था के बारे में जानकारी लिया। एसडीएम ने कहा कि विसर्जन में आने वाले लोगों को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिए प्रत्येक विसर्जन स्थल पर सुरक्षा व्यवस्था पुख्ता इंतजाम किए जा रहे हैं। प्रभारी निरीक्षक तहसीलदार सिंह ने बताया कि हर्रैया थाना क्षेत्र में मनोरमा घाट, बैरवा घाट, पेंदा घाट, नदाएं नदी पुल व मुर्दाहवा घाट के प्रमुख विसर्जन स्थल पर कुल सौ से अधिक प्रतिमाओं का विसर्जन की जाएगा।



हर्रैया कस्बे में मनोरमा पुल पर विसर्जन तैयारियों का जायजा लेते एसडीएम विनोद कुमार पांडेय साथ में चेयरमैन कौशलेंद्र प्रताप सिंह ●जागरण



अवध जन कल्याण संस्थान महुवा नगर के प्रदूषण केंद्र की जांच करते एआरटीओ प्रवर्तन पंकज सिंह ● सौ. विभाग

# एआरटीओ ने प्रदूषण जांच केंद्रों का किया निरीक्षण

जागरण संवाददाता, बस्ती: दो अक्टूबर से चल रहे सड़क सुरक्षा पखवारा के तहत सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी प्रवर्तन पंकज सिंह, संभागीय निरीक्षक (प्राविधिक) संजय कुमार दास ने जिले में संचालित प्रदूषण केंद्रों का निरीक्षण किया। प्रदूषण जांच के लिए मौजूद मशीनों आदि की जांच की। जनपद में संचालित प्रदूषण जांच केंद्र सामाजिक सेवा संस्थान, छपिया... सीमा सिंह प्रदूषण जांच केंद्र मरवटिया पुरानी बस्ती, शुभम सर्वांगीण विकास सेवा समिति चड़यावारी, कोतवाली बस्ती, अवध जन कल्याण संस्थान महुवा नगर, अरुण प्रदूषण जांच केंद्र, संसारीपुर, जीएन आटोमोबाइल कटेश्वर पार्क का निरीक्षण किया। इस दौरान उपयोग हो रही मशीनों की जांच हुई। एआरटीओ ने बताया कि मानक से अधिक प्रदूषण फैलाने वाले वाहनों जैसे साइलेंसर, प्रेशर हार्न, शीशे पर लगी काली फिल्म वाले वाहनों पर प्रवर्तन की कार्रवाई की गई। निजी कृषि कार्य के लिए पंजीकृत ट्रैक्टर-ट्रालियों के व्यावसायिक उपयोग के मामले में तीन ट्रैक्टर-ट्रालियों के विरुद्ध प्रवर्तन की कार्रवाई करते हुए उन पर 1.44 लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया।

# आरोपित के घर धारा 82 की नोटिस चस्पा

जासं, दुवौलिया: दुबौलिया पुलिस ने पिछले करीब एक वर्ष से फरार चल रही माझा अखनपुर गांव निवासिनी अभियुक्ता सुमन सिंह चौहान के घर बुधवार को न्यायालय द्वारा जारी धारा 82 की नोटिस चस्पा की। माझा अखनपुर गांव में सुमन सिंह चौहान फर्जी अंकपत्र पर शिक्षामित्र की नौकरी कर रही थी। इस मामले में सुमन सिंह के विरुद्ध पुलिस ने मुकदमा पंजीकृत किया था। मुकदमा पंजीकृत होने के बाद से आरोपिता लगातार फरार है। न्यायालय ने फरार आरोपिता सुमन सिंह के विरुद्ध धारा 82 के तहत कार्रवाई हेतु आदेश जारी किया। आदेश मिलते ही नौ अक्टूबर को उपनिरीक्षक प्रदीप कुमार पांडेय ने आरोपित के घर जाकर डुग्गी मुनादी कर धारा 82 का नोटिस चस्पा की। प्रभारी निरीक्षक संध्या रानी तिवारी ने बताया कि नोटिस चस्पा किए जाने के एक माह के अंदर आरोपित हाजिर नहीं होता है तो धारा 83 के तहत घर की कुर्की की कार्रवाई की जाएगी।

# दुर्गा पूजा देखने निकला किशोर लापता

बस्ती: हरैया पुलिस ने 14 वर्षीय किशोर के अचानक गायब होने के मामले में गुमशुदगी दर्ज की है। गल्ला मंडी निवासी आदर्श कसौधन ने तहरीर दिया, जिसमें बताया कि उनका छोटा भाई ओम कसौधन को करीब सात बजे शाम को घर से दुर्गा पंडाल देखने लिए निकला, लेकिन वापस नहीं आया।

# अनाज चोरी का मुकदमा दर्ज

बस्ती : पैकोलिया पुलिस ने शुकरौली गांव में हुई चोरी के मामले में अज्ञात के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है। इस संबंध में सीताराम यादव ने तहरीर देकर बताया कि बुधवार रात उनके घर नकब काटकर एक बोरी गेहूं, एक बोरी चावल व अलमारी में रखा चांदी का जेवर चोरी हो गया। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।

# अमर्यादित टिप्पणी पर केस

बस्ती : महिला थाना पुलिस ने महिला को अमर्यादित शब्दों का प्रयोग करने के आरोप में धर्मपुर निवासी सुजीत चौहान पर मुकदमा दर्ज किया है। प्रभारी निरीक्षक डा. शालिनी सिंह ने बताया कि एसआइ मो. रफी खां मामले की जांच कर रहे हैं। (जासं)

# किशोरी के साथ छेड़खानी

सोनहा : थाना क्षेत्र के एक गांव निवासिनी ने सोनहा थाने पर तहरीर देकर बताया कि बुधवार दोपहर लगभग 12 बजे मेरी 16 वर्षीय नाबालिग बेटी को सोनहा थाना क्षेत्र के गांव निवासी रामनरायन उर्फ साढ़ू पुत्र अज्ञात के द्वारा हाथ पकड़ कर घर के तरफ ले जाकर छेड़खानी किया, विरोध करने पर जानमाल की धमकी दी। प्रभारी निरीक्षक सोनहा उपेंद्र कुमार मिश्रा ने बताया कि अभियुक्त के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल किया जा रहा है।

# युवती से दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार

**नगर बाजार(बस्ती)।** नगर पुलिस ने युवती को शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने के आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय भेज दिया है।

नगर थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी युवती ने नगर पुलिस को तहरीर देकर आरोप लगाया था कि कूरहापट्टी दरियांव निवासी अभिजीत शादी का झांसा देकर अपने बहला-फुसला कर दिल्ली ले गया। वहां दुष्कर्म करता रहा।

शादी का दबाव बनाया तो वह मुकर गया और जान से मारने की धमकी देने लगा। एक दिन घर लाकर छोड़ दिया। थाना प्रभारी नगर देवेंद्र सिंह ने बताया कि मुखबिर के सूचना पर आरोपी को बेलाड़ी ओव ब्रिज के पास से गिरफ्तार कर न्यायालय भेज दिया गया। संवाद

# मारपीट में चार आरोपियों पर केस

**बस्ती।** गौर पुलिस ने बूढ़ापार गांव में मारपीट के मामले में चार आरोपियों पर केस दर्ज किया है।

वहां के परमेश्वर ने तहरीर दी है, जिसमें अमरनाथ, रजवंत, प्रेमलता व रजनी पर आरोप लगाया है कि अमर नाथ के घर के सामने नल पर रखे डिब्बे में पानी भरकर नित्य क्रिया के लिए जाने की बात को लेकर मारापीटा। पुलिस केस दर्ज कर छानबीन कर रही है। संवाद

# महाकुंभ में जाएंगे 291 पुलिसकर्मी

जागरण संवाददाता, बस्ती: महाकुंभ प्रयागराज के लिए बस्ती जनपद से 291 शाकाहारी पुलिसकर्मियों को मौका मिला है, जिसका उन्हें लंबे समय से इंतजार था। माना जाता है कि जिसकी महाकुंभ में ड्यूटी मिल जाती है, उन्हें विभाग और शासन स्तर से मनचाही तैनाती भी मिलती है।

तीन शिफ्ट में पुलिसकर्मियों को प्रयागराज भेजने का रोस्टर तय कर दिया है। पहले चरण के लिए इंस्पेक्टर, सबइंस्पेक्टर, मुख्य आरक्षी व आरक्षी की सूची फाइनल कर दी गई है। प्रथम चरण के लिए 15 अक्टूबर को 22 पुलिसकर्मी प्रयागराज भेजे जाएंगे। इसके बाद दूसरे चरण में 15 नवंबर को 69 पुलिसकर्मी और 15 दिसंबर को अंतिम फेज में 92 पुलिसकर्मियों को जिले से रवाना किया जाएगा। शराब व मांस आदि का सेवन करने वाले पुलिसकर्मियों की ड्यूटी वहां नहीं लगाई गई है। ड्यूटी लगाते समय इस बात का ध्यान रखा जा रहा है कि तैनात किए जाने वाले पुलिसकर्मी शारीरिक और मानसिक रूप से स्वस्थ एवं व्यवहार कुशल हों।

- प्रथम चरण में 15 अक्टूबर को प्रयागराज रवाना होगी बस्ती पुलिस
- शराब, मांस व मदिरा का सेवन करने वाले पुलिस कर्मी के नाम सूची से बाहर



महाकुंभ मेला क्षेत्र की धार्मिक मान्यताओं और सांस्कृतिक गरिमा को बनाए रखने के लिए यहां से भेजे जाने वाले पुलिसकर्मियों की सूची बनाई जा रही है। इसमें जनता के प्रति संवेदनशील, महाकुंभ की परंपराओं को भी पूरी तरह समझने वाले, महाकुंभ के लिए अनुभवी पुलिसकर्मियों को प्राथमिकता दी जा रही है, जो मेले की व्यवस्थाओं को बेहतर ढंग से संभाल सके। मंगलवार 15 अक्टूबर से 16 पुलिसकर्मी समेत 22 पुलिस स्टाफ का पहला बैच रवाना कर दिया जाएगा। दूसरा बैच 15 नवंबर और अंतिम बैच 15 दिसंबर को यहां से रवाना किया जाएगा

गोपालकृष्ण चौधरी, एसपी, बस्ती

घरों में हुआ कन्या पूजन, विधि-विधान से पूजी गईं देवी मां, गायत्री मंदिर, काली मंदिर पर हवन के लिए काफी संख्या में उमड़े श्रद्धालु

# हवन और कन्या पूजन कर देवी की आराधना की

**नवरात्र**

बस्ती, निज संवाददाता। शारदीय नवरात्र के अंतिम दिन दुर्गा अष्टमी और महानवमी साथ में होने के नाते मां भक्तों ने देवी की आराधना कर हवन-पूजन कर व्रत पूरा किया। सुबह से ही मंदिरों में देवी भक्त उमड़ गए थे। श्रद्धालुओं ने घंट-घड़ियाल के बीच माता को धूप-बत्ती व नारियल चुनरी अर्पित की।

अधिकतर लोगों ने दुर्गा अष्टमी का व्रत 10 अक्तूबर को रखा था। ऐसे देवी भक्तों ने सुबह मंदिरों में पहुंचे और हवन-पूजन कराया। दान-दक्षिणा के बाद प्रसाद का वितरण किया। वहीं घरों में देवी मां के स्वरूप कन्या पूजन कर आशीर्वाद लिया। श्रद्धालुओं ने अष्टमी की देवी मां महागौरी और नवमी की देवी मां सिद्धिदात्री की पूजा-अर्चना कर खुशहाली मांगी। पंचांग के अनुसार, अश्विन शुक्ल अष्टमी को दुर्गा अष्टमी और नवमी तिथि को महानवमी के नाम से जानते हैं। दुर्गा अष्टमी के दिन मां दुर्गा के आठवें और महानवमी को मां दुर्गा के नौवें स्वरूप की पूजा की गई। इस बार दुर्गा अष्टमी और महानवमी के दिन सुकर्मा योग बना था। इस दिन पूरे विधि-विधान से देवी भक्तों ने कन्या पूजन और नवरात्र का हवन किया। काली माता मंदिर आवास विकास, गायत्री मंदिर रोडवेज, केडीसी दुर्गा मंदिर, डारीडीहा, बैड़वा समय माता मंदिर, दुबखरा व बलुआ समय माता मंदिर में भीड़ उमड़ी रही। हवन-पूजन हुआ। जयकारे से माहौल भक्तिमय बना रहा। वहीं शाम से लेकर देर रात तक देवी पंडालों में व्रतियों ने हवन-पूजन किया। इससे चहुंओर उल्लास छाया रहा। रुधौली के शक्तिपीठ मां सरघाट मंदिर में दर्शन के लिए भक्तों की भीड़ उमड़ी रही। श्रद्धालु पूजन-हवन किया। मान्यता है कि मां के दर्शन मात्र से मनोकामना पूर्ण हो जाती है।



शुक्रवार को काली मंदिर आवास विकास में हवन-पूजन करते श्रद्धालु। • हिन्दुस्तान

## आज से शहर में लागू हो जाएगा रूट डायवर्जन

बस्ती। दुर्गापूजा समारोह और दशहरा को लेकर शहर में रूट डायवर्जन शनिवार से प्रभावी हो जाएगा। मेले में उमड़ने वाले भीड़ व श्रद्धालुओं की सुविधा के मद्देनजर 12 अक्तूबर से डायवर्जन प्रभावी होगा। जो पूर्णिमा तक प्रभावी रहेगा। पुलिस कार्यालय के अनुसार मालवीय चौराहे से कम्पनी बाग की तरफ आने वाले दो पहिया वाहन व चार पहिया वाहन को डायवर्ट किया जाएगा। बड़ेबन से सभी बड़े वाहनों को रोककर हाईवे की तरफ डायवर्ट किया जाएगा। कांटे से बस्ती की ओर आने वाले सभी भारी वाहनों के साथ रोडवेज बसों को रोका जाएगा। सिर्फ बस्ती डिपो की रोडवेज बसों को प्रवेश की अनुमति होगी। दक्षिण दरवाजा से कलुआ बाबा के मध्य दो पहिया वाहनों को छोड़कर सभी तरह के वाहन प्रतिबंधित होंगे। रेलवे स्टेशन से सभी बड़े वाहनों को शहर में आने से रोका जाएगा। पांडेय बाजार चौराहा से रेलवे क्रासिंग के रास्ते शहर के तरफ आने वाले समस्त वाहन प्रतिबंधित किए जाएंगे। प्रतिमा विसर्जन यानी पूर्णिमा तक यह डायवर्जन प्रभावी होगा।

## शनैश्चर मंदिर में हुई आरती

रौता चौराहा के शनैश्चर मंदिर में महाअष्टमी पर कन्या पूजन के साथ आरती हुई। मुख्य यजमान मंदिर के संरक्षक राघवेंद्र प्रताप सिंह रहे। जेपी तिवारी, राकेश दुबे, अंकुर वर्मा ने आरती उतारी। कार्यक्रम के बाद मंदिर परिसर में शस्त्र पूजन हुआ। अमरनाथ सिंह, राकेश सिंह, दीपांशु सिंह मौजूद रहे। पं. सरोज मिश्रा ने बताया कि प्रत्येक वर्ष महाअष्टमी के पर कन्या पूजन के साथ महाआरती का आयोजन किया जाता है।

# कड़र खास में आज होगा रावण दहन, लगेगा मेला



कड़रखास में श्रीरामलीला का मंचन करते कलाकार • जागरण

जागरण संवाददाता, बस्ती: शहर से सटे कड़रखास शिवमंदिर परिसर में चल रहे श्रीरामलीला में शनिवार को रावण दहन व मेले का आयोजन किया जाएगा। इसे लेकर आयोजन कमेटी के सदस्यों ने तैयारी पूरी कर ली है। साऊंघाट विकास खंड के कड़रखास में शारदीय नवरात्र पर श्रीरामलीला का मंचन स्थानीय कलाकार कई वर्ष से कर रहे हैं। मंचन देखने के लिए दूर-दूर से लोग यहां आते हैं।

शुक्रवार को श्रीरामलीला में कलाकारों ने लंका में भगवान श्रीराम व लंकेश के साथ युद्ध का मंचन किया, जिसमें एक-एक कर रावण के सभी बलशाली पुत्र अधर्म मार्ग पर युद्ध करने के कारण मृत्युलोक को प्राप्त होते हैं। सोए कुंभकर्ण को जगाने के मंचन पर दर्शक हंसते-हंसते लोटपोट हो गए।

रावण की भूमिका में कलाकार उमाशंकर यादव ने युद्ध के दौरान विभिन्न संवादों का सजीव चित्रांकन किया। अट्ठास करते रावण का दर्शकों ने खूब आनंद लिया। चंद्रभान चौधरी का बजरंगबली के रूप में अभिनय सराहा गया।

# पुलिस कस्टडी में दूसरे दिन भी मल्लू से हुई पूछताछ

जासं, बस्तीः जिले में विदेशी करेंसी को भारतीय मुद्रा में बदलने की जांच-पड़ताल में जुटी सुरक्षा एजेंसियों ने पुलिस कस्टडी रिमांड के दूसरे दिन हीरालाल उर्फ मल्लू से पूछताछ जारी रही। सुरक्षा एजेंसी से जुड़े अधिकारी मल्लू के संपर्क वाले लोगों को बुलाकर उसकी बातों की तस्दीक किया। फरार साथियों का लोकेशन पुलिस ने सर्विलांस सेल की मदद से लेकर उनसे भी फोन के जरिए पूछताछ की।

अभी शनिवार की सुबह भी पूछताछ की जाएगी। सीओ कलवारी प्रदीप त्रिपाठी ने बताया कि मामला अंतरराष्ट्रीय मुद्रा की हेराफेरी से जुड़ा हुआ है। ऐसे में पुलिस इस प्रकरण में सतर्कता बरत रही है।

**विदेशी नेटवर्क की जांच-पड़ताल जारीः** कलवारी थानाक्षेत्र के सैफाबाद गांव में विजय कुमार के बैंक खाते में विदेशी धन बांग्लादेशी नागरिक ने सऊदी अरब से भेजा था। इसके पीछे मकसद क्या है, यह पता लगाने के लिए खुफिया एजेंसियां मल्लू व उसके संपर्कियों के खातों को लगातार खंगालने में जुटी हुई हैं।

# दशहरा और प्रतिमा विसर्जन के दौरान आपात स्थिति से निपटेगी क्यूआरटी

## विसर्जन की ईको फ्रेंडली व्यवस्था, इस बार नदी की जगह गड्ढे में होगा प्रतिमाओं का विसर्जन



दशहरा की पूर्व संध्या पर गांधीनगर में रही गहमागहमी। संवाद



शहर के गांधीनगर में स्थापित मां दुर्गा की प्रतिमा। संवाद

संवाद न्यूज एजेंसी

**बस्ती।** दशहरा और अलग-अलग तिथियों में होने वाले दुर्गा प्रतिमाओं के विसर्जन के दौरान सुरक्षा के पुख्ता प्रबंध के दावे किए गए हैं। आपात स्थिति से निपटने के लिए रिजर्व पुलिस बल और क्यूआरटी टीम लाइन व सभी थानों पर अलर्ट स्थिति में मौजूद रहेगी।

विसर्जन स्थलों पर सीसीटीवी कैमरे और वीडियो रिकार्डिंग होगी। प्रतिमा के चारों तरफ सादे कपड़े में पुरुष और महिला पुलिस कर्मी नजर रखेंगे। इसमें आयोजन समिति के लोग भी सक्रिय सहयोग प्रदान करेंगे।

एसपी गोपाल कृष्ण चौधरी ने दुर्गा पूजा मेले और विसर्जन को देखते हुए कंट्रोल रूम को पूरी तरह अलर्ट रहने के निर्देश दिए हैं। कंट्रोल रूम तक आने वाली हर छोटी-बड़ी सूचनाओं को गंभीरता से लेते हुए त्वरित कार्रवाई के लिए दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं।

इस बार नदी को प्रदूषण मुक्त बनाने की दिशा में सकारात्मक पहल की गई है। महानगरों की भांति यहां भी प्रतिमाओं के विसर्जन के अलग से प्रबंध किए जा रहे हैं। अमहट घाट पर कुआनो नदी के आसपास बड़े आकार के कई गड्ढे तैयार किए जा रहे हैं।

### विसर्जन जुलूस में डीजे पर रहेगी नजर

विसर्जन जुलूस के दौरान कानफोड़ू डीजे बजाने वालों पर पुलिस की खास नजर रहेगी। अधिकारियों का कहना है कि आयोजकों और डीजे वालों को पहले से ही इसे लेकर आगाह किया गया है। इसके बावजूद अगर कोई अतिउत्साह में ऐसा करेगा तो उसके खिलाफ एफआईआर दर्ज करवाई जाएगी। अव्यवस्था उत्पन्न करने वाले डीजे जब्त भी किए जा सकते हैं। सभी जुलूसों की वीडियो बनाने के निर्देश दिए गए हैं।

### चार स्थानों पर बनाए जाएंगे पार्किंग स्थल

पुलिस व प्रशासन की ओर से शहर में चार प्रमुख स्थानों पर पार्किंग स्थल बनाए जाएंगे। इसके लिए किसान डिग्री कॉलेज बस्ती, एपीएन पीजी कॉलेज, एसकेपी इंटर कॉलेज तथा राजकीय इंटर कॉलेज के मैदान को प्रशासन ने आरक्षित कर लिया है।

शहर एवं आसपास के क्षेत्र की सभी प्रतिमाओं का विसर्जन इस बार नदी के बजाय खोदे गए गड्ढों में कराया जाएगा। इसकी तैयारी पूरी कर ली गई है। अमहट घाट के पास सुगम जगहों पर विसर्जन से ठीक एक दिन पहले गड्ढे खोदकर तैयार रखने के निर्देश नगर पालिका को दिए जा चुके हैं।

**- प्रतिपाल सिंह चौहान, एडीएम**

सभी छोटी-बड़ी प्रतिमाएं इन्हीं गड्ढों में विसर्जित की जाएंगी। बाद में इन्हें ढक दिया जाएगा। इससे नदी भी सुरक्षित रहेगी और प्रतिमाएं भी सुरक्षित ढंग से विसर्जित कर दी जाएंगी। गड्ढों को तैयार कराएगी नगर पालिका जिला प्रशासन की तरफ से कुआनो के अमहट तट पर गड्ढों को तैयार कराने की जिम्मेदारी नगर पालिका को सौंपी गई है।

नगर पालिका की टीम अमहट के आसपास सुगम जगहों पर जेसीबी से बड़े-बड़े गड्ढे तैयार करेगी, ताकि प्रतिमाओं को वहां तक आसानी से पहुंचाया जा सके। विसर्जन स्थल पर प्रकाश की व्यवस्था भी बनाई जा रही है। प्रतिमाओं को विसर्जित करने के लिए क्रेन आदि की व्यवस्था रहेगी।

असल में प्रतिमाओं के निर्माण उपयुक्त होने वाले विभिन्न तरह के रंग, कॉस्मेटिक सामान, कांच की चूड़ियां आदि जलीय जंतुओं के लिए नुकसानदेह होते हैं।

### आज शहर में निकाली जाएगी ज्योति यात्रा

**बस्ती।** शहर में शनिवार की शाम को कंपनी बाग से ज्योति यात्रा निकाली जाएगी। इस दौरान गांधीनगर रूट पर वाहनों का आवागमन बंद रहेगा।

ज्योति यात्रा के दौरान सात इंस्पेक्टर, 15 सब-इंस्पेक्टर, तीन महिला एसआई, छह हेड कांस्टेबल, 72 कांस्टेबल, 13 महिला कांस्टेबल तैनात की गई हैं। इसके अलावा दो फायर टेंडर, एंटी रायट स्क्वॉड भी लगाया गया है। साथ ही दो प्लाटून पीएसी भी सुरक्षा का मोर्चा संभलेंगी।

#### परिवर्तित होगा मार्ग

सीओ ट्रैफिक सत्येंद्र भूषण त्रिपाठी ने बताया कि शनिवार को मालवीय चौराहे से कम्पनी बाग की तरफ जाने वाले दो पहिया वाहन व चार पहिया वाहन को डायवर्ट किया जाएगा। कंपनीबाग से शहर के अंदर ज्योति यात्रा के समय कोई वाहन नहीं जाने दिया जाएगा।

मेले के दौरान बड़ेबन से बड़े वाहनों को रोककर हाईवे की तरफ डायवर्ट कर दिया जाएगा। दक्षिण दरवाजा से करुआ बाबा के मध्य दो पहिया वाहनों को छोड़कर सभी वाहन प्रतिबंधित होंगे। संवाद

# फरार हिस्ट्रीशीटर पर इनाम घोषित करने की तैयारी

## लालगंज थाने से फरार हुआ था किशोरी को भगाने का आरोपी

संवाद न्यूज एजेंसी

**बनकटी।** लालगंज थाने से फरार हुआ किशोरी को भगा ले जाने का आरोपी पुलिस के हत्थे अब तक नहीं चढ़ा। न्यायालय से गैर जमानती वारंट जारी होने के बाद पुलिस नवरंग उर्फ भोला पर इनाम घोषित करने की तैयारी में है।

हालांकि, जिस लड़की को भागने के आरोप में वह गिरफ्तार किया गया था, उसने कलम बंद बयान में नवरंग को निर्दोष बताया है। उसने अपनी मर्जी से कहीं जाने की बात बताई है। यह अलग बात है कि किशोरी होने की वजह से उसके बयान का कोई कानूनी महत्व नहीं है। इसलिए पुलिस आरोपी नवरंग की तलाश में हाथ-पांव मार रही है।

आरोप है कि लालगंज थाना क्षेत्र के एक गांव से किशोरी को 15 अगस्त को नवरंग उर्फ भोलू बहला-फुसला कर भगा ले गया था। जिसमें लालगंज पुलिस ने कोतवाली थाना क्षेत्र के नवरंग उर्फ भोलू गुप्ता पर अपहरण, अश्लील हरकत समेत अन्य आरोपों में केस दर्ज किया है। महसों चौकी प्रभारी अनस अख्तर ने 23 सितंबर को संतकबीर गर जनपद से आरोपी को पकड़ कर थाने के लॉकअप में डाल दिया था। मगर, कतिपय कारणों से जीडी में दर्ज नहीं कराया।

### न्यायालय से गैर जमानती वारंट हुआ जारी

अगली रात 25 सितंबर को उल्टी-दस्त का बहना बनाने पर आरोपी को लॉकअप से बाहर कर दिया गया। भोर में आरोपी पुलिस को चकमा देकर फरार हो गया था। इसकी जानकारी होने पर किशोरी के परिवार वालों ने बजरंग दल के पदाधिकारियों के साथ थाने पर धरना प्रदर्शन शुरू कर दिया। इस दौरान थाने के हेड मुहर्रिर से भी उन लोगों की कहासुनी हो गई।

बाद में हेड मोहर्रिर को निलंबित कर पुलिस लाइंस से संबद्ध कर दिया गया। फरार आरोपी को पकड़ने के लिए लालगंज थाने की पुलिस के साथ स्वॉट टीम को भी लगाया गया। 15 दिन बाद भी पुलिस उसका पता नहीं चला।

ऐसे में बृहस्पतिवार को न्यायालय से गैर जमानती वारंट जारी कर दिया गया। थानाध्यक्ष सुशील कुमार गौड़ ने बताया की न्यायालय से आरोपी के खिलाफ गैर जमानती वारंट मिल गया है। क्षेत्राधिकारी संजय सिंह ने बताया कि गिरफ्तारी न होने पर आरोपी पर इनाम घोषित किया जाएगा।

# एडीएम ने बस स्टेशन का निरीक्षण कर जांची व्यवस्था

- दशहरा समेत दुर्गा पूजा त्योहार के दृष्टिगत जांची सुरक्षा व्यवस्था
- बसों के रख-रखाव आदि की एआरएम से ली जानकारी

बस्ती, निज संवाददाता। दशहरा समेत अन्य त्योहार और दुर्गा पूजा के दृष्टिगत बसों सेवाओं की सुविधाओं की जानकारी लेने के लिए शुक्रवार को एडीएम प्रतिपाल सिंह चौहान ने बस्ती रोडवेज डिपो का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने यहां बसों की संख्या, संचालन और सुरक्षा से संबंधित किए गए उपाय की जानकारी ली। साथ ही आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

शाम को चार बजे एडीएम अचानक बस्ती डिपो पहुंच गए। यहां उन्होंने बस स्टेशन का निरीक्षण किया। बसों की कंडीशन को देखा। पूछताछ काउंटर, पेयजल सुविधा, रात्रि सेवा संचालन आदि के बारे में एआरएम आयुष भटनागर से पूछताछ कर जानकारी ली। उन्होंने कहा कि मार्ग पर दुरुस्त बसें ही भेजी जाएं। कोशिश हो कि टाइम शेड्यूल का पालन अधिकतर मार्गों के लिए आवश्य किया जाए। ताकि यात्रियों को समय से गंतव्य तक पहुंचने में परेशानी न झेलनी पड़े। कहा कि त्योहार पर भीड़ अधिक रहेगी, लिहाजा मार्गो पर बसों की संख्या बढ़ाएं। नियमित यात्रियों को बसों से संबंधित जानकारी देते रहें। उन्होंने बसों की संख्या, चालक, परिचालक की तैनाती से संबंधित और ड्यूटी शेड्यूल की जानकारी ली।



रोडवेज बस्ती डिपो में निरीक्षण करते एडीएम प्रतिपाल सिंह चौहान। • हिन्दुस्तान

इस दौरान सीओ सिटी सत्येंद्र भूषण तिवारी ने सुरक्षा से संबंधित पूछताछ की। ईओ/ एसडीएम सुनिष्ठा सिंह, अभिनव श्रीवास्तव, मनीष श्रीवास्तव, कन्हैया सिंह, इंद्रजीत तिवारी आदि मौजूद रहे।

# पारिवारिक विवाद में पति-पत्नी नामजद

**बस्ती।** लालगंज पुलिस ने पारिवारिक विवाद को लेकर मारपीट के मामले में पति-पत्नी पर केस दर्ज किया है। बजहा निवासी कंचन मिश्रा ने तहरीर देकर बताया कि पारिवारिक विवाद को लेकर उसे व उसकी बहू रीमा को सुनील मिश्रा व उनकी पत्नी शशि मिश्रा ने मारापीटा। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है। संवाद

# शांतिभंग की आशंका में नौ पाबंद

**वाल्टरगंज।** पुलिस ने शांतिभंग की आशंका में नौ लोगों पर कार्रवाई की है। प्रभारी निरीक्षक मोती चंद ने बताया कि आकाश पुरी निवासी हथियागढ़, सहदेव, विश्वनाथ जायसवाल, राम नारायन जायसवाल, अभिषेक जायसवाल, नर्मदा देवी, विकास मोदनवाल, कमलावती देवी, गायत्री देवी निवासी देईपार थाना वाल्टरगंज पर शांतिभंग के तहत कार्रवाई की गई है। संवाद

# महिला ने दर्ज कराया केस

**बस्ती।** महिला थाना पुलिस ने महिला को अमर्यादित शब्दों का प्रयोग करने के आरोप में धर्मपुर निवासी सुजीत चौहान पर केस दर्ज किया है।

एसएचओ डॉ. शालिनी सिंह ने बताया कि एसआई मो. रफी खां केस की तफ्तीश कर रहे हैं। संवाद

## दुकान में घुसकर मारपीट में तीन नामजद

**बस्ती।** वाल्टरगंज पुलिस ने गनेशपुर में बुधवार को हुई मारपीट के मामले में तीन आरोपियों पर केस दर्ज किया है। गनेशपुर बड़ी बाजार निवासी राजेश गुप्ता ने तहरीर देकर बताया कि गनेशपुर के एक मैरिज हॉलके बगल में कपड़े की दुकान है। उसका बेटा अमन चौरवा गांव के पास हसन पेट्रोल पंप पर तेल लेने गया था। रास्ते में बाइक से साइड लेने की बात पर गुल्लेज ने अमन को गाली देते हुए मारापीटा। अमन भागकर अपने कपड़े की दुकान पर आया। थोड़ी देर बाद गुल्लेज, अजमल व सायदा दुकान पर आए और दुकान में घुसकर अमन व उसकी मां शीला देवी की पिटाई कर दी। दुकान के सामान भी तोड़ दिए। शोर मचाने पर लोग एकत्र हो गए। तब विपक्षी जान से मारने की धमकी देते हुए चले गए। संवाद

## पुरानी रंजिश में चाकू से हमला, दो नामजद

**सोनहा।** पुलिस ने पुरानी रंजिश में मारपीट के मामले में दो लोगों पर केस दर्ज किया है। तेनुआ गांव निवासी मो. शादाब का आरोप है कि पुरानी रंजिश में बृहस्पतिवार की दोपहर तीन बजे गांव के अरविंद व विशाल ने जान से मारने की नियत से उनके पेट में चाकू मारकर घायल कर दिया। प्रभारी निरीक्षक उपेंद्र कुमार मिश्र ने बताया कि युवक की तहरीर पर दोनों पर हत्या के प्रयास, मारपीट व जानमाल की धमकी देने के आरोप में केस दर्ज कर लिया गया है। जल्द ही गिरफ्तारी की जाएगी। संवाद

## किशोरी से छेड़खानी में एक पर केस

**सोनहा।** एक गांव की किशोरी से छेड़छाड़, अपशब्द कहने व जानमाल की धमकी के मामले में पुलिस ने केस दर्ज किया है। पीड़िता की मां का आरोप है कि गांव का एक युवक बुधवार की दोपहर करीब 12 बजे उनकी 16 वर्षीय बेटी का हाथ पकड़कर घर की तरफ ले जाकर छेड़खानी करने लगा। विरोध करने पर अपशब्द कहते हुए धमकी दी। प्रभारी निरीक्षक उपेंद्र कुमार मिश्र ने बताया कि आरोपी राम नारायन उर्फ साद्धू पर केस दर्ज कर लिया गया है। संवाद

## दुर्गा पूजा देखने निकला किशोर लापता

**बस्ती।** हर्रैया पुलिस ने 14 वर्षीय किशोर के लापता होने के मामले में गुमशुदगी दर्ज की है। कस्बे के गल्ला मंडी निवासी आदर्श कसौधन ने तहरीर देकर बताया कि उनका छोटा भाई ओम कसौधन बृहस्पतिवार की शाम करीब सात बजे घर से दुर्गा पूजा देखने लिए निकला। मगर, वापस नहीं आया। काफी खोजबीन के बावजूद नहीं मिला तो पुलिस को सूचित किया। पुलिस किशोर के बारे में पता लगा रही है। संवाद



छावनी थाने का निरीक्षण करतीं एक दिन की कोतवाल काजल, साथ में रजिस्टर दिखाते एसएचओ विजय कुमार दुबे। स्रोत पुलिस

# छावनी की कोतवाल बनीं काजल, एक दिन चलाया थाना

## मिशन शक्ति : एसएसआई डे ऑफिसर भी बनीं छात्राएं

संवाद न्यूज एजेंसी

छावनी (बस्ती)। मिशन शक्ति फेज के तहत शुक्रवार को देवखर के एक विद्यालय की 12वीं की छात्रा काजल गौतम को एक दिन का सांकेतिक कोतवाल बनाया गया। एसएसआई छात्रा साक्षी सिंह तथा दिवसाधिकारी छात्रा खुशी सिंह को नियुक्त किया गया। अन्य छात्राओं को एसआई तथा बीपीओ के रूप में रखा गया।

छात्रा काजल गौतम ने फरियादियों की समस्याओं की सुनवाई की। थाना कार्यालय, हवालात, मेस तथा थाना परिसर का निरीक्षण किया। महिला हेल्प डेस्क की कार्रवाई के बारे में जानकारी ली। डे ऑफिसर छात्रा खुशी सिंह ने अपनी भूमिका का निर्वहन किया। एसएचओ विजय दुबे ने कोतवाल काजल गौतम को बैंक, एटीएम की चेकिंग, बाइक चेकिंग, संदिग्धों व दुर्गा प्रतिमाओं की सुरक्षा संबंधित जानकारी दी। पुलिस के साथ पैदल गश्त भी किया।

कोतवाल काजल गौतम ने प्रभारी निरीक्षक विजय दुबे को महिला संबंधी अपराधों पर त्वरित कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

मिशन शक्ति अभियान की सफलता एवं उपयोगिता के बारे में प्रकाश डाला।

# शुद्ध की जाएगी शहर की आबोहवा नहीं चलेंगे डीजल वाले टैक्सी वाहन

## शहर को प्रदूषण मुक्त रखने के लिए परिवहन विभाग ने शुरू की पहल

संवाद न्यूज एजेंसी

**बस्ती।** शहर की आबोहवा शुद्ध करने में परिवहन विभाग ने भी एक कदम बढ़ाया है। आने वाले दिनों में शहरी क्षेत्र में चलने वाले फ्यूल बेस (डीजल से चलने वाले) टैक्सी वाहन धीरे- धीरे खत्म हो जाएंगे।

क्योंकि नई व्यवस्था में अब डीजल से चलने वाले ऑटो एवं अन्य टैक्सी वाहनों को शहरी क्षेत्र में परमिट नहीं दिया जाएगा। यहां केवल सीएनजी और बैट्री चालित ऑटो एवं टैक्सी वाहनों को ही शहरी क्षेत्र में चलने के लिए परमिट मिल सकेगी।

परिवहन विभाग में डीजल से चलने वाले ऑटो वाहनों की संख्या पांच हजार से अधिक हो गई है। इसमें ज्यादातर ऑटो शहर में ही चलाए जा रहे हैं। तीन पहिया ऑटो वाहनों को शहर के आसपास के रूटों पर 15 किमी तक परमिट निर्गत की जा रही है।

अब इस व्यवस्था रोक लगेगी। शहरी से 16 किमी के दायरे में किसी भी रूट पर डीजल चालित ऑटो वाहन एवं अन्य किसी टैक्सी वाहन को किसी भी रूट पर परमिट नहीं दी जाएगी। इस दायरे से बाहर ग्रामीण अंचल में इन वाहनों को परमिट निर्गत की जाएगी। शहरी क्षेत्र में सिर्फ सीएनजी एवं बैट्री चालित ऑटो वाहन को ही परमिट मिल सकेगी। इससे शहर को प्रदूषण से बचाया जा सकता है।

**अब बढ़ेगी खरीदारी :** नई व्यवस्था में शहरी क्षेत्र में डीजल चालित ऑटो वाहनों को परमिट न मिलने से इसके बिक्री पर भी असर पड़ेगा। जानकार बताते हैं कि सीएनजी एवं बैट्री चालित वाहनों की बिक्री बढ़ जाएगी।

अनुमान से ज्यादा खरीदारी होने लगेगी। वैसे विभागीय आंकड़े के मुताबिक एक हजार सीएनजी चालित ऑटो पंजीकृत हो चुके हैं। पंजीकृत ई- रिक्शा की संख्या ढाई हजार से ऊपर पहुंच चुकी है।

### कंपनियों ने भी उतार दिए हैं सीएनजी एवं बैटरी चालित वाहन

ऑटोमोबाइल सेक्टर की विभिन्न कंपनियों ने अपनी एजेंसी के माध्यम से सीएनजी एवं बैटरी चालित ऑटो वाहनों को बाजार में उतार दिया है। लेकिन, अभी इसके खरीदार कम मिल रहे हैं। शहरी क्षेत्र के लोग तो इसे पसंद कर रहे हैं लेकिन, आसपास के ग्रामीण इलाके के लोग डीजल चालित वाहन ही खरीद रहे हैं। रामपुर के फिरोज बताते हैं कि सीएनजी एवं बैटरी चालित वाहन सिर्फ शहर में ही सफल है। क्योंकि ग्रामीण अंचल में सीएनजी पंप न के बराबर है। वहीं बैटरी चालित वाहन के लिए अच्छी सड़क होनी चाहिए। यह भी ग्रामीण क्षेत्र में नहीं है। इसलिए हम लोग डीजल चालित वाहन ही चलाते हैं।

### अब शहरी क्षेत्र में डीजल से चलने वाले ऑटो वाहनों को नहीं मिलेगी परमिट

डीजल चालित ऑटो वाहनों को शहरी क्षेत्र में 16 किमी के दायरे में किसी भी रूट पर नई परमिट नहीं दी जाएगी। अभी सिर्फ परमिट पर रोक लगी है। आदेश के पूर्व तक जिन वाहनों का परमिट जारी हो चुका है उनका संचालन किया जा सकता है। प्रदूषण की दृष्टि से विभाग ने यह फैसला लिया है। जब परमिट जारी नहीं होगा तो आगे चलकर अपने आप प्रदूषण मुक्त वाहनों का चलन बढ़ जाएगा। **-पंकज सिंह**
एआरटीओ, प्रवर्तन

# फर्जी प्रमाणपत्र पर शिक्षामित्र बनी आरोपी की कुर्क होगी संपत्ति

**दुबौलिया।** फर्जी प्रमाणपत्र के आधार पर शिक्षामित्र की नौकरी करने वाली आरोपी की संपत्ति कुर्क की जाएगी। एक वर्ष से फरार मांझा अखनपुर गांव निवासी सुमन सिंह चौहान के घर पर शुक्रवार को पुलिस ने कुर्की की नोटिस चस्पा किया। आरोप है कि मांझा अखनपुर गांव में सुमन सिंह चौहान फर्जी मार्कशीट पर शिक्षामित्र की नौकरी कर रही थी। इस मामले में पुलिस ने केस दर्ज किया था। प्रभारी निरीक्षक संध्या रानी तिवारी ने बताया कि नोटिस चस्पा किए जाने के एक माह के अंदर अगर आरोपी हाजिर नहीं होती है तो धारा 83 के तहत घर की कुर्की की कार्रवाई की जाएगी। संवाद

SIDDHARTH NAGAR POLICE

4

# सराहनीय कार्य दिनांक:-12-10-2024

# कृत्रिम गड्ढे में होगा दुर्गा प्रतिमाओं का विसर्जन





खड्डा (एसएनबी)। प्रभारी उपजिलाधिकारी आशुतोष कुमार व पुलिस क्षेत्राधिकारी उमेश चन्द्र भट्ट ने शुक्रवार को दुर्गा पूजा मेले का भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। मूर्ति विसर्जन को लेकर पनियहवा में नारायणी घाट का निरीक्षण कर मातहतों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

नवरात्र पर्व के उपरांत दुर्गा प्रतिमा के विसर्जन के लिए तहसील प्रशासन व नगर पंचायत की ओर से रेल पुल के ऊपर से नारायणी नदी के आसपास एक कृत्रिम गड्ढे की खुदाई की गई है जिसमें मूर्ति विसर्जन किया जाएगा। यह कदम नदी की स्वच्छता और पवित्रता बनाए रखने के लिए उठाया गया है। प्रभारी उपजिलाधिकारी खड्डा आशुतोष कुमार के देखरेख में गड्ढे की खुदाई कराई गई है। शुक्रवार को अधिकारियों ने निरीक्षण किया। इस दौरान तहसीलदार महेश कुमार, थानाध्यक्ष हनुमानगंज अजय पटेल, थानाध्यक्ष खड्डा अनिल कुमार सिंह सहित राजस्व विभाग के अधिकारी पनियहवा घाट पर पहुंचे और कृत्रिम गड्ढा का निरीक्षण किया। प्रभारी एसडीएम आशुतोष कुमार ने कहा कि नदियों की स्वच्छता और पवित्रता बनाए रखना हमारी जिम्मेदारी है। इस पहल से हम नदी की स्वच्छता और पवित्रता बनाए रखने में मदद मिलेगी और पर्यावरण संरक्षण को बल मिलेगा।

**खड्डा के प्रभारी एसडीएम व सीओ ने किया घाट का निरीक्षण**

**पनियहवा व भैंसहा में होगा दुर्गा प्रतिमाओं का विसर्जन**

# शस्त्र पथ संचलन व मूर्ति विसर्जन के लिए रूट हुआ डाइवर्जन

बानगंगा(एसएनबी)। आदर्श नगर पंचायत शोहरतगढ़ में दशहरा,शस्त्र पथ संचलन व देवी प्रतिमाओं के विसर्जन को लेकर एसडीएम ने रुट डायवर्जन कर दिया है। एसडीएम शोहरतगढ़ चंद्रभान सिंह ने कहा कि आदर्श नगर पंचायत शोहरतगढ़ मे श्रद्धालुओ के भीड़ को देखते हुए बड़े वाहनों को नगर पंचायत शोहरतगढ़ मे प्रवेश वर्जित कर दिया गया है। नौगढ़ से बढ़नी की तरफ से जाने वाले वाहन चेतिया तिराहा से छतहरी होते हुए मड़वा चौराहा से होकर जाएंगी। बढ़नी से सिद्धार्थनगर की तरफ जाने वाले वाहन मड़वा चौराहा से रेलवे लाइन पार कर कोइरीडीहा,नकथर चौराहा होते हुए छतहरी से चेतिया मार्ग पहुंचकर सिद्धार्थनगर जायेंगे।खुनुवां व नेपाल जाने वाले छोटे व बड़े वाहन खुनुवा बाईपास मार्ग से होकर जाएंगे। और प्रतिमाओं का विसर्जन डोई नदी मे होना है।

# अज्ञात वाहन की चपेट में आने से पेट्रोल पम्प कर्मचारी की मौत

शाहपुर (एसएनबी)। इटवा थाना क्षेत्र के शाहपुर चौराहे के पास गुरुवार देर रात लगभग 10.30 बजे अज्ञात वाहन की चपेट में आने से एक युवक की मौत हो गई और दो गंभीर रूप से घायल हो गए। घायल युवकों को एंबुलेंस से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बेंवा ले जाया गया जहां डाक्टरों ने एक को मृत घोषित कर दिया और एक की हालत गंभीर देखते हुए बस्ती के लिए रेफर कर दिया और दूसरे को प्राथमिक उपचार के बाद घर भेज दिया गया।

जनकारी के मुताबिक संत कबीर नगर जिले के धर्मसिंघवा थाना क्षेत्र के बरईपार निवासी शुभम पांडे अपनी पल्सर मोटरसाइकिल यूपी-58-जेड-5229 से डुमरियागंज से शाहपुर अपने किराए के मकान पर आ रहा था, डुमरियागंज स्थित एक पेट्रोल पंप पर शुभम ने अपनी गाड़ी में पेट्रोल डलवाया और वहीं से पेट्रोल पंप पर काम कर रहे दो कर्मचारी जितेंद्र उपाध्याय और मुकेश यादव को अपनी मोटरसाइकिल पर बैठा लिया। अभी वह जितेंद्र उपाध्याय के किराए के मकान के पास पहुंचा था कि पीछे से आ रही तेज गति से अज्ञात वाहन ने ठोकर मार दिया। जिससे बस्ती जनपद के रुधौली थाना क्षेत्र के पकड़ी बरगदवा निवासी जितेंद्र उपाध्याय पुत्र मुनीष चंद्र 38 की मौके पर मौत हो गई और शाहपुर वार्ड नंबर 9 सुवाष नगर निवासी मुकेश यादव और मोटरसाइकिल चालक शुभम पांडे को गंभीर चोटे आई। मौके पर मौजूद लोगों ने शाहपुर पुलिस की मदद से तीनों को एम्बुलेंस से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बेंवा पहुंचाया। जहां डाक्टरों ने जितेंद्र उपाध्याय को मृत घोषित कर दिया और मुकेश यादव की स्थिति गंभीर देख बस्ती के लिए रेफर कर दिया और शुभम पांडे को इलाज के बाद घर भेज दिया। जितेंद्र उपाध्याय की मौत के बाद परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। वही इस संबंध में शाहपुर चौकी इंचार्ज राजेश कुमार तिवारी ने बताया कि मृतक परिवार वालों के आग्रह पर लाश का पंचनामा कराकर परिजनों को सौंप दिया गया है। अभी तक परिजनों के तरफ से कोई तहरीर नहीं मिली है।



घटना स्थल पर लगी भीड़।

चादरपोशी करने के साथ मांगी मन्नतें

# दरिया शाह बाबा का मना उर्स-ए-पाक



शुक्रवार को उर्स के दूसरे दिन गुस्ल गागर यात्रा निकाली गई दरिया शाह बाबा के उर्स में हजारों अकीदतमंदों ने की चादरपोशी। ● हिन्दुस्तान

**आस्था**

मिश्रौलिया, हिन्दुस्तान संवाद। उड़वलिया गांव के पश्चिम स्थित बाबा दरिया शाह के मजार पर आयोजित 29वें उर्स में हजारों की तादाद में अकीदतमंदों ने शिरकत की। उर्स में देर रात तक रौनक छाई रही। मजार के प्रति आस्था रखने वाले अकीदतमंदों ने बाबा के आस्ताने पर चादरपोशी करने के साथ मन्नतें मांगी।

आयोजक मनव्वर हुसैन की देखरेख में हो रहे उर्स के दूसरे दिन तकरीर के साथ मेले का आगाज हुआ। इसके बाद अकीदमंदो ने क्रमबद्घ तरीके से बाबा के मजार पर चादरपोशी की। इस दौरान टेउवां खालसा गांव से गुस्ल गागर यात्रा भी निकाली गई जो मटेहना, बढ़या, भगवतपुर, बेलवा, मिठौवा होते हुए उडवलिया स्थित बाबा के मजार पर पहुंची। फातिहा पढ़ते हुए सभी ने दुआएं मांगी।

बाबा के उर्स में राज्य के अलावा पड़ोसी देश नेपाल के तराई से भी भारी संख्या में हर जाति-धर्म के अकीदतमंद आए हुए थे। उर्स में आने वाले जायरीनों के लिए खाने-पीने व सोने का मजार प्रबंधन समिति के द्वारा पुख्ता इंतजाम किये गए थे। उर्स के मेले में रंग बिरंगे पकवानों व मिठाइयों का भी जायरीनों ने खूब मजा लिया। रोजी-रोटी की तलाश में आए दुकानदारों ने सामानों की बिक्री खूब की। प्रभारी थानाध्यक्ष मिश्रौलिया अरूण कुमार के साथ तबारक हुसैन, मोहम्मद रहीश, अशरफ़ अली, मोहम्मद रफीक, शमी बंजारा, अबरार, मजहर, गोबरे, साबिर, वली मोहम्मद, शहजाद, मोहम्मद फारूक चौरी, टिल्लू मनिहार आदि मौजूद रहे।

**09** वें उर्स में हजारों की तादाद में अकीदतमंदों ने की शिरकत

- उर्स के मेले में तराई के साथ नेपाल के भी जायरीनों ने लिया भाग
- उर्स-ए-पाक पर जियारत करने आए हजारों अकीदतमंदों ने मांगी मन्नतें

## मजार से जुड़ी है जायरीनों के मुरादों की डोर

बाबा दरियाशाह के मजार पर आने वाले हर जायरीनों की डोर मांगी गई मुरादों से जुड़ी है। मान्यता है कि बाबा के मजार पर चादरपोशी कर मांगी गई जायज दुआ मकबूल होती है। लोग बताते है कि आज तक जिस भी जायरीन ने पाकीजगी व अकीदत के साथ बाबा से दुआ मांगी उसकी पूरी हुई।

## उर्स में झूला रहा आकर्षण का केन्द्र

बाबा दरियाशाह के उर्स में आया झूला जायरीनों के आकर्षण का केन्द्र रहा है। जिसका बच्चों के साथ बूढे बुजुर्गों ने भी मजा लिया। उर्स मेला में काफी भीड़ देखने को मिली।

# पुलिस के जवानों ने किया रूट मार्च

**बढ़नी।** जिलाधिकारी डॉ. राजा गणपति आर, पुलिस अधीक्षक प्राची सिंह के संयुक्त नेतृत्व में एसएसबी और पुलिस के जवानों ने कस्बे के विभिन्न मुहल्ले में रूट मार्च करके सुरक्षा का जायजा लिया गया। कस्बे के डाक बंगला रोड होते हुए डिहवा होते हुए पश्चिम पोखरा चौराहा, गोला बाजार, चट्टी बाजार, बॉर्डर इलाके सहित स्टेशन रोड एवम रामलीला मैदान इत्यादि क्षेत्रों का जायजा लिया। एसएसबी से इंस्पेक्टर भूपेंद्र सिंह, सब इंस्पेक्टर अंकित सिंह, थानाध्यक्ष ढेबरुआ संतोष कुमार सिंह, चौकी प्रभारी सभाशंकर यादव आदि मौजूद रहे।

### नौगढ़ व बढ़नी की ओर से आने-जाने वाले मार्ग पर हुआ डायवर्जन

# विजयादशमी पर पथसंचलन को लेकर रहेगा डायवर्जन

**शोहरतगढ़।** शोहरतगढ़. कस्बे में विजयादशमी उत्सव व राष्ट्रीय स्वंयसेवक संघ (आरएसएस) की ओर से आयोजित पथ संचलन, देवी मां दुर्गा प्रतिमाओं के विसर्जन, नगर में बढ़ रही श्रद्धालुओं की भीड़ को लेकर एसडीएम के निर्देश पर रूट डायवर्जन किया गया। एसडीएम चंद्र भान सिंह ने बताया कि नगर में श्रद्धालुओं के भीड़ को देखते हुए बड़े वाहनों को नगर में प्रवेश वर्जित कर दिया गया है।

उन्होंने बताया कि सनई से बढ़नी की तरफ से जाने वाले वाहन चेतिया तिराहा से छतहरी, नकथर होते हुए मड़वा चौराहा से होकर गुजरेंगें। खुनुवां व नेपाल जाने वाले छोटे व बड़े वाहन बाईपास मार्ग से होकर जाएंगे। एसडीएम ने कहा कि प्रतिमाओं का विसर्जन नगर से सटे डोई नदी मे होना है। विसर्जन कार्य में सहूलियत के लिए नगर पंचायत प्रशासन को निर्देशित किया कि पिछले वर्ष की भांति इस वर्ष भी मूर्तियों का विसर्जन क्रन के माध्यम से कराएं। विसर्जन स्थल डोई नदी की साफ सफाई के लिए ईओ को निर्देश दिया गया है। एसडीएम ने कहा कि विसर्जन के दिन कोई भी श्रद्धालु तेज आवाज एवं फुहड़ व धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने वाले गीत नहीं बजाएंगे, वरना उनके खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी।



नेशनल हाइवे शोहरतगढ़ के चेतिया मोड़ की तरफ डायवर्ट होकर जाते वाहन।

---

**तैयारी** | जनपद में पटाखा निर्माण के लिए नहीं है एक भी लाइसेंस, रेडिमेट पटाखे की बिक्री के लिए 22 दुकानों को मिला है लाइसेंस

# दीपावली से पहले धमाका रोकने के लिए प्रशासन सक्रिय

संवाद न्यूज एजेंसी

**सिद्धार्थनगर।** दीपावली से पहले पटाखे की खेप जनपद में एकत्र किया जा रहा है। यह हम नहीं हाल में की गई पुलिस की कार्रवाई का रिकॉर्ड बता रहा है। क्योंकि एक पखवारे के बीच सदर और गोल्हौरा थाना क्षेत्र में पटाखे की खेप पकड़ी जा चुकी है।

सदर पुलिस के हाथ लगे पटाखा ले जाने वाले आरोपियों से नेपाल ले जाने की तक के इनपुट पुलिस को मिल चुके हैं। जिले के अलीगढ़वा बार्डर पर अवैध पटाखा भंडारण से हुए धमाके में कई लोगों की जान चली गई थी, इसके बाद प्रशासन और पुलिस अलर्ट मोड में है।

लाइसेंसी दुकानों की भंडारण और वहां की आग से बचाव प्रबंधों की टीम जांच करके आवश्यक दिशा-निर्देश दे चुकी है।

अवैध रूप से पटाखा का भंडारण और बिक्री हमेशा जानलेवा साबित होता है। जब बड़ी घटना होती है तो लोगों को जानकारी होती है कि अरे कस्बे में यह सब कैसे चल रहा था। कुछ ऐसा ही बीते वर्ष अक्तूबर माह के अंतिम सप्ताह में नेपाल बार्डर से लगे अलीगढ़वा कस्बे में हुआ था।

जिसका शोर 15 किलोमीटर दूर नेपाल में भी गूंजा था। वहां के हाजी कटरा में अवैध पटाखों का भंडारण किया था, इसमें विस्फोट हुआ और कई लोगों की जान चली गई और कुछ लोग झुलस भी गए थे। प्रदेश में बीते दिनों कई जिलों में ऐसे ही विस्फोट होने का मामला सामने आया है। इसके बाद प्रशासन और पुलिस सक्रिय हो गई है।

लाइसेंसी दुकानों की एसडीएम और सीओ की नेतृत्व फायर सर्विस की टीम जांच करके मानक, भंडारण और सुरक्षा के उपाय और लाइसेंस की अवधि की जांच करके आवश्यक दिशा-निर्देश दिए हैं।

हालांकि यह सब दुकानें रेडीमेड वाली हैं। यहां लाकर भंडारण करके बेच सकते हैं। बाकी बनाने का जिले में कोई लाइसेंस नहीं है।



पटाखे की दुकान पर जांच करते फायर ब्रिगेड प्रभारी नसरूद्दीन। संवाद विज्ञप्ति

### जिले में 22 दुकानों का है लाइसेंस

मिली जानकारी के अनुसार जिले के सभी पांच तहसील में 22 पटाखे का लाइसेंस है। इसमें सभी को रेडीमेड लाकर बेचने की अनुमति है, कोई बारूद लाकर निर्माण नहीं कर सकता है। एक लाइसेंस 15 किलो से अधिक पटाखा नहीं रख सकता है। साथ ही सुरक्षा के सारे इंतजाम होना जरूरी है।

**पुलिस ने पकड़ी खेप :** लगभग 15 दिन पहले सदर पुलिस ने चेकिंग के दौरान जमुआर नाले के पास एक पिकअप में लदा 27 गत्ता अवैध पटाखा पकड़ा था। साथ में दो लोगों को गिरफ्तार किया था। जांच में पाया गया कि पटाखा लखनऊ से आ रहा था और नेपाल ले जाने की कोशिश थी। पुलिस अभी इस मामले की छानबीन कर रही है। कनेक्शन के बारे में जानकारी ले रही है। वहीं, गोल्हौरा पुलिस ने चार दिन पहले अवैध पटाखा पकड़ा था। इस मामले में पुलिस ने कार्रवाई की है।

लाइसेंस वाले पटाखा की दुकान की जांच अभियान चलाकर की गई है। जांच में सुरक्षा से संबंधित उपाय जैसे फायर सिलिंडर, पानी की व्यवस्था आदि बिंदुओं की जांच की गई है। इसमें आवश्यक दिशा- निर्देश दिया गया है। नियम का पालन नहीं करने वालों पर कार्रवाई की जाएगी। - नसीरूद्दीन, सहायक अग्निशमन अधिकारी

लाइसेंसी पटाखों की दुकानों की संयुक्त टीम की ओर से जांच किया गया है। उसके मानक को देखा गया है। इसके साथ ही आवश्यक दिशा-निर्देश दिया गया है। नियम विरुद्ध कोई दुकान नहीं चल सकता है। अगर ऐसा कोई करता है तो उसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। - उमाशंकर, एडीएम

# शोहरतगढ़ नगर में नहीं प्रवेश करेंगे बड़े वाहन

जासं, शोहरतगढ़ : दशहरा के मौके पर शोहरतगढ़ में होने वाले शस्त्र पूजन के दौरान किसी भी प्रकार की स्थिति से निपटने के लिए प्रशासन ने तैयारी कर ली है। शस्त्र पूजन, पथ संचलन व प्रतिमा विसर्जन के दौरान शोहरतगढ़ नगर में किसी भी प्रकार के बडे वाहन प्रवेश नहीं कर सकेंगे। इसके लिए रूट का डायवर्जन कर दिया गया है।

उपजिलाधिकारी चंद्रभान सिंह ने बताया कि नगर में श्रद्धालुओं की भीड़ देखते हुए सभी प्रकार के वाहनों की आवाजाही को रोक दिया गया है। नौगढ़ से बढ़नी की तरफ से जाने वाले वाहन चेतिया तिराहा से छतहरा होते हुए मड़वा चौराहा से होकर आयेंगी जाएंगी। खुनुवां व नेपाल जाने वाले छोटे व बड़े वाहन बाईपास मार्ग से होकर जाएंगे। एसडीएम ने कहा कि प्रतिमाओं का विसर्जन डोई नदी में किया जायेगा। नपं के अधिशासी अधिकारी को निर्देशित किया गया है कि मूर्तियों का विसर्जन क्रेन से कराया जाएगा।

# पुलिस ने किया पैदल मार्च

सिद्धार्थनगर : शारदीय नवरात्र और दुर्गापूजा को ध्यान में रखते हुए सभी थानों की पुलिस ने क्षेत्र में पैदल मार्च किया। क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए अराजकतत्वों को चिन्हित कर उन्हें पाबंद करने का अभियान भी संचालित किया। जवानों ने विशेष रूप से इन्हीं क्षेत्र में भ्रमण किया। एसपी प्राची सिंह ने कहा कि शांति के लिए पुलिस कार्रवाई करने के लिए अभियान संचालित की है।

# डुमरियागंज के सौहार्द को बिगाड़ना चाहते हैं पूर्व विधायक : सैय्यदा

## प्राथमिकता के आधार पर होगा मंदिरों पर कार्य

जागरण संवाददाता, डुमरियागंज : डुमरियागंज से सपा विधायक सैय्यदा खातून ने पूर्व विधायक राघवेंद्र सिंह पर आरोप लगाया है कि वह और उनके समर्थक क्षेत्र के सौहार्द को बिगाड़ना चाहते हैं, लेकिन वह उनकी मंशा को कामयाब नहीं होने देंगी। उन्होंने कहा कि वह हिंदू-मुस्लिम एकता, मंदिरों के विकास के लिए काम करती रही हैं और करती रहेंगी।

विधायक शुक्रवार को डुमरियागंज के सपा कार्यालय पर आयोजित पत्रकार वार्ता के माध्यम से कहा कि गुरुवार को वह गालापुर मंदिर में फलाहार कार्यक्रम कराकर लौट रहीं थीं। इस दौरान पूर्व विधायक के समर्थक लवकुश ओझा व कुछ अन्य लोगों ने फलाहार कार्यक्रम को लेकर कई तरह के आरोप लगाने लगे। उन्होंने कहा कि पूर्व विधायक व उनके कुछ समर्थकों का सिर्फ इतना मकसद है कि डुमरियागंज में किसी न किसी बहाने दंगा कराया जाए। इसलिए यह अनर्गल बयानबाजी करते हैं और हम लोगों को रोकते हैं, लेकिन हम मानेंगे नहीं। उन्होंने कहा कि पेड़रिया मंदिर उपेक्षित पड़ा हुआ था, लेकिन अपने विधायकी कार्यकाल में इन्होंने उस पर ध्यान नहीं दिया। विधायक ने कहा कि उन्होंने वहां 15 लाख का कार्य कराकर मंदिर का जीर्णोद्धार कराया। अपनी निधि से पहला काम गालापुर मंदिर का कराया। ऐसे अन्य भी कार्य हैं। उन्होंने कहा कि उनके पास अयोध्या, हरिद्वार से साधु-संत आते रहते हैं। वह उनका सम्मान करती हैं और वह उन्हें आशीर्वाद देते हैं। उन्होंने कहा कि वह जब से विधायक हुई हैं, तब से गालापुर में फलाहार कार्यक्रम कर रही हैं। इसके लिए किसी से अनुमति लेने की आवश्यकता नहीं है। उन्होंने कहा कि वह मंदिरों का विकास कराती रही हैं और कराती रहेंगी। उन्होंने कहा डुमरियागंज की जो हिन्दू-मुस्लिम एकता है, वह रहेगी। कुछ बाहरी लोग इसे बर्बाद करना चाहते हैं, वह उन्हें कामयाब नहीं होने देंगी। इस अवसर पर विजय अग्रहरी, घिसियावन यादव, अजय यादव, सौरभ, सूर्य प्रकाश उपाध्याय, बच्चा राम बौद्ध सहित अन्य समर्थक उपस्थित रहे।



प्रेस वार्ता करती विधायक सैय्यदा खातून ● जागरण

### विधायक के डुमरियागंज के समर्थकों ने भी दी तहरीर

जागरण संवाददाता, सिद्धार्थनगर : इटवा थाना क्षेत्र के गालापुर मंदिर में डुमरियागंज विधायक के समर्थक व भाजपा कार्यकर्ताओं में हुई कहासुनी को लेकर शुक्रवार दूसरे पक्ष ने भी पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। इस प्रकरण में भाजपा के ब्लाक प्रमुख संघ के जिलाध्यक्ष लवकुश ओझा ने एक दिन पहले ही विधायक के विरुद्ध तहरीर दे चुके हैं। डुमरियागंज विधायक सैय्यदा खातून के समर्थकों ने शुक्रवार को इटवा थाने में तहरीर देकर भाजपा कार्यकर्ताओं के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। उन्होंने आरोप लगाया है कि फलाहार कार्यक्रम के बाद बाहर निकलने के दौरान ब्लाक प्रमुख संघ के जिलाध्यक्ष लवकुश ओझा सहित उनके समर्थकों ने उनसे विवाद किया है। तहरीर देने वालों में सपा नेता रामधीरज साहनी, बहरैची प्रसाद, सुरेंद्र शुक्ल, सूर्य प्रकाश उपाध्याय, बाल कृष्ण ओझा अन्य शामिल हैं। तहरीर के माध्यम से उन्होंने कहा है कि हर वर्ष की भांति गुरुवार को उन्होंने गालापुर मंदिर परिसर में फलाहार कार्यक्रम आयोजित किया था। इसमें डुमरियागंज विधायक सैय्यदा खातून मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुई थीं। इस प्रकरण लवकुश ओझा ने एक दिन पहले इटवा थाने पर तहरीर देकर विधायक के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है।

### विधायक के विरोध के लिए हमारे समर्थक ही पर्याप्त

डुमरियागंज : पूर्व विधायक राघवेंद्र सिंह ने कहा कि धार्मिक स्थलों पर अपनी निधि से कार्य कराकर विधायक हिंदुओं को भाईचारा के नाम पर चारा बनाकर प्रयोग कर रही हैं। इनके पिता स्व. तौफीक अहमद स्वयं सामंतवादी थे। इनके गांव बिथरिया में ही हिंदू-मुस्लिम दोनों इनके आतंक से त्रस्त थे। यह गालापुर मंदिर पर फलाहार कार्यक्रम में गईं थीं। वहां पता नहीं यह मुर्गा खाकर गई थीं, अंडा खाकर गई थीं अथवा कुछ और। ऐसा करके उन्होंने व्रतधारी हिंदुओं का धर्म भ्रष्ट करने का कार्य किया गया है। यह बेहद निंदनीय है। यदि वह ऐसा कार्य करेंगी तो उसका हर स्तर पर विरोध किया जाएगा। पूर्व विधायक ने कहा कि विधायक से लड़ने के लिए मेरे समर्थक ही बहुत हैं। अभी मेरा नंबर नहीं आया है। जिन्हें विधायक द्वारा गुर्गे कहा जा रहा है, वह गुर्गे नहीं ब्लाक प्रमुख हैं। क्रय-विक्रय समिति के अध्यक्ष हैं। पूर्व विधायक ने कहा कि बीते 12 रबीअव्वल में सर तन से जुदा के नारे भारतभारी में लगे, लेकिन इस पर इनकी कोई प्रतिक्रिया नहीं आई। हिंदू लड़कियों के साथ गलत हुआ, लेकिन इनकी कोई प्रतिक्रिया नहीं आई। खरकट्टी चौराहे पर माता जी की प्रतिमा 10 मीटर इधर-उधर रखने को लेकर विवाद हुआ था। इस पर इन्होंने विरोधियों का साथ दिया। हिंदुओं का साथ नहीं दिया। यह इनके हिंदू-मुस्लिम भाईचारे की बानगी है। मेरा मिशन हिंदुत्व था, है और रहेगा। हमारे समर्थक विरोध कर रहे हैं, आश्यकता पड़ेगी तो हम भी आएंगे।



राघवेंद्र प्रताप सिंह

## ग्रामीण महिलाओं को पुलिस ने किया जागरूक

सिद्धार्थनगर : जनपद पुलिस ने शुक्रवार को अभियान संचालित कर ग्रामीण क्षेत्र की महिलाओं को जागरूक किया। पुलिस ने कम्यूनिटी पुलिसिंग की परिभाषा बताई। यह कार्यक्रम शक्ति दीदी अभियान में संचालित किया गया। महिला सशक्तिकरण में महिला सम्मान, सुरक्षा व साइबर अपराध के संबंध में बताया गया। विभिन्न कल्याणकारी योजना, महिला हेल्प डेस्क व कानूनी प्रावधानों की भी जानकारी दी गई। महिला बीट अधिकारी ने बालिका और महिलाओं से वार्ता की। महिला से संबंधित कानून की जानकारी दी। वुमेन पावर लाइन-1090, महिला हेल्पलाइन 181, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1076, पुलिस आपातकालीन सेवा 112, चाइल्ड हेल्पलाइन 1098, स्वास्थ्य सेवा 102, एंबुलेंस सेवा 108 के साथ सीयूजी नंबर को भी बताया।

## पोस्टर पार्टी ने किया रात्रि में धार्मिक स्थल का निरीक्षण

सिद्धार्थनगर : पुलिस अधीक्षक प्राची सिंह ने दुर्गा पूजा व नवरात्र को देखते हुए पुलिस पोस्टर पार्टी गठित किया है। सभी थानों की पुलिस पोस्टर पार्टी ने धार्मिक स्थलों का निरीक्षण किया। आपत्तिजनक वस्तु व व्यक्ति की खोज की।

# मंदिर में फलाहार विवाद...विधायक के समर्थकों ने भी खोला मोर्चा, तहरीर दी

## डुमरियागंज विधायक के समर्थकों ने भाजपा नेता व समर्थकों पर गाली-गलौज के लगाए आरोप

संवाद न्यूज एजेंसी

**भनवापुर (सिद्धार्थनगर)।** गालापुर मंदिर परिसर में फलाहाल कार्यक्रम को लेकर हुए विवाद के मामले में सपा विधायक सैय्यदा खातून के समर्थकों ने भी मोर्चा खोल दिया है। समर्थकों ने शुक्रवार को थाने में तहरीर दी।

तहरीर में उन्होंने भाजपा के ब्लाक प्रमुख संघ के जिलाध्यक्ष लवकुश ओझा और उनके समर्थकों पर विधायक से अमर्यादित व्यवहार और गाली-गलौज करने का आरोप लगाया है। इस मामले में भाजपा नेता एक दिन पहले ही विधायक व उनके समर्थकों पर लोगों की धार्मिक पवित्रता नष्ट करने का आरोप लगाते हुए तहरीर दे चुके हैं। इस मामले में फिलहाल पुलिस ने कोई केस दर्ज नहीं किया है।

सपा नेता रामधीरज साहनी, बहरैची प्रसाद, सुरेंद्र शुक्ल सहित कई लोगों ने शुक्रवार को इटवा थाने में तहरीर दी। तहरीर में लिखा है कि हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी बृहस्पतिवार को उन लोगों ने गालापुर मंदिर परिसर में फलाहार कार्यक्रम का आयोजन किया था। मुख्य अतिथि के रूप में डुमरियागंज के विधायक सैय्यदा खातून बुलाया गया था।

कार्यक्रम के दौरान मन्नीजोत निवासी लवकुश ओझा, शत्रुघ्न सोनी व राजन अग्रहरी पहुंच गए और गाली-गलीज करते हुए विधायक के खिलाफ अपशब्दों का प्रयोग करने लगे। वे लोग बीच-बचाव करते हुए किसी तरह वहां से निकले। विधायक समर्थकों ने इटवा पुलिस से जांच कर कार्रवाई की मांग की है।

प्रभारी निरीक्षक इटवा श्रीप्रकाश यादव ने बताया कि गालापुर मंदिर परिसर में फलाहार कार्यक्रम के दौरान हुई नोकझोंक के मामले में दोनों पक्षों की तहरीर मिली है। वायरल वीडियो के साथ ही मामले की जांच कर आगे की कार्रवाई की जाएगी।



सपा कार्यालय पर प्रेस वार्ता करतीं विधायक सैय्यदा खातून। संवाद

### विधायक बोलीं- विधानसभा अध्यक्ष से करेंगे शिकायत

**डुमरियागंज।** विधायक सैय्यदा खातून ने डुमरियागंज क्षेत्र में हिन्दू-मुस्लिम एकता खत्म करने तथा सांप्रदायिकता फैलाने का आरोप लगाया है। उन्होंने गालापुर स्थित बटवासिनी महाकाली स्थान के प्रांगण में सपा की तरफ से आयोजित फलाहार कार्यक्रम में हुए विरोध और विवाद को कुछ बाहरी लोगों की साजिश बताया। उन्होंने कहा कि गालापुर विवाद को डीआईजी, आईजी व विधानसभाध्यक्ष के सामने उठाएंगी। बताया कि वह कार्यक्रम से वापस आ रही थीं तभी वहां पहुंचे लवकुश ओझा, शत्रुघ्न और राजन आदि कहने लगे की यहां क्यों आई हो मस्जिद जाओ और मांस मछली का सेवन करने की निराधार बातें करने लगे। जिस पर उनके साथ मौजूद लोगों ने आपत्ति जताई तो वह विवाद पर आमादा हो गए। माहौल खराब न हो इसलिए वह वहां से चली गईं। उन्होंने कहा कि वह धमकियों से डरने वाली नहीं हैं। कार्यकर्ता जहां भी जिस कार्यक्रम में बुलाएंगे जरूर पहुंचेंगी। संवाद



11 अक्तूबर को प्रकाशित खबर।

**गालापुर मंदिर में बृहस्पतिवार को फलाहार कार्यक्रम के दौरान हुआ था विवाद**

### विधायक की हिन्दू-मुस्लिम एकता की बात दिखावा: लवकुश

**भनवापुर।** ब्लॉक प्रमुख संघ के जिलाध्यक्ष लवकुश ओझा का कहना है कि हिन्दू-मुस्लिम एकता की बात करना डुमरियागंज विधायक का दिखावा है। विधायक की ओर से गालापुर मंदिर परिसर में फलाहार कार्यक्रम का आयोजन बिना प्रशासनिक अनुमति के हिन्दू जनमानस की भावनाओं को ठेस पहुंचाने और उनकी पवित्रता को भंग करने के लिए किया गया था। लवकुश ने कहा कि हम उनके मस्जिदों में कोई कार्यक्रम नहीं कर सकते तो वह भी हमारे धार्मिक स्थलों पर कार्यक्रम नहीं कर सकतीं। विधायक केवल मुस्लिम तुष्टीकरण की राजनीति करती हैं।

### पिछले साल धोया गया था मंदिर

**भवानीगंज** थाना क्षेत्र के बलुआ समय माता के स्थान पर पिछले साल नवंबर में श्री शतचंडी महायज्ञ का आयोजन किया गया था। आयोजकों के बुलावे पर कार्यक्रम में विधायक सैय्यदा खातून भी पहुंची थीं। इसकी जानकारी होने पर नगर पंचायत बढ़नी चाफा के चेयरमैन धर्मराज वर्मा ने मंदिर परिसर को गंगा जल से धुलवाया था। इस घटना के बाद विधायक ने विधानसभा में सवाल उठाया था।

SANT KABEER NAGAR POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:-12-10-2024

# एसडीएम व सीओ ने शांतिपूर्ण ढंग से त्योहार मनाने का दिया संदेश

**मेंहदावल (एसएनबी)।** दशहरा पर्व त्योहार को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने को लेकर एसडीएम उत्कर्ष श्रीवास्तव व सीओ मेंहदावल केशव नाथ, थानाध्यक्ष आरके सिंह के नेतृत्व में पुलिस ने पैदल मार्च किया। नागरिकों को शांति एवं सुरक्षा का भरोसा दिलाया। एसडीएम उत्कर्ष श्रीवास्तव व सीओ केशव प्रसाद की अगुवाई में पुलिसकर्मियों ने पैदल मार्च किया। पुलिस ने रोडवेज तिराहा, सीएचसी तिराहा, चौक बाजार, बहबोलिया, टंड़वरिया, बीमापार, पेट्रोल पंप तिराहा, तहसील मार्ग आदि स्थानों पर जाकर लोगों से दशहरा पर्व को आपसी भाईचारा के साथ पालन करते हुए शांतिपूर्ण ढंग से ही मनाने की अपील की। सीओ केशव नाथ ने कहा कि त्यौहार भाई चारे व शांति के प्रतिक होते है। हर पर्व शांति सद्भावना का संदेश देता है। पर्व सामाजिक समरसता के साथ साथ सामाजिक जीवन का वोध कराते है। जिसका अनुसरण कर हम त्यौहार को सौहार्द के साथ मनाने के प्रति तसंकल्पित हो। उन्होंने कहा कि जाति धर्म मजहब से ऊपर उठ कर सामाजिक समरसता हमारे जीवन व विकास का मूल मंत्र है जो हमारे तरक्की का मार्ग प्रशस्त करता है तथा देश की एकता-अखंडता को मजबूत बनाता है। त्यौहार हमे भाई चारे के सूत्र मे पिरोते हैं। इनसे अलग व्यहार करने वाला व्यक्ति सामाजिक परिहास का कारण बनता है इस लिए प्रेम सौहार्द भाईचारे व सद्भावना के साथ पर्व मनाए तथा प्रशासन का सहयोग करे जिससे शांति व्यवस्था कायम किया जा सके।

# डीएम, एसपी ने की पांडाल आयोजकों से बात

**शहर कोतवाली खलीलाबाद का डीएम व एसपी ने किया पैदल भ्रमण**

**संतकबीरनगर (एसएनबी)।** नवरात्रि, दुर्गा पूजा व दशहरा को सकुशल व भयमुक्त वातावरण में संपन्न कराने तथा जनपद में कानून व्यवस्था को सुदृढ़ बनाये रखने, जनता में शांति व सुरक्षा का भाव उत्पन्न कराने के दृष्टिगत डीएम महेन्द्र सिंह तंवर व पुलिस अधीक्षक सत्यजीत गुप्ता ने भारी संख्या में पुलिस बल के साथ थाना कोतवाली खलीलाबाद शहर के प्रमुख स्थानों पर पैदल गश्त किया। दोनों वरिष्ठ अधिकारियों ने शहर में विभिन्न चौराहों पर पांडालों में स्थापित की गई माँ दुर्गा प्रतिमा के आयोजकों से बात की और किसी भी समस्या के लिए तत्काल अधिकारियों को अवगत कराने की बात कही। उन्होंने पैदल गश्त के दौरान व्यापारियों, दुकानदारों व राहगीरों को सुरक्षा व्यवस्था के प्रति आश्वस्त किया गया व लोगों से संवाद स्थापित कर त्योहारों को मिलजुल कर सकुशल, शांतिपूर्ण व सौहार्द पूर्वक मनाने, अफवाह पर ध्यान न देने हेतु आमजन मानस से अपील की। साथ ही जनता को पुलिस प्रशासन का पूरा सहयोग मिलने का भरोसा दिलाया। इस दौरान क्षेत्राधिकारी प्रशिक्षणाधीन प्रियम् राजशेखर पाण्डेय, प्रभारी निरीक्षक थाना कोतवाली खलीलाबाद सतीश कुमार सिंह, पीआरओ पुलिस अधीक्षक इन्द्र भूषण सिंह, यातायात प्रभारी परमहंस यादव सहित अन्य अधिकारी-कर्मचारीगण उपस्थित रहे।



नवरात्रि में शहर का भ्रमण करते डीएम व एसपी।

# एसपी ने मूर्ति विसर्जन स्थल का किया निरीक्षण



विसर्जन स्थल का निरीक्षण करते एसपी सत्यजीत गुप्ता।

**मगहर (एसएनबी)।** विजयादशमी के नजदीक आते ही प्रशासनिक अमला सक्रिय हो गया है। दशहरा के दिन दुर्गा प्रतिमाओं को भ्रमण कराने के पश्चात आमी नदी के निकट बने अस्थाई पोखरे में विसर्जित किया जाता है। मूर्ति विसर्जन सकुशल सम्पन्न कराने के लिए प्रशासन पूरी तरह से गम्भीर और सतर्क है।

विसर्जन स्थल का शुक्रवार को जिले के पुलिस अधीक्षक सत्यजीत गुप्ता ने स्थली निरीक्षण कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिया। खलीलाबाद नगर व मगहर के अलावा आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों की मूर्ति के विसर्जन के लिए नगर पंचायत द्वारा आमी नदी पर स्थित धोबी घाट पर अस्थाई पोखरे को बनाया जाता है। जिसमें दुर्गा प्रतिमाएं विसर्जित की जाती हैं। इस वर्ष भी उक्त पोखरे की सफाई और खुदाई का काम किया गया है। जिसका स्थलीय निरीक्षण करने पुलिस अधीक्षक सत्यजीत गुप्ता मौके पर पहुंचे।

इस दौरान पोखरे की गहराई व किसी भी खतरे से बचने के लिए जिम्मेदारों से वार्ता की। इसके अलावा मुख्य मार्ग पर पड़ने वाले गड्ढों की पानी भराई तथा बिजली को लेकर होने वाली समस्या के समाधान के लिए आवश्यक दिशा निर्देश विभागीय अधिकारियों को दिए। पुलिस अधीक्षक ने रूटों की जानकारी लेकर जिम्मेदारों को जरूरी सुझाव दिये जिससे विसर्जन के दौरान जाम की समस्या को दूर किया जा सके। इस दौरान चेयरमैन प्रतिनिधि नूरुज्जमा अंसारी, सभासद अवधेश सिंह,रईस आलम, कोतवाली निरीक्षक सतीश सिंह,चौकी प्रभारी मनीष जायसवाल, एसआई अशोक कुमार सिंह सहित नगर पंचायत के कर्मचारीगण मौजूद रहे।

संतकबीरनगर (एसएनबी)। शारदीय नवरात्र के अवसर पर मां दुर्गा के सभी नौ रूपों का पूजन, हवन विधि-विधान से किया गया। जिला मुख्यालय सहित जिले के ग्रामीण क्षेत्रों तथा बाजारों में जगह-जगह स्थापित दुर्गा प्रतिमाओं के दर्शन करने हेतु श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर श्रद्धालुओं की सुरक्षा व्यवस्था हेतु कड़े इंतजाम किये गये हैं। जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में कुल 1211 दुर्गा प्रतिमाएं स्थापित की गई हैं इसमें 04 प्रतिाएं स्थाई हैं। यह आंकड़ा विभागीय है और इसकी संख्या घट-बढ़ सकती है। सभी प्रतिमाओं का विजर्सन आज व कल होना संभावित है।

ज्ञात हो कि जनपद में विभिन्न स्थानों पर स्थापित मां दुर्गा तथा अन्य देवी-देवताओं की प्रतिमाओं की प्राण प्रतिष्ठा एवं पूजन वैदिक मंत्रोच्चार के साथ संपन्न कराया गया। इसके बाद विधि-विधान से प्रतिमाओं के कपाट खोल दिए गए। मूर्तियों के कपाट खुलने के साथ ही श्रद्धालुओं की भीड़ प्रतिमाओं के दर्शन व पूजन के लिए आने लगी। खलीलाबाद शहर में समय माता मंदिर, रामजानकी मंदिर, मां पाटेश्वरी मंदिर, गोला बाजार, बैंक चौराहा, मुखलिसपुर रोड व स्टेशन रोड, रामनगर कालोनी मड़या, शक्तिपीठ मन्दिर मोहद्दीनपुर, मोती चौराहा, मेंहदावल बाईपास सहित अन्य स्थानों पर दुर्गा जी की प्रतिमाएं स्थापित की गयी हैं। भक्तगण द्वारा प्रतिमाओं की सजावट के साथ-साथ विभिन्न प्रकार की झांकियां भी सजायी गयी हैं जो श्रद्धालुओं को आकर्षित कर रही थीं। जिलाधिकारी महेन्द्र सिंह तंवर एवं पुलिस अधीक्षक सत्यजीत गुप्ता द्वारा श्रद्धालुओं की भीड़ को देखते एवं उनकी सुरक्षा के कड़े इंतजाम किये गये हैं। क्षेत्राधिकारी अजीत चौहान ने बताया कि 'शहर के विभिन्न चौराहों, दुर्गा पाण्डाल स्थलों पर भारी संख्या में पुलिस बल तैनात किया गया है। इसके साथ महिला कांस्टेबलों को जगह-जगह लगाया गया है। अराजक तत्वों से निपटने के लिए सीसीटीवी कैमरे भी लगाये गये हैं। प्रतिमाएं स्थापित करने वाली कमेटियों को एक बार फिर सचेत किया है कि पुलिस लगातार शांति व्यवस्था को कायम करने में लगी है लेकिन मूर्ति स्थापना करने वाली समितियां मूर्तियों के विसर्जन तक अपनी प्रतिमाओं की सतत सुरक्षा व निगरानी करें। विद्युत की शार्ट सर्किट का हमेशा ध्यान रखें तथा प्रतिमा के पास लगातार समिति का कोई न कोई सदस्य अवश्य मौजूद रहें जिससे किसी तरह की दुर्घटना से बचा जा सके और त्योहार शांतिपूर्ण व सौहार्दपूर्ण ढंग से संपन्न हो।

**जिले के थाना क्षेत्रों में स्थापित प्रतिमाएं:** खलीलाबाद थाना कोतवाली क्षेत्र में-225, दुधारा थाना क्षेत्र में स्थाई व अस्थाई-110, धनघटा क्षेत्र में-149, महुली थाना क्षेत्र में-144, मेंहदावल थाना क्षेत्र में-222, बखिरा थाना क्षेत्र में-172 2 बेलहर कला थाना क्षेत्र में-1182 धर्मसिंहवा थाना क्षेत्र में-67 इस प्रकार जिले में कुल-1211 दुर्गा प्रतिमाएं स्थापित की गयी हैं।

## डीएम व एसपी ने दी विजयदशमी की बधाई

संतकबीरनगर (एसएनबी)। जिलाधिकारी महेन्द्र सिंह तंवर एवं पुलिस अधीक्षक सत्यजीत गुप्ता ने जनपदवासियों को दुर्गा पूजा व विजयदशमी की बधाई दी है। दोनों वरिष्ठ अधिकारियों ने कहा है कि यह पर्व बुराई पर अच्छाई की जीत का पर्व है। इसे इसी रूप में मनाया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि पर्व व त्योहार लोगों को आपस में जोड़ते हैं तथा लोगों के अंदर उत्साह पैदा करते हैं जिससे वे अपने जीवन में अच्छाइयों को अपनाएं और बुराइयों से दूर रहें। दोनों वरिष्ठ अधिकारियों ने जनपदवासियों से अपील करते हुए कहा कि आपसी भाईचारा व प्रेम के साथ पर्व एवं त्योहार मनाएं। उन्होंने कहा कि यह जनपद सूफी संत कबीर साहब के नाम से जाना जाता है जिन्होंने पूरी दुनिया को प्रेम व मानवता का संदेश दिया है। हमें उनके आदर्शों और उनकी शिक्षा का पालन करते हुए प्रेम व सौहार्द का परिचय देना चाहिए।

# मूर्ति विसर्जन स्थलों का किया निरीक्षण

संतकबीरनगर,हिन्दुस्तान टीम। एसपी सत्यजीत गुप्ता ने शुक्रवार को मगहर में पैदल गश्त किया और मूर्ति विसर्जन स्थल के मार्गों का किया निरीक्षण किया। एसपी ने कहा कि मार्ग में पड़ने वाले बिजली के तारों को देख लिया जाए। जहां भी मार्ग में दिक्कत है, वहां आने-जाने वाले रास्तों को संबंधित से ठीक करा लिया जाए, ताकि मूर्तियों का विसर्जन निर्विघ्नता पूर्वक किया जा सकें ।



मगहर में विसर्जन स्थल का जायजा लेते पुलिस अधीक्षक सत्यजीत गुप्ता। ● हिन्दुस्तान

मूर्ति विसर्जन स्थलों पर गोताखोरों की व्यवस्था रखी जाए, ताकि किसी भी विषम परिस्थिति में उनका उपयोग किया जा सके । अवांछनीय एवं अराजक तत्वों पर पैनी नजर रखें। किसी भी प्रकार की गतिविधि होने पर कड़ी से कड़ी कार्रवाई करने का निर्देश दिया। इसी तरह एएसपी सुशील कुमार सिंह ने थाना मेंहदावल, थाना बखिरा, थाना बेलहरकला के अन्तर्गत मूर्ति विसर्जन के घाटों का निरीक्षण किया।

एएसपी ने मार्गों में पड़ने वाले बिजली के तारों को देखने और जहा कहीं दिक्कत हो, उसे ठीक कराने का निर्देश दिया। मूर्ति विसर्जन के घाटों पर गोताखोरों की व्यवस्था रखी जाए। अराजक तत्वों पर कड़ी नजर रखने का निर्देश दिया। इस दौरान सीओ केशवनाथ, एसओ मेंहदावल रामकृपाल सिंह, एसओ बखिरा श्याम मोहन, एसओ बेलहरकला जितेन्द्र कुमार यादव आदि उपस्थित रहे।

# संदिग्ध हाल में पोखरे में मिला वृद्ध का शव

नाथनगर। महुली थाना क्षेत्र के ग्राम कलेन हरदों में गुरुवार की देर शाम पोखरे में 60 वर्षीय वृद्ध का शव मिला है। परिजनों के अनुसार वह घर से शौच के लिए गया हुआ था। पैर फिसलने की वजह से वह पानी में गिर गया होगा। पुलिस की मानें तो मृतक शराब पीने का आदी था। पुलिस शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

कलेन हरदो निवासी राजेन्द्र प्रसाद पुत्र स्वर्गीय राम फेर (60) गुरुवार की देर शाम घर से शौच जाने के लिए निकला। रात्रि करीब साढ़े आठ बजे गांव के पोखरे के पानी में राजेन्द्र प्रसाद को देखकर कुछ लोगों ने शोर मचाया।

# चालक पर गैर इरादतन हत्या का मुकदमा

नाथनगर। महुली थाना क्षेत्र के ग्राम भगता निकट अज्ञात बाइक की ठोकर से दूसरे बाइक चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। इलाज के दौरान बीआरडी मेडिकल कालेज गोरखपुर में युवक की मौत हो गई। इस मामले में शुक्रवार को मृतक के भाई की तहरीर पर अज्ञात बाइक चालक के खिलाफ गैर इरातदन हत्या सहित अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है।

पुलिस को दी गई तहरीर में क्षेत्र के धुसवा निवासी श्री प्रकाश पुत्र नारायण दास ने बताया कि उनका भाई आकाश उम्र 25 वर्षीय 4 अक्टूबर को भगता गांव से बाइक लेकर वापस घर लौट रहा था। इसी दौरान दूसरी बाइक चालक लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए उसके भाई की बाइक पर जोरदार टक्कर मार दिया।

# विद्यालय में चोरी का प्रयास विफल

**बखिरा।** अष्टमी की रात 10 बजे अज्ञात ने विद्यालय का ताला तोड़कर पानी के मोटर की चोरी का प्रयास किया। आवाजाही होने से चोरों को बगैर चोरी के भागना पड़ा। प्रधानाचार्य ने इस घटना की तहरीर देकर आवश्यक कार्रवाई की मांग की है। प्रधानाचार्य रामनिधि तिवारी ने बताया कि 10 अक्टूबर को अध्यापन कार्य के बाद विद्यालय बंद कर वह घर चले गए। रात में करीब दस बजे विद्यालय के एक कक्ष के दरवाजे में लगा ताला व बेलन तोड़कर कुछ अज्ञात लोग कमरे के भीतर रखे हुए पानी के मोटर को ले जाने का प्रयास कर रहे थे। लेकिन अष्टमी पर्व की वजह से दुर्गा प्रतिमा के दर्शन की वजह से लोगों की आवाजाही होने से चोर मोटर छोड़कर भाग गए।

# पति-पत्नी को पांच वर्ष का कारावास

**फैसला**

- खेत में नाली का पानी गिराने के विवाद में हुई थी मारपीट
- आरोपियों पर लगा 21 हजार रुपये का अर्थदण्ड

संतकबीरनगर, विधि संवाददाता। बिना आशय हत्या करने के आरोपी पति व पत्नी को अपर एवं सत्र न्यायाधीश रमेश दूबे की कोर्ट ने दोषसिद्ध करार देते हुए पांच वर्ष के कारावास की सजा सुनाई। नाली का पानी खेत में गिराने से मना करने के विवाद में मारने का आरोप लगाया गया था। कोर्ट ने आरोपी पति मंहगू यादव व पत्नी बृजराजी यादव पर सजा के अतिरिक्त प्रत्येक आरोपी पर साढ़े दस - दस हजार रुपए कुल 21 हजार रुपए के अर्थदण्ड का भी निर्णय सुनाया। अर्थदण्ड का भुगतान न करने पर आरोपियों को एक माह की अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी।

सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता फौजदारी विवेक प्रताप सिंह ने बताया कि मामला जिले के खलीलाबाद कोतवाली क्षेत्र के ग्राम झीनखाल का है। प्रकरण में मृतका के पुत्र ग्रीशचन्द्र यादव ने अभियोग पंजीकृत कराया था। वादी का आरोप था कि - 25 अक्टूबर 2011 को अपराह्न 4 बजे मंहगू यादव पुत्र हरिवंश यादव पुराने कच्ची नाली को पक्के ईंट से बनवा रहे थे। मैंने अपने खेत में नाली का पानी बहाने से मना किया और नाली में लगे ईंट को उखाड़ने लगा। इसी बात पर नाराज होकर गाली देने लगे। शोर पर आरोपी की पत्नी बृजराजी व सास गुजराती आकर ईंट पत्थर चलाने लगी। जिससे मुझे बाएं हाथ व बदन में चोट आई। इतने में मेरी मां मेवाती आ गई। उनके पैर और शरीर में चोट लगी। शोर पर गांव के बहुत से लोग आए और बीच -बचाव किया। कुछ समय बाद समय साढ़े सात बजे मां की मृत्यु हो गई। पुलिस ने विवेचना के पश्चात दोनों आरोपियों के विरुद्ध आरोप पत्र न्यायालय में प्रेषित किया। सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता फौजदारी विवेक प्रताप सिंह ने बताया कि अभियोजन की तरफ से कुल आठ साक्षी न्यायालय में प्रस्तुत किए गए। सभी ने अभियोजन कथानक का समर्थन किया। अपर जनपद एवं सत्र न्यायाधीश रमेश दूबे की कोर्ट ने सुनवाई के पश्चात आरोपियों को दोषसिद्ध करार देते हुए पांच वर्ष के कारावास की सजा सुनाया।

# प्रतिमाओं के विसर्जन के लिए तैयारियां पूरी

## सुरक्षा घेरे में पुलिस की निगरानी में होगा विसर्जन, भ्रमण कर स्थिति का लेते रहेंगे जायजा

जासं, संतकबीर नगर: पुलिस-प्रशासन ने जनपद के 1,211 प्रतिमाओं के विसर्जन के लिए तैयारियां पूरी कर ली गयी हैं। घाटों पर सुरक्षा घेरा, रोशन की व्यवस्था के बीच पुलिस की निगरानी में विसर्जन किया जाएगा। विसर्जन वाले मार्ग पर तीनों तहसील के एसडीएम, तहसीलदार, नायब तहसीलदार के अलावा पुलिस कर्मी भ्रमण कर स्थिति का जायजा लेते रहेंगे।

जिले में कुल 1,211 स्थानों पर दुर्गा प्रतिमाएं स्थापित हैं। शनिवार से लेकर चार दिन तक जिले के 99 स्थानों पर दुर्गा प्रतिमाएं विसर्जित की जाएंगी। जनपद में शनिवार को 815, रविवार को 334, सोमवार को 55 व गुरुवार को 7 दुर्गा प्रतिमाओं का विसर्जन किया जाएगा। प्रत्येक विसर्जन स्थल पर सुरक्षा का घेरा बनाया गया है। उसके दायरे में रहकर ही प्रतिमाएं विसर्जित की जाएंगी। रोशनी व्यवस्था की गयी है। पुलिस कर्मियों की निगरानी में यह कार्य संपन्न होगा।

इसके अलावा विसर्जन वाले मार्गों पर नामित मजिस्ट्रेट पुलिस कर्मियों के साथ भ्रमण कर स्थिति का जायजा लेते रहेंगे। इसकी सूचना कंट्रोल रुम को देते रहेंगे।



शांतिपूर्ण माहौल में प्रतिमाओं के विसर्जन के लिए सारी तैयारियां पूरी कर ली गयी हैं। कहीं कोई दिक्कत न आए, इसके लिए पुलिस कर्मी भ्रमण कर स्थिति का जायजा लेते रहेंगे।

सुशील कुमार सिंह, एएसपी



तीनों तहसीलों में मजिस्ट्रेट व पुलिस कर्मियों की निगरानी में प्रतिमाओं का विसर्जन किया जाएगा। इसके लिए कड़ी सुरक्षा व्यवस्था की गयी है। कहीं कोई बाधा न आए, प्रत्येक महत्वपूर्ण बिंदु पर ध्यान दिया गया है।

महेंद्र सिंह तंवर, डीएम

**अराजक तत्वों पर रहेगी पुलिस कर्मियों की नजर :** विसर्जन के दौरान मजिस्ट्रेट व पुलिस कर्मियों की नजर अराजक तत्वों पर रहेगी। कहीं किसी प्रकार की गलत गतिविधि मिलने पर अथवा इसके बारे में सूचना मिलने पर तुरंत सख्त कार्रवाई की जाएगी। शांतिपूर्ण माहौल में विसर्जन संपन्न कराने के लिए प्रत्येक महत्वपूर्ण बिंदु पर ध्यान दिया गया है।

### यहां अतिरिक्त फोर्स के साथ लगे रहेंगे पीएसी के जवान

कोतवाली खलीलाबाद, दुधारा, मेंहदावल, बखिरा व धनघटा आदि पांच थानों में अतिरिक्त बल की तैनाती की गई है। जबकि कोतवाली खलीलाबाद व बखिरा आदि दो थानों में अतिरिक्त फोर्स के साथ पीएसी के जवान भी तैनात रहेंगे।

**सादे वेश में खुफिया एजेंसी के कर्मी भी रखेंगे नजर :** प्रतिमाओं को बिना किसी बाधा के सकुशल विसर्जन कराने के लिए सादे वेश में स्थानीय अभिसूचना इकाई (एलआइयू) के अलावा अन्य खुफिया एजेंसी के अधिकारी, कर्मचारी अलग-अलग स्थानों पर नजर रखेंगे। ये लगातार सूचना का आदान-प्रदान करते रहेंगे।

# पोस्टमार्टम हाउस पहुंचने के बाद पता चला भाई का था शव

■ शोभित कुमार पांडेय

संतकबीरनगर। संयोग कहे या फिर कुछ और। हाईवे के नेदुला तिराहे पर हुए हादसे में युवक की मौत की खबर सुनकर सभासद राम प्रताप मौर्य सबसे पहले घटना स्थल पर पहुंच गए। फोन करके नवीनमंडी पुलिस चौकी के पुलिस कर्मियों को बुलाए और खुद शव को वाहन में लदवा कर पोस्टमार्टम हाउस तक पहुंचाने में मदद किए। घटना के डेढ़ घंटे बाद तक पूरी तरह बड़े भाई की मौत से बेखबर रहे। जब घर पहुंचे तो मॉर्निंग वाक से दूसरे नंबर के भाई गणेश मौर्य के वापस न आने की महिलाएं जानकारी दी। सभासद का शक गहराया तो दोबारा पोस्टमार्टम हाउस पहुंचे और कपड़े से बड़े भाई का शव होने की शिनाख्त कर फफक कर रो पड़े।

नगर पालिका खलीलाबाद क्षेत्र के वार्ड नंबर आठ नेदुला-पटखौली के सभासद राम प्रताप मौर्य पोस्टमार्टम हाउस पर गमगीन मुद्रा में बैठे हुए थे। आंसुओं से डबडबाई उनकी आंखे और चेहरे पर चिंता की लकीरें साफ झलक रही थी। बगल में बैठे चेयरमैन जगत जायसवाल उन्हें ढांढस बधा रहे थे। सभासद वाकया का जिक्र करते हुए बताए कि शुक्रवार की सुबह उन्हें मोहल्ले के दो लोगों ने हाईवे पर नेदुला तिराहे पर किसी युवक की हादसे में मौत होने की सूचना दिए तो वह तत्काल घटना स्थल पर पहुंच गए। फोन करके नवीन मंडी चौकी के सिपाही हेड कांस्टेबल राम रतन और कांस्टेबल श्याम नरायन को मौके पर बुलाएं। खुद शव को वाहन में लदवा कर पोस्टमार्टम हाउस तक पहुंचाने में पुलिस कर्मियों की मदद भी की।

# बेलहर क्षेत्र में बढ़ीं चोरी की घटनाएं

बेलहर। बेलहर थाना क्षेत्र के बूढ़ी बेलहर न्याय पंचायत में चोर मस्त हैं और पुलिस पस्त है। इस इलाके में चोरों का कहर लगातार जारी है। पिछले चार दिनों में चोरों ने चार परिषदीय स्कूलों का ताला तोड़कर किचेन तथा स्कूल में रखा सामान चोरी कर लिया। संबंधित विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों ने पुलिस को चोरी की घटना से अवगत कराते हुए चोरों पर कड़ी कार्रवाई की मांग की है।

बेलहर थाना क्षेत्र के बूढ़ी बेलहर न्याय पंचायत में इन दिनों चोरों के हौसले बुलंद हैं। बीते छह अक्टूबर की रात में चोरों ने प्राथमिक विद्यालय बरडांड़ में चोरी की घटना को अंजाम दिया। इसके अलावा सात अक्टूबर को कम्पोजिट विद्यालय बूढ़ी बेलहर, आठ अक्टूबर को छपवां तथा नौ अक्टूबर की रात कंपोजिट विद्यालय सरौआ में चोरों ने ताला तोड़कर किचेन में रखा गैस सिलेंडर, बर्तन, इनवर्टर, बच्चों का एमडीएम बनाने के लिए रखा खाद्यान्न चुरा ले गए।

# मारपीट में दो सगी बहनें घायल

संतकबीरनगर। कोतवाली खलीलाबाद क्षेत्र के मरवटिया में मामूली विवाद को लेकर दो पक्षों में शुक्रवार को हुई मारपीट में दो सगी बहने घायल हो गई। सूचना पर पहुंची पीआरवी ने घायल सगी बहनो कसे सीएचसी खलीलाबाद भेजवाया। पीआरवी टीम के हेड कांस्टेबल कुंज विहारी यादव, महिला कांस्टेबल सुनौना तिवारी और किरन यादव ने बताया कि सूचना मिली कि मरवटिया में हुई मारपीट की घटना में विजय लक्ष्मी पुत्री छोटू और उसकी बहन खुशबू घायल हो गई।

# आत्महत्या के लिए उकसाने का आरोपी गिरफ्तार

संतकबीरनगर। धनघटा पुलिस ने शुक्रवार को आत्महत्या के लिए दुष्प्रेरण के मामले में वांछित आरोपी को परसादपुर मोड़ से गिरफ्तार किया। एसओ अनिल कुमार ने बताया कि पीड़ित मां का आरोप है कि उसकी पुत्री को जिगिना गांव का रहने वाला आरोपी अभिषेक आत्महत्या के लिए दुष्प्रेषित किया। जिसकी वजह से उसकी पुत्री पांच अगस्त को छत के कुंडी से लटक कर आत्महत्या कर ली। इस मामले में आरोपी के खिलाफ केस दर्ज किया गया था। सूचना पर आरोपी को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया गया। कोर्ट ने आरोपी को न्यायिक अभिरक्षा में लेते हुए जेल भेज दिया।

## शांतिभंग की आशंका में नौ लोगों को पुलिस ने दबोचा

**जासं, संतकबीर नगर :** जनपद की दो थानों की पुलिस ने शुक्रवार को शांति भंग की आशंका में नौ लोगों को उनके गांव से उठाकर थाने पर लाई। विवाद के संबंध में पूछताछ की। पुलिस ने दो व धनघटा पुलिस ने सात लोगों को दबोचा है।

# फरार चल रहे एक वारंटी को पुलिस ने भेजा जेल

संतकबीर नगर : धनघटा पुलिस ने फरार चल रहे वारंटी कटया गांव निवासी रामसुरेश को शुक्रवार को उसके घर से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। उप निरीक्षक सतीश कुमार मिश्र ने बताया कि वारंट जारी होने के बाद भी यह आरोपित कोर्ट में पेश नहीं हो रहा था।

# मतांतरण के तीसरे आरोपित तक नहीं पहुंच पाई पुलिस

जासं, संतकबीर नगर : गरथवलिया गांव में मतांतरण कराने के मामले में फरार चल रहे तीसरे आरोपित तक कोतवाली पुलिस नहीं पहुंच पाई है। गिरफ्तारी तो दूर की बात है। पांच दिन गुजर गए हैं लेकिन उसके ठिकाने के बारे में पुलिस को सुराग नहीं मिल सका है। हालांकि पुलिस संभावित ठिकानों पर दबिश दे रही है लेकिन हर जगह उसे असफलता हाथ लग रही है। इस मामले में पुलिस दो आरोपितों को जेल भेज चुकी है।

तहरीर में गरथवलिया गांव निवासी अमरनाथ शर्मा ने उल्लेख किया है कि उनके गांव के नहर पुलिया के पास टीन शेड के मकान में उनके गांव के मोहित, कमलेश व बस्ती के गुलरिया सिसवा निवासी श्रवण एक समुदाय के गरीब लोगों को लालच देकर दूसरे धर्म को अपनाने के लिए प्रेरित करते थे। उन्हें प्रार्थना सभा में शामिल किया जाता रहा। ये तीनों लोग प्रवचन देते थे। प्रत्येक रविवार को वहां पर भंडारे का आयोजन करते थे। एक धर्म की निंदा करते हुए उसका अपमान करते थे। दूसरे धर्म का बखान करते थे। इन लोगों ने लालच देकर और गलत गतिविधियों के जरिए गांव के कुछ लोगों का धर्म बदलवा दिया था। पुलिस ने तीनों आरोपितों पर केस दर्ज किया था। प्रभारी सतीश सिंह ने बताया कि फरार चल रहे आरोपित की तलाश में पुलिस की टीम लगातार दबिश दे रही है। उसे गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# भाजपा नेता समेत तीन नामजद व सात अज्ञात पर मुकदमा दर्ज

जागरण संवाददाता, धनघटा : धनघटा पुलिस ने कुछ दिन पूर्व हुए मारपीट की घटना के मामले में भाजपा नेता समेत तीन नामजद व सात अज्ञात लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

तहरीर में मलौली गांव के अखिलेश कुमार ने उल्लेख किया है कि वह मलौली स्थित एक मेडिकल स्टोर में काम करते हैं। सात अक्टूबर को शाम के समय रामपुर छितौनी गांव के राम नरायन सिंह, अभिषेक सिंह, प्रेम नरायन सिंह के साथ अज्ञात लोग 720 रुपये की दवा खरीदे। दवा का पैसा बिना दिए जाने लगे। इस पर उन्होंने पैसा मांगा तो ये लोग उन्हें मारने-पीटने लगे।

उन्हें बचाने के लिए आए मेडिकल स्टोर के संचालक को भी पीटा। पुलिस ने भाजपा नेता प्रेम नरायन सिंह, उनके बेटे अभिषेक सिंह व भाई राम नरायन सिंह समेत तीन नामजद व सात अज्ञात लोगों के खिलाफ मारपीट, दलित उत्पीड़न एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया है। मामले की जांच की जा रही है। इसमें जो भी लोग दोषी पाए जाएंगे उन पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

# सप्तमी जुलूस के दौरान ईंट-पत्थर चलाने के आरोपित पिता-पुत्र गिरफ्तार

जासं, संतकबीर नगर : खलीलाबाद कोतवाली क्षेत्र के केरमुआ गांव में सप्तमी के परंपरागत जुलूस के दौरान भगवा पताका तोड़कर ईंट-पत्थर चलाने के आरोप में पुलिस ने शुक्रवार को शहर के बनियाबरी के पास से आरोपित पिता-पुत्र को गिरफ्तार करके जेल भेज दिया।

बुधवार को केरमुआ गांव में सप्तमी का परंपरागत जुलूस निकला था। सड़क पर लगे एक संप्रदाय विशेष की हरी पतंगी टूट गयी थी। इसी बात को लेकर उसी रात कुछ लोगों ने दुर्गा पंडाल में पहुंचकर वहां लगा भगवा पताका तोड़ दिया था। जिसको लेकर दोनों पक्ष आमने-सामने आ गये। ईंट-पत्थर भी चले थे। इस घटना में कुछ लोगों को चोटें भी आईं थीं। इस मामले में पुलिस ने केरमुआ गांव के रहने वाले विनय कुमार की तहरीर पर गांव के ही रज्जाक व उनकी पत्नी आसिया, बेटा दानिश व बेटी रुबिना, रहमान व उनका बेटा रियाज और एजाज, रजिया, हिना खातून, सबिरा, सबिया निशा तथा 20 से 25 अज्ञात लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया था। इसी मामले में शुक्रवार को कोतवाली पुलिस ने बनियाबारी के पास से रहमान और उनके लड़के रियाज को गिरफ्तार करके जेल भेज दिया है। कोतवाली प्रभारी सतीश कुमार सिंह ने बताया कि जुलूस के दौरान विवाद करने वाले दो लोगों को गिरफ्तार करके जेल भेजा गया है। शेष की तलाश जारी है।

# 247 वाहनों से वसूले 2.75 लाख रुपये समन शुल्क

संतकबीर नगर : विभिन्न थानों की पुलिस ने शुक्रवार को सार्वजनिक स्थानों पर वाहनों की जांच की। पुलिस कर्मियों ने भी सहयोग किया। यातायात नियमों का उल्लंघन कर वाहन चलाने वालों को रोका। ड्राइविंग लाइसेंस सहित अन्य कागजातों की जांच की। मोटर वाहन अधिनियम के तहत 247 वाहनों से दो लाख 75 हजार समन शुल्क की वसूली की।

# प्रतिमा विसर्जन स्थल व मार्गों का किया निरीक्षण

जागरण टीम, संतकबीर नगर: एसपी व एएसपी ने शुक्रवार को विभिन्न प्रतिमा विसर्जन स्थलों का निरीक्षण किया। यहां पर की गई तैयारियों का जायजा लिया। अराजक तत्वों पर पैनी नजर रखने और किसी प्रकार की गलत गतिविधि मिलने पर कड़ी कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

एसपी सत्यजीत गुप्ता ने कोतवाली खलीलाबाद के मगहर में शुक्रवार को पैदल गश्त किया। इसके साथ ही यहां पर मूर्ति विसर्जन स्थल व उसके मार्गों का निरीक्षण किया। उन्होंने कोतवाली प्रभारी सतीश कुमार सिंह को निर्देशित किया। विसर्जन मार्ग में पड़ने वाले बिजली के तारों को पुनः देख लें। जहां जो भी दिक्कत है, उसे दूर कर लिया जाए। रास्तों को ठीक करा लिया जाए। जिससे विसर्जन में कोई दिक्कत न आए। घाटों पर गोताखोरों की व्यवस्था की जाए। इस अवसर पर एसपी के पीआरओ इंद्रभूषण सिंह के अलावा पुलिस कर्मी उपस्थित रहे।

एडीएम जय प्रकाश और एएसपी सुशील कुमार सिंह ने मेंहदावल, बखिरा, बेलहरकला थाना क्षेत्र में मूर्ति विसर्जन के घाटों व मार्गों का निरीक्षण किया। मूर्ति विसर्जन के घाटों पर गोताखोरों के साथ ही सुरक्षा घेरा बनाने, प्रकाश सहित सभी जरूरी व्यवस्था करने के निर्देश दिए। अराजक तत्वों पर पैनी नजर रखने और किसी प्रकार की गलत गतिविधि मिलने पर कड़ी कार्रवाई करने के निर्देश दिए। मौके पर मेंहदावल के सीओ केशवनाथ, थानाध्यक्ष-मेंहदावल रामकृपाल सिंह, थानाध्यक्ष-बखिरा श्याम मोहन, थानाध्यक्ष-बेलहर जितेंद्र यादव उपस्थित रहे।

# आत्महत्या के लिए उकसाने वाले आरोपित को भेजा जेल

जासं, धनघटा : धनघटा पुलिस ने आत्महत्या के लिए उकसाने वाले आरोपित को शुक्रवार को रामजानकी मार्ग पर प्रसादपुर मोड़ पर गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ करने के बाद उसे जेल भेज दिया।

तहरीर में एक गांव की महिला ने उल्लेख किया है कि इसी थाना के जिगिना गांव निवासी अभिषेक निषाद उसकी बेटी को आत्महत्या करने के लिए उकसा रहा था। इसकी वजह से उसकी बेटी ने गत पांच अगस्त को छत की कुंडी में फांसी का फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली था। इस मामले में पुलिस ने गत सात अगस्त को आरोपित के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया था। इसे पुलिस ने शुक्रवार को रामज़ानकी मार्ग पर प्रसादपुर मोड़ से गिरफ्तार कर लिया। उप निरीक्षक प्रमोद कुमार नायक ने बताया कि सूचना मिलने पर वह आरक्षी संतोष यादव के साथ दबिश दिए। पूछताछ करने के बाद गिरफ्तार आरोपित को जेल भेज दिया गया।

# एसडीएम व सीओ के साथ पुलिस कर्मियों ने किया गश्त

**संतकबीर नगर :** मेंहदावल के एसडीएम उत्कर्ष श्रीवास्तव व सीओ केशवनाथ ने शुक्रवार को देर शाम पुलिस फोर्स के साथ गश्त किया। मेंहदावल थाना क्षेत्र के विभिन्न स्थानों पर गश्त करके पर्व में पुख्ता सुरक्षा व्यवस्था किए जाने का संदेश दिया। इस दौरान इन्होंने लोगों को बताया पर्व को सकुशल संपन्न कराने के लिए पुलिस व प्रशासन का भरपूर सहयोग करें। किसी प्रकार की अफवाह पर ध्यान न दें। ऐसी कोई बात सामने आने पर तुरंत निकट के थाना अथवा पुलिस चौकी को अवगत कराएं। इस पर तुरंत दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। इस अवसर पर थानाध्यक्ष मेंहदावल रामकृपाल सिंह, तमाम पुलिस कर्मी उपस्थित रहे।

# 58 क्विंटल बारूद के ढेर पर था शहर, हो सकती थी बड़ी घटना

## आबादी के बीच पटाखों का गोदाम, नहीं लगी किसी को भनक, पुलिस को देख सकते में आए लोग

संवाद न्यूज एजेंसी

संतकबीरनगर। खलीलाबाद शहर 58 क्विंटल बारूद के ढेर पर था और जरा सी लापरवाही के बाद बड़ी घटना हो सकती थी। शहर की आबादी के बीच पटाखा का गोदाम था, लेकिन किसी को भी इसकी भनक नहीं लगी।

ट्रकों से पटाखा उतारा जाता था, पटाखा गत्ते में होने के वजह से किसी को शक नहीं हो पाया। अगर कोई घटना हुई होती है, तो यहां आसपास के लोगों की जान पर बन आती। काफी संख्या में पुलिस फोर्स को देखकर लोगों को पटाखा के बारे में जानकारी हो पाई, जिसके बाद स्थानीय लोग अचंभित रह गए।

नेशनल हाईवे के किनारे ट्रांसपोर्ट के पीछे कॉलोनी बसी हुई है। यहां के लोगों को यह भी नहीं पता था कि सामने गोदाम में गत्तों के बीच में बारूद स्टोर किया गया है। स्थानीय निवासी विकास ने बताया कि शाम को एक साथ पुलिस व अधिकारियों की गाड़ियां देखकर मोहल्लेवासियों को पहले किसी अनिष्ट की आशंका हुई। बाद में ट्रांसपोर्ट के गोदाम में भारी मात्रा में पटाखा स्टोर किए जाने की जानकारी होने पर लोग अचंभित रह गए।

वहीं बगल के अजय ने बताया कि किसी को अनुमान नहीं था कि गोदाम में इतनी मात्रा में बारूद से बने पटाखे भरे हैं। वहीं हाईवे से हटकर बना गोदाम चौतरफा आबादी के बीच में था। जहां से पुलिस को 90 कार्टून पटाखा बरामद हुआ।

स्थानीय निवासी पंकज ने बताया कि आसपास के लोगों को यहां पर पटाखा स्टोर किए जाने की भनक नहीं लग पाई। गाड़ियों से माल आता था और गत्ते में होने की वजह से क्या माल है, यह किसी को पता नहीं लग पाता था। संयोग अच्छा रहा कि पुलिस को इसकी भनक लग गई और पकड़ा गया।

दहशत में हैं नामजद पटाखा व्यापारी : पुलिस के छापे की कार्रवाई के बाद 10 लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया गया है। पटाखा स्टोर करने वाले ट्रांसपोर्टर को पुलिस ने गिरफ्तार करके जेल भेज दिया। वहीं बाकी गिरफ्तारी के डर से दहशत में हैं। पटाखा व्यापारी दिवाली से पहले पटाखा मंगा करके लाइसेंस प्राप्त कर दुकान लगाते हैं। तीन दिन के भीतर ही उनको सारा माल खपत करके अपनी जमापूंजी निकालनी थी।



छोटी सरौली स्थित इसी मकान में मिला था पटाखे का जखीरा। संवाद

### गोदाम के पास करीब तीन हजार की आबादी

शहर में गोदाम से बरामद पटाखा के आसपास करीब तीन हजार की आबादी है। अगर कोई घटना होती तो यह आबादी पूरी तरह से प्रभावित होती। गोदाम के अगल-बगल घनी आबादी है, ऐसे में पटाखा स्टोर करना किसी खतरे से कम नहीं था। हालांकि समय रहते पटाखा पकड़ लिया गया।



60 लाख के पटाखे जब्त, 10 पर केस, एक गिरफ्तार

11 अक्तूबर को प्रकाशित खबर।

### पुलिस कार्रवाई से व्यापारियों में आक्रोश

दशहरा व दिवाली से पूर्व पुलिस की कार्रवाई से व्यापारियों में आक्रोश है। पूर्वांचल उद्योग व्यापार मंडल के अध्यक्ष सर्वदानंद पांडेय एसडीएम शैलेश दूबे और एसपी सत्यजीत गुप्ता से मिले। व्यापार मंडल के पदाधिकारियों ने कार्रवाई पर विरोध जताते हुए बरामद पटाखे को वापस देने की मांग की। जिस पर अधिकारियों ने नियम कानून का हवाला देकर वैध दस्तावेज दिखाने के बाद सहयोग का आश्वासन दिया। वहीं दूसरी तरफ इतने बड़े पैमाने पर पटाखा बरामदगी को लेकर शहर में चर्चाओं का बाजार गर्म है।

"पटाखा लाइसेंस की जांच की गई, जिनमें से कई कारोबारी ने अपने लाइसेंस का नवीनीकरण नहीं कराया था। इसके बाद भी नियम विरुद्ध तरीके से इतने बड़े पैमाने पर पटाखा ऑर्डर करके स्टोर किया गया था। पुलिस दस आरोपी पर केस दर्ज कर जांच कर रही है। किसी के पास भी भंडारण का लाइसेंस नहीं है।

–अजीत चौहान, सीओ सिटी

# मिशन शक्ति : 20 लोगों से की पूछताछ तीन शोहदों को चेतावनी देकर छोड़ा

संतकबीरनगर। मिशन शक्ति के तहत एसपी सत्यजीत गुप्ता के निर्देश पर शुक्रवार को प्रभारी निरीक्षक महिला थाना सरोज शर्मा के नेतृत्व में महिला सुरक्षा को लेकर जागरूकता अभियान चलाया गया।

इसके साथ ही एंटी रोमियों अभियान के दौरान शहर के तीन स्थानों पर 20 लोगों से पूछताछ की गई। साथ ही तीन शोहदों को माफीनामा के खिलवाकर चेतावनी के साथ छोड़ा गया। महिला थाना प्रभारी ने बताया कि आरक्षी पूजा जायसवाल, प्रिया तिवारी, माधुरी शाह के साथ शहर में भ्रमण किया गया। इस दौरान महिला बीपीओ को आवश्यक निर्देश से अवगत कराया गया। साथ ही सेवाश्रम आइडियल पब्लिक स्कूल मगहर के प्रिंसिपल अबरार अली, टीचर खुर्शीद अहमद की मौजूदगी में बालिकाओं को मिशन शक्ति व आत्मरक्षा के बारे में बताया गया। साथ ही हेल्पलाइन नंबर, साइबर हेल्प लाइन तथा मिशन शक्ति के संबंध में जानकारी दी गईं। संवाद

## शांतिभंग की आशंका में नौ आरोपियों का चालान; पुलिस ने कई स्थानों पर दी दबिश

संतकबीरनगर। पुलिस टीम ने अलग-अलग मामले में नौ आरोपी के खिलाफ शांति भंग की आशंका में चालान किया। जनपद में अपराधियों के खिलाफ धर पकड़ के लिए चलाए गए अभियान के तहत पुलिस टीम ने कई स्थानों पर दबिश दी। कोतवाली पुलिस ने दो धनघटा पुलिस ने सात आरोपी को पकड़कर समस्त कानूनी कार्रवाई पूरी करके संबंधित मजिस्ट्रेट के समक्ष प्रस्तुत कर दिया। संवाद

# वारंटी को गिरफ्तार कर भेजा जेल

संतकबीरनगर। पुलिस टीम ने एक वारंटी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। जनपद में वांछितों व न्यायालय में हाजिर न होने वाले अभियुक्तों के खिलाफ जारी गैर जमानती वारंट के तहत फरार अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस टीम ने विभिन्न स्थानों पर छापा मारा। थाना धनघटा पुलिस ने वारंटी रामसुरेश निवासी कटया को गिरफ्तार कर समस्त कानूनी कार्रवाई पूर्ण करके संबंधित न्यायालय प्रस्तुत करके जेल रवाना कर दिया। संवाद

# सिपाही के पक्ष में उतरा अंतरराष्ट्रीय हिंदू महासभा

बखिरा। सिपाही पंकज कुमार पर दर्ज मुकदमा हटाने व डॉ. अनूप सरकारी पर आपराधिक केस दर्ज करने की मांग करते हुए अंतरराष्ट्रीय हिंदू महासभा (भारत) के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुनील शुक्ला ने मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन शुक्रवार को डीएम को सौंपा। ज्ञापन में मांग की गई कि पीड़ित सिपाही पंकज कुमार निवासी मंझरिया गंगा पर लगे मुकदमे को हटाया जाए। डॉ. अनूप सरकारी व उनके गुर्गों द्वारा सिपाही पर की गई कार्रवाई के बदले डॉ. पर केस दर्ज किया जाए। डॉ. अनूप सरकारी के अस्पताल की जांच कराई जाए। संवाद

# पोखरे में मिला वृद्ध का शव

धनघटा। महुली थाना क्षेत्र के क्लेन हरदो गांव में बृहस्पतिवार की देर शाम पोखरे में वृद्ध का शव मिला। परिजनों के अनुसार वह शौच के लिए गए थे। पैर फिसलने से वह पानी में गिर गए। पुलिस की मानें तो वृद्ध शराब पीने का आदी था। शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। क्लेन हरदो निवासी राजेंद्र प्रसाद (60) पुत्र स्वर्गीय राम फेर देर शाम को शौच के लिए जाने की बात कहकर निकले। रात्रि करीब साढ़े आठ बजे गांव स्थित पोखरे के पानी में राजेंद्र प्रसाद को पड़े देखकर लोगों ने शोर मचाया। संवाद

# विद्यालय में ताला तोड़कर चोरी का प्रयास

बखिरा। सरस्वती शिशु मंदिर बघुआ का ताला तोड़कर बृहस्पतिवार की रात पानी की मोटर चोरी करने का प्रयास किया गया। लोगों की आवाजाही होने से चोर भाग गए। प्रधानाचार्य रामनिधि तिवारी ने इस संबंध में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। रामनिधि तिवारी ने बताया कि 10 अक्तूबर को अध्यापन कार्य के बाद विद्यालय बंद कर वह घर चले गए थे। रात करीब दस बजे विद्यालय के एक कक्ष के दरवाजे में लगा ताला व बेलन तोड़कर कुछ लोग कमरे के भीतर रखी पानी की मोटर ले जाने का प्रयास कर रहे थे। संवाद

# नियम तोड़ने वाले 247 वाहन चालकों पर कार्रवाई

संतकबीरनगर। पुलिस टीम ने संदिग्धों की धर पकड़ के लिए चलाए गए अभियान के तहत यातायात नियम तोड़ने वाले 247 वाहन चालकों के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की। जिले के सभी थाना क्षेत्रों में स्थानीय पुलिस टीम ने बैंक, वाहन एवं संदिग्ध व्यक्तियों की गहनता से जांच की। चेकिंग के दौरान समस्त एसओ एवं प्रभारी यातायात संयुक्त पुलिस टीम ने यातायात नियम का उल्लंघन करने के मामले में मोटर वाहन अधिनियम के तहत कड़ी कार्रवाई करते हुए 247 वाहनों के चालकों से 2,75,000 रुपये जुर्माना भरवाया। संवाद

# दशहरा व मूर्ति विसर्जन को लेकर बढ़ी सतर्कता, शहर में नहीं घुस पाएंगे वाहन

## एसपी व एएसपी ने विसर्जन स्थलों का जायजा लेकर कमियों को दूर करने का दिया निर्देश



मगहर में दुर्गा प्रतिमा विसर्जन स्थल का निरीक्षण करते एसपी। स्रोत पुलिस



बखिरा के मंगल बाजार में स्थापित पंडाल में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़। संवाद

संवाद न्यूज एजेंसी

संतकबीरनगर। दशहरा पर्व व दुर्गा मूर्ति विसर्जन को लेकर शनिवार को शहर में बड़े वाहनों का आवागमन पूरी तरह से ठप रहेगा। मूर्ति विसर्जन के लिए निकलने वाले जुलूस को देखते हुए यह तैयारी की गई है।

इसके साथ ही विसर्जन स्थल पर कड़ी सुरक्षा रहेगी। देर रात तक प्रशासन के लोग विसर्जन की तैयारी में जुटे रहे। एसपी व एएसपी ने विभिन्न विसर्जन स्थलों पर पहुंचकर मिली कमियों को तत्काल दूर करने के निर्देश जिम्मेदारों को दिए।

शारदीय नवरात्र में जनपद के 1211 स्थानों पर प्रतिमा स्थापित की गई है। इसके लिए पूर्व से ही तैयारी कर ली गई है। नौ दिन की पूजा के बाद अब दशहरा के दिन मूर्ति विसर्जन की तैयारी को अंतिम रूप देने में अधिकारी जुट गए हैं। आयोजकों से संपर्क करके निर्धारित स्थान पर प्रतिमा विसर्जन स्थल तक पहुंचाने के लिए बातचीत की जा रही है।

इसके अलावा विसर्जन स्थल की अधिकारिक जांच करके वहां मिली कमियों को भी तत्काल दूर कराने का काम तेजी से किया जा रहा है। ताकि विसर्जन के दौरान श्रद्धालुओं को किसी तरह की परेशानी का सामना न करना पड़े।

**शहर में नहीं मिलेगा बड़े वाहनों को प्रवेश :** खलीलाबाद शहर में समय माता मंदिर पर नौमी व विजयदशमी के दिन श्रद्धालुओं की भारी भीड़ जुटती है। यही नहीं मूर्ति विसर्जन को लेकर भी पुलिस व प्रशासन सतर्क है।

शहर के मेंहदावल बाईपास से विधियानी तक बड़े वाहनों का प्रवेश पूर्ण रूप से प्रतिबंधित रहेगा। इसके अलावा भीड़ को देखते हुए शुगर मिल तिराहा, बैंक चौराहा, दुर्गा मंदिर बरदहिया समेत अन्य स्थानों पर भी यातायात पुलिस की तरफ से डायवर्जन किया गया है, जिससे श्रद्धालुओं को किसी तरह की परेशानी न हो।

**घाटों पर रहेगी एंबुलेंस की व्यवस्था :** स्वास्थ्य विभाग की तरफ से विसर्जन घाटों पर एंबुलेंस की व्यवस्था की गई है, जिससे किसी की तबीयत खराब होने पर उसे तत्काल चिकित्सकीय व्यवस्था दी जा सके।

जिले के कबीर चौरा, आमी नदी तट, पुलिस चौकी मगहर, काजीपुर चौराहा, बालू शॉसन पुल, बिड़हरघाट पुल के पास, मुखलिसपुर कुआनों नदी तट एवं राजघाट पुल बेलहरकला पर एंबुलेंस की व्यवस्था की गई है।

### विसर्जन स्थल का एसपी ने लिया जायजा

एसपी सत्यजीत गुप्ता ने शुक्रवार को थाना कोतवाली खलीलाबाद क्षेत्र के मगहर में पैदल गश्त व मूर्ति विसर्जन स्थलों एवं मार्गों का निरीक्षण कर जायजा लिया। इस दौरान प्रभारी निरीक्षक कोतवाली खलीलाबाद सतीश कुमार सिंह को मार्ग में पड़ने वाले बिजली के तारों को सही कराने, जहां भी मार्ग में दिक्कत है, वहां आने-जाने वाले रास्तों को संबंधित से ठीक करा लिए जाने के लिए बताया, जिससे मूर्तियों का विसर्जन निर्विघ्नता पूर्वक कराया जा सके। मूर्ति विसर्जन स्थलों पर गोताखोरों की व्यवस्था करने के लिए कहा, जिससे विषम परिस्थिति में उनका उपयोग किया जा सके। अवांछनीय एवं अराजक तत्वों पर पैनी नजर रखने एवं किसी भी प्रकार की गतिविधि होने पर कड़ी कार्रवाई के निर्देश दिए।

> मूर्ति विसर्जन को लेकर सारी तैयारी पूरी हो गई है। सुरक्षा का प्रर्याप्त प्रबंध किया गया है। श्रद्धालुओं को किसी भी तरह की परेशानी न हो इसका समुचित व्यवस्था किया गया है। किसी को भी माहौल खराब करने की छूट नही दिया जाएगा। माहौल खराब करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।
>
> -सुशील कुमार सिंह, एएसपी

### इन स्थानों पर विसर्जित होंगी प्रतिमाएं

- कोतवाली क्षेत्र के आमी नदी मगहर, अजगईबा घाट, बालूशासन घाट, बूधा.कला, चंगेरा मंगेरा और कोनी घाट पर मूर्तियां विसर्जित होंगी।
- दुधारा क्षेत्र में कठिनईया पुल, सिकरिया नाला, भगौसा घाट, टिकरिया पुल, राजघाट पुल और कुछ प्रतिमाएं गांव के पोखरे में विसर्जित होंगी।
- धनघटा क्षेत्र में बिडहर घाट, कटार मिश्र घाट, मुखलिसपुर, प्रजापतिपुर कुआनों नदी घाट, सिकरीगंज पुल, सांखी घाट, मूडाडीहाघाट, मांझा चहोडा घाट, रामबाग घाट, चहोडा घाट, पिडिया घाट
- महुली क्षेत्र में राजघाट हरिहरपुर, बारोडी, मुखलिसपुर, पिडिया घाट, सांखीगाट, शनिचरा बाबू, सिसवनिया घाट
- मेंहदावल क्षेत्र में मुहिया पुल, बढ़या पुल, करमैनी पुल, गगनई नाला, हरना पुल, बिसौवा ताल, मरवटिया पोखरा, सिकडा
- बखिरा क्षेत्र में ढोढ़या नहर, बखिरा [illegible]ल, बालुशासन, भगठी पुलिया, [illegible]हा घाट, सांगठ, शनिचरा झोल, सौरहा पुल, पडरिया पुल, रमवापुर पुलिया
- बेलहर कला क्षेत्र में राजघाट, भेडौरा पिकौरा, शुडिया पुल, पडरिया घाट
- धर्मसिंहवा क्षेत्र में मुसहरा, बौरव्यास, जमया ताल, पाखापार, परसा शुक्ल, मेंहदूपार, सिकरी, धर्मसिंहवा, हरैया

# आत्महत्या के लिए उकसाने का आरोपी गिरफ्तार, गया जेल

संवाद न्यूज एजेंसी

**संतकबीरनगर।** पुलिस टीम ने आत्महत्या के लिए उकसाने के आरोपी को गिरफ्तार कर उसके खिलाफ कार्रवाई करते हुए जेल भेज दिया।

प्रभारी निरीक्षक थाना धनघटा अनिल कुमार के अगुवाई में गठित पुलिस टीम ने वांछित अभियुक्त अभिषेक निवासी ग्राम जिगिना को प्रसादपुर मोड़ रामजानकी मार्ग से गिरफ्तार किया। पुलिस के अनुसार आरोपी ने वादिनी की पुत्री को आत्महत्या करने के लिए उकसाना था, जिससे वादिनी की पुत्री ने पांच अगस्त को छत के कुंडे में फांसी का फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। उक्त घटना के संबंध में वादिनी (मृतका की माता) ने सात अगस्त को थाना धनघटा में तहरीर देकर अभियोग पंजीकृत कराया था। पुलिस ने घटना में वांछित उक्त अभियुक्त को गिरफ्तार कर न्यायालय में प्रस्तुत करके जेल रवाना कर दिया।

# भाभी से दुष्कर्म करने का आरोपी दोषमुक्त

संवाद न्यूज एजेंसी

**संतकबीरनगर।** भाभी के जरिये देवर पर दुष्कर्म के लगाए गए आरोप के मामले में न्यायालय अपर सत्र न्यायाधीश एफटीसी द्वितीय देवेंद्र नाथ गोस्वामी ने सुनवाई की। कोर्ट ने सुनवाई और विचारण के उपरांत साक्ष्य के अभाव में संदेह का लाभ देते हुए आरोपी देवर को दोषमुक्त कर दिया।

धनघटा क्षेत्र के एक गांव की विवाहित महिला ने देवर पर आरोप लगाया कि वह बदमाश गुंडा किस्म का है। अराजक तत्वों के साथ रहता है। आरोपी देवर की शादी हुई थी, परंतु अरसा पहले उसकी पत्नी की मृत्यु हो गई। आरोप लगाया कि कुछ साल पहले जब वह रात में सोई थी। उसके कमरे में घुस कर सीने पर कट्टा रख कर दुष्कर्म किया। धमकी दी कि किसी से कहा तो तुम्हारी फिल्म बना ली है वायरल कर दूंगा। वह इसके बाद से शारीरिक संबंध बनाता रहा। उसके कृत्यों से आजिज आकर 21 जून 2016 को पति को इस बारे में बताया।

शिकायत करने पर आरोपी देवर ने जानमाल की धमकी दी। स्थानीय थाने में उसकी शिकायत की। एसपी को डाक से सूचना दी। कोई कार्रवाई नहीं होने पर कोर्ट की शरण ली। कोर्ट के आदेश पर 26 अगस्त 2017 को थाना धनघटा में आरोपी देवर के विरुद्ध केस दर्ज हुआ।

# डीएम व एसपी ने शहरवासियों को कराया सुरक्षा का अहसास

संतकबीरनगर। जिलाधिकारी महेंद्र सिंह तंवर व एसपी सत्यजीत गुप्ता ने बृहस्पतिवार की रात में पैदल गश्त कर शहरवासियों को सुरक्षा का अहसास कराया। नवरात्र, दुर्गा पूजा व दशहरा को सकुशल व संपन्न कराने तथा जनपद में कानून व्यवस्था को सही रखने व जनता में शांति व सुरक्षा का भाव पैदा कराने के लिए पुलिस बल के साथ शहर के प्रमुख स्थानों पर भ्रमण किया। गश्त के दौरान व्यापारियों, दुकानदारों, राहगीरों को सुरक्षा व्यवस्था के प्रति आश्वस्त कराया। लोगों से संवाद स्थापित कर त्योहारों को मिलजुल कर सकुशल, शांतिपूर्ण व सौहार्द पूर्वक मनाने, अफवाह पर ध्यान न देने के लिए आम जनमानस से अपील की। संवाद

b

# GONDA POLICE

उत्तर प्रदेश पुलिस

# सराहनीय कार्य दिनांक:-12-10-2024

# भाजपा नेता को घर में घुस कर पीटा ,मुकदमा दर्ज

- खोड़ारे के छगडिहवा गांव में हुई घटना
- पुलिस मामला दर्ज करके आरोपियों पर कार्रवाई में जुटी

बभनजोत, संवाददाता। खोड़ारे थाना क्षेत्र में भाजपा नेता को दूसरे गांव के कुछ दबंगों द्वारा घर में घुसकर पीटने का मामला प्रकाश में आया है। सूचना पर पहुंची पुलिस दोनों पक्ष के 12 लोगों को गिरफ्तार कर कार्रवाई में जुटी है। भाजपा किसान मोर्चा के जिलाध्यक्ष विद्या भूषण द्विवेदी ने बताया कि मामला संज्ञान में है। पुलिस अफसरो से बात हुई है। आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई कराई जा रही है ।

खोड़ारे थाना क्षेत्र के छगडिहवा निवासी भाजपा किसान मोर्चा जिला मंत्री बिन्देशरी बर्मा ने पुलिस को दिये तहरीर में बताया कि गुरुवार रात करीब 8:00 बजे घर में बैठे थे। आरोप है कि इसी बीच लालजी पुत्र रामकुमार निवासी केशवनगर ग्रण्ट गोसाईगंज अपने साथियों के साथ पहुंचकर अपशब्द कहते हुए मार-पीट करने लगा। इस दौरान बीच बचाव करने आए मेरे लड़के संतोष तथा भैंस लगाने आए मुकेश पुत्र राम नरेश तथा एक अन्य को भी मारा पीटा।

# मसकनवा कस्बे में पुलिस बल ने निगरानी बढ़ाई

## सतर्कता

छपिया, संवाददाता। मसकनवा कस्बे में दुर्गा पूजा पर मां की प्रतिमा की पट्टी खोलने के बाद आतिशबाजी को लेकर दो हुए पथराव और मारपीट के मामले में मसकनवा कस्बे की सुरक्षा बढ़ा दी गई। पुलिस और पीएसी की टीमें कस्बा में पूरी तरह से सक्रिय हैं। उच्च अधिकारी भी पल-पल की सूचना ले रहे हैं। शुक्रवार शाम कस्बे में गश्त करते एडीएम आलोक कुमार और एएसपी पूर्वी मनोज कुमार रावत ने सुरक्षा प्रबंधों का जायजा लिया।

मसकनवा चौराहा, मनकापुर रोड़ चिक मंडी पर फोर्स लगाई गई है। सीओ आरके सिंह, एसओ कृष्ण गोपाल राय और चौकी प्रभारी तेज नारायण गुप्ता की निगरानी में विभिन्न दुर्गा पंडालों में सहित क्षेत्र में रहे। बुधवार की देर रात मसकनवा कस्बे में दुर्गा पूजा पट्टी खोलने के बाद आतिशबाजी को लेकर हुए पथराव और मारपीट की घटना हुई थी। इसके बाद डीएम, एसपी, एसडीएम को रात में मौके पर आना पड़ा। एक दर्जन लोगों के विभिन्न मामलों में मुकदमा दर्ज कराया गया था। एसओ कृष्ण गोपाल राय ने बताया कि आरोपियों की सरगर्मी से तलाश की जा रही है।

सीएम योगी आदित्यनाथ के मार्गदर्शन में दुर्गा अष्टमी पर जिले में अनूठी पहल, गुलाबी रंग के 1000 ई-रिक्शा को किया रवाना

# एक हजार 'शक्ति सारथी' सड़कों पर उतरे

**मिशन शक्ति-5**





शुक्रवार को टामसन कॉलेज मैदान में आयोजित कार्यक्रम में कन्याओं को भोज कराते विधायक व अन्य, शुक्रवार को टामसन कॉलेज मैदान में आयोजित कार्यक्रम में खड़े शक्ति सारथी के रूप में तैयार ई-रिक्शे।

**गोण्डा, संवाददाता।** शारदीय नवरात्रि की दुर्गाष्टमी के पावन अवसर पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के मार्गदर्शन में जिले मिशन शक्ति 5.0 के तहत शक्ति सारथी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसके तहत 1000 पिंक कलर के ई-रिक्शा को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। इन ई-रिक्शा को शक्ति सारथी नाम दिया गया है। इनका उपयोग 90% से अधिक महिलाओं द्वारा किया जाएगा। सभी ई-रिक्शा चालकों को सुरक्षा के दृष्टिगत प्रशिक्षित किया गया है और उन्हें महिला सुरक्षा के प्रति जागरूक करने की जिम्मेदारी दी गई है। इसके अतिरिक्त कार्यक्रम में 108 कन्याओं का कन्या पूजन और विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाली नौ महिलाओं को भी सम्मानित किया गया।

**बेखौफ होकर यात्रा कर सकेंगी महिलाएं:** डीएम नेहा शर्मा ने बताया कि दुर्गा अष्टमी के अवसर पर शक्ति वंदन 2.0 के तहत शक्ति सारथी कार्यक्रम एक अनूठा प्रयास है। इसमें ई-रिक्शा चालकों को सारथी शक्ति की उपाधि दी गई है, जिससे वे महिला सुरक्षा के प्रति जागरूकता फैलाने में योगदान कर सकें। शुरुआत में 1000 से अधिक ऑटो और ई-रिक्शा चालकों को इस पहल के अंतर्गत शामिल किया गया है, जिन्हें महिलाओं की सुरक्षा और आपातकालीन स्थितियों में सहायता प्रदान करने का प्रशिक्षण दिया गया है ताकि महिलाएं बिना किसी डर के यात्रा कर सकें। भविष्य में इस कार्यक्रम को और भी विस्तारित किया जाएगा।

यह कार्यक्रम जीरो वेस्ट इवेंट के रूप में आयोजित किया गया है, जिसमें कार्यक्रम स्थल पर उत्पन्न कचरे का समुचित निस्तारण सुनिश्चित किया गया। कार्यक्रम के दौरान विभिन्न विकास कार्यों की प्रदर्शनी भी लगाई गई। एसपी विनीत जायसवाल ने कहा कि शक्ति सारथी को बधाई देते नारी शक्ति के सुरक्षा, सम्मान का भरोसा दिलाया। एसपी ने कहा कि पुलिस हर संभव आपके साथ है।

**महिषासुर वध का हुआ मंचन:** जिला प्रशासन की ओर से 108 कन्या भोज शक्ति वंदन कार्यक्रम का आयोजन किया गया।नव अंशिका फाउंडेशन की नीशू त्यागी के संयोजन में महिषासुर मर्दिनी नृत्य नाटिका की प्रस्तुति का नृत्य निर्देशन गुरु सुरभी सिंह ने दिया। नारी ज्ञानस्थली पीजी कॉलेज की छात्राओं ने रुद्राष्टकम और महिषासुर वध, महाकाली के रौद्र रूप पर मंचन किया।

**108 कन्याओं का पूजन और सम्मान:** इस अवसर पर जिले के विभिन्न परिषदीय विद्यालयों से आई 108 कन्याओं का कन्या पूजन किया गया और उन्हें उपहार भेंट किए गए। वहीं, नवदेवी सम्मान समारोह के अंतर्गत विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं का भी सम्मान किया गया।

कार्यक्रम की शुरुआत आकांक्षा समिति यूपी की अध्यक्ष डॉ. गरिमा सिंह ने वर्चुअल माध्यम से की। डीएम नेहा शर्मा, सीडीओ अंकिता जैन और जिले के अन्य जनप्रतिनिधियों ने दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ किया। अवध धाम के आचार्य अंकित शास्त्री, आचार्य बृजभूषण तिवारी और आचार्य लवकुश ने हवन-पूजन कराया।

## नवरात्र में नौ शक्ति का हुआ सम्मान

शक्ति वंदन के शक्ति सारथी कार्यक्रम में जिले में विभिन्न क्षेत्रों में सामाजिक योगदान दे रही नौ महिलाओं को डीएम नेहा शर्मा, एसपी विनीत जायसवाल, सीडीओ अंकिता जैन ने स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया है। इसमें अधीक्षका डाकघर किरन सिंह, एलबीएस की डॉ. रेखा शर्मा, ड्रग इंस्पेक्टर रजिया बानो, ग्राम पंचायत प्रधान चंगेरी रंजना सिंह, सफाई मित्र रमा, महिला कांस्टेबल रिया सिंह, सीएचओ अनुराधा जायसवाल, सीमा सोनी, जिया सिंह, निधि सिंह को शक्ति के नौ स्वरूपा में सम्मानित किया गया।

**ये लोग रहे मौजूद:** जिपं अध्यक्ष घनश्याम मिश्र, विधायक कटरा बाजार बावन सिंह, विधायक तरबगंज प्रेम नारायण पांडेय, विधायक करनैलगंज अजय सिंह, विधायक गौरा प्रभात वर्मा, एमएलसी मंजू सिंह, सांसद गोंडा प्रतिनिधि रमाशंकर मिश्र, एसपी विनीत जायसवाल, ब्लॉक प्रमुख मनोज पांडेय, ब्लॉक प्रमुख डब्बू सिंह, एडीएम आलोक कुमार, एएसपी पूर्वी मनोज कुमार रावत, एसडीएम सदर अवनीश त्रिपाठी, सिटी मजिस्ट्रेट विजय शर्मा, डीआईओएस डॉ. राम चन्द्र, बीएसए अतुल कुमार तिवारी मौजूद रहे।

# विद्यालयों में शक्ति वंदन कार्यक्रम आयोजित हुए

- स्कूलों में कन्या पूजन कर उन्हें दक्षिणा भेंट की
- स्कूली बच्चियों को नौ दुर्गा की झांकी प्रस्तुत किया



भगहर बुलंद कंपोजिट स्कूल में नव दुर्गा की झांकी प्रस्तुत करतीं बच्चियां।

**झंझरी/मेहनौन, हिटी।** डीएम के निर्देश पर जिले के तमाम बेसिक स्कूलों में शक्ति वंदन, कन्या पूजन का कार्यक्रम का आयोजन शुक्रवार को किया गया। इटियाथोक के प्राथमिक विद्यालय भीखमपुरवा के प्रधानाचार्य मनोज मिश्रा ने विद्यालय की छात्राओ का चरण पखारकर पूजन किया भोज कराया। प्राथमिक विद्यालय गजाधरपुर मे शिक्षक दिलीप गुप्ता ने कन्याओं का पूजन किया।

झंझरी ब्लॉक क्षेत्र के स्कूलों में कन्या पूजन कर उन्हें दक्षिणा भेंट की गई। भगहर बुलंद कंपोजिट स्कूल में नौ दुर्गा की पूजा अर्चना कर विभिन्न स्वरूपों की झांकी सजाई गई है। प्रधानाध्यापक मोहम्मद खालिद ने बताया कि स्कूली बच्चियों को नौ दुर्गा की झांकी प्रस्तुत किया। इस दौरान निशी श्रीवास्तव, अंजू पांडेय, रीता, प्राची गुप्ता रही। वही, लक्ष्मणपुर जाट स्कूल में शिक्षकों ने बच्चों के पर पखारे और उन्हें भोजन कराया। कंसापुर प्राथमिक विद्यालय में कन्या पूजन किया गया। इस दौरान शिव लाल मिश्र, पप्पू तिवारी सहित अन्य लोग रहें। बीईओ डा समय प्रकाश पाठक ने बताया कि डीएम के निर्देशों को पूरी तरह से पालन किया गया। उन्होंने कहा कि ब्लॉक क्षेत्र के कुल 198 स्कूल है।

**पीएम श्री स्कूल में कन्या पूजन किया गया:** पीएम श्री स्कूल लौव्वा टेपरा में आयोजित कार्यक्रम में प्रभारी प्रधानाध्यापक गजेंद्र प्रताप सिंह, ममता कुमारी, सुमन शुक्ला, माधुरी त्रिपाठी, निशा सिंह, विभा गुप्ता, जयप्रकाश श्रीवास्तव, हरिराम शुक्ला, नीतू सिंह, निशा सिंह, दीपमाला सिंह, सिंपी देवी सहित मौजूद रहे। रामापुर क्षेत्र में प्राथमिक विद्यालय धर्मपुर में प्रधानाध्यापक श्याम सुंदर ने कन्याओं का पूजन करने के उपरांत भोजन कराया गया। क्षेत्र के नवादासम्मय, तेंदुआ सम्मय और कटरा बाजार के टेढी नदी के तट पर स्थित देवी मंदिर में श्रद्धालुओं की भीड़ लगी रही। क्षेत्रीय जनप्रतिनिधि विधायक बावन सिंह, सुनील सिंह, शिव भगवान शुक्ल आदि लोगों ने गौरवाजानीपुर, पृथ्वीपुरवा भरथा इटहिया व दुबहा बाजार के विभिन्न दुर्गा पांडाल में जाकर के आशीर्वाद लिया।

# घर में सो रही युवती को अगवा कर ले गए दबंग, गिरफ्तार

बभनजोत। खोड़ारे थाना क्षेत्र के एक गांव में घर के बरामदे में सो रही युवती को दूसरे समुदाय के दो दबंगों द्वारा जबरन ले जाकर छेड़छाड़ करने का मामला प्रकाश में आया है। पुलिस ने केस दर्ज कर आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

खोड़ारे थाना क्षेत्र के एक पीड़ित ने पुलिस को दिए तहरीर में बताया है कि बुधवार रात में गांव में दशहरा देखने के बाद घर आकर परिवार के सभी सदस्य भोजन कर सो रहे थे। इसी बीच रात करीब 11 बजे घर के बरामदे में सो रही उसकी बहन को बरकत अली और आसिफ ने जबरदस्ती गांव के पास खंडहर में ले जाकर छेड़छाड़ करने लगे। उसके शोर मचाने पर वह अपने चचेरे भाई के साथ मौके पर पहुंचा और पकड़ने की कोशिश की लेकिन आरोपी जान से मारने की धमकी व अपशब्द कहते हुए मौके से भाग निकले थे।

# श्रद्धालुओं ने हवन व कन्या पूजन कर मांगा आशीर्वाद





फुलवारी पब्लिक स्कूल में मां के भेष में छात्राएं और कर्नलगंज के संतोषी माता मंदिर में कन्या भोज कराते आशीष सोनी व उनकी पत्नी • जागरण

- श्रद्धालुओं ने हवन-पूजन के बाद कराया कन्या भोज
- शाम को पंडालों में महाआरती संग हुए भजन-कीर्तन

जागरण टीम • गोंडा: शारदीय नवरात्र के आठवें दिन आदि शक्ति के अष्टम स्वरूप महागौरी की आराधना की गई। श्रद्धालुओं ने हवन करते हुए कन्या पूजन किया। दोपहर साढ़े 12 बजे के बाद नवमी शुरू होने के कारण शाम को पंडालों में नवम सिद्धिदात्री का पूजन कर देवी प्रतिमाओं की महाआरती उतारी गई।

शारदीय नवरात्र के आठवें दिन मां दुर्गा के आठवें स्वरूप श्री महागौरी की आराधना हुई। देवी मंदिरों में सुबह से ही जुटे श्रद्धालुओं ने हवन-पूजन कर मां से अपने परिवार व रिश्तेदारों के सुख-समृद्धि की कामना की। खैरा भवानी, काली भवानी, उत्तरी भवानी, मंशा देवी,मां बेल्लहो माता, मेहनौन देवी मंदिर,मुंगरौल देवी समेत अन्य देवी मंदिरों में श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। श्रद्धालुओं ने हवन पूजन कर सुख व समृद्धि का आशीर्वाद मांगा। दोपहर बाद नवमी तिथि होने के कारण शाम को मंदिरों व पूजन पांडालों में नवम सिद्धिदात्री का भी पूजन किया गया। पूजन अर्चन के बाद जागरण कीर्तन व भजन संध्या समेत अन्य प्रतियोगिताएं हुई, जिसमें गायकों व श्रद्धालुओं ने भक्ति गीतों व भजनों की प्रस्तुति देकर मां की महिमा का बखान किया।



काली भवानी मंदिर में हवन - पूजन करते श्रद्धालु • जागरण



एएसपी पूर्वी मनोज कुमार रावत पुलिस फोर्स के साथ पैदल मार्च करते हुए।

# एएसपी पूर्वी ने इटियाथोक में किया पैदल मार्च

**मेहनौन।** एएसपी पूर्वी मनोज कुमार रावत ने शुक्रवार की देर शाम कस्बा इटियाथोक सहित आसपास क्षेत्रों में मां दुर्गा प्रतिमा के पंडाल का निरीक्षण कर दुर्गा पूजा समिति के पदाधिकारीयो से मिलकर जानकारी ली और विसर्जन के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिए। शुक्रवार की शाम एएसपी पूर्वी मनोज कुमार रावत थानाध्यक्ष इटियाथोक शेषमणि पाण्डेय पुलिस फोर्स के साथ कस्बा इटियाथोक सहित आसपास क्षेत्रों में मां दुर्गा की प्रतिमा के पंडाल का निरीक्षण किया।

# अवैध पटाखों संग एक गिरफ्तार

परसपुर। मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने गुरुवार को कस्बे के आटा व बालपुर रोड पर संचालित दुकान से विभिन्न प्रकार के पटाखों से भरे तीन बैग व दो गत्ते बरामद हुए हैं। पुलिस ने दो लोगों पर विस्फोटक अधिनियम के तहत केस दर्ज कर एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। मामले में बालपुर रोड निवासी लाल बहादुर व आंटा निवासी ननकऊ पटवा के खिलाफ थाने में केस दर्ज हुआ है।

# ड्रोन से होगी निगरानी, सादी वर्दी में तैनात रहेंगे पुलिसकर्मी

संसू, जागरण • गोंडा : मां दुर्गा प्रतिमा विसर्जन व दशहरा पर्व पर उमड़ने वाले लाखों श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिए पुलिस ने तैयारी पूरी होने का दावा किया है। 2084 प्रतिमाओं के विसर्जन के लिए 2200 पुलिस कर्मियों की ड्यूटी लगाई गई है। कटराबाजार व उमरीबेगमगंज में विसर्जन के दौरान सुरक्षा व्यवस्था के लिए विशेष प्रबंध किया गया है। यहां पुलिस के साथ ही पीएसी के जवान भी तैनात रहेंगे। सादी वर्दी में भी पुलिसकर्मियों की ड्यूटी लगाई गई है। ड्रोन से नजर रखी जाएगी।

कटरा बाजार में गत वर्षों में प्रतिमा विसर्जन के दौरान दो समुदायों के बीच पथराव हो गया था। इस बार शांतिपूर्ण ढंग से विसर्जन कराने पुलिस के साथ ही कटरा बाजार थाने को एक प्लाटून पीएसी दी गई है। उमरी बेगमगंज को भी संवेदनशील मानकर एक प्लाटून पीएसी की तैनाती की गई है। क्षेत्राधिकारी, प्रभारी निरीक्षक व थानाध्यक्षों को भ्रमणशील रहकर अराजकतत्वों पर नजर रखने का दायित्व सौंपा गया है। प्रतिमा विसर्जन तक बीट सिपाही को सुरक्षा मानकों का पालन सुनिश्चित कराने का निर्देश दिया गया। स्थानीय अभिसूचना इकाई को सूचना संकलित कर अवगत कराने के लिए कहा गया है। विवाद से संबंधित जानकारी प्राप्त कर उसका निपटारा कराने के भी निर्देश दिए गए हैं। महिलाओं की सुरक्षा को लेकर विशेष प्रबंध किए गए हैं। किसी प्रकार की दिक्कत होने पर तत्काल क्विक रिस्पांस टीम (क्यूआरटी) टीम का गठन किया गया है। सादी वर्दी में पुलिस कर्मियों को भीड़ के बीच उपस्थित रहने के लिए कहा गया है। अराजक तत्वों पर नजर रखने का निर्देश दिया गया है।

# आइए, हम सभी संकल्प लें... गोंडा को बनाकर रहेंगे स्वच्छ व सुंदर

संसू, जागरण • गोंडा : बुराई का प्रतीक माने जाने वाले दशानन के अंत की घड़ी आ गई। शनिवार को अधर्म पर धर्म की जीत का प्रतीकात्मक प्रदर्शन कर जगह-जगह अहंकार के स्वरूप को आग के हवाले किया जाएगा। अब सवाल ये है कि क्या हरसाल एक दिन कागजी रावण को जलाने भर से समाज में फैली बुराइयां खत्म हो जाएंगी? इससे रामराज्य वापस आ जाएगा? आइए, इस बार हम समाज की दस बुराइयों को मिटाने का संकल्प लें और गोंडा को स्वच्छ व सुंदर बनाएं।

• विजयदशमी आज, बुराई के प्रतीक दशानन का पुतला होगा दहन



असत्य पर सत्य की जीत का प्रतीक दशहरा की मंडलवासियों को बधाई। स्वच्छ, सुंदर, शिक्षित मंडल बनाने के लिए प्रत्येक नागरिक को योगदान करना चाहिए।

\- शशिभूषण लाल सुशील, आयुक्त देवीपाटन मंडल



विजयदशमी की मंडलवासियों को बधाई। प्रत्येक नागरिक का ये कर्तव्य है कि वह कोई भी संदिग्ध गतिविधि दिखने पर पुलिस को सूचित करे, ताकि पुलिस उनकी सुरक्षा सुनिश्चित कर सके।

\- एपी सिंह, डीआइजी देवीपाटन



परिक्षेत्र देवी दुर्गा ने नौ रात्रि एवं दस दिन युद्ध के उपरांत महिषासुर पर विजय प्राप्त की थी, विजयदशमी को असत्य पर सत्य की विजय का प्रतीक माना जाता है। जनपदवासियों को पावन पर्व की बधाई।

\- नेहा शर्मा, डीएम गोंडा



शांति व सौहार्दपूर्ण माहौल में त्योहार मनाएं, यातायात नियमों का पालन करें। प्रत्येक नागरिक को बेसहारा व बुजुर्ग की मदद करनी चाहिए। पुलिस का सहयोग करें।

\- विनीत जायसवाल, एसपी

## ये हैं समाज के रावण

1-गंदगी – गोंडा शहर की स्वच्छता सर्वेक्षण में भले ही रैंकिंग सुधरी हो लेकिन, अभी गंदगी खत्म नहीं हुई। समय से कूड़ा न उठने के कारण मुहल्लावासियों को दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। लोगों को घरों से निकलने वाले कूड़े को सड़क पर नहीं फेंकना चाहिए।

2- भ्रष्टाचार- आए दिन सरकारी विभाग हों या निजी संस्थान सुविधा शुल्क वसूली की शिकायतें आती है। इससे निजात पाने के लिए हर किस को पहले स्वयं ईमानदार बनना होगा। न रिश्वत लेंगे और न देंगे, यह प्रण लेना चाहिए।

3- कुपोषण – जिले में अभी करीब सात हजार कुपोषित बच्चे चिह्नित किए गए है। जरूरत है कि सरकार की ओर से मिलने वाली सुविधाएं उन तक पहुंचाकर उन्हें कुपोषण के दायरे से उबारने के लिए प्रभावी पहल की जाय।

4-अशिक्षा – समग्र शिक्षा अभियान के बावजूद जिले में हजारों बच्चे स्कूल नहीं जा रहे है, इस सच को शिक्षा विभाग बेशक छिपाने की कोशिश कर रहा हो लेकिन, जरूरत है कि इन बच्चों तक शिक्षा की किरण पहुंचे।

5- बेरोजगारी - जिले में बेरोजगारी सबसे बड़ी समस्या है। रोजगार की तलाश में युवा दूसरे प्रदेश मे पलायन कर रहे हैं। सेवायोजन विभाग में 20 हजार से अधिक बेरोजगार पंजीकृत है, इन्हें रोजगारपरक योजनाओं से जोड़कर गांव में ही स्वरोजगार के अवसर उपलब्ध कराए जा सकते है।

6-अपराध – चोरी, लूट और महिला संबंधी अपराधों के कारण समाज में असुरक्षा की आशंका बनी रहती है। साइबर क्राइम भी लगातार बढ़ रहा है। पुलिस को जागरूक लोगों से समन्वय कर अपराध पर नियंत्रण करना चाहिए।

7-दहेज हत्या - हर माह दहेज हत्या और उत्पीड़न की घटनाएं प्रकाश में आ रही हैं। दहेज रूपी बीमारी जन जागरूकता से दूर की जा सकती है। इसके लिए सभी को अपनी जिम्मेदारी निभानी चाहिए।

8-भ्रूण हत्या – लड़के-लड़कियों के अनुपात में बढ़ रहा अंतर खतरनाक है। इसपर रोक लगाने के लिए बालिकाओं की भ्रूण हत्या रोकने की प्रभावी पहल आवश्यक है। यह सिर्फ जन जागरूकता से ही संभव है।

9-प्रदूषण - जल, वायु व ध्वनि प्रदूषण बढ़ता जा रहा है। सबसे खराब स्थिति हवा व पानी की है। इस कारण पालीथिन के प्रयोग से बचने व प्रदूषण फैलाने वाले कारकों का इस्तेमाल रोकने के लिए संकल्प लेना होगा।

10-खुले में शौच- जिले के 1,192 ग्राम पंचायतों व दस शहरों को खुले में शौच मुक्त घोषित किया जा चुके है लेकिन, हकीकत कुछ अलग ही है। इसके लिए समाज के प्रबुद्धजनों को आगे आना चाहिए।

# यात्रा में शक्ति की सुरक्षा करेंगे सारथी



शहीदे आजम सरदार भगत सिंह इंटर कालेज मैदान में आयोजित शक्ति वन्दन कार्यक्रम में कन्याओं को भोज कराते अधिकारी व कर्मचारी • जागरण

### किस क्षेत्र में किसे दिया गया नव देवी सम्मान

संगीत क्षेत्र/डाक विभाग से किरन सिंह, प्रशासनिक क्षेत्र से औषधि निरीक्षक रजिया बानो, शिक्षा क्षेत्र से असिस्टेंट प्रोफेसर एलबीएस रेखा शर्मा, पुलिस विभाग से आरक्षी रिया सिंह, स्वास्थ्य विभाग से कम्युनिटी हेल्थ आफीसर अनुराधा जायसवाल, पंचायतीराज विभाग से ग्राम प्रधान चंगेरी रंजना सिंह, व्यापार क्षेत्र से उद्यमी सीमा सोनी, खेलकूद से ताइक्वांडो खिलाड़ी जिया सिंह, सफाईकर्मी रमा शामिल हैं।



शहीदे आजम सरदार भगत सिंह इंटर कालेज मैदान में आयोजित शक्ति वन्दन कार्यक्रम में औषधि निरीक्षक रजिया बानो को सम्मानित करतीं डीएम नेहा शर्मा • जागरण



शहीदे आजम सरदार भगत सिंह इंटर कालेज में शक्ति सारथी के लिए तैयार किए गए ई - रिक्शे • जागरण

संसू, जागरण • गोंडा : शनिवार का दिन जिले के लिए खास था। शारदीय नवरात्र के नौवें दिन शहीदे आजम सरदार भगत सिंह इंटर कालेज के मैदान में श्रद्धा व भक्ति का अनूठा संगम देखने को मिला। ऐतिहासिक आयोजन की गवाह गोनर्द की धरती बनी।

मिशन शक्ति अभियान के तहत आयोजित शक्ति वंदन 2.0 कार्यक्रम का डीएम नेहा शर्मा ने दीप जलाकर शुभारंभ किया। एक हजार पिंक कलर के ई-रिक्शा को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। इन ई-रिक्शा चालकों को शक्ति सारथी नाम दिया गया है, जिनका उपयोग महिलाएं शहर में यात्रा के लिए करेंगी। सभी ई-रिक्शा चालकों को सुरक्षा के दृष्टिगत प्रशिक्षित किया गया है और उन्हें महिला सुरक्षा के प्रति जागरूक करने की जिम्मेदारी दी गई है।

**108 कन्या पूजन संग हुआ भोज का आयोजन:** आकांक्षा समिति उत्तर प्रदेश की अध्यक्ष डा. गरिमा सिंह ने वर्चुअल से पूजन कार्यक्रम का शुभारंभ किया। पंडाल में गणपति भगवान व नौ देवियों के स्वरूप में 108 कन्याएं माथे पर चंदन और सिर पर चुनरी के साथ विराजमान थीं। गणपति भगवान की पूजा हुई। ऊं जयंती मंगला काली भद्रकाली कपालिनी, दुर्गा क्षमा शिवा धात्री स्वाहा... के जाप के साथ पूरा पंडाल भक्तिमय हो गया। मां भगवती के नौ स्वरूपों के पूजन के साथ जनप्रतिनिधियों ने हवन किया और कन्याओं को प्रसाद वितरित किया।

कन्याओं को हाइजिन किट व पोषण पोटली वितरित भी वितरित की गईं। डीएम ने अलग-अलग क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं को नव देवी सम्मान से सम्मानित किया। नव अंशिका फाउंडेशन की नीशू त्यागी के संयोजन में महिषासुर मर्दिनी नृत्य नाटिका की प्रस्तुति हुई। सुरभी सिंह द्वारा रुद्राष्टकम प्रस्तुत किया। ईशा रतन, मीशा रतन,अंशिका त्यागी आकांक्षा पांडेय,संगीता कश्यप ने नृत्य प्रस्तुत किए। नारी ज्ञानस्थली महिला महाविद्यालय की छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर मनमोह लिया।

**ये बने कार्यक्रम के गवाह:** जिला पंचायत अध्यक्ष घनश्याम मिश्र, विधायक प्रेम नरायन पांडेय, बावन सिंह, अजय सिंह, प्रभात वर्मा, एमएलसी अवधेश कुमार सिंह उर्फ मंजू सिंह, रमाशंकर मिश्र, पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल, आयुक्त देवीपाटन मंडल की पत्नी गरिमा भूषण, पुलिस अधीक्षक की पत्नी डा. तन्वी जायसवाल, सीडीओ अंकिता जैन, सीआरओ महेश प्रकाश, एडीएम आलोक कुमार, नगर मजिस्ट्रेट विजय शर्मा उपस्थित रहे।

# अहिरावण व नारांतक वध पर जय श्रीराम के जयकारों से गूंजा मैदान

संसू, जागरण • कर्नलगंज (गोंडा): शुक्रवार की देर शाम श्रीराम लीला मैदान में अहिरावण वध, नरांतक वध की लीला का सजीव मंचन किया गया। मेघनाथ का वध होने पर व्यथित रावण ने मंत्र आकर्षण जप कर पाताल से अहिरावण से मदद मांगी। इसके बाद अहिरावण ने विभीषण बन रामादल में प्रवेश किया।

श्रीराम व लक्ष्मण जी का हरण करके कामाख्या देवी पातालपुरी देवी के सम्मुख बलि चढ़ाने के लिए लेकर चला गया। पाताल लोक में हनुमान जी का सामना मकरध्वज से होता है। हनुमान जी उन्हें बांधकर स्वयं देवी बन बलि स्थल पर पहुंच गए। जैसे ही बलि चढ़ाने को अहिरावण ने तलवार उठाई हनुमान जी ने प्रकट होकर उसकी तलवार छीन ली और वध कर दिया। इसके बाद नारांतक के वध की लीला की गई।

कलाकारों की प्रस्तुति देख गड़गड़ा उठीं तालियां: व्यापारी के बेटे की हत्या के जुर्म में पुलिस ने अपराधी को गिरफ्तार कर उसकी जमकर पिटाई की। जज के सामने अधिवक्ताओं ने बहस की। सबूतों के आधार पर जज ने फांसी की सजा सुनाकर कलम तोड़ दी। इसके बाद अपराधी को तब तक फांसी पर लटकाया गया जब तक उसके प्राण नहीं निकल गए। इसके बाद डाक्टर ने परीक्षण कर मृत घोषित किया। इस नाटक का मंचन रामलीला मैदान में दिखाया गया। अपराधी के अलावा काबुल के व्यापारी, दारोगा, कोतवाल, सिपाही, जज, पेशकार, वकील, जल्लाद की भूमिका की स्थानीय कलाकारों ने निभाई, जिसे देखने के लिए दूरदराज से दर्शक पहुंचे। जीवंत प्रस्तुति देख सभी ने खूब तालियां बजाईं।



कर्नलगंज रामलीला में विजय दशमी पर दहन होगा 40 फीट लंबा पुतला • जागरण

# देवी प्रतिमाओं का मायके आई बेटी की तरह आतिथ्य

## अनूठी परंपरा

- बेटी मान देवी प्रतिमा को लगा रहे भांति-भांति के व्यंजनों का भोग
- सिंदूर खेला व कनक अंजली समेत अन्य रस्मों के बीच देंगे विदाई

पवन मिश्र • जागरण

गोंडा : यूं तो पूरी दुनिया दुर्गा जी को मां मानकर उनका पूजन करती है, लेकिन बंगाली श्रद्धालु मायके आई बेटी मानकर मां जगदंबा की आराधना कर रहे हैं। मालवीयनगर में चुंगी गोदाम के निकट हो रहे देवीपूजन में देवी जी को नित नए पकवान खिलाए जा रहे हैं। शनिवार को उनकी विदाई (प्रतिमा विसर्जन) भी ससुराल जा रही बेटी की तरह सिंदूर खेला (सिंदूर दान) व कनक अंजली (कोछ) पूजन व दर्पण विसर्जन समेत अन्य रस्मों के साथ होगी।

बंगाली समाज की मान्यता के अनुसार साल में एक बार(शारदीय नवरात्र) पार्वती जी अपने मायके यानी उनके घर आई हैं। षष्ठी तिथि को उनके पहुंचने पर अकाल बोधन आयोजित किया जाता है। अकाल बोधन का अर्थ है असमय पूजा। यह पूजा सबसे पहले भगवान श्रीराम जी ने की थी, जिन्हें रावण को हराने के लिए शक्ति चाहिए थी। इसके बाद श्री राम ने चौथे दिन विजय प्राप्त की थी। पूजन हो जाने के बाद बंगाली मायके वाला आतिथ्य सत्कार कर देवी जी को रोज नए व्यंजन खिलाते हैं। बुजुर्ग श्रद्धालु मिताली शेखर ने बताया कि देवी मां को पहले दिन सप्तमी को खिचड़ी, आलू, कद्दू, बैंगन, लोबिया, गोभी की सब्जी व दूसरे दिन अष्टमी को पुलाव व आलू दम का भोग लगाया गया। प्रत्येक दिन खीर व चटनी भी रही। तीसरे दिन अष्टमी-नवमी के बीच संधिपूजन में उन्हें भात, मटर पनीर के साथ मीठी चटनी खिलाई गई।



मालवीयनगर स्थित चुंगी गोदाम के निकट सजी देवी प्रतिमा रूपी बेटी के श्रृंगार के लिए हल्दी व तेल समेत अन्य सामग्री लेकर आई सुहागिनें • जागरण

### नीलकंठ दिखते ही शुरू हो जाएंगी देवी की विदाई की तैयारी

चार दिन भांति-भांति के पकवान खिलाने के बाद दशहरे को नीलकंठ दिखने के बाद समझ लिया जाएगा कि मां पार्वती को ससुराल ले जाने के लिए भगवान शिव (नीलकंठ) आ गए हैं। इसके बाद देवी की विदाई भी ससुराल जा रही बेटी की तरह होगी। इस दिन मां के यात्रा को देखते हुए उन्हें चूरा, दही, केला व कच्चे नारियल का भोग लगाया जाएगा। सुहागिनें बेटियों की विदाई में होने वाले सिंदूर खेला (सिंदूर दान) व कनक अंजली (कोछ) पूजन व दर्पण विसर्जन समेत अन्य रस्म निभाते हुए उन्हें विदा करेंगी।

# प्रतिबंधित असलहाधारी को रिमांड पर लेगी पुलिस

**फालोअप**

संसू, जागरण • गोंडा : दीवानी न्यायालय परिसर में सोमवार को आशीष सिंह को प्रतिबंधित बोर के असलहे के साथ पुलिस ने धर दबोचा था। अब जांच का विषय ये है कि आखिर आरोपित आशीष सिंह प्रतिबंधित असलहा लेकर न्यायालय परिसर क्यों गया? मेड इन इटली की प्रतिबंधित पिस्टल उसके पास आई कहां से? इसके सप्लायर कौन हैं? ऐसे कई सवाल सुलझाने के लिए पुलिस दहशरे के बाद उसे रिमांड पर लेने की तैयारी कर रही है।



आरोपित आशीष

- दहशरे के बाद आगे बढ़ेगी प्रक्रिया, पूछताछ में कई बड़े राज हो सकते उजागर

एक विधायक के करीबी माने जाने वाले आशीष का वर्चस्व सिविल लाइन स्थित शहीदे आजम सरदार भगत सिंह इंका तिराहे पर खूब दिखता था। छोटा दुकानदार हो या बड़ा व्यापारी सभी उससे भय खाते थे। एक माननीय का उस पर हाथ होने की वजह से लोग व पुलिस भी आशीष से कतराती थी। यही नहीं, आशीष पुलिस पर भी रूतबा जमाता था। उसके पास मेड इन इटली की प्रतिबंधित पिस्टल किसके माध्यम से पहुंची और न्यायालय में असलहा ले जाने के पीछे क्या मंशा थी। पुलिस अब इस पर मंथन कर रही है। प्रतिबंधित बोर असलहा पकड़े जाने के बाद आशीष से माननीय ने पल्ला झाड़ लिया है, लेकिन अंदर ही अंदर आशीष की पैरवी हो रही है। यही कारण है कि पुलिस की चाल भी धीमी है। न रिमांड की बात चल रही है और न ही कड़ाई से पूछताछ की कार्रवाई हो रही है। शहर में आशीष की गिरफ्तारी को लेकर चर्चा तेज है। चहुंओर बहस है कि दिखावे में कुछ भी हो, लेकिन विधायक व माननीय हस्तक्षेप से उसका कुछ नहीं होने वाला है। पुलिस कोरम पूरा करेगी। एक तरफ दीवानी न्यायालय परिसर के अंदर पैदल व साइकिल से जाने वाले वादकारी/पक्षकारों का मुख्यद्वार पर ही पुलिस चेकिंग करने का कोरम पूरा करती है। सवाल यह है कि प्रतिबंधित बोर का असलहा लेकर आशीष न्यायालय परिसर में कैसे पहुंच गया। यह भी चर्चा तेज है कि इसी तरह कचहरी व न्यायालय परिसर में हत्याएं हो जाती हैं।

> न्यायालय परिसर में असलहा लेकर जाने के मामले में आरोपित आशीष सिंह को जेल भेज दिया गया है। असलहा कहां से मिला, वह न्यायालय परिसर में क्या करने गया था। विवेचक को इन सभी बिंदुओं को शामिल कर विवेचना करने का निर्देश दिया गया है।
>
> – विनीत जायसवाल, एसपी

# तीन बोरी व दो गत्ता अवैध पटाखा बरामद, एक आरोपित गिरफ्तार

• पांच दिन में पकड़ा जा चुका 40 क्विंटल अवैध पटाखा व बारूद

संसू, जागरण • गोंडा : बेलसर नगर पंचायत के बेलसर डीहा में विस्फोट के बाद जिले में पांच दिनों में करीब 40 क्विंटल बारूद व पटाखा बरामद किया जा चुका है। शुक्रवार को भी पुलिस ने अलग-अलग स्थानों सर्च अभियान चलाया। कई संदिग्ध दुकानों व घरों में छापेमारी की गई। परसपुर पुलिस ने बालपुर रोड पर तीन बोरी व दो गत्ता अवैध पटाखा बरामद किया है। आरोपित को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है।

एसपी विनीत जायसवाल के निर्देश पर शुक्रवार को भी अवैध पटाखों के बरामदगी के लिए छापेमारी की गई। कर्नलगंज, परसपुर, तरबगंज समेत अन्य थाने की पुलिस ने अवैध पटाखा व बारूद के निर्माण/भंडारण के विरूद्ध अभियान अभियान चलाया गया। अपर पुलिस अधीक्षक पश्चिमी राधेश्याम राय के पर्यवेक्षण व क्षेत्राधिकारी कर्नलगंज उमेश्वर प्रभात सिंह के नेतृत्व में परसपुर की पुलिस टीम ने लाल बहादुर निवासी बालपुर रोड कस्बा परसपुर की दुकान पर छापेमारी की। तीन बोरी व दो गत्ते में विभिन्न प्रकार के पटाखे बरामद किए गए। अवैध पटाखों का भंडारन करने को लेकर पुलिस आरोपित से पूछताछ कर रही है। आरोपित के विरुद्ध परसपुर थाने में मुकदमा भी किया गया है। परसपुर थानाध्यक्ष दिनेश सिंह ने कहा कि लाल बहादुर की दुकान से विभिन्न प्रकार का अवैध पटाखा बरामद किया गया है।

# भाजपा किसान मोर्चा के जिला मंत्री को घर में घुसकर पीटा, एफआइआर

## विपक्षी के पक्ष में सिफारिश से हुई नाराजगी

संसू, जागरण • वभनजोत (गोंडा) : भाजपा किसान मोर्चा के जिला मंत्री विन्देश्वरी वर्मा को घर में घुसकर पिटाई की गई। बचाने आए स्वजन व नौकर को मारापीटा। पुलिस ने आरोपित के विरुद्ध मुकदमा किया है।

भाजपा किसान मोर्चा के जिला मंत्री व भारीघाट खगडिहवा निवासी विन्देश्वरी वर्मा ने कहा कि गुरुवार की सुबह घर पर कुर्सी पर बैठे थे। ग्राम केशवनगर ग्रंट पूर्वी गोसाईंगंज निवासी लालजी घर के अंदर घुस आए और मारने लगे। बचाने आए बेटे संतोष व नौकर मुकेश की भी पिटाई की। हल्ला सुनकर गांव के लोग एकत्र हो गए। ग्रामीणों का कहना है कि लालजी का किसी से विवाद चल रहा है। उस विवाद में जिलामंत्री उसके विपक्षी का साथ दे रहे हैं। विपक्षियों की तरफ से उन्होंने सिफारिश भी की। इसी नाराजगी में आरोपित ने उन्हें पीटा है। थानाध्यक्ष खोड़ारे शशि कुमार राणा ने कहा कि आरोपित पर मुकदमा किया गया है।

**कोचिंग जा रहे छात्र की राड से की पिटाई-गोंडा :** नगर गांधीपार्क के पास कोचिंग जा रहे छात्र की लोहे के राड से पिटाई की गई। पुलिस ने आरोपितों पर मुकदमा किया है। रानीपुर तरबगंज निवासी आशुतोष सिंह ने कहा कि उनका भतीजा अनमोल सिंह व शिव नारायन पांडेय साथ में कोचिंग पढ़ते हैं। दोनों गांधी पार्क के पास मिले। आजाद नगर कालोनी निवासी कृष्णा मटेरिया, आइटीआइ चौराहा निवासी अयोगंद्र, सिविल लाइन के अमित व मोनू ने जान से मारने की नियत से लोहे की राड से पिटाई की। नगर कोतवाल मनोज पाठक ने कहा कि आरोपितों पर मुकदमा किया गया है।

### जेई को पत्नी ने पीटा

गोंडा : जल निगम में तैनात अवर अभियंता को उनकी पत्नी ने ही पीट दिया। यही नहीं प्रेमी से भी पिटवाने की धमकी दी है। नगर कोतवाली के डिगवा सरदार गली पेंटरगंज में रह रहे जलनिगम में तैनात अवर अभियंता धर्मेंद्र कुमार का आरोप है कि उनकी पत्नी माया मौर्या व उसके प्रेमी नीरज मौर्य से उन्हें जान का खतरा है, इसलिए वह अलग रहते हैं। दो सितंबर को वह कागजात लेने इसी मुहल्ले में पुराने घर आए थे, जहां पत्नी माया ने स्टील के राड से हमला कर उनकी पिटाई कर दी। 22 सितंबर को फिर पहुंचते ही मारपीट पर उतारू हो गई और प्रेमी से मिलकर जान से मरवा देने की धमकी दी। वह उन्हें फंसाने के लिए झूठे प्रार्थनापत्र दे रही है। उसकी हत्या कर उसकी संपत्ति हड़पने की भी साजिश है। नगर कोतवाल मनोज पाठक ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।

# सरयू में मृत मिली थी गोंडा की महिला, पति पर केस

संसू, जागरण • दरियाबाद (बाराबंकी) : एक सप्ताह पहले सरयू नदी में मिले गोंडा की महिला के शव मामले में पुलिस ने पति पर एफआइआर लिखी है। इस मुकदमे की विवेचना गोंडा में होगी।

- दरियाबाद पुलिस ने दर्ज की एफआइआर, गोंडा में होगी मामले की विवेचना

दरियाबाद थाने के सरयू नदी में गुनौली मांझा गांव के पास एक सप्ताह पहले महिला का शव मिला था। करीब 32 वर्षीय महिला के शव की शिनाख्त गोंडा के कोतवाली नगर के पटेल नगर घोसियाना की रेशमा पुत्री लतीफ के रूप में हुई थी। मृतका की शिनाख्त उसके मामा के लड़के इमरान ने की थी। स्वजन ने मामले में अनहोनी की आशंका जताई थी। अब दरियाबाद पुलिस ने जीरो एफआइआर लिखी है। मृतका के भाई नादिर ने बहनोई आरिफ पर बहन की हत्या की आशंका जताते हुए दरियाबाद थाने में तहरीर दी थी, जिस पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है। इंस्पेक्टर अभिमन्यु मल्ल ने बताया कि मामले की जांच गोंडा पुलिस को ट्रांसफर कर दी जाएगी, वहीं पर विवेचना होगी।

# सफाईकर्मी ने प्रधानाध्यापक को दी गाली, निलंबित

## शौचालय की सफाई कराने पर **फोन पर** धमकाया भी, आडियो इंटरनेट पर हो रहा प्रसारित

संवाद सूत्र, जागरण • गोंडा : परिषदीय स्कूल में शौचालय की सफाई कराने के लिए कहना गुरुजी को भारी पड़ गया। नाराज सफाईकर्मी ने फोन पर न सिर्फ प्रधानाध्यापक को धमकाया बल्कि गाली भी दी।

• कर्नलगंज ब्लाक की ग्राम पंचायत बरतरा में है तैनाती

कर्नलगंज ब्लाक की ग्राम पंचायत बरतरा में सफाईकर्मी के पद पर कृष्ण प्रकाश श्रीवास्तव की तैनाती है। प्राथमिक विद्यालय बरतरा द्वितीय में तैनात प्रधानाध्यापक मोहम्मद शमीम ने बीडीओ को पत्र देकर कार्रवाई की मांग की थी। प्रधानाध्यापक के मुताबिक उन्होंने स्कूल के शौचालय व परिसर की सफाई के लिए प्रधान से कहा था। जिस पर सफाई कर्मचारी ने खुद न आकर मजदूरों को भेज था। मजदूरों ने सफाई नहीं की। यूरिनल की सफाई करके चले गए। मजदूरों ने ये बात सफाईकर्मी को बताई थी। सफाईकर्मी ने उन्हें फोन पर जानमाल की धमकी देने के साथ ही गाली दी। सफाईकर्मी ने कहा कि शौचालय की सफाई के लिए कहने से उनके 60-70 वोट खराब हो गए। बीडीओ कर्नलगंज जैस राम की रिपोर्ट पर डीपीआरओ लालजी दुबे ने सफाई कर्मचारी कृष्ण प्रकाश को निलंबित कर दिया है।

**डिवाइडर भी नहीं किया साफ**

डीपीआरओ के मुताबिक जिलाधिकारी के आदेश पर सफाईकर्मी कृष्ण प्रकाश श्रीवास्तव की ड्यूटी गोंडा-कर्नलगंज फोरलेन के डिवाइडर की सफाई के लिए किलोमीटर दस से 10.500 के मध्य लगाई गई थी, लेकिन वह नहीं गए।

# कोर्ट के आदेश पर सात लोगों पर केस

**तरबगंज (गोंडा)।** क्षेत्र के सिंगहाचंदा शुक्लनपुरवा निवासी सुबोध पांडेय ने कोर्ट के आदेश पर थाने में दर्ज कराई रिपोर्ट में कहा कि 25 मार्च 2024 की शाम अपने मामा के बेटे अनुराग चौबे के साथ बाइक से तरबगंज जा रहा था। तभी नरायनपुर पुल के पास कार पर सवार होकर आए लोगों ने अभद्रता करते हुए हाकी से मारापीटा। मामले में रामापुर निवासी अभय, अर्पित, रामप्रकाश वर्मा, सुरेश सिंह व ढोढ़ेपुर निवासी राकेश सिंह, रोहित सिंह, उत्तम सिंह के खिलाफ छिनैती, मारपीट, धमकी की रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। कोतवाल राजेश सिंह ने बताया कि कोर्ट के आदेश पर आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। (संवाद)

# अज्ञात वाहन चालक पर केस

**वजीरगंज(गोंडा)।** क्षेत्र के कोठा भितरी निवासी बाइक सवार शिवकुमार वर्मा की शुक्रवार की देर शाम गोंडा-अयोध्या हाइवे पर अज्ञात वाहन की टक्कर से हुई मौत के मामले में मृतक के पुत्र की तहरीर पर पुलिस ने केस दर्ज किया है। मृतक के पुत्र दिनेश वर्मा दर्ज कराए केस के अनुसार उसके पिता बाइक से उसकी बहन अंशिका को साथ लेकर सहिदबापुर जा रहे थे। वे जब सहिबापुर के सामने पहुंचे तो किसी अज्ञात वाहन ने बाइक में टक्कर मार दी। जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई, जबकि बहन घायल हो गई। थानाध्यक्ष अभय सिंह ने बताया कि अज्ञात वाहन चालक के विरुद्ध विभिन्न धाराओं में केस दर्ज कर लिया गया है। (संवाद)

# किशोरी को घर से उठा ले गए, मुकदमा

**खोड़ारे (गोंडा)।** थाना क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली किशोरी को बरामदे में सोते समय उठाकर ले गए दो युवकों पर छेड़छाड़ का केस दर्ज किया गया है। पुलिस ने दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। किशोरी के भाई ने थाने पर दर्ज कराई रिपोर्ट में कहा कि बुधवार की रात उनकी बहन 17 सो रही थी। वह गांव के समीप चल रही रामलीला देखकर लौटे थे और घर में भोजन कर रहे थे। तभी रात करीब 11 बजे दो युवक उनकी बहन को सोते समय मुंह दबाकर एक खंडहर में उठा ले गए और छेड़छाड़ करने लगे। बहन के शोर मचाने पर मौके पर पहुंचे। आरोपियों को पकड़ने की कोशिश की, मगर दोनों भाग निकले। थानाध्यक्ष शशि कुमार राणा ने बताया कि बरकत अली व आसिफ के खिलाफ छेड़छाड़ का केस दर्ज कर दोनों को गिरफ्तार कर लिया गया है। (संवाद)

# युवती की फोटो खीचीं, केस

**खोड़ारे (गोंडा)।** थाना क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली युवती के पिता ने थाने पर दर्ज कराई रिपोर्ट में कहा कि उनकी बेटी को शादी का झांसा देकर पास गांव का रहने वाला अमित फोन पर बातचीत किया करता था। इस दौरान आरोपी ने उनकी बेटी से संबंध बना लिया और उसकी अश्लील फोटो खींच ली। जिसे अपने फोन की डीपी में लगाकर बात करने के लिए ब्लैकमेल कर रहा है। बेटी ने विरोध किया तो उससे हजारों रुपये ले लिए। इसके बाद भी सोशल मीडिया पर फोटो वायरल कर दी। थानाध्यक्ष शशि कुमार राणा ने बताया आरोपी अमित के खिलाफ केस दर्ज किया गया है। (संवाद)

# दानपात्र तोड़कर नकदी चोरी, आरोपी गिरफ्तार

संवाद न्यूज एजेंसी

बालपुर (गोंडा)। कोतवाली करनैलगंज के बालपुर कस्बे में बृहस्पतिवार की रात श्रीश्री जयअंबे दुर्गा पूजन समिति के पंडाल से दान पात्र तोड़कर चोर करीब 10 हजार रुपये लेकर फरार हो गए। चोरी की पूरी वारदात सीसीटीवी कैमरे में कैद हुई है।

समिति के अध्यक्ष जगतपाल सिंह बताया कि लखनऊ मार्ग पर बालपुर कस्बे में 30 वर्षो से दुर्गापूजा का आयोजन होता रहा है। बताया कि रात में पंडाल में कोई कार्यकर्ता सो नहीं रहा था। पंडाल में दो दान पात्र रखा था। जिसे तोड़कर चोर करीब दस हजार रुपये लेकर फरार हो गए। चोरी की पूरी वारदात सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। चौकी प्रभारी बालपुर नागेश्वर नाथ पटेल ने बताया कि सीसीटीवी फुटेज के आधार पर एक आरोपी को पकड़ा गया है, पूछताछ में उसने अपना नाम बालपुर बाजार निवासी राजू तिवारी बताका। उसके पास से दानपात्र से चुराई गई 10 हजार नकदी बरामद हुई है।

## दहेज हत्या का आरोपी पति गिरफ्तार

नवाबगंज (गोंडा)। प्रभारी निरीक्षक निर्भय नारायण सिंह ने बताया कि दहेज हत्या के आरोपी पति मजहनपुरवा निवासी दर्शनलाल को गिरफ्तार किया गया है। मामले में नवाबगंज गिर्द मजहन पुरवा निवासी विवाहिता के पिता ने थाने पर आरोपी के खिलाफ दहेज हत्या की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। (संवाद)

# महीने भर से जुगाड़ से भर्ती कर रहे मरीज

## बीएचटी खत्म, स्टेशनरी की कमी से जूझ रहा मेडिकल कॉलेज

संवाद न्यूज एजेंसी

**गोंडा।** महाराजा देवी बख्श सिंह राज्य चिकित्सा महाविद्यालय में आए दिन कोई न कोई समस्या बनी रहती है। अस्पताल में पिछले एक महीने से स्टेशनरी की कमी है। यहां मरीजों को भर्ती करने वाले बेड हेड टिकट (बीएचटी) तक नहीं हैं। जुगाड़ से बीएचटी की ऊपरी प्रति की फोटोकॉपी करवाकर मरीजों को भर्ती किया जा रहा है।

सरकारी अस्पतालों में मरीजों का डाटा तैयार करने के साथ ही मारपीट में घायल होने वाले मरीजों के मेडिकोलीगल, ओपीडी में दवा वितरण के रजिस्टर, अल्ट्रासाउंड रिपोर्ट, स्टाक बुक के कागजों की आवश्यकता होती है। अस्पताल में स्टेशनरी खरीदने के लिए बड़ा बजट आता है, लेकिन जिम्मेदारों की लापरवाही से महीनों तक खरीद नहीं होती। इमरजेंसी में तैनात चिकित्सकों के मुताबिक, महीने भर से बीएचटी खत्म है। एक पेज की फोटोकॉपी दी गई है, जिस पर मरीज का विवरण भरा जाता है। इस जुगाड़ वाले बीएचटी पर मरीजों के स्वास्थ्य का रिकॉर्ड ज्यादा दिन तक सुरक्षित रखना मुश्किल होता है।






मेडिकल कॉलेज में फोटोकॉपी वाली बीएचटी व इमरजेंसी में फोटोकॉपी पर मरीज की भर्ती प्रक्रिया पूरी करते चिकित्सक। -संवाद

### समिति की सहमति के बाद होगी खरीद

"बीएचटी खत्म होने की सूचना क्रय समिति को भेजी जा चुकी है। पहले यह अस्पताल की ओर से खरीद लिया जाता था, लेकिन अब क्रय समिति की सहमति के बाद ही इसकी खरीद हो सकेगी। -डॉ. अनिल तिवारी, सीएमएस

# उधारी रुपये मांगने पर धमकी

**मुजेहना (गोंडा)।** धानेपुर थाना क्षेत्र के नगर पंचायत धानेपुर के इंदिरा नगर वार्ड के रहने वाले हसन मोहम्मद ने थाने पर तहरीर देकर शिकायत दर्ज कराई है। आरोप है कि पहड़वा गांव के रहने वाले एक व्यक्ति ने उनसे 2 लाख 55 हजार रुपये उधार लिया था। जिसका इकरारनामा भी कराया गया है। उसने 1 लाख 75 हजार रुपये वापस कर दिए थे, मगर बकाया 80 हजार रुपये मांगने पर जान से मारने धमकी दी है। थानाध्यक्ष सुनील सिंह ने बताया कि तहरीर मिली है, जांच कराई जा रही है। (संवाद)

# बिना अनुमति पटाखा भंडारण, दो पर मुकदमा

**परसपुर (गोंडा)।** बिना अनुमति पटाखा भंडारण के आरोप में दो लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया गया है। जिसमे एक व्यक्ति को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। थानाध्यक्ष दिनेश सिंह ने बताया कि कस्बे के दो स्थानों पर दशहरा व दीपावली को लेकर पटाखा का भंडारण किया गया है। उपनिरीक्षक अमित कुमार गुप्ता ने पुलिस टीम के साथ बालपुर मार्ग व आंटा में बृहस्पतिवार की देर शाम को निरीक्षण किया। जहां बड़ी मात्रा में रखे पटाखों को जब्त कर लिया गया। बालपुर मार्ग स्थित लाल बहादुर व आंटा निवासी ननकऊ पटवा के खिलाफ विस्फोटक अधिनियम के तहत रिपोर्ट दर्ज किया गया. जिसमें पुलिस ने लाल बहादुर को गिरफ्तार किया है। (संवाद)

# BALRAMPUR POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:-12-10-2024

# दुर्गा प्रतिमाओं का विसर्जन आज होगा

आज जिले भर में शारदीय नवरात्र पर स्थापित की गई दुर्गा प्रतिमाओं का विसर्जन किया जाएगा। इसके लिए जिले के अलग-अलग विसर्जन घाटों पर व्यवस्था की गई है। पुलिस बल की मौजूदगी में प्रतिमाओं का विसर्जन किया जाएगा। नगर बलरामपुर की प्रतिमाएं वीर विनय चौराहा पर शनिवार सुबह एकत्रित होंगी। केन्द्रीय दुर्गा पूजा समिति के अध्यक्ष कुसुम चौहान ने बताया कि शनिवार को वीर विनय चौराहे पर सम्मान समारोह कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा, जिसमें जिले के जन प्रतिनिधि सहित उच्चाधिकारी मौजूद रहेंगे। जिसके बाद मूर्तियां कतारबद्ध होकर चौक, गर्ल्स कॉलेज चौराहा, टेढ़ी बाजार, बड़ा पुल होते हुए पुनः चौक, कालीमाई थान होते हुए राप्ती के सिसई घाट पहुंचेगी। जहां मूर्तियों का विसर्जन किया जाएगा। जिला प्रशासन ने मूर्ति विसर्जन स्थल पर गोताखोर व नाव की व्यवस्था की है। शुक्रवार को कई अधिकारियों ने सिसई घाट, कोलावा घाट तथा कोड़री घाट सहित अन्य मूर्ति विसर्जन स्थलों का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान सदर एसडीएम संजीव कुमार मूर्ति विसर्जन स्थल पर रस्सी लगाकर सीमा चिन्ह का निर्धारण किया है।

# प्रतिमा विसर्जन के दौरान रहेगा रूट डायवर्जन

आज नगर क्षेत्र में दुर्गा प्रतिमाओं को विसर्जित करने के लिए राप्ती नदी के घाट तक ले जाया जाएगा। इस दौरान यातायात व्यवस्था को बदला गया है। सुबह आठ बजे से लेकर प्रतिमा विसर्जन की समाप्ति तक यातायात व्यवस्था परिवर्तित रहेगी। पुलिस क्षेत्राधिकारी नगर ने बताया कि सिसई घाट के 500 मीटर पहले तुलसीपुर रोड पर बने बैरियर पर सुबह आठ बजे से प्रतिमा विसर्जन समाप्ति तक बड़े वाहनों के आवागमन को रोक दिया जाएगा। बहराइच मार्ग के सेखुईकलाँ तिराहे के पर लगे बैरियर पर नगर क्षेत्र में आने वाले बड़े वाहनों को रोका जाएगा, लेकिन गोण्डा व उतरौला जाने वाले वाहनों को फुलवरिया बाईपास से निकाला जाएगा। बहादुरापुर रेलवे क्रासिंग गोण्डा रोड पर बड़े वाहनों का आवागमन सुबह आठ बजे से बंद रहेगा। यही स्थित उतरौला रोड पर भी रहेगी।

# अश्लील हरकत पर लगा अर्थदंड

बलरामपुर । ग्राम न्यायालय तुलसीपुर ने अश्लील हरकत करने के आरोपित को 250 रुपये अर्थदंड व न्यायालय उठने तक की सजा सुनाई। एसपी विकास कुमार ने बताया कि पचपेड़वा के विजयनगर निवासी शाहिद खान को पुलिस ने अश्लील हरकत करते हुए गिरफ्तार किया था। सहायक अभियोजन अधिकारी अभय प्रताप सिंह की प्रभावी पैरवी से न्यायालय ने सजा सुनाई है।

# आज सुरक्षा के बीच विसर्जित होंगी मां दुर्गा की प्रतिमाएं

**प्रतिमा विसर्जन समाप्ति तक बड़े वाहनों का रहेगा रूट डायवर्जन**

**1,785 स्थलों की प्रतिमाएं की जाएंगीं विसर्जित**



महदेइया बाजार में निरीक्षण करते ब्लाक प्रमुख हेमंत जायसवाल ( बाएं से दूसरे )• जागरण

जासं • बलरामपुर: मां दुर्गा की प्रतिमा विसर्जन को लेकर प्रशासन की ओर से तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। विसर्जन स्थलों पर सुरक्षा के कड़े बंदोबस्त किए जा रहे हैं। जिले में 1785 स्थलों की दुर्गा प्रतिमाओं को विसर्जित कराने के लिए घाटों पर नाव के इंतजाम किए गए हैं।

जिला मुख्यालय पर रूट डायवर्जन किया गया है। इसी तरह से उतरौला और तुलसीपुर तहसीलों में भी विसर्जन के दौरान सुरक्षा की व्यवस्था की गई है। श्रीदत्तगंज ब्लाक प्रमुख हेमंत जायसवाल ने विसर्जन स्थल का निरीक्षण का व्यवस्थाएं देखी।

**बड़े वाहनों के आवागमन पर प्रतिबंध:** पुलिस अधीक्षक विकास कुमार ने बताया कि मां दुर्गा प्रतिमा विसर्जन को लेकर शनिवार को रूट डायवर्जन किया जाएगा। सुबह 10 से रात नौ बजे तक भारी वाहनों का शहर में प्रवेश प्रतिबंधित रहेगा। तुलसीपुर मार्ग पर सिसई घाट से भारी वाहनों का डायवर्जन सुबह 10 से रात नौ बजे तक रहेगा।

चुंगी नाका से नहर बालागंज तिराहा की ओर वाहनों को मोड़ा जाएगा। सेखुई कला तिराहा से भारी वाहनों को फुलवरिया बाईपास की तरफ डायवर्ट किया जाएगा। गोंडा मार्ग की तरफ आने-जाने वाले वाहनों को फुलवरिया बाईपास से उतरौला मार्ग स्थित नहर बालागंज की तरफ डायवर्ट किया जाएगा। प्रभारी निरीक्षक यातायात उमेश सिंह यादव ने बताया कि रूट डायवर्जन के लिए पर्याप्त तैयारी कर ली गई है।

**मेडिकल कैंप के लिए लिखा पत्र:** नगर के सिसई गांव स्थित राप्ती नदी घाट पर शनिवार को मां दुर्गा की प्रतिमाओं का विसर्जन किया जाएगा। विसर्जन को लेकर नगर पालिका परिषद ने तैयारियां पूरी कर ली हैं। चेयरमैन डा. धीरेंद्र प्रताप सिंह धीरू व उपजिलाधिकारी सदर संजीव यादव ने सिसई घाट का निरीक्षण किया।

नगर पालिका परिषद चेयरमैन ने बताया कि सिसई घाट पर नगर समेत की 80 समेत ग्रामीण क्षेत्रों से करीब 200 मूर्तियां विसर्जन के लिए आएंगी। बताया कि श्रद्धालुओं की भीड़ के दृष्टिगत विसर्जन स्थल पर मेडिकल कैंप और एंबुलेंस की व्यवस्था के लिए मुख्य चिकित्साधिकारी को पत्र लिखा गया है।

# एक दिन की डीएम बनीं अन्विता ने अनाथ बच्चों को बांटी स्टेशनरी



कलेक्ट्रेट में एक दिन की सांकेतिक डीएम अन्विता पांडेय ( दाहिने से दूसरी ) के साथ सीडीओ ( दाहिने से पहले ) व डीएम पवन अग्रवाल ( बाएं से दूसरे ) • सौ. सूचना विभाग

जासं • बलरामपुरः महिलाओं व बच्चों की सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलंबन के लिए शारदीय नवरात्र के अंतिम दिन कलेक्ट्रेट सभागार में कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

इसमें छात्रा अन्विता पांडेय को एक दिन के लिए सांकेतिक डीएम व रोली वर्मा को सीडीओ की भूमिका निर्वहन का दायित्व सौंपा गया। एक दिन की सांकेतिक डीएम बनीं अन्विता पांडेय ने मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना कोविड एवं सामान्य के अनाथ बच्चों को स्कूल बैग, पेन, कापी, पानी की बोतल व सामान्य ज्ञान की पुस्तकें वितरित कीं। सांकेतिक डीएम अन्विता ने कहा कि महिलाएं आत्मविश्वास के साथ सफलताएं हासिल करें। एएसपी नम्रिता श्रीवास्तव, उपायुक्त स्वतः रोजगार मंजू त्रिवेदी, जिविनि मृदुला आनंद, बीएसए शुभम शुक्ला आदि मौजूद रहे।

# मधवापुर गांव में वांछित दंपति गिरफ्तार

बलरामपुर : ललिया थाने की पुलिस ने शुक्रवार को वांछित दंपति की गिरफ्तारी की है। प्रभारी निरीक्षक बृजनंद सिंह ने बताया कि चौकाकला मधवापुर गांव निवासी रामलक्ष्मण और उसकी पत्नी मीना देवी को गिरफ्तार किया गया है। (जासं)

# मिशन शक्ति फेज-5 के तहत बेटियों को किया जागरूक

बलरामपुर : मिशन शक्ति फेज-5 के तहत बेटियों व महिलाओं को सुरक्षा के प्रति जागरूक करने के लिए पुलिस अधीक्षक विकास कुमार के निर्देश पर अभियान चलाया गया। गांवों के चौराहों, गांवों व भीड़ वाले स्थानों पर चौपाल लगाकर बेटियों और महिलाओं को सेल्फ डिफेंस के बारे में जानकारी दी गई। साथ ही उन्हें वूमेन पावर लाइन 1090, साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930, यूपी डायल 112, आपातकालीन सेवा 181 आदि के बारे में जानकारी दी गई। (जासं)

विजयदशमी की मंडलवासियों की बधाई।



प्रत्येक नागरिक का ये कर्तव्य है कि वह कोई भी संदिग्ध गतिविधि दिखने पर पुलिस को सूचित करे।

– एपी सिंह, डीआइजी देवीपाटन परिक्षेत्र

# प्रतिमा विसर्जन के लिए बदला रहेगा यातायात

संवाद न्यूज एजेंसी

## डीएम व एसपी ने तैयारियों की समीक्षा कर दिए निर्देश, अफसरों को सौंपी जिम्मेदारी

बलरामपुर। प्रतिमा विसर्जन को देखते हुए शनिवार को शहर में यातायात बदला रहेगा। इसके लिए रूट डायवर्जन लागू किया गया है। साथ ही डीएम पवन अग्रवाल व एसपी विकास कुमार ने शहर का भ्रमण कर सुरक्षा प्रबंधों का जायजा लिया है। विसर्जन स्थल पर मजिस्ट्रेट की तैनाती का निर्णय लिया गया है।

यातायात प्रभारी उमेश सिंह बताया कि शनिवार को तुलसीपुर की तरफ से आने वाले भारी वाहनों को सुबह 10 बजे से राप्ती घाट के उस पार रात 9:00 बजे तक रोका जाएगा। बहराइच की तरफ से आने वाले भारी वाहनों को सुबह 10:00 बजे सेखुइया तिराहा से फुलवरिया बाइपास से होकर गोंडा और उतरौला की तरफ भेजा जाएगा।

उतरौला की तरफ से आने वाले भारी वाहनों को फुलवरिया चौराहे से गोंडा और बहराइच को जाने वाले वाहनों को पुल से होकर सेखुइया तिराहे से होकर बहराइच को भेजा जाएगा। गोंडा की तरफ से आने वाले भारी वाहनों को फुलवरिया बाइपास चौराहे से उतरौला व पुल से होकर बहराइच की ओर भेजा जाएगा। एएसपी नम्रिता श्रीवास्तव ने बताया कि विसर्जन जुलूस को देखते हुए सतर्कता बरती जा रही है। पुलिस कर्मियों की तैनाती की गई है। हर जुलूस के साथ पुलिसकर्मी मौजूद रहेंगे।

# 120 बोटा खैर की लकड़ी बरामद

**जरवा (बलरामपुर)।** सोहेलवा वन्य जीव प्रभाग रेंज तुलसीपुर के सेखुईनिया कला गांव के पास बाग से वन विभाग की टीम ने 120 बोटा खैर की लकड़ी बरामद की है। उप प्रभागीय वनाधिकारी मनोज कुमार ने बताया कि तुलसीपुर रेंजर अमरजीत प्रसाद, वन दरोगा शशिकांत शुक्ला व राजाराम आदि की टीम ने गांव के बाहर एक घने बाग में 120 बोटे जंगली खैर की लकड़ी बरामद की। मौके पर कोई मौजूद नहीं था। लकड़ी को जनकपुर रेंज लाकर सीज कर दिया गया है। अज्ञात लोगों के खिलाफ केस दर्ज कराया गया है। (संवाद)

# अपमानित करने पर पति-पत्नी गिरफ्तार

**बलरामपुर।** ललिया थाने की पुलिस ने जान बूझकर अपमानित करने वाले पति-पत्नी को गिरफ्तार कर न्यायालय भेजा है। प्रभारी निरीक्षक बृजानंद सिंह ने बताया कि राम लक्ष्मण उनकी पत्नी मीना के ऊपर 352 बीएनएस (अपमानित करने) सहित अन्य धाराओं में का मुकदमा दर्ज था। (संवाद)

# 26 वाहनों पर 1.67 लाख जुर्माना

**बलरामपुर।** इधर-उधर वाहन खड़ा करने और तेज गति से वाहन चलाने के मामले में परिवहन विभाग ने कार्रवाई की है। एआरटीओ बृजेश यादव ने बताया कि शुक्रवार को सघन जांच अभियान चलाया गया। इस दौरान मनमानी तरीके से सड़क पर वाहन खड़ा करने पर 15 वाहनों पर 75 हजार रुपये का जुर्माना लगाया गया। 11 ओवर स्पीड वाहनों पर बाइस हजार रुपये का जुर्माना किया गया। मानक के ज्यादा भार मिलने पर दो वाहनों को सीज करते हुए उन पर 70 हजार रुपये जुर्माना लगाया गया है। (संवाद)

# विसर्जन स्थल का किया निरीक्षण

**बलरामपुर।** अपर पुलिस अधीक्षक उत्तरी योगेश कुमार व क्षेत्राधिकारी तुलसीपुर राकेश सिंह तथा क्षेत्राधिकारी नगर बृजनंदन राय ने शुक्रवार को अपने-अपने क्षेत्रों में विसर्जन स्थल का निरीक्षण किया। उन्होंने विसर्जन रूट, यातायात व्यवस्था, सफाई, पार्किंग व पेयजल व्यवस्था सुदृढ़ करने का निर्देश संबंधित को दिया। (संवाद)

# शांति बनाए रखने की अपील

**बलरामपुर।** पुलिस अधीक्षक विकास कुमार के निर्देश पर शुक्रवार को एएसपी नम्रिता श्रीवास्तव ने उतरौला नगर में पुलिस कर्मियों के साथ मार्च किया। उन्होंने लोगों से त्योहार के दौरान शांति व्यवस्था बनाए रखने की अपील की। वहीं थाना व कोतवाली में पीस कमेटी की बैठक भी आयोजित की गई। (संवाद)

# पुलिस ने घायल को पहुंचाया अस्पताल

**बलरामपुर।** गैसड़ी क्षेत्र में यूपी-112 की पुलिस ने बाइक दुर्घटना में घायल युवकों को अस्पताल पहुंचाया। एएसपी योगेश कुमार ने बताया कि दो बाइकों की भिड़ंत में पांच लोग घायल हो गए थे। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस टीम ने तत्काल उन्हें इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया। (संवाद)

# BAHRAICH POLICE

## सराहनीय कार्य दिनांक:-12-10-2024

# हुजूरपुर इलाके में आज से प्रतिमा विसर्जन

बहराइच। दुर्गा प्रतिमा विसर्जन को लेकर समितियों व प्रशासन ने पूरा रूट चार्ट तैयार कर लिया है। विश्व हिन्दू परिषद के जिला कार्यकारी अध्यक्ष अजय कुमार सिंह अज्जू ने बताया कि शनिवार व रविवार दोनों दिन दुर्गा प्रतिमा विसर्जन का सिलसिला चलेगा। कुल 46 दुर्गा प्रतिमाओं की स्थापना की गई थी। जिनका विसर्जन क्षेत्र के विभिन्न घाटों पर होना है।

# महिलाओं व बालिकाओं को किया जागरूक

नवाबगंज। महिलाओं व बालिकाओं को जागरूक करने के लिए ग्राम जलालपुर के ग्राम प्रधान जितेंद्र कुमार के सहयोग से मजरा राजापुर गांव में महिला चौपाल का आयोजन किया गया। महिला चौपाल में थाना प्रभारी निरीक्षक शीला यादव, उपनिरीक्षक संदीप कुमार, उपनिरीक्षक चुन्नू कुमार, हेड कांस्टेबल राधेश्याम यादव, हेड कांस्टेबल संदीप कुमार, महिला आरक्षी बिंदू, महिला आरक्षी नेहा, महिला आरक्षी रोबल, महिला आरक्षी निराला, महिला आरक्षी सुप्रिया के द्वारा महिलाओं व बालिकाओं को जन कल्याणकरी योजना की जानाकारी दी।

हिन्दुस्तान

# डीएम व एसपी ने कैसरगंज में किया रूटमार्च

बहराइच। जिले में शांतिपूर्ण माहौल में त्योहार व पर्वो को निपटाने के लिए डीएम मोनिका रानी व एसपी वृंदा शुक्ला लगातार क्षेत्र का भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्था भांप रही हैं।

शुक्रवार की रात दोनों अधिकारियों ने अधीनस्थों संग कैसरगंज कस्बे में रूटमार्च किया। स्थानीय लोगों से संवाद कर प्रतिमा विसर्जन शांतिपूर्ण तरीके से निपटाने की अपील किया। डीएम ने विसर्जन स्थल को जाने वाले मार्ग का भी निरीक्षण किया।

कहा कि अराजकता फैलाने वालों पर कड़ी कार्रवाई होगी। एएसपी नगर रामानन्द कुशवाहा, एसडीएम कैसरगंल आलोक प्रसाद आईएएस और सीओ कैसरगंज अनिल कुमार सिंह मौजूद रहे।

हिन्दुस्त

## एसडीएम ने विसर्जन घाट का जायज़ा लिया

पयागपुर। प्रतिमाओं के विसर्जन को लेकर चयनित स्थल का पयागपुर एसडीएम पयागपुर तालाब बघेल फूलमती घाट पहुंचे, नगर पंचायत कर्मियों को साफ सफाई और लाइटिंग की व्यवस्था करने को निर्देश दिए। अधिशासी अधिकारी प्रतिमा सिंह ने बताया कि दुर्गा पूजा पर जहां नगर पंचायत में साफ सफाई का कार्य नगर पंचायत प्रशासन के द्वारा कराया जा रहा है।

**नौकरी लगवाने के नाम पर युवकों से ठगी :** मोतीपुर(बहराइच)। मोतीपुर थाना के पुरैना भवानी बक्श निवासी धर्मपाल निषाद ने बताया वह अपने दोस्तों खुशीराम निषाद, राजेश कुमार और लवकुश के साथ बाहर रहकर मजदूरी करते थे। बीते दिनों रेलेवे क्रॉसिंग मिहींपुरवा मोतीपुर निवासी अमित गौड़ मिले और मिहींपुरवा ब्लॉक में नौकरी के कुछ पद कोऑर्डिनेटर के खाली होन की बात करते हुए रुपये मांगे। झांसे में आकर उन्होंने और उनके सहयोगियों ने उसे कुल 91 हजार रुपये का ट्रांजक्शन कर दिया। नौकरी न मिलने पर रुपये मांगे तो धमकी दी।(संवाद)

हिन्दु

# डीएम को सौंपी रिपोर्ट

बहराइच। दरगाह थाने के मोहल्ला गुलामअलीपुरा में राम जानकी मंदिर की जमीन पर अवैध रूप से काबिज होने की शिकायत पर सिटी मजिस्ट्रेट की ओर से जांच पूरी कर ली गई है। डीएम को सौंपे गए रिपोर्ट में जमीन पर विपक्षी का कब्जा होना बताया गया है। इस मामले में एक वाद भी दायर किया गया है। जिसका मामला न्यायालय पर विचाराधीन होना बताया गया है।

हिन्दुस्तान

# बच्चों का सिर मुड़ाकर घुमाने के मामले में पूर्व प्रधान की तलाश

## दबिश

नानपारा, संवाददाता। कोतवाली नानपारा के ताजपुर में पोल्ट्री फार्म मालिक मजदूरी कर करने वाले तीन बच्चों के काम पर न आने पर चोरी का आरोप लगाकर मारा पीटा गया। सर मुंड़ाने के बाद पेण्ट लगाकर गांव में घुमाने को लेकर पीड़ित पिता ने मुकदमा दर्ज कराया था। इस मामले में तीन लोग गिरफ्तार हो चुके हैं। जबकि पूर्व प्रधान अभी पुलिस की पकड़ से दूर है। उसकी तलाश में पुलिस लगातार दबिश दे रही है।

गांव में पड़ोस के ही रहने वाले 15, 14 व 11 वर्षीय बच्चे गरीबी की वजह से गांव में स्थित पोल्ट्री फार्म में काम करने जाया करते थे। परिजनों ने बताया उनको काम की मजदूरी नहीं मिलती थी। गत 8 अक्टूबर को दिन में 1 बजे पोल्ट्री फार्म के मालिक उनके बेटे व अन्य सहयोगी तीन बच्चों को पकड़कर ले गए। उन्हें मारापीटा

- पुलिस दे रही दबिश, इस मामले में तीन लोग पहले ही हो चुके हैं गिरफ्तार
- तीन दिन पूर्व चोरी का आरोप लगाकर बच्चों को दी गई थी सजा

और उनका सिर मुंडा कर उसमें पेंट लगाकर गांव में घुमाया गया। शाम को शिवाला के पास पकड़िया के पेड़ के पास छोड़ दिया गया। राजितराम ने बताया कि इससे पहले भी वे ऐसी घटना कर चुके हैं।

पहले इनके आतंक के डर से कोई आवाज नहीं उठा सका। कोतवाली में मुकदमा दर्ज होने के बाद प्रभारी निरीक्षक प्रदीप कुमार सिंह ने बताया कि मामले की जांच में घटना सही पाए जाने पर तीन लोग नाजिम, कासिम व इनायत को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। पूर्व प्रधान की गिरफ्तारी नहीं हो सकी है। उनकी तलाश में पुलिस लगातार दबिश दे रही है।

## लोगों में रोष, परिवार की सुरक्षा की मांग

नानपारा। ताजपु गांव में हुई इस घटना को लेकर लोगों में आक्रोश व्याप्त है। लोगों में डर है कि कहीं उन्हें परेशान न किया जाय। पुलिस से इस परिवार की सुरक्षा की मांग कर रहे हैं। घटना की जांच कर रहे क्षेत्राधिकारी नानपारा प्रद्युम्न कुमार सिंह ने बताया कि मौके पर जांच की गई। जिसमें बच्चों पर जानलेवा हमला करने की पुष्टि हुई है। एक बच्चे के गर्दन पर काफी चोट थी। बच्चों के सर के बाल मौके से बरामद कर लिए गए हैं। पहले भी इन लोगों ने गांव के बच्चों के साथ नृशंसता पूर्ण जानलेवा हमला कर चुके हैं। गांव में दहशत फैलाना चाहते हैं। गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज हो चुका है। तीन आरोपी पहले ही गिरफ्तार हो चुके हैं। पूर्व प्रधान की गिरफ्तारी नहीं हुई है, जिसकी पुलिस तलाश कर रही है।

# पुलिस ने मिशन शक्ति का पढ़ाया पाठ

संसू, जागरण • गंभीरवाबाजार/ नवाबगंज(बहराइच) : नवरात्र पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देशानुसार मिशन शक्ति अभियान को जोर-शोर से चलाया गया। पूजा पंडाल में पहुंचकर महिला पुलिस कर्मियों ने महिलाओं को सुरक्षा व अधिकारों के प्रति जागरूक किया।

थाना रामगांव के धर्मनपुर में चल रहे नवदुर्गा पूजा पंडाल में पुलिस टीम ने महिलाओं व बालिकाओं को उनके अधिकार बताए। आत्मरक्षा के लिए जागरूक किया। उपनिरीक्षक आशा वर्मा, कांस्टेबल सोनी सिंह आदि ने बालिकाओं से बातचीत की और उन्हें गुड टच और बैड टच के बारे में जानकारी दी। महिलाओं को हेल्प लाइन नंबर के बारे में जानकारी दी गई। महिलाओं की समस्याओं को भी सुना गया और उनका समाधान करने का आश्वासन दिया। चौकी प्रभारी प्रवीण कुमार, पूजा, अंजना आदि मौजूद रहीं।

नवाबगंज के जलालपुर ग्रामपंचायत के राजापुर में प्रधान जितेंद्र कुमार के सहयोग से प्रभारी निरीक्षक शीला यादव ने महिला चौपाल आयोजित की। थाना प्रभारी, उपनिरीक्षक संदीप कुमार, चुन्नू कुमार, हेड कांस्टेबल राधेश्याम यादव, संदीप कुमार, आरक्षी बिंदू, नेहा, रोबल, निराला, सुप्रिया ने महिलाओं व बालिकाओं को प्रदेश सरकार की योजनाएं बताई। वहीं महिला संबंधी घटित अपराध की शिकायत के लिए टोल फ्री नंबर 1090, 1098, 1076, 112, 181, 108, 1076, 102, 112, 101, तथा थाना नवाबगंज सीयूजी नंबर 9151811959 की जानकारी दी गई।

# प्रतिमा विसर्जन को शांतिपूर्ण निपटाने के लिए फ्लैग मार्च

संसू, जागरण. कैसरगंज(बहराइच) : दुर्गा प्रतिमा विसर्जन व दशहरा पर्व को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न करने के लिए उप जिलाधिकारी आलोक प्रसाद व पुलिस क्षेत्राधिकारी अनिल कुमार सिंह ने भ्रमण कर लोगों को सुरक्षा का एहसास कराया।

**क्षेत्र का भ्रमण कर अधिकारियों ने कराया सुरक्षा का अहसास, लगाई गई हैं पुलिस टीमें, दिए गए हैं निर्देश**

अधिकारियों ने कैसरगंज, सोनारी, बदरौली, चकपिहानी आदि जगहों का भ्रमण कर सभी लोगों से पर्व को आपसी सौहार्द व शांतिपूर्ण ढंग से मनाने की अपील की। उन्होंने दुर्गा पूजा समितियों के सदस्यों से मिलकर वहां की व्यवस्थाओं का जायजा लिया तथा किसी भी समस्या का तत्काल निराकरण का आश्वासन दिया।

**रात्रि की गश्त बढ़ा दी गई:** पुलिस क्षेत्राधिकारी अनिल कुमार सिंह ने बताया कि दुर्गा पूजा व दशहरा शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हो सके, इसके लिए पुलिस टीम लगाई गई है। रात्रि की गश्त बढ़ा दी गई है। उन्होंने रामलीला समितियों से बातचीत कर उसे सकुशल संपन्न करने के लिए निर्देशित किया है। इस मौके पर उनके साथ प्रभारी निरीक्षक राजनाथ सिंह, नायब तहसीलदार मौजूद रहे।

# सिर मुंडवा किशोरों को पीटने के मामले में तीन गिरफ्तार

**संसू, जागरण • नानपारा(बहराइच) :** ताजपुर में दबंग पोल्ट्री फार्म मालिक मजदूरी करने वाले तीन किशोरों के काम पर करने न आने पर चोरी का झूठा आरोप लगाकर साथियों संग बीते दिनों पिटाई की थी। सिर मुंडवाकर पेंट लगाकर गांव में घुमाने के मामले में पीड़ित पिता ने कोतवाली नानपारा में मुकदमा दर्ज कराया। पुलिस ने तीन आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया है, जबकि पूर्व प्रधान फरार है। घटना के बाद हिंदू संगठनों ने गांव में पहुंचकर पीड़ित परिवार से घटना की जानकारी लेकर एसडीएम को ज्ञापन देकर आरोपितों पर कड़ी कार्रवाई की मांग की। जांच कर रहे सीओ प्रदुम्न कुमार सिंह ने बताया कि जांच में किशोरों पर जानलेवा हमले की पुष्टि हुई। एक के गर्दन पर काफी चोट थी। तीन आरोपितों को गिरफ्तार किया है। पूर्व प्रधान की गिरफ्तारी के प्रयास किए जा रहे हैं।

# चोरी की बिजली से बन रहा था भोजन, चल रहा था एसी



कैसरगंज में छापेमारी के दौरान जांच करती विजिलेंस टीम • जागरण

**जासं • बहराइच**: चोरी की बिजली से भोजन बन रहा था और एसी चल रहा था। यह मामला पकड़ा गया विजिलेंस टीम की छापेमारी में। टीम ने जांच के दौरान सात किलोवाट बिजली चोरी पकड़ी है। विजिलेंस टीम ने महिला के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

बिजली चोरी रोकने के लिए विजिलेंस प्रभारी सुभाषचंद्र यादव व अवर अभियंता जुगल मिश्र कैसरगंज कोतवाली क्षेत्र के डिहवा गांव में गश्त कर रहे थे। गश्त के दौरान टीम ने देखा कि नीलम सिंह मीटर से पहले छत के ऊपर कट लगाकर अतिरिक्त केबल जोड़कर बिजली चोरी कर रही थीं। प्रभारी ने बताया कि चोरी की बिजली से इंडक्शन, दो एसी समेत अन्य उपकरण का प्रयोग किया जा रहा था। छापेमारी के दौरान एसआई रामसवल चौरसिया, हेड कांस्टेबल रजा अब्बास, रामविजय यादव, सचिन कुमार मिश्र व चालक मुहम्मद गुलफाम मौजूद रहे।

# विसर्जन रास्ते का विवाद सूझबूझ से निपटाया

संसू, जागरण • गंभीरवाबाजार (बहराइच) : प्रशासन व रामगांव पुलिस ने सूझबूझ से बौंडी फतेउल्लापुर के मजरा छीटीपुरवा में मां दुर्गा प्रतिमा विसर्जन रास्ते के विवाद को निपटाया। लोगों ने निर्णय की सराहना की।

छीटीपुरवा में मां दुर्गा की प्रतिमा रखने के बाद विसर्जन रास्ते को लेकर दो समुदाय के लोग आमने-सामने आ गए थे। लेखपाल किरन यादव की सूचना पर गुरुवार को तहसीलदार महसी रविकांत द्विवेदी, एसओ आलोक सिंह मौके पर पहुंच पक्षों से जानकारी ली। इस संबंध में श्री मां दुर्गा हिंदू पूजन महासमिति सदस्य सुरेश गुप्त से भी बातचीत की। शुक्रवार को दोनों पक्षों के बीच विसर्जन रास्ते का निर्धारण तय हुआ। थानाध्यक्ष ने बताया कि समिति सदस्यों ने तय किए गए रास्ते से होकर शांतिपूर्ण ढंग से बरुहाघाट पहुंच दुर्गा प्रतिमा विसर्जन का आश्वासन दिया। मामला निपटने के बाद लोगों ने इस निर्णय की सराहना की। इस मौके पर थानाध्यक्ष के अलावा नायब तहसीलदार राजेश कुमार श्रीवास्तव, आयोजक लल्लूराम, तीरथ राम, मुंशीलाल, संजय, काशीराम, शिवकुमार, मीरा देवी आदि मौजूद रहे।

## हाकी खिलाड़ी को पीटा

**बहराइच** : इंदिरा स्टेडियम में बिना अनुमति के मार्निंग वाक कर रहे लोगों ने हाकी खिलाड़ी को गेंद लग जाने पर पीट दिया। शिकायत मिलने पर पहुंचे क्रीड़ाधिकारी को भी दबंगों ने जान से मारने की धमकी दी।

इंदिरा स्टेडियम में प्रतिदिन की तरह शुक्रवार को भी खिलाड़ी अभ्यास के लिए पहुंचे। हाकी खिलाड़ी मोहम्मद तौसीफ भी अभ्यास कर रहा था कि हाकी बाल सुबह टहलने आए एक व्यक्ति के पैर से टकरा गई। उसने खिलाड़ी को पीट दिया। बचाने गए क्रीड़ाधिकारी आनंद कुमार श्रीवास्तव को भी गाली और जान से मारने की धमकी दी। पीड़ित देहात कोतवाली शिकायत करने गया तो आरोप है कि कोतवाल ने भगा दिया।

# चोरी के आरोपित की मौत की न्यायिक जांच

- पुलिस अधीक्षक ने जिला जज को भेजा पत्र

**जागरण संवाददाता** • **बहराइच** : जिला जज उत्कर्ष चतुर्वेदी के निर्देश पर सीजेएम प्रतिभा चौधरी ने चोरी के एक आरोपित की पुलिस अभिरक्षा में इलाज के दौरान मौत होने पर न्यायिक जांच के आदेश दिए हैं। पुलिस अधीक्षक वृंदा शुक्ला ने जिला जज को पत्र भेजकर जांच के लिए अनुरोध किया था।

पत्र में उल्लेख किया था कि मोतीपुर थाना के भवनियापुर निवासी जगदीश चौहान उर्फ लंबू अपने साथियों के साथ रिसिया थाना के हुसैन मोहम्मदपुर के भोले शहीद गांव में चोरी करने आया था। इस दौरान भीड़ ने पकड़ कर पीट दिया था, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया था। पुलिस ने उसे इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया, जहां इलाज के दौरान आठ अक्टूबर को उसने दम तोड़ दिया था। इस मामले में जिलाजज ने सीजेएम प्रतिभा चौधरी को जांच अधिकारी नियुक्त किया है। उन्होंने 10 व 11 अक्टूबर को वादी मुकदमा संजय वर्मा समेत पांच अन्य के बयान दर्ज किए हैं।

# ईंट से हमला

चित्तौरा : दरगाह थाना के सालरगंज में किराए के मकान में रह रहे भोला यादव नगर पालिका में बेसहारा मवेशियों को पकड़ने का काम करते हैं। शुक्रवार की शाम कमरे में सो रहे थे। इसी दौरान साथ में काम करने वाला श्रमिक शराब के नशे में आया और पैसा मांगा। न देने पर ईंट से हमला कर दिया। सिर में चोटें आई हैं। (संसू)

# बिजली चोरी का केस दर्ज

**बहराइच।** अवर अभियंता ने बताया कि कैसरगंज थाना क्षेत्र के डिहवा गांव निवासी नीलम सिंह पत्नी नृपेंद्र प्रताप सिंह ने 7 किवा. भार का कनेक्शन ले रखा है। उन्होंने बताया कि उपभोक्ता की ओर से एलटी पोल से आई हुई सर्विस केबल में मीटर से पहले छत के ऊपर कट लगाकर एक अतिरिक्त केबल जोड़कर घरेलू विधा में विद्युत चोरी करते पाए गए। इस मामले में आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दिया गया है। (संवाद)

# 1300 दुर्गा प्रतिमाएं 20 घाटों पर होंगी विसर्जित, तीन हजार जवान रहेंगे मुस्तैद

संवाद न्यूज एजेंसी

## सीसीटीवी कैमरों के साथ ही पुलिस व खुफिया विभाग टीम रख रही अराजक तत्वों पर नजर

**बहराइच।** नवरात्र में प्रतिमा विसर्जन वाले दिन रूटों का निर्धारण सहित पुलिस फोर्स की तैनाती और घाटों की सुरक्षा व्यवस्था को चाक-चौबंद किया गया है। इससे किसी भी तरह की अराजकता और माहौल बिगाड़ने की कोशिश न की जा सके। करीब 1300 दुर्गा प्रतिमाओं का विसर्जन होगा इसके लिए विभिन्न नदियों के 20 घाट पर सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए हैं।

जिला प्रशासन की मूर्ति विसर्जन को लेकर तैयारियां पूरी हैं। जिला प्रशासन ने हर घाट पर गोताखोर, एबुलेंस, नाविक और जल पुलिस की तैनाती का निर्धारण कर दिया है। प्रतिमा विसर्जन के लिए मजिस्ट्रेटों की ड्यूटी लगा दी गई है। यातायात व्यवस्था पुलिस के जिम्मे सौंपी गई है। विसर्जन के समय घाटों पर बैरिकेडिंग के साथ ही स्थानीय गोताखोर, जल पुलिस, बाढ़ राहत पीएसी की तैनाती भी करवाई गई है। वहीं विसर्जन जुलूस के रास्तों से लेकर घाटों को सीसीटीवी कैमरों से लैस किया गया है और ड्रोन कैमरों के माध्यम से भी निगरानी की जाएगी। वहीं विसर्जन के दौरान देर शाम होने के चलते घाटों पर उचित प्रकाश व्यवस्था करने के भी निर्देश दिए गए है।

**2300 पुलिसकर्मियों के साथ चार कंपनी पीएसी रहेगी तैनात :** विसर्जन के दिन सीओ, इंस्पेक्टर, थानेदार, यातायात कर्मी, होमगार्ड और पीआरडी के लगभग 2500 जवान सुरक्षा में तैनात रहेंगे। वहीं 76 ट्रेनी दरोगाओं की ड्यूटी भी लगाई गई है। इसी के साथ चार कंपनी पीएसी की भी तैनाती की गई है।

**इन बिंदुओं पर होगा अमल :** मूर्ति विसर्जन जुलूस में कोई नशा कर शामिल नहीं हो सकेगा। फूहड़ व अश्लील नृत्य प्रतिबंधित रहेगा। संवेदनशील क्षेत्रों में ड्रोन से निगरानी होगी। थानेदार गोताखोरों के मोबाइल नंबर अपने पास रखेंगे।



झिंगहाघाट पर विसर्जन स्थल पर की गई सफाई व लगाई गई बैरिकेडिंग। -संवाद

## महासमिति ने आठ सेक्टरों में बांटा शहर

**बहराइच।** दुर्गा प्रतिमाओं के विसर्जन के लिए शुक्रवार को श्री मां दुर्गा हिंदू पूजन महासमिति के पदाधिकारियों ने की बैठक अध्यक्ष सुदामा मिश्रा की अध्यक्षता में आयोजित की गई। उन्होंने बताया कि शहर को आठ सेक्टरों में बांटा गया है, जहां महासमिति के पदाधिकारी चप्पे-चप्पे पर मुस्तैद रहेंगे। उन्होंने बताया कि छावनी चौराहा, घंटाघर, पीपल तिराहा, गुदड़ी चौराहा, काजीपुरा चौराहा, राम लीला ग्राउंड, आशीर्वाद स्कूल, झिंगहाघाट विसर्जन स्थल पर चप्पे-चप्पे पर पदाधिकारी तैनात रहेंगे। 22 थानों के प्रमुखों व छह तहसील के प्रभारियों की भी नियुक्ति की गई है। शहर के लगभग 130 स्थानों की दुर्गा प्रतिमाओं का विसर्जन बशीरगंज स्थित झिंगहाघाट पर होगा। बैठक में राघवेंद्र प्रताप सिंह, कन्हैया सोनी, चन्द्रभान सिंह संचित, राम जी शुक्ला, सचिन श्रीवास्तव, शिवशरण सिंह, विपिन यज्ञसैनी, आत्माराम यादव, पवन जायसवाल, लव कुमार द्विवेदी, ज्ञानेंद्र धर शर्मा ज्ञानी, सत्येंद्र शुक्ला, विनोद कुमार रस्तोग आदि मौजूद रहे। (संवाद)

## सोशल मीडिया पर भी रखी जा रही नजर

पुलिस ने सोशल मीडिया पर भी पैनी नजर बना रखी है। भ्रामक व आपत्तिजनक पोस्ट करने वालों पर कार्रवाई के निर्देश दिए गए है। बीते दिनों सोशल मीडिया पोस्ट के चलते नानपारा में माहौल खराब हो गया था। जिसको लेकर प्रशासन सोशल मीडिया पर भी अलर्ट मोड पर है।

## सुरक्षा के कड़े इंतजाम

प्रतिमाओं के विसर्जन वाले दिन घाटों पर पुलिस की तैनाती के साथ ही निर्धारित रूटों पर भी पुलिस का सख्त पहरा रहेगा। सुरक्षा -व्यवस्था में पुलिसफोर्स के अलावा ट्रेनी दरोगाओं के साथ ही पीएसी और यातायात पुलिस को लगाया गया है। सोशल मीडिया पर भी सतर्कता बरती जा रही है। **-पवित्र मोहन त्रिपाठी,** एएसपी ग्रामीण

# हत्या के मुकदमे में पति की जमानत याचिका निरस्त

बहराइच। कैसरगंज थाना क्षेत्र के मरौठी गांव निवासी दुर्गेश जायसवाल के खिलाफ थाने की पुलिस ने अप्रैल 2022 में पत्नी की हत्या के मामले मुकदमा दर्ज कर जेल भेजा था। मुकदमे में बीते बृहस्पतिवार को अभियुक्त के अधिवक्ता की ओर से अपर सत्र न्यायाधीश एफटीसी द्वितीय अनिल कुमार बारह की कोर्ट पर दूसरी जमानत याचिका प्रस्तुत की थी। कोर्ट ने दोनों पक्षों की बहस सुनने के बाद अभियुक्त की दुसरी जमानत याचिका भी निरस्त कर दी है। (संवाद)

ालत से

**20 प्रतिमाओं का हुआ विसर्जन : विशेश्वरगंज।** अति संवेदनशील गंगवल क्षेत्र की 20 प्रतिमाओं का विसर्जन पवित्र झूला घाट सरोवर में शांतिपूर्वक संपन्न हो गया। शारदीय नवरात्रि के 9वें दिन मां के भक्तों ने दुर्गा जी की प्रतिमाओं का जयकारों के साथ प्रतिमाओं का विसर्जन किया। इस दौरान गंगवल बाजार की दो मूर्तियां, राजापुर गिरंट, गोसाईं पुरवा, दंदवलिया, गांगूदेवर, महादेव परसिया, सीताराम नगर, बद्री पुरवा, लखनपुर, हरदही, बदलापुरवा सहित 20 जगहों पर रखी गई प्रतिमा विसर्जित हो गईं। (संवाद)

# सोशल मीडिया पर पोस्ट को लेकर एक हजार से अधिक लोगों पर मुकदमा

**शिवपुर(बहराइच)।** नानपारा कोतवाली के सुनार मंडी में सात अक्तूबर की शाम दो समुदायों के किशोरों के सोशल मीडिया पर चैट वायरल को लेकर हंगामे हुआ था। शुक्रवार देर शाम दूसरे समुदाय के हजारों लोगों ने संबंधित धाराओं में केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

नानपारा कोतवाली में तैनात उपनिरीक्षक की दर्ज कराई गई एफआईआर के अनुसार दो समुदायों के किशोरों के बीच सोशल मीडिया पर धर्म को लेकर आपत्तिजनक पोस्ट की गई थी। जिसको लेकर मुकदमा लिखने की कार्रवाई की जा रही थी, इसके बावजूद एक समुदाय के एक हजार से अधिक लोग सात अक्तूबर की शाम 6:30 बजे सीएचसी केंद्र चौराहे के पास इकट्ठा हो गए और मुख्य मार्ग को बाधित कर दिया।

उन्माद फैलाते हुए प्रशासन विरोधी नारेबाजी कर हंगामा किया। घटना की वीडियोग्राफी कराई गई है। कोतवाल प्रदीप सिंह का कहना है कि पुलिस पूरे मामले की जांच कर कार्रवाई कर रही है। (संवाद)

SHRAWASTI POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:-12-10-2024

# एसपी बन सरिता ने लोगों को दिलाया न्याय

**अभियान**

श्रावस्ती। मिशन शक्ति अभियान फेज-5 के तहत विभिन्न कार्यक्रम आयोजित कर महिलाओं एवं बालिकाओं को जागरूक किया जा रहा है। इसके तहत शुक्रवार को कन्या पूजन के दिन पुलिस अधीक्षक घनश्याम चौरसिया ने पुलिस अधीक्षक कार्यालय स्थित अपने कक्ष में पंडित दीनदयाल उपाध्याय राजकीय आश्रम पद्धति बालिका विद्यालय भयापुरवा भिनगा के कक्षा-11 की छात्रा सरिता कुमारी पुत्री तुलसीराम को एक दिन का पुलिस अधीक्षक बनाया। इसके साथ ही इसी स्कूल की छात्रा लक्ष्मी पुत्री रामस्वरुप को अपर पुलिस अधीक्षक बनाया गया। इस दौरान सांकेतिक पुलिस अधीक्षक से डाक फाइलों पर हस्ताक्षर भी कराया गया तथा जनता दर्शन में फरियादियों की समस्याओं को भी सुना। जनता दर्शन में आए एक प्रार्थना पत्र भवानीनगर थाना कोतवाली भिनगा के एक शिकायतकर्ता ने विपक्षीगण के विरुद्ध गाली-गलौच व लाठी डंडे से मारने पीटने का तथा उसे बचाने आयी उसकी बेटी को भी मारने पीटने का आरोप लगाया। जिसे सुनकर सरिता कुमारी ने तत्काल इस प्रकरण में संज्ञान लेने के लिए प्रभारी निरीक्षक कोतवाली भिनगा को आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश दिया। इसके तहत कोतवाली भिनगा में मुकदमा दर्ज किया गया। एसपी बनी सरिता कुमारी ने पुलिस अधीक्षक कार्यालय की शाखा वाचक पुलिस अधीक्षक कार्यालय, सोशल मीडिया सेल, आईजीआरएस शाखा, प्रधान लिपिक शाखा व आंकिक शाखा आदि शाखाओं का निरीक्षण किया। नियुक्त कर्मियों से उनके कार्य के बारे में जानकारी ली तथा सभी को अपने कार्य को लगन व कर्तव्य निष्ठा से करने हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिये।



एसपी की कुर्सी पर बैठ कर शिकायत सुनती सरिता कुमारी।

# दोपहर में निकलेगी प्रभु श्री राम और रावण की सेनाओं की शोभायात्रा

जागरण संवाददाता • श्रावस्ती : असत्य पर सत्य की जीत का प्रतीक दशहरा पर्व को जिले में धूमधाम से मनाए जाने की तैयारी है। पूरे जिले में जगह-जगह अहंकार के प्रतीक रावण, मेघनाथ व कुंभकरण के पुतले का दहन किया जाएगा। पर्व को लेकर श्रीरामलीला कमेटी की ओर से सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। दशहरा मेला स्थल की साफ-सफाई भी कराई गई है।

भिनगा के श्रीराम लीला महोत्सव समिति के महामंत्री दिनेश कुमार सोनी ने बताया कि नगर स्थित रामलीला मैदान से भगवान श्रीराम व रावण की सेनाओं की शोभायात्रा दोपहर तीन बजे से निकाली जाएगी। शोभायात्रा अलक्षेंद्र इंटर कालेज स्थित दशहरा मैदान पर पहुंचेगी। यहां राम-रावण युद्ध के मंचन के बाद रावण के पुतले का दहन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि इस बार सीतापुर से रावण का पुतला आएगा।



भिनगा स्थित दशहरा मेला मैदान का जायजा लेते नपाप अध्यक्ष इरफान अहमद (बाएं) व ईओ डा. अनीता शुक्ला (दाएं से दूसरे) व समिति के पदाधिकारी • जागरण

रावण के 30 फीट ऊंचे पुतले का दहन किया जाएगा। भिनगा नगर पालिका परिषद अध्यक्ष इरफान अहमद व ईओ डा. अनीता शुक्ला ने नपाप कर्मियों के साथ दशहरा मेला मैदान का जायजा लिया। उन्होंने

### भिनगा नगर में 30 फीट ऊंचे रावण के पुतले का होगा दहन, ईओ ने नपाप कर्मियों संग दशहरा मेला मैदान का लिया जायजा

कर्मचारियों को निर्देश दिया कि पर्व पर साफ-सफाई की व्यवस्था चाक-चौबंद रहनी चाहिए। इस दौरान श्रीरामलीला महोत्सव समिति के अध्यक्ष रामरूप गुप्ता, महामंत्री दिनेश सोनी, कोषाध्यक्ष मणि प्रताप सिंह मौजूद रहे। इसी प्रकार इकौना, लक्ष्मनपुर, सिरसिया, जमुनहा, उदईपुर, पटना के पोखरा धाम पर दशहरा पर्व पर मेले का आयोजन किया जाएगा।

श्यामकरन टेकड़ीवाल ने बताया कि मैदान पर लोगों के बैठने के इंतजाम किए गए हैं। व्यवस्था प्रबंध के लिए कमेटी के पदाधिकारियों को जिम्मेदारियां सौंपी गई है।

रामलीला में युद्ध का मंचन बनेगा आकर्षण का केंद्र : रमपुरवा में दशहरा मेले में 50 फीट ऊंचे रावण के आकर्षक पुतले का दहन किया जाता है। गांव के ही लोग बांस की पटरियों से पुतले को आकार देने में जुटे हैं। श्रीरामलीला दशहरा समाज के अध्यक्ष राधेमोहन अवस्थी, हरिओम मिश्र शास्त्री ने बताया कि रामलीला मैदान में एक तरफ रावण तो दूसरी ओर रथ पर सवार राम की सेना में घनघोर युद्ध आकर्षण का केंद्र बनता है। यहां आसपास के गांवों से हजारों मेलार्थी दशहरा देखने आते हैं। मेले में तरह-तरह की दुकानें सजती हैं। इसके अलावा क्षेत्र के एरिया व सिपहिया प्यूली, बेड़नापुर स्थित रामलीला मैदान में असत्य पर सत्य की विजय का प्रतीक विजय दशमी का पर्व पूरे हर्षोल्लास से मनाया जाता है।

## 'प्रेम और भाईचारे से मनाएं त्योहार'





जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी और एसपी घनश्याम चौरसिया • जागरण

डीएम अजय कुमार द्विवेदी व एसपी घनश्याम चौरसिया ने असत्य पर सत्य की जीत का पर्व दशहरा की शुभकामनाएं देते हुए प्रेम और भाईचारे के साथ त्योहार मनाने की अपील की है। डीएम ने कहा कि त्योहार पर कोई नई परंपरा न डालें। शांतिपूर्ण त्योहार मनाने के लिए प्रशासनिक अधिकारी और पुलिस टीम जगह-जगह मुस्तैद रहेगी।

# घर से गायब बालक 48 घंटे में बरामद

श्रावस्ती। नौ अक्टूबर को डॉयल 112 पर रात करीब 11 बजे सूचना मिली थी कि शिवांशु कुमार अवस्थी पुत्र पवन कुमार अवस्थी उम्र करीब 18 वर्ष निवासी सोनपुर बैरिहवा थाना सिरसिया जनपद श्रावस्ती जो पंडित ब्रह्मदत्त इण्टर कॉलेज चैलाही में हाई स्कूल का छात्र था। अपने घर से स्कूल जाने के लिए निकला था। लेकिन विद्यालय बन्द होने के बाद भी घर वापस नहीं आया है। इस पर 112 पुलिस कर्मियों ने घटना की सूचना प्रभारी निरीक्षक सिरसिया को दी गई। घटना के सम्बन्ध में पुलिस अधीक्षक घनश्याम चौरसिया के निर्देशन में प्रभारी निरीक्षक सिरसिया गौरव सिंह ने लड़के की खोज के लिए पुलिस टीम लगायी।

# इनामी गिरफ्तार कर जेल भेजा गया

श्रावस्ती। इकौना थाने के एक गांव की बालिका गायब हो गई थी। इस पर पिता की ओर से गुमशुदगी दर्ज कराई गई थी। पुलिस की खोजबीन में पता चला कि एक व्यक्ति उसे बहला फुसला कर भगा ले गया है। पुलिस ने बालिका को बरामद कर लिया और उसके बयान के आधार पर इकौना थाने के ढपाली पुरवा चिचड़ी निवासी रूवाब अली पुत्र मोहम्मद जकी पर मामला दर्ज कर लिया। इसके साथ ही आरोपी पर 10 हजार रुपए का ईनाम घोषित करके छापेमारी तेज कर दी।

पुलिस ने आरोपी को भिनगा के नवीन गल्ला मंडी भिनगा के पास से गिरफ्तार कर लिया। पकड़े गए आरोपी को न्यायालय में पेश करके जेल भेज दिया गया।

# डीएम एसपी ने देखी सुरक्षा व्यवस्था

श्रावस्ती। त्योहार पर जिले भर में पुलिस व प्रशासन सतर्कता बरत रही है। इसी क्रम में अधिकारी भी दिन रात पैदल गस्त करके लोगों से मिल कर बातचीत कर रहे हैं। इसके साथ ही अफवाह न फैलाने की अपील की जा रही है।

जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी व पुलिस अधीक्षक घनश्याम चौरसिया ने त्योहारों पर शांति व्यवस्था कायम रखने के लिए पैदल गस्त कर रहे हैं। गुरुवार रात में दोनों अधिकारियों ने भिनगा कस्बे में पैदल गस्त किया। इस दौरान अधिकारियों ने आम लोगों से बातचीत की और हर हाल में शांति बनाए रखने की अपील की। डीएम ने बताया कि त्योहार पर किसी भी प्रकार की गड़बड़ी को रोकने के लिए जिले भर में अभियान चलाया जा रहा है। दशहरा और मूर्ति विसर्जन को देखते हुए अधिकारियों को जिम्मेदारी दी गई है। सभी अधिकारी अपने अपने क्षेत्रों में रह कर निगरानी कर रहे हैं।

# बिना परमिट के कट गया गूलर का पेड़

गिरंटबाजार। गिरंट रेंज कार्यालय के कुछ ही दूरी पर गूलर के दो पेड़ रातो रात काट लिए गए। गिरंट बाजार कैप्टन पुरवा मार्ग स्थित गैस एजेंसी के बगल बाग में लगे दो गूलर के प्रतिबंधित पेड़ को रातो रात लकड़कट्टे काटकर उठा ले गये। वन वनदरोगा विवेक श्रीवास्तव ने बताया कि जांच कार्रवाई की जाएगी। इसी तरह दामुपुरवा गांव में एक पेड़ गूलर का रातों-रात कट कर उठा ले गये।

# आधा दर्जन लोगों को किया गया पाबंद

श्रावस्ती। पुलिस ने विभिन्न थानाक्षेत्रों से शांतिभंग करने के आरोप में कुल आधा दर्जन व्यक्तियों को गिरफ्तार करके पाबंद किया। इसके साथ ही चेतावनी दी कि यदि आगे कोई गड़बड़ी की तो कठोर कार्रवाई की जाएगी।

# 91 वाहनों का चालान किया गया

श्रावस्ती। यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध पुलिस की ओर से कड़ी कार्रवाई की जा रही है। पुलिस ने शुक्रवार को विभिन्न स्थानों पर बैरियर व चेक पोस्ट लगाकर वाहनों की चेकिंग की। जिसके तहत विभिन्न चेक पोस्टों पर वाहनों की चेकिंग के दौरान 91 वाहनों का मोटर ई-चालान किया गया। इसके साथ ही वाहनों पर दो लाख एक हजार 500 रुपए का शमन लगाया गया।

# दो वारंटियों को गिरफ्तार किया गया

श्रावस्ती। सोनवा पुलिस ने दो वारंटियों को गिरफ्तार करने में सफलता पाई है। थानाध्यक्ष अखिलेश कुमार पाण्डेय ने बताया कि संतोष कुमार पुत्र ननकई निवासी ककन्धू थाना सोनवा व विश्राम पुत्र सोहन निवासी ककन्धू थाना सोनवा पर न्यायालय की ओर से वारंट जारी किया गया था। जिसे उनके घर से गिरफ्तार करके न्यायालय भेजा गया।

# बालिकाओं को बताए उनके अधिकार, दिए पुरस्कार

**इकौना के 12 ग्राम पंचायतों में जेंडर असमानता व हिंसा रोकने के लिए जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन**

संसू, जागरण • इकौना (श्रावस्ती) : इकौना ब्लाक के 12 ग्राम पंचायतों में टीडीएच व बीएमजेड संस्था के सहयोग से विज्ञान फाउंडेशन की ओर से जेंडर असमानता व हिंसा के रोकथाम के लिए कार्यक्रम चलाया जा रहा है। इसी क्रम में शुक्रवार को अंतरराष्ट्रीय बालिका दिवस मनाया गया। इसमें युवा व बाल समूह की बालिकाओं के बीच कहानी लेखन व कला प्रतियोगिता आयोजित की गई। सांस्कृतिक कार्यक्रम भी हुए। विजयी बालिकाओं को प्रधान व पंचायत सहायक ने पुरस्कार देकर सम्मानित किया।



इकौना ब्लाक के ग्राम पंचायत बेलहा राघव में कार्यक्रम के दौरान चार्ट पर बनाए गए चित्र को दिखातीं बालिकाएं • जागरण

विज्ञान फाउंडेशन के प्रोजेक्ट एसोशिएट प्रवेश उपाध्याय ने बताया कि इकौना ब्लाक के ग्राम पंचायत गोपालपुर, बेलहा राघव, परशुरामपुर, भलुहिया दसौंधी, मदारा, मध्यनगर मनोहरपुर, खरगूपुर, विदुहनी, राजगढ़ गुलहरिया, अमारेभरिया, कटरा, दीनामगढ़ में कार्यक्रम आयोजित कर बालिकाओं को विभिन्न कानूनों व अधिकारों की जानकारी देकर उन्हें सशक्त किया गया। उन्होंने बताया कि यह आयोजन लड़कियों के लिए अधिक अवसर प्रदान करता है और लैंगिक असमानता के बारे में जागरूकता बढ़ाती है।

इस असमानता में शिक्षा, पोषण, कानूनी अधिकार, चिकित्सा देखभाल और भेदभाव, महिलाओं के खिलाफ हिंसा और जबरन बाल विवाह से सुरक्षा जैसे क्षेत्र शामिल हैं। कार्यक्रम में विज्ञापन फाउंडेशन की कलस्टर ट्रेनर रजनी सिंह, ग्राम प्रधान, शिक्षक, आशा, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता व ग्रामीण मौजूद रहे।

# सरिता बनीं एक दिन की एसपी व लक्ष्मी एएसपी

**श्रावस्ती।** मिशन शक्ति अभियान के तहत शुक्रवार को कन्या पूजन के दिन पंडित दीनदयाल उपाध्याय राजकीय आश्रम पद्धति बालिका विद्यालय भयापुरवा भिनगा की छात्रा सरिता कुमारी को एक दिन का एसपी बनाया। साथ ही विद्यालय की छात्रा लक्ष्मी को एएसपी बनाया गया। जनता दर्शन में एक प्रार्थना पत्र की सुनवाई करते हुए भिनगा कोतवाली क्षेत्र के भवानी नगर निवासी पीड़िता की फरियाद पर प्रभारी निरीक्षक भिनगा को आवश्यक कार्रवाई करने का आदेश दिया। इस दौरान एसपी व एएसपी बनी छात्राओं ने कार्यालय की शाखा वाचक, सोशल मीडिया सेल, जनशिकायत प्रकोष्ठ, प्रधान लिपिक शाखा व आंकिक शाखा का निरीक्षण भी किया। एसपी घनश्याम चौरसिया, एएसपी प्रवीण कुमार यादव, सीओ भिनगा संतोष कुमार, प्रभारी निरीक्षक भिनगा भानु प्रताप सिंह सहित अन्य मौजूद रहे। (संवाद)

# जनता दर्शन में छात्रा सरिता ने एसपी बन सुनीं समस्याएं



पुलिस कार्यालय में जनता दर्शन में शिकायत सुनतीं एक दिन के लिए एसपी बनी छात्रा सरिता कुमारी (बाएं) ● जागरण

- एसपी कार्यालय के विभिन्न शाखाओं का किया निरीक्षण
- मिशन शक्ति अभियान के तहत आयोजित हुआ कार्यक्रम

संसू, जागरण ● श्रावस्ती : मिशन शक्ति अभियान के पांचवें चरण के तहत शुक्रवार को पं. दीनदयाल उपाध्याय राजकीय आश्रम पद्धति बालिका विद्यालय भयापुरवा भिनगा की कक्षा-11 की छात्रा सरिता कुमारी को एक दिन के लिए एसपी व छात्रा लक्ष्मी एएसपी बनाया गया। सांकेतिक एसपी ने डाक फाइलों पर हस्ताक्षर किया। एसपी बनी छात्रा सरिता ने जनता दर्शन में आए फरियादियों की समस्याएं भी सुनी और अधिकारियों तत्काल निस्तारित करने के निर्देश दिए।

नवरात्रि पर कन्या पूजन के दिन एसपी घनश्याम चौरसिया ने एसपी कार्यालय स्थित अपने कक्ष में छात्रा सरिता कुमारी को एक दिन के लिए एसपी बनाया। भवानीनगर निवासी व्यक्ति ने सांकेतिक एसपी से विपक्षियों के विरुद्ध गाली-गलौज व लाठी डंडे से मारने-पीटने का तथा उसे बचाने आई उसकी बेटी को भी पीटने की शिकायत की। सांकेतिक एसपी ने इसे तत्काल संज्ञान लेने के लिए भिनगा कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक को निर्देश दिए। इसके बाद सांकेतिक एसपी ने एसपी कार्यालय, सोशल मीडिया सेल, जनशिकायत प्रकोष्ठ, आईजीआरएस शाखा, प्रधान लिपिक शाखा व आंकिक शाखा का निरीक्षण किया। तैनात कर्मियों से उनके कार्य के बारे में जानकारी ली। सभी को कार्य को लगन व कर्तव्य निष्ठा से करने के निर्देश दिए। एसपी घनश्याम चौरसिया ने कहा कि मिशन शक्ति अभियान का मुख्य उद्देश्य महिलाओं का सशक्तीकरण करना है। इसके तहत जिले की मेधावी छात्राओं को बुलाकर उच्च पदों पर आसीन किया गया है। उन्होंने कहा कि नारी के सम्मान से ही देश का गौरव बढ़ेगा। लड़का और लड़की के बीच असमानता की भावना समाप्त होगी। एएसपी प्रवीण कुमार यादव, सीओ संतोष कुमार, प्रभारी निरीक्षक भिनगा भानु प्रताप सिंह मौजूद रहे।

जिले की महत्वपूर्ण खबरें
www.jagran.com पर पढ़ें

# दबोचा गया 10 हजार का इनामी आरोपित

जासं ● श्रावस्ती : इकौना पुलिस टीम ने क्षेत्र भ्रमण के दौरान फरार चल रहे किशोरी को बहला-फुसला कर भगाने व दुष्कर्म करने वाले इनामी आरोपित को दबोच लिया। एसपी घनश्याम चौरसिया ने बताया कि गिरफ्तार आरोपित घटना के बाद से फरार चल रहा था। इसकी गिरफ्तारी के लिए 10 हजार रुपये का इनाम घोषित किया था। शुक्रवार को इकौना थाने के अपराध निरीक्षक अश्वनी कुमार दुबे टीम के साथ क्षेत्र में भ्रमणशील थे। इसी दौरान सूचना पर फरार चल रहे इकौना के चिचड़ी के ढफालीपुरवा निवासी इनामी आरोपित रूवाब अली को नवीन गल्ला मंडी भिनगा रोड़ के पास से गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तारी टीम में अपराध निरीक्षक अश्वनी कुमार दूबे, उपनिरीक्षक राम प्रसाद यादव, मुख्य आरक्षी राम सिंह व आरक्षी शेषराम वर्मा शामिल रहे।

# पुत्री से दुष्कर्म के आरोपी को न्यायालय ने किया दोषमुक्त

**श्रावस्ती।** मल्हीपुर थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी युवती ने दो वर्ष पूर्व अपने ही पिता पर दुष्कर्म का आरोप लगाया था। बताया कि मल्हीपुर थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी एक युवती ने सात मई 2022 को स्थानीय थाने में शिकायती पत्र दिया था। जिसमें उसने अपने ही पिता पर रात में उसके साथ दुष्कर्म करने का आरोप लगाया था। इसकी सुनवाई अपर सत्र न्यायाधीश निर्देश कुमार के न्यायालय पर हुई। जिन्होंने बृहस्पतिवार साक्ष्य के अभाव में आरोपी पिता को दोषमुक्त कर दिया है। (संवाद)